# GORAKHPUR POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:-29-09-2024

# मारपीट कर युवक का सिर फोड़ा

**पादरी बाजार/भटहट (एसएनबी)।** गुलहरिया क्षेत्र के मेडिकल रोड स्थित सिटी हास्पिटल के सामने बृहस्पतिवार की रात घर जा रहे एक युवक का तीन युवकों ने मारपीट कर सिर फोड़ दिया। युवक की तहरीर पर गुलहरिया पुलिस केस दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। मुगलहा पेट्रोल पंप के पीछे निवासी कृष्णा चौबे बृहस्पतिवार की रात अपने घर जा रहा था। सिटी हास्पिटल के पास पहुंचे था कि पुरानी रंजिश को लेकर रास्ते में रोक कर निमेश उर्फ लकी यादव पुत्र कपिल देव यादव निवासी राप्ती नगर फेज 4, अभिनीत श्रीवास्तव पुत्र विनीत श्रीवास्तव निवासी चारगांव ब्लॉक तथा विवेक पासवान द्वारा गालियां देते हुए मारा पीटा गया। जिससे मेरा सिर फट गया और कई जगह गंभीर चोट आई है। उक्त हमलावर मुझे जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए।

# महराजगंज के लिए जिला बदर अपराधी गिरफ्तार

**गोरखपुर (एसएनबी)।** महराजगंज के लिए जिला बदर किया गया अपराधी आदेश का उल्लंघन कर जिले में ही विचरण कर रहा था। मुखबिर की सूचना पर गोरखनाथ पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया। पूछताछ में उसने अपना नाम पुलिस को वीरेंद्र चौहान बताया। इस संबंध में गोरखनाथ थाना प्रभारी इंस्पेक्टर शशिभूषण राय ने बताया कि बदमाश वीरेन्द्र चौहान पुत्र मैनेजर चौहान निवासी तुरहाबारी थाना गोरखनाथ जनपद गोरखपुर जिसको जिलाधिकारी गोरखपुर के आदेश जिला बदर के क्रम में थाना कोतवाली जनपद महाराजगंज में 27 मई, 2024 से 06 माह तक के लिए आमद कराकर जिला बदर किया गया था। गुडवर्क टीम में चौकी प्रभारी विकास नगर एसआई विवेक सिंह, आरक्षी दीपक यादव शामिल रहे।

# जालसाजी के आरोपित पर ईनाम घोषित

**गोरखपुर (एसएनबी)।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डा. गौरव ग्रोवर ने गुलरिहा थाना पर पंजीकृत जालसाजी के एक मुकदमे में फरार चल रहे अभियुक्त अलाउद्दीन अली शाह पुत्र मुस्तकीम शाह निवासी हरिहरपुर वार्ड नं0 3 थाना तमकुहीराज जनपद कुशीनगर की गिरफ्तारी के लिए 15 हजार रुपए का ईनाम घोषित किया है।

# बैंक का पैसा गबन करने का आरोपित गिरफ्तार

**गोरखपुर (एसएनबी)।** धोखाधड़ी कर बैंक का पैसा गबन करने के मामले में आरोपित एवं फरार चल रहे एक अभियुक्त को चौरी चौरा पुलिस ने गिरफ्तार किया। पुलिस आरोपित को दर्ज मुकदमे की धाराओं के तहत कोर्ट में पेश की जहां से उसे जेल भेज दिया गया। थानाध्यक्ष चौरी चौरा ने मय पुलिस टीम मुखबिर की सूचना पर आरोपित को पकड़ा। पूछताछ में उसने अपना नाम धर्मपाल पुत्र स्व. प्रहलाद निवासी बेल्थरा बाजार थाना उभांव जनपद बलिया बताया। थानाध्यक्ष चौरीचौरा संजय कुमार मिश्रा ने बताया कि नम्र फाईनेन्स लि रिजर्व बैंक के कर्मचारीगण द्वारा वसूल किये गये ऋण के पैसे को अभियुक्त द्वारा बैंक में जमा न करके पैसे लेकर भाग जाने के सम्बन्ध में प्राप्त तहरीर के आधार पर धारा 409 भादवि के तहत मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश की जा रही थी। गुडवर्क टीम में एसआई राहुल राव, प्रशिक्षु उपनिरीक्षक आशीष कन्नौजिया, आरक्षी ओम प्रकाश शामिल रहे।

# तीन पर मारपीट और दलित उत्पीड़न का केस

**खोराबार (एसएनबी)।** स्थानीय थाना पुलिस ने महीमाठ गांव निवासी रामसकल भारती पुत्र लाल बचन भारती की तहरीर पर गांव के बिट्टू गुप्ता, बिन्द्रेश गुप्ता एवं दीपक गुप्ता के खिलाफ धारा 352, 351(3), 110 एवं 3(1) (द) 3(1) (ध) के तहत केस दर्ज कर जांच पड़ताल कर रही है। खोराबार के महीमाठ निवासी रामसकल भारती का आरोप है कि शुक्रवार की सुबह करीब 830 बजे बारिश का पानी नाली में बहाने को लेकर बगल के बिट्टू गुप्ता, बिन्द्रेश गुप्ता एवं दीपक गुप्ता मेरे घर के सामने मुझे जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए सिर पर प्रहार कर घायल कर दिये।

# चार बदमाशों की खुली कटेगरी ए के तहत हिस्ट्रीशीट

**गोरखपुर (एसएनबी)।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डा. गौरव ग्रोवर के निर्देश पर चौरीचौरा, झंगहा एवं खजनी थाना पुलिस ने चार बदमाशों की उनके अपराध के अनुरूप कटेगरी ए के तहत हिस्ट्रीशीट खोली है। चौरी चौरा पुलिस ने बदमाश जितेन्द्र यादव पुत्र सुभाष यादव निवासी चौरी टोला बदरहिया थाना चौरीचौरा व राम गोपाल यादव पुत्र रामदुलारे यादव निवासी डुमरीखास थाना चौरी चौरा, झंगहा पुलिस ने बदमाश श्रीरंग दूबे उर्फ रंगनाथ दूबे उर्फ मुन्ना दूबे पुत्र रघुवर दयाल दूबे निवासी मीठाबेल थाना झंगहा व खजनी पुलिस ने बदमाश प्रिंस उर्फ आशीष शुक्ला पुत्र स्व. बृजराज शुक्ला निवासी ग्राम रुद्रपुर थाना खजनी जनपद गोरखपुर की हिस्ट्रीशीट कटेगरी ए के तहत खोली है।

# लूट के सामान के साथ लुटेरा गिरफ्तार

**गोरखपुर (एसएनबी)।** गुलरिहा पुलिस ने लूट के मामले में फरार चल रहे एक बदमाश को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से लूट का सारा सामान बरामद किया। पुलिस घटना में प्रयुक्त एक्टिवा स्कूटी को भी बरामद कर उसे सीज कर दिया है। लूट का अपराध कारित करने के आरोप में 01 नफर अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से लूट का सामान व घटना में प्रयुक्त दो पहिया वाहन बरामद' प्रभारी निरीक्षक गुलरिहा जितेन्द्र कुमार सिंह मय पुलिस टीम ने बदमाश आलोक राज पुत्र आनन्द कुमार निवासी बीआरडी मेडिकल कालेज मुगलहा रोड सेमरा नं0 2 कालोनी तारा नगरी थाना गुलरिहा जनपद गोरखपुर को गिरफ्तार किया। बदमाश के कब्जे से लूट का एक अदद कैमरा, एक अदद फ्लैक्श, दो अदद कैमरा बैटरी, एक अदद कैमरा बैटरी चार्जर, एक अदद मेमोरी कार्ड एडाप्टर, एक अदद मेमोरी रखने वाला एडाप्टर ढक्कन, एक अदद काला बैग, एक अदद चार्जर मोबाईल व घटना में प्रयुक्त एक्टिवा स्कूटी बरामद किया।

# महिला बीट अधिकारियों को मिला टास्क

**गोरखपुर (एसएनबी)।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डा. गौरव ग्रोवर द्वारा पुलिस लाइन के ह्वाइट हाउस में जनपद के समस्त थानों पर नियुक्त महिला बीट अधिकारियों के साथ गोष्ठी की गयी। एसएसपी ने उनके बीट से संबंधित कार्यों की समीक्षा करते हुए उन्हें अगला टास्क दिया है।

एसएसपी ने कहा कि महिला बीट अधिकारी अपने

**■ महिला पुलिस बीट अधिकारियों को अराजकतत्वों पर सतर्क दृष्टि रखने का एसएसपी ने दिया टास्क**



पुलिस लाइन में बैठक करते एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर।

क्षेत्र में पड़ने वाले स्कूल, कालेज आदि में जाकर महिला सुरक्षा, साईबर जागरूकता आदि के संबंध में जागरूक करें साथ ही स्कूल व कालेज के प्रधानाचार्य को अपना व थाना प्रभारी का नंबर नोट जरूर करायें।

आगामी त्यौहारों में स्थापित होने वाले श्री दुर्गा पाण्डालों के आयोजकों से संपर्क कर निर्धारित बिंदुओं पर सूचना संकलित करें। भीड़-भाड़ वाले स्थानों में भ्रमण कर अराजकतत्वों पर सतर्क दृष्टि रखें। महिला अपराध संबंधी अपराधों की सूचना हर हाल में संकलित होनी चाहिए। ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत स्थापित कैमरों की स्थिति को चेक करें तथा संवेदनशील स्थानों पर कैमरे लगवायें। शाम के समय थाना पुलिस बल के साथ क्षेत्र में गस्त करें। शराब की दुकान, पर्यटन स्थल व भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों में चेकिंग करें और शोहदों के विरुद्ध जरूरी कार्रवाई करें। साथ ही कार्य के दौरान महिला पुलिस बीट अधिकारियों के समक्ष आने वाली समस्याओं को भी जानकार उनके समाधान का संबंधित को दिशा निर्देश दिया। गोष्ठी में पुलिस अधीक्षक अपराध सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# एसआईटी टीम के सामने पेश होगी गंगेश की पत्नी

gorakhpur@inext.co.in

**GORAKHPUR (28 Sept):** गंगेश के मौत की गुत्थी सुलझाने के लिए पुलिस उनकी पत्नी अपूर्वा पांडेय का बयान लेगी. एसआईटी टीम ने गंगेश की पत्नी अपूर्वा को दिल्ली से बयान देने के लिए गोरखपुर आने का आग्रह किया था. अपूर्वा ने बयान देने के लिए गोरखपुर आने की हामी भर दी है. हालांकि इसके पीछे वजह पति की मौत के बाद का डर है या कुछ और पुलिस यह भी जानने का प्रयास करेगी. वहीं नहीं साथ में गंगेश का मोबाइल भी लाने के लिए कहा है. उम्मीद जताई जा रही है कि अपूर्वा के बयान के बाद सच से पर्दा उठ सकता है. एसपी सिटी के नेतृत्व में बनी एसआईटी टीम इस मामले की हर एंगल से जांच कर रही है.

## बॉडी में कैसे पहुंचा जहर

बताते चलें कि अपने बड़े भाई की हत्या की पैरवी करने दिल्ली से आए गंगेश पांडेय की मौत की गुत्थी अब भी उलझी है. गंगेश पांडेय की विसरा जांच रिपोर्ट में जहर से मौत की पुष्टि हुई है. लेकिन यह तय नहीं हो पाया है कि उसे जहर दिया गया है या फिर उसने जहर खुद पी है. जांच कर रही एसआईटी को पता चला है कि पेट और सीने में जलन के बाद गंगेश ने कोल्ड ड्रिंक्स खरीद कर पी थी. हालांकि अब एसआईटी टीम गंगेश की पत्नी अपूर्वा पांडेय से पूछताछ करेगी. साथ ही गंगेश के मोबाइल भी अहम कड़ी बन सकती है.

## अधिवक्ता को भेजा नोटिस

मर्डर के मामले में गंगेश की भाभी व केस की वादी पुष्पा पांडेय ने पति योगेश दत्त पांडेय की हत्या का केस देख रहे पूर्व अधिवक्ता पर भी शक जताया था. उन्होंने आशंका व्यक्त की है कि पूर्व अधिवक्ता को बदलने के बाद ही यह घटना घटी है. इसके बाद एसआईटी ने लखनऊ निवासी अधिवक्ता को बयान देने के लिए नोटिस भेजा था. अधिवक्ता ने पुलिस को नोटिस का जवाब दे दिया है. वह जल्द ही अपना बयान गोरखपुर आकर दर्ज कराएंगे.

“

**गंगेश की पत्नी को बयान दर्ज कराने के लिए बुलाया गया है. वह दिल्ली से गोरखपुर आने के लिए तैयार हो गई है. उनका बयान लिया जाएगा. साथ ही अधिवक्ता गोरखपुर आकर बयान दर्ज कराएंगे.**

अभिनव त्यागी, एसपी सिटी, गोरखपुर

# एटीएम में फंसा कार्ड, निकल गया 20 हजार

**पादरी बाजार (एसएनबी)।** गुलरिहा इलाके के पादरी बाजार चौराहे पर एटीएम मशीन में कार्ड फंसने से कार्ड धारक ने कस्टमर केयर को शिकायत किया। उसके बाद भी पीड़ित के खाते से 20 हजार रुपये निकल गए। पीड़ित की शिकायत पर गुलरिहा पुलिस शुक्रवार की शाम केस दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।शाहपुर इलाके के व्यास नगर कालोनी निवासी लिटिल सिंह बृहस्पतिवार की शाम 6 बजे पादरी बाजार चौराहा स्थित एक प्राइवेट बैंक के एटीएम से 20 हजार रुपये निकालने गए थे। उन्होंने मशीन में जैसे कार्ड डाला कार्ड मशीन में फंस गया। काफी प्रयास के बाद एटीएम कार्ड नहीं निकला तो उन्होंने केबिन में लिखे कस्टमर केयर नंबर पर फोन किया। काल रिसीवर ने बताया कि सुबह में कार्ड निकाल कर दे दिया जाएगा आप घर जाइए। पीड़ित घर पहुंचे तो उनके मोबाइल पर 20 हजार रुपये निकलने का मैसेज देख सन्न रह गए जिसके बाद पीड़ित ने गुलरिहा पुलिस को प्रार्थना पत्र दी। पुलिस केस दर्ज कर जांच कर रही है।

# मारपीट के मामले में छह पर केस

**कैम्पियरगंज (एसएनबी)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के जवैनिहा गांव में एक ब्रह्मभोज में हुए विवाद में दूसरे पक्ष के सत्यपाल यादव ने शनिवार को 6 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। थाना क्षेत्र के जवैनिहा गांव में एक ब्रह्मभोज कार्यक्रम में सिर में ठोकने को लेकर विवाद में हुई मारपीट में श्वेतराज ने शुक्रवार को 6 नामजद व कुछ अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। मामले में शनिवार को दूसरे पक्ष के सत्यपाल यादव ने बच्चों में आपस में तकरार पर बच्चों को खींचकर मारने पीटने का आरोप लगाते हुए विकास उर्फ श्वेतराज, अखिलेश, राकेश, शिवनाथ,सकलराज व गोला के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई कर रही है।

# पांच के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न का केस

**पिपराइच (एसएनबी)।** थाना क्षेत्र के ग्राम महुअवां खुर्द निवासी विवाहिता अंजली के तहरीर पर पुलिस ने उसके पति हरेन्द्र चौधरी, जेठ विजेन्द्र, जेठानी गुड़िया, सास सुरसती, ननद कौशल्या के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न का केस दर्ज किया है। विवाहिता द्वारा थाना पुलिस को दी गयी तहरीर के मुताबिक उसकी शादी 26 मई को हरेंद्र चौधरी के साथ हुई थी। शादी के वक्त ससुराल वालों की मांग पर उसके पिता ने 2.80 लाख नकद सहित अपने हैसियत के अनुरूप दहेज में सारा घरेलू सामान व जेवर आदि देकर विदा किया था। शादी के कुछ दिनों बाद दहेज को लेकर ससुरालियों द्वारा प्रताड़ित किया जाता रहा है। 25 सितम्बर की रात जेठानी के ललकारने पर पति हरेन्द्र आदि ने मारा पीटा।

# गाड़ी रोक कर छीन लिया रुपया, केस

**फुटहवा ईनार(एसएनबी)।** चौरी चौरा थाना क्षेत्र अंतर्गत नगर पंचायत मुंडेरा बाजार वार्ड नंबर 8 निवासी रतनदीप जयसवाल पुत्र रमेश चन्द जयसवाल ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि प्रार्थी घर से मोटर साईकिल पर सवार होकर गोरखपुर बैंक के काम से जा रहा था। फुटहवा चौराहे के पास बाइक सवार उपेंद्र भारद्वाज पुत्र सुभाष भारद्वाज निवासी शत्रुघनपुर (पासी टोला) ने मेरी बाइक को रोक कर रूपये छीन लिया, विरोध करने पर पीटा तथा जानमाल की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गया। पुलिस तहरीर के आधार पर आरोपित उपेन्द्र भारद्वाज के खिलाफ धारा 304,115(2), 351(2), 351(3) के तहत केस दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है।

# दंपती पर दर्ज कराया केस

मुंडेरा बाजार : चौरी चौरा नगर पंचायत के एक वार्ड की रहने वाली महिला ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि घर के सामने खेत में कार्य कर रही थी। उसी समय पेड़ में विद्युत तार टकराने से करंट उत्तर आया। तार हटाने के लिए बोलने पर जितेन्द्र गुप्ता अभद्र व्यवहार करने लगा। उसी दौरान उसकी पत्नी दुर्गावती देवी भी पहुंची। दोनों ने मिलकर राड व डंडा से मेरी पिटाई की। चौरी चौरा पुलिस ने आरोपित दंपती के विरुद्ध मारपीट व छेड़खानी का मुकदमा दर्ज किया है।

# एटीएम में फंसे कार्ड से निकल गए 20 हजार रुपये

चरगांवा : शाहपुर थाना क्षेत्र के व्यास नगर कालोनी निवासी लिटिल सिंह गुरुवार की शाम छह बजे गुलरिहा थाना क्षेत्र के पादरी बाजार चौराहा स्थित एक प्राइवेट बैंक के एटीएम से 20 हजार रुपये निकालने गए थे। उन्होंने मशीन में कार्ड डाला तो वह फंस गया। पीड़ित घर पहुंचे तो उनके मोबाइल फोन पर 20 हजार रुपये निकलने का मैसेज आया। यह देखकर वह सन्न रह गए। गुलरिहा पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। (जासं)

## पति समेत पांच के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न का मुकदमा

पिपराइच : थाना क्षेत्र के महुअवां खुर्द गांव की अंजली देवी ने पति समेत पांच लोगों के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज कराया है। कुशीनगर के अहिरौली थाना क्षेत्र के सिंदूरिया की रहने वाली अंजली ने बताया है कि 26 मई, 2022 को मेरी शादी महुअवां खुर्द निवासी हरेंद्र चौधरी से हुई। शादी के कुछ दिन बाद ही ससुराल के लोग प्रताड़ित करने लगे। उनके डर से मैं मायके में रह रही हूं। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपित पति हरेंद्र चौधरी, जेठ विजेंद्र, जेठानी गुड़िया, सास सुरसती व ननद कौशल्या के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज किया है। (जासं)

## दूसरे पक्ष ने छह पर दर्ज कराया मुकदमा

कैंपियरगंज : क्षेत्र के जवैनिहा गांव में ब्रह्मभोज कार्यक्रम में हुए विवाद के मामले में दूसरे पक्ष के सत्यपाल यादव ने शनिवार को छह लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया। जवैनिहा गांव में ब्रह्मभोज कार्यक्रम में सिर में ठोकने को लेकर विवाद में हुई मारपीट में एक पक्ष के श्वेतराज ने शुक्रवार को छह नामजद व कुछ अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया था। वहीं, मामले में शनिवार को दूसरे पक्ष के सत्यपाल यादव ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बच्चों के तकरार में आरोपित खींचकर पिटाई किए। पुलिस ने विकास उर्फ श्वेतराज, अखिलेश, राकेश, शिवनाथ, सकलराज व गोला के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

# कैमरा लूटने का आरोपित गिरफ्तार

जासं, गोरखपुर : गुलरिहा थाना क्षेत्र में दुकान से कैमरा बुक कराकर आपरेटर से रास्ते में लूट करने वाले आरोपित को पुलिस ने शुक्रवार की रात गिरफ्तार कर लिया। शनिवार को उसे न्यायालय में पेश किया गया, जहां से जेल भेज दिया गया।

थाना क्षेत्र के जंगल एकला नंबर दो पिराड़ा टोला निवासी धर्मेंद्र का आरोप है कि 10 सितंबर की शाम पांच बजे एक स्कूटी से अज्ञात युवक कैमरा बुक करने आया। बुकिंग के बाद आपरेटर दीपक कैमरा लेकर स्कूटी से युवक के साथ चले गए थे। रास्ते में आपरेटर से कैमरा व उसका मोबाइल फोन लूटकर आरोपित भाग गया। पुलिस अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर तलाश कर रही थी। शुक्रवार की शाम लूट के आरोपित आलोक राज निवासी सेमरा नंबर दो कालोनी तारा नगरी को गिरफ्तार कर लिया गया। उसके पास से लूट का कैमरा, मोबाइल फोन व लूट में प्रयुक्त स्कूटी पुलिस ने बरामद कर लिया। आरोपित इससे पूर्व छेड़खानी व पाक्सो एक्ट में जेल जा चुका है।

# ड्रोन से होगी निगरानी, शोहदों से निपटेगी महिला पुलिस

- एसएसपी ने त्योहार को सकुशल संपन्न कराने के लिए पुलिस लाइन में की बैठक
- महिला वीपीओ की तय हुई जिम्मेदारी, अधिकारी करेंगे प्रतिमा का सत्यापन

जागरण संवाददाता, गोरखपुर: एसएसपी डा. गौरव ग्रोवर ने कहा कि दुर्गा पूजा पंडाल की ड्रोन से निगरानी कराई जाएगी। नवमी व दशहरा को जहां पर भीड़ होती है वहां शोहदों से निपटने के लिए महिला बीट पुलिस अधिकारियों की ड्यूटी लगाई जाएगी। थानेदार अपने क्षेत्र में रहने वाले डीजे संचालक, मूर्तिकारों व शांति कमेटी के सदस्यों संग बैठक करने का निर्देश दिया गया है।

शनिवार की सुबह एसएसपी ने नवरात्रि, रामनवमी व दशहरा को सकुशल संपन्न कराने के लिए एसपी, सीओ व थानेदारों के साथ आनलाइन गोष्ठी की। उन्होंने कहा कि सभी एसपी, सीओ और थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया है कि दुर्गा पूजा के दौरान स्थापित होने वाली मूर्तियों, मूर्तिकारों का सत्यापन कराया जाएं, समस्त नोडल अधिकारी एवं थाना प्रभारी को अपने-अपने क्षेत्रों में स्थापित होने पंडाल का निरीक्षण करने के साथ ही आयोजकों के साथ बैठक करें। प्रतिमा विसर्जन वाले रूट का निरीक्षण कर सुरक्षा-व्यवस्था का खाका तैयार कर लें। दोपहर में एसएसपी ने पुलिस लाइन सभागार में जिले के सभी थानों पर तैनात महिला बीट अधिकारियों संग गोष्ठी की। उनके क्षेत्र में पड़ने वाले स्कूल,कालेज में जाकर महिला सुरक्षा, साइबर अपराध के प्रति जागरूक करने का निर्देश दिया। इसके अलावा पूजा पंडाल में जाकर आयोजक से संपर्क कर सूचना संकलित करें। त्योहार में भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर भ्रमणशील रहकर अराजक तत्वों नजर रखें। पर्यटन व भीड वाले स्थानों पर चेकिंग कर शोहदों पर कार्रवाई करें।

+ पैरामो

# जालसाजी कर 22 अभ्यर्थियों ने पाई सफलता

जागरण संवाददाता, गोरखपुर : कर्मचारी चयन आयोग (एसएससी) की मल्टी टास्किंग स्टाफ (एमटीएस) परीक्षा में जालसाजी का मामला सामने आया है। स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) की जांच में पता चला कि नौसढ़ स्थित स्वास्तिक आनलाइन सेंटर में परीक्षा पास कराने के लिए सेटिंग वाले अभ्यर्थियों के कंप्यूटर बदल दिए गए थे और एनी डेस्क साफ्टवेयर के माध्यम से प्रश्नपत्र को हल किया गया। जांच में आरोप की पुष्टि होने पर एसटीएफ के निरीक्षक ने गीडा थाने में सेंटर के मालिक समेत छह नामजद व परीक्षा कराने वाली संस्था के अज्ञात कर्मचारियों पर जालसाजी का मुकदमा दर्ज कराया है।

हरियाणा के झज्जर के चरण सिंह चौधरी ने राष्ट्रपति को पत्र लिखकर बताया था कि मई, 2022 में हुई परीक्षा में धांधली हुई थी। इसकी वजह से योग्य अभ्यर्थियों को नौकरी नहीं मिल रही है। इसके बाद ही एसएससी हेडक्वार्टर दिल्ली को पत्र भेजा गया। हेडक्वार्टर ने प्रयागराज भर्ती बोर्ड से इस संबंध में जवाब मांगा। इसके बाद यूपी एसटीएफ को जांच सौंपी गई। नौसढ़ के स्वास्तिक आनलाइन सेंटर में लगे सीसी कैमरे की जांच हुई तो पूरी घटना साफ हो गई। पाया गया कि मई, 2022 में हुई एमटीएस परीक्षा में 21 अभ्यर्थियों के कंप्यूटर बदले गए, जबकि एक की जगह साल्वर बैठाया गया। एक अभ्यर्थी से 10 लाख रुपये लेने की बात भी सामने आई। गोरखपुर एसटीएफ प्रभारी सत्य प्रकाश सिंह की तहरीर पर गीडा थाना पुलिस ने शनिवार को सेंटर मालिक मोहद्दीपुर के राजीव रंजन के साथ ही यहां काम करने वाले गोरखनाथ के जुगेश कुमार गौतम, बेलघाट के कुरीबाजार के अवनीश कुमार गौतम, बड़हलगंज के परमहंस यादव, बिछिया के उमाशंकर मिश्रा, पीपीगंज के रामस्वरूव यादव व आनलाइन परीक्षा कराने वाली संस्था के कर्मचारियों पर समान आशय से जालसाजी कर साक्ष्य मिटाने का मुकदमा दर्ज किया है।

## मल्टी टास्किंग स्टाफ परीक्षा

- एसटीएफ के निरीक्षक ने सेंटर मालिक व सहयोगियों पर दर्ज कराया मुकदमा
- एनी डेस्क साफ्टवेयर से प्रश्न को हल कराने का आरोप, 2022 में हुई थी परीक्षा

> एसटीएफ निरीक्षक की जांच रिपोर्ट के आधार पर परीक्षा में धांधली करने वाले सेंटर के मालिक व सहयोगियों पर गीडा थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है।
>
> – डा. गौरव ग्रोवर, एसएसपी

# कुशीनगर के फरार अलाउद्दीन पर 15 हजार का इनाम घोषित

**एसएसपी ने अलाउद्दीन अली शाह की गिरफ्तारी पर रखा इनाम**

gorakhpur@inext.co.in

**GORAKHPUR (28 Sept):** एसएसपी डॉ. गौवर ग्रोवर ने फर्जी डिग्री मामले में फरार चल रहे कुशीनगर जिले के तमकुहीराज हरिहरपुर वार्ड नंबर तीन निवासी अलाउद्दीन अली शाह की गिरफ्तारी के लिए 15 हजार रुपये का इनाम रखा है. शुक्रवार को सिविल कोर्ट ने अलाउद्दीन को भगोड़ा घोषित कर एनबीडब्ल्यू जारी किया था. गुलरिहा थाने में मई माह में धोखाधड़ी का केस दर्ज किया गया. तभी से वह फरार चल रहा है. क्राइम ब्रांच के साथ ही गुलरिहा थाने की पुलिस टीम उसकी तलाश में लगी है.

## मई से ही तलाश

गुलरिहा थाने की पुलिस डॉ. राहुल नायक के तहरीर पर केस दर्ज कर मई माह से ही लगातार अलाउद्दीन की तलाश में लगी है. कुशीनगर के तमकुहीराज स्थित उसके घर पर पुलिस ने कई बार सटिक मुखबिरी पर दबिश भी दी थी. लेकिन इससे पहले ही वह वहां निकल चुका था. अलाउद्दीन की पत्नी वार्ड की पार्षद है, पुलिस ने उससे पूछताछ की. तब पता चला कि केस दर्ज होने के बाद से ही घर अलाउद्दीन के साथ ही उसका भाई भी फरार है. पुलिस टीम ने अलाउद्दीन से जुड़े अन्य परिचितों की भी तलाश की, लेकिन वे भी नहीं मिले.

## गिरोह का सरगना

पुलिस की मानें तो अलाउद्दीन फर्जी डिग्री का धंधा करने वाले गिरोह का सरगना है. सीएमओ ऑफिस से डॉक्टरों की डिग्री की फोटो कॉपी निकलवाकर, उससे डॉक्टर की फर्जी डिग्री और अन्य कागजात अलाउद्दीन तैयार करता है. फिर उसे अन्य शहरों में बेच देता है. जिससे अवैध डाग्यनोस्टिक सेंटर संचालित किए जाते हैं. इसके बदले अलाउद्दीन को मोटी रकम मिलती है, साथ ही गैंग से जुड़े अन्य लोगों की भी अच्छी कमाई होती है. पुलिसस की मानें तो अलाउद्दीन के पकड़े जाने पर कई और पर्दे में छिपे चेहरे भी बेनकाब होंगे.

## 17 मई को केस दर्ज

गुलरिहा थाने में डॉ. राहुल नायक की तहरीर पर 17 मई को कुशीनगर के अलाउद्दीन और प्रयागराज के राम पांडेय के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज कराया था. इस केस में गुलरिहा पुलिस ने एक सितंबर को गाजीपुर के भुडकुड़ा थाना क्षेत्र के पदुमपुर मैगर राय निवासी बृजेश लाल, वाराणसी के सारनाथ थाना क्षेत्र के दीनापुर चिरईगांव निवासी ओमप्रकाश गौतम और वाराणसी के चौबेपुर इलाके के बराई निवासी दीपक विश्वकर्मा को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है.

> **एसएसपी द्वारा फरार बदमाश अलाउद्दीन पर 15 हजार रुपये इनाम घोषित किया गया है. उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस की कई टीमें लगी हैं.**
>
> **अभिनव त्यागी,** एसपी सिटी

एक-एक अभ्यर्थी से वसूले गए थे 10 से 15 लाख रुपये, आधी रकम एडवांस जबकि आधी लेते थे रिजल्ट के बाद, जांच में खुलासा

# स्क्रीन टाइम से मिला सुराग, सेकेंडों में सवाल सॉल्व

**जालसाजी**

■ शिवम सिंह

गोरखपुर। सरकारी नौकरी हथियाने की धांधली का खुलासा करने में कंप्यूटर के स्क्रीन टाइम से अहम सुराग मिला। केंद्र के अंदर लगे सीसी टीवी कैमरों की जांच के दौरान संदेह के बाद सभी सफल 22 अभ्यर्थियों के परीक्षा देने के समय को देखा गया। पता चला कि 22 अभ्यर्थी ऐसे हैं, जिनके मानीटर बदले गए उन्होंने हर सवाल का चंद सेकेंड में दे दिए हैं।

यहां तक की गणित से जुड़े सवाल के लिए भी उन्हें गुणा-भाग नहीं करना पड़ा। इनकी परीक्षा थोड़ी ही देर में खत्म हो गई थी। लेकिन, किसी को संदेह न हो, इस वजह से इन्होंने पूरा समय बैठकर काटा और सभी के साथ बाहर निकले।

दरअसल, इस फर्जीवाड़े में स्वास्तिक ऑनलाइन सेंटर के सभी कर्मचारी शामिल हैं और इसी परीक्षा के बाद सबने अपने रास्ते भी अलग कर लिए। केंद्र का आईटी मैनेजर अब चिड़ियाघर में आईस्क्रीम पार्लर चला है तो कक्ष निरीक्षक और सेटिंग करने वाला जुगेश कुमार एक कंपनी में एमआर हो गया है। मगर, एसटीएफ को संदेह है कि ये अब भी ऑनलाइन परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों से सेटिंग करते हैं।

जानकारी के अनुसार, ऑनलाइन सेंटर पर कोई कार्रवाई न होने पाए, इसके लिए, यह लोग अन्य अभ्यर्थियों की कड़ाई से जांच करते थे। गुमराह करने के लिए पुलिस को सूचना भी दे देते थे, ताकि सेंटर की शुचिता पर किसी को शक न हो। इसी फेर में सेंटर पर जितनी बार भी अभ्यर्थी पकड़े गए, उन पर और सॉल्वर पर ही कार्रवाई हुई, कोई जिम्मेदार नहीं फंसा। मगर, इस बार एसटीएफ की जांच में खेल खुल गया।

आरोपियों ने एक अभ्यर्थी को पास कराने के बदले 10 से 15 लाख वसूले थे। आधी रकम एडवांस के तौर ली गई थी, बाकी पैसा रिजल्ट आने के बाद लेना था। कोई सबूत न छूटे इसलिए लेनदेन को नकद में किया जाता था।

**कक्ष निरीक्षक को सीसी टीवी निगरानी का जिम्मा :** कंप्यूटर के मानीटर को बदलते समय सीसी कैमरे में करतूत कैद न आने पाए, इसके लिए सेंटर संचालक रंजन ने कक्ष निरीक्षक को ही कैमरे की निगरानी दे दी थी। जिस कंप्यूटर के मानीटर को बदला जाता था, वहां से सीसी टीवी कैमरे का फोकस हटा कर दूसरी तरफ की रिकार्डिंग करता था। इसी तरह से 21 मानीटर बदले गए।

**इनके खिलाफ दर्ज हुआ केस :** गीडा थाने में दर्ज मुकदमे में मोदीपुर निवासी व सेंटर के संचालक राजीव रंजन, कक्ष निरीक्षक रहे गोरखनाथ निवासी जुगेश कुमार गौतम, बेलघाट के कुरीबाजार निवासी व आईटी मैनेजर अवनीश कुमार, बड़हलगंज निवासी संस्था में कंपानडिंग ऑफिसर परमहंस यादव, एमटीएस कंपनी के प्रभारी व पीपीगंज निवासी रामस्वरूप यादव को नामजद किया गया है।

- सेंटर संचालक गुमराह करने के लिए बाकी अभ्यर्थियों पर करते थे सख्ती, कोई न कोई संदिग्ध पकड़ा देते थे
- सीसी कैमरे का अनाधिकृत रूप से दिया गया था कंट्रोल पावर, ताकि आसानी से बदला जा सके मानीटर



स्वस्तिक सेंटर नौसढ़।

### नौकरी के बाद रौब जमाना पड़ गया भारी

झाझर के जिस शख्स ने शिकायत की है, उसके घर के पास के ही दो लड़कों ने भी गोरखपुर के सेंटर में परीक्षा दी थी। दोनों ने नौकरी पाने के बाद पड़ोसी का उपहास उड़ाया और कहा कि दस लाख रुपये खर्च करो, तुम्हारे बेटे की भी नौकरी लगवा दूंगा। फिर उसने शिकायत कर दी और अब जांच में पूरा खेल सामने आ गया है।

### फ्लाइट से दो सीपीयू भेजे गए मुंबई, नहीं ली थी अनुमति

किसी परीक्षा केंद्र पर अभ्यर्थी कंप्यूटर खराब होने की शिकायत करता है तो परीक्षा कराने वाली संस्था एमटीएस की ओर से अधिकृत संस्था के इंजीनियर उसकी जांच करते हैं। फिर कक्ष निरीक्षक और लखनऊ कमांड सेंटर को सूचना दी जाती है तब मानीटर बदला जाता है। लेकिन, धांधली के दिन सूचना कमांड सेंटर को नहीं दी गई थी। बाद में कक्ष निरीक्षक ने इसकी जानकारी मुख्यालय को दी थी। जांच में पता चला कि सिर्फ दो ही कंप्यूटर बदला गया था। दोनों के सीपीयू को मुंबई प्रयोगशाला में जांच के लिए फ्लाइट से भेजा गया।

### सीसी कैमरे से खुला फर्जीवाड़ा

एसएससी की ओर से आयोजित परीक्षा में फर्जीवाड़ा करके 22 लोगों ने सरकारी नौकरी हथिया ली। इस मामले में झाझर निवासी चरण सिंह चौधरी ने राष्ट्रपति को पत्र लिखा कि ऑनलाइन परीक्षा में धांधली हो रही है। इसका संज्ञान लेकर एसएससी मुख्यालय, नई दिल्ली को पत्र भेजा गया। मुख्यालय ने प्रयागराज भर्ती बोर्ड को पत्र भेजकर जवाब मांगा। इसी के बाद यूपी एसटीएफ को जांच सौंपी गई। जांच में सीसी टीवी कैमरे की मदद से पूरी घटना साफ हो गई है। पाया गया कि 21 अभ्यर्थियों के मानीटर को बदला गया है, जबकि को एक सॉल्वर के बगल में ही बैठाया गया।

---

## ऑटो में चोरनी का गिरोह सक्रिय

# बच्ची पैर कुचले तो हो जाएं सावधान

GORAKHPUR (28 Sept): सिटी के अंदर यदि आप भी ऑटो में सफर कर रही हैं तो सावधान हो जाइए, क्योंकि आप जिस ऑटो में बैठी हो, क्या पता उसमें महिला चेन स्नेचर्स भी हो. चेन स्नेचर्स महिलाओं का गिरोह दस साल की बच्ची के साथ ऑटो में सवार होकर वारदात को अंजाम दे रही हैं. ऐसी कई घटनाएं सामने आई हैं, जिसके तहत महिला चेन स्नेचर्स आपके बगल में बैठ जाएगी और कब ये आपके गले में पड़ी सोने की चेन पर हाथ साफ कर दें, कुछ कहा नहीं जा सकता है.

### उतरने पर चला पता

आपको जानकर हैरानी होगी कि तीन महिलाओं के चेन गायब हुए हैं, उनकी चेन कब कट गई, उन्हें पता ही नहीं चला. कोतवाली थाना एरिया की बात करें तो एक टीचर तुर्कमानपुर से ऑटो में सवार हुई. काली मंदिर के पास उतरने के बाद पता चला कि उनके गले से सोने की चेन गायब हो गई है. पता चलने के बाद उन्होंने कोतवाली पुलिस को लिखित तहरीर दी. पुलिस केस दर्ज कर मामले की जांच में जुटी है.

### एम्स थाने में तहरीर

बच्ची बार-बार मेरा पैर कुचल रही थी, मैं अपना पैर देखने के लिए झुकी कि बच्ची क्या कर रही है. बच्ची वही काम बार-बार दोहरा रही थी. जब मैं रुस्तमपुर से चली तो ऑटो चालक कूड़ाघाट तक किसी अन्य सवारी को नहीं बैठाया. कूड़ाघाट आते ही पांच औरत व एक बच्ची को ऑटो में बैठाया. संदेह होने पर उन्होंने गले की चेन देखी तो वह गायब था. उन्होंने तत्काल एम्स थाने में तहरीर दी. पुलिस ने तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर जांच में जुटी है.

### आटो में चोरी

मेडिकल कॉलेज के पास रहने वाली मनीष सिंह की पत्नी अनामिका सिंह ने एम्स थाने में केस दर्ज कराया है. अनामिका ने पुलिस को बताया कि 24 सितंबर की सुबह वह अपने मायके रुस्तमपुर से ऑटो में बैठकर एम्स गोरखपुर के लिए सवार हुई. रास्ते में कूड़ाघाट स्थित गुरुंग चौराहा के पास कुछ महिलाएं एक 10 साल की बच्ची के साथ ऑटो में कुदिया माता के स्थान पर जाने की बात कह कर बैठी.

### कोतवाली थाने में केस

तुर्कमानपुर में रहने वाले आनंद प्रकाश श्रीवास्तव की पत्नी वंदना श्रीवास्तव 14 सितंबर 2024 की सुबह 8 बजे तुर्कमानपुर से ई-रिक्शा में बैठ कर गोलघर काली मंदिर के लिए जा रही थी. शास्त्री चौक से ई-रिक्शा में चार महिलाएं और एक दस साल की बच्ची बगल में बैठ गई. बच्ची पैर दबाने लगी. मना करने के बाद भी बच्ची बार-बार पैर कुचल रही थी. काली मंदिर के पास पहुंचने पर ई-रिक्शा से उतर गई. संदेह होने पर गले में चेन देखी तो गायब था. इसके बाद उन्होंने कोतवाली पुलिस को तहरीर दी. तहरीर के आधार पर पुलिस मामला दर्ज कर जांच में लग गई है.

**ऑटो में बच्ची के साथ सवार हो रही महिला चेन स्नेचर्स**

**ऑटो में सवार महिलाओं के साथ हो चुकी है चेन स्नेचर्स की कई वारदातें**



"ऑटो में सवार स्नेचर्स महिलाओं के गिरोह की तलाश चल रही है. इसके लिए टीम एक्टिव कर दी गई है. साथ ही जिस एरिया में वारदातें हुई हैं वहां की सीसीटीवी कैमरे चेक कराए जा रहे हैं. जल्द ही गिरोह का पर्दाफाश किया जाएगा.

**अभिनव त्यागी**, एसपी सिटी, गोरखपुर

# धोखाधड़ी के आरोपी को पुलिस ने दबोचा, भेजा जेल

**GORAKHPUR** : चौरीचौरा पुलिस ने शनिवार को फाइनेंस कंपनी से वसूल किए गए ऋण को हड़पने के आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया. थानेदार संजय कुमार मिश्रा ने बताया कि एक वर्ष पूर्व नम्र फाइनेंस लिमिटेड बैंक के मैनेजर मुलायम यादव ने केस दर्ज कराया था, जिसमे आरोप था कि कंपनी के दो फील्ड ऑफिसर धर्मपाल व राहुल ने 09, सितम्बर 2023 को वसूली के लिए निकले. धर्मपाल 1 लाख 53 हजार और राहुल ने 2 लाख 26 हजार रुपए का कलेक्शन किया था. इसके बाद दोनों ने पैसे हड़प लिया. पुलिस ने दोनों के खिलाफ केस दर्ज किया था. शनिवार को एक आरोपी धर्मपाल को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया गया.

# बरामदे में सो रही किशोरी के साथ दुष्कर्म

एरिया के एक गांव में बरामदे में सो रही किशोरी के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है. पीड़िता की मां ने आरोपी के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज कराई है. पुलिस मामले की जांच कर रही है.जानकारी के अनुसार, किशोरी अपने घर के बरामदे में शो रही थी. रात में करीब 11.30 बजे गांव का ही एक वहां पहुंचा और उसके साथ दुष्कर्म किया. किशोरी के शोर मचाने पर उसका छोटा भाई आरोपी को पकड़ने को दौड़ाया, लेकिन वह फरार हो गया. किशोरी की मां मायके गई हुई थी. शनिवार को पीड़िता की मां ने आरोपी युवक के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज कराई है. एसओ विशाल उपाध्याय ने कहा कि मामला संज्ञान में आया है. जांच कराकर केस दर्ज किया जायेगा.

# दर्जनों लोग बाइक फाइनेंस की जालसाजी में फंसे

**फॉलोअप**

चौरीचौरा,हिन्दुस्तान संवाद। चौरीचौरा थाना परिसर से गायब बाइक को लेकर चल रही जांच के क्रम में तमाम ऐसे मामले सामने आए हैं, जिसमें बाइक को फाइनेंस कराने के तत्काल बाद दूसरे के हाथों बेच दिया गया है। चौरीचौरा सीओ के नेतृत्व के पुलिस टीम उन लोगों की पहचान कर रही है, जिनके पास बिना पेपर के बाइक है और उसको फाइनेंस कराया गया है। बताया जा रहा है कि बहाने से पहचान पत्र व अन्य अभिलेख लेकर फर्जी ढंग से बाइक का फाइनेंस कराने के शिकार लोगों की लिस्ट लंबी है।

जालसाजी के शिकार लोगों को इस मामले की जानकारी तब हो रही है जब किश्त न जमा होने पर जब वसूली एजेंट उनके घर पहुंच रहे हैं। उन्हें पता चल रहा है कि उनके नाम से बाइक खरीदी गई है। बताया जा रहा है कि अकेले चौरीचौरा में ही एक दर्जन से अधिक लोग इस जालसाजी के शिकार हुए हैं। एक मुकदमे में 6 बाइक की जालसाजी का मामला प्रकाश में आया चुका था। लेकिन थाने से गायब बाइक की जांच की परत खुलने के बाद कई अन्य मामले भी प्रकाश में आ रहे हैं।

अनुराधा नामक महिला की बाइक थाने से गायब होने के आरोप के बाद जांच में सामने आया कि आकाश



- सीओ के नेतृत्व के पुलिस टीम जालसाजों की पहचान करने में जुट गई है
- गायब बाइक की जांच की परत खुलने के बाद कई अन्य मामले भी प्रकाश में आ रहे हैं

जायसवाल ने 70 हजार में इंद्रदेव व उसके एक सहयोगी से अनुराधा की बाइक खरीदी थी। अनुराधा का कहना है कि उसने जब बेचनामा नहीं लिखा तो पुलिस ने कैसे उसकी बाइक को सुपुर्दगी में दिया।

उस मामले को लेकर भी सीओ की जांच जारी है। इसी बीच आकाश जायसवाल ने जालसाजों के खिलाफ कार्रवाई के लिए अब सीओ को प्रार्थना पत्र भी दे दिया है। सीओ का कहना है कि जांच करके दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। अनुराधा के साथ साथ आकाश जायसवाल भी खुद को जालसाजी का शिकार बता रहा है। आकाश ने जुलाई, 2022 में ही बाइक खरीदी थी। ट्रांसफर कराने के लिए बार-बार बोल भी रहा था। लेकिन बाइक उसके नाम ट्रांसफर नहीं हुई।

# छेड़खानी व मारपीट का मुकदमा दर्ज

चौरीचौरा। चौरीचौरा नगर क्षेत्र के एक गांव की महिला ने गांव के ही एक युवक पर मारपीट व छेड़खानी का आरोप लगाया है। महिला की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी सचिन (प्रिंस) के खिलाफ केस दर्ज किया है। महिला का कहना है कि शनिवार सुबह साढे आठ बजे बच्चे को स्कूल वाहन में बैठाने गई थी। वापस आने के बाद रास्ते में बैठे सचिन पुत्र संन्तोष निषाद ने छेड़खानी करते हुए कपड़े फाड़ दिए। विरोध करने पर लाठी लेकर मारने के लिए दौड़ाया।

# पांच पर दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज

पिपराइच। थाना क्षेत्र के महुअवां खुर्द गांव निवासी विवाहिता अंजली की तहरीर पर पुलिस ने पति हरेन्द्र चौधरी ,जेठ विजेन्द्र चौधरी, जेठानी गुड़िया, सास सुरसती देवी तथा ननद कौशल्या के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का केस दर्ज किया है। अंजली ने तहरीर में बताया कि उसकी शादी मई 2024 को महुअवां खुर्द निवासी हरेंद्र चौधरी से हुई थी। शादी के कुछ दिनों बाद से दहेज को लेकर ससुरालियों द्वारा प्रताड़ित किया जाता रहा है।

# कैमरा लूटने का आरोपित गिरफ्तार, जेल भेजा

गुलरिहा। क्षेत्र में दुकान से कैमरा बुक करके ऑपरेटर से रास्ते में लूट करने के आरोपित को पुलिस ने शुक्रवार की रात गिरफ्तार कर लिया। शनिवार को उसे कोर्ट में पेश किया गया जहां न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। पुलिस ने आरोपित के पास से लूट का कैमरा सेट बरामद कर घटना में प्रयुक्त स्कूटी सीज कर दी है। क्षेत्र के जंगल एकला नंबर दो पिराड़ा टोला निवासी धर्मेंद्र का आरोप है कि 10 सितंबर की शाम 5 बजे एक एक्टिवा गाड़ी से अज्ञात युवक कैमरा बुक करने आया।

# फरार आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

चौरीचौरा। चौरीचौरा पुलिस ने शनिवार को फाइनेंस कंपनी से वसूल किए गए ऋण को हड़पने के एक आरोपी को गिरफ्तार करके कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने आरोपी को जेल भेज दिया। थानेदार संजय कुमार मिश्रा ने बताया कि एक वर्ष पूर्व नम्र फाइनेंस लिमिटेड बैंक के मैनेजर मुलायम यादव ने केस दर्ज कराया था। जिसमे आरोप था कि कम्पनी के दो फील्ड ऑफिसर धर्मपाल व राहुल ने 09, सितम्बर 2023 को वसूली के लिए निकले। धर्मपाल ने 1,53,180 व राहुल ने 2, 26, 500 रुपए का कलेक्शन किया था। वसूली को मोबाइल एप पर डाउनलोड कर दोनों ने 3,79,700 रुपए हड़प लिए।

# फाइनेंस की जालसाजी में फंसे दर्जनों लोग

चौरीचौरा। चौरीचौरा थाना परिसर से गायब बाइक को लेकर चल रही जांच के क्रम में तमाम ऐसे मामले सामने आए हैं, जिसमें बाइक को फाइनेंस कराने के तत्काल बाद दूसरे के हाथों बेच दिया गया है। चौरीचौरा सीओ के नेतृत्व के पुलिस टीम उन लोगों की पहचान कर रही है, जिनके पास बिना पेपर के बाइक है और उसको फाइनेंस कराया गया है। बताया जा रहा है कि बहाने से पहचान पत्र व अन्य अभिलेख लेकर फर्जी ढंग से बाइक का फाइनेंस कराने के शिकार लोगों की लिस्ट लंबी है।

# अपने घर पर मिला जिला बदर बदमाश पुलिस ने दबोचा

गोरखपुर। गोरखपुर से महराजगंज के लिए जिला बदर किया गया बदमाश शुक्रवार की रात में अपने घर पर सोते हुए मिला। पुलिस ने आरोपित वीरेन्द्र को गिरफ्तार कर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। इंस्पेक्टर, गोरखनाथ के मुताबिक, गोरखनाथ इलाके के तुरहाबारी का रहने वाले वीरेन्द्र चौहान के खिलाफ गुंडा एक्ट के तहत कार्रवाई हुई थी। डीएम के आदेश पर महाराजगंज जिले के कोतवाली क्षेत्र में 27 मई 2024 से 06 माह तक के लिए आमद कराकर जिला बदर किया गया था।



गिरफ्तार वीरेन्द्र

# अलाउद्दीन पर गोरखपुर में इनाम घोषित

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। डॉक्टरों की फर्जी डिग्री मामले में फरार चल रहे अलाउद्दीन की गिरफ्तारी के लिए एसएसपी, गोरखपुर ने 15 हजार रुपये का इनाम घोषित किया है। इससे पहले शुक्रवार को कोर्ट ने उसके खिलाफ एनबीडब्ल्यू जारी किया था। अलाउद्दीन पर गुलरिहा थाने में मई माह में धोखाधड़ी का केस दर्ज किया गया। तभी से वह फरार चल रहा है। पुलिस की टीम उसकी तलाश में दबिश डाल रही है।



फर्जी डिग्री मामले में फरार अलाउद्दीन।

> डॉक्टरों की फर्जी डिग्री के मामले में आरोपित अलाउद्दीन की गिरफ्तारी के लिए उसके ऊपर 15 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया है। जल्द ही उसे पकड़ लिया जाएगा।
>
> – डा. गौरव ग्रोवर, एसएसपी

कुशीनगर जिले के तमकुहीराज थाना क्षेत्र के हरिहरपुर वार्ड नम्ब[illegible] रहने वाला अलाउद्दीन 19 सितबर को सरेंडर करने वाला था, इसकी सूचना पर उसे गिरफ्तारी के लिए सिविल कोर्ट के चारों तरफ पुलिस और क्राइम ब्रांच टीम तैनात हो गई। भनक लगते ही अलाउद्दीन ने सरेंडर करने का इरादा बदल दिया था। बीते सोमवार को उसने एक और प्रार्थना पत्र देकर वायरल फीवर [illegible] देते हुए कोर्ट से सात दिन के अंदर सरेंडर करने की मोहलत मांगी थी। इस बीच पुलिस ने उसके खिलाफ एनबीडब्ल्यू हासिल कर लिया। इसके बाद शनिवार को एसएसपी डा. गौरव ग्रोवर ने इनाम घोषित कर दिया है।

उधर, फर्जी डिग्री मामले में अलाउद्दीन के साथ ही प्रयागराज के राम पांडेय पर भी गुलरिहा थाने में केस दर्ज है। गुलरिहा के डॉ. राहुल नायक की डिग्री पर राम पांडेय प्रयागराज में डाग्यनोस्टिक सेंटर चला रहा था। एफआईआर लिखे जाने के बाद से ही वह फरार हो गया।

# गैंगस्टर की जब्त भूमि पर प्लाटिंग की जांच एसपी सिटी को, मांगी जानकारी

गोरखपुर। गैंगस्टर एक्ट में जब्त की गई 54 डिसमिल जमीन पर किसने और कैसे प्लाटिंग कर दी है, इसकी जांच एसपी सिटी ने शुरू कर दी है। उन्होंने तहसील प्रशासन से इस मामले में रिपोर्ट मांगी है।

मोहद्दीपुर के रहने वाले ओमप्रकाश पांडेय पर भूमि बेचने का झांसा देकर ठगी करने का कई मुकदमा दर्ज होने के बाद कैंट थाना पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई की थी। डीएम ने ओमप्रकाश के मकान व भूमि के साथ ही सभी संपत्ति को जब्त करने का आदेश दिया था। मोहद्दीपुर स्थित मकान को सील करने के बाद तहसीलदार सदर ने एक मई, 2023 को महादेव झारखंडी टुकड़ा नंबर दो में 54 डिस्मिल भूमि को जब्त किया था।

जेल से छूटे गैंगस्टर के आरोपित ने डीएम को प्रार्थना पत्र देकर बताया था कि जब्त भूमि पर महादेव झारखंडी में रहने वाले कुछ लोगों ने प्लाटिंग कर दी है। डीएम के निर्देश पर एसपी सिटी अभिनव त्यागी मामले की जांच कर रहे हैं।

# धोखाधड़ी के फरार आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा

- एजेंट पर 3.79 लाख हड़पने का दर्ज हुआ था
- कंपनी के मैनजर ने दर्ज कराया था केस

चौरीचौरा, हिन्दुस्तान संवाद। चौरीचौरा पुलिस ने शनिवार को फाइनेंस कंपनी से वसूल किए गए ऋण को हड़पने के एक आरोपी को गिरफ्तार करके न्यायालय में पेश किया। न्यायालय ने आरोपी को जेल भेज दिया।

थानेदार संजय कुमार मिश्रा ने बताया कि एक वर्ष पूर्व नम्र फाइनेंस लिमिटेड बैंक के मैनेजर मुलायम यादव ने केस दर्ज कराया था। जिसमे आरोप था कि कम्पनी के दो फील्ड ऑफिसर धर्मपाल व राहुल ने 09, सितम्बर 2023 को वसूली के लिए निकले। धर्मपाल ने 1,53,180 व राहुल ने 2, 26, 500 रुपए का कलेक्शन किया था। वसूली को मोबाइल एप पर डाउनलोड कर दोनों ने 3,79,700 रुपए हड़प लिए। पुलिस ने शनिवार को धर्मपाल को गिरफ्तार किया।

# लूट करने का आरोपी गिरफ्तार

**गुलरिहा।** क्षेत्र में स्थित दुकान से कैमरा बुक करके ऑपरेटर से रास्ते में लूट करने वाले आरोपी को गुलरिहा पुलिस ने शुक्रवार की रात गिरफ्तार कर लिया। इसे शनिवार को कोर्ट में पेश किया, यहां से उसे जेल भेज दिया गया। पुलिस ने आरोपी सेमरा नंबर दो तारानगर कॉलोनी निवासी आलोक राज के पास से लूट का डीएसएलआर कैमरा सेट बरामद कर घटना में शामिल स्कूटी सीज कर दी। जंगल एकला नंबर दो पिपड़ा टोला निवासी धर्मेंद्र ने तहरीर देकर बताया कि 10 सितंबर की शाम पांच बजे एक एक्टिवा स्कूटी से अज्ञात युवक कैमरा बुक करने आया। बुकिंग के बाद ऑपरेटर दीपक कैमरा लेकर युवक के साथ चला गया। युवक रास्ते में ऑपरेटर से कैमरा और उसका मोबाइल छीनकर और फरार हो गया। पुलिस अज्ञात युवक के खिलाफ केस दर्ज कर तलाश कर रही थी। पुलिस के अनुसार, आरोपी छेड़छाड़ व पॉक्सो एक्ट में पहले जेल जा चुका है।

# दूसरे के खाते से 20 हजार निकाले, केस

**गुलरिहा।** पादरी बाजार में जालसाज ने ग्राहक को धोखे में डालकर उसके खाते से 20 हजार रुपये निकाल लिए। रुपये निकलने का मैसेज मोबाइल पर आने पर इसकी जानकारी हुई तो पीड़ित ने पुलिस से शिकायत की। गुलरिहा पुलिस अज्ञात के खिलाफ के केस दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। व्यासनगर पादरी बाजार निवासी लिटिल सिंह ने तहरीर देकर बताया कि वह पादरी बाजार पुलिस चौकी के पास लगे एचडीएफसी के एटीएम से बृहस्पतिवार की शाम रुपये निकालने गए थे। मशीन में एटीएम कार्ड फंस गया और रुपये भी नहीं निकले, तब हेल्पलाइन नंबर पर फोन किया। वहीं खड़े एक युवक ने सुझाव दिया कि घर जाइए, सुबह कॉर्ड निकल जाएगा। घर पहुंचते ही 20 हजार खाते से निकलने का मैसेज मिला। पुलिस सीसीटीवी कैमरे की मदद से आरोपी की तलाश कर रही है।

# मारपीट और अभद्रता का केस दर्ज

**सरदारनगर।** नगर क्षेत्र के एक गांव की प्रेमशीला का कहना है कि अपने घर के सामने खेत में कार्य कर रही थी। उसी समय बिजली का तार पेड़ में टकराने से लाइन उत्पन्न हो रही थी। लाइन का तार हटाने के लिए बोला तो अभद्रता करते हुए जितेंद्र गुप्ता व उनकी पत्नी दुर्गावती मिलकर उसे रॉड और डंडे से मारने लगे। पुलिस ने दोनों के खिलाफ केस दर्ज किया है।

# सेंट्रल बैंक ने पुलिस को दिए 10 ट्रैफिक बैरिकेड



सेंट्रल बैंक ऑफ़ इंडिया के क्षेत्रीय कार्यालय ने नगर पुलिस को 10 ट्रैफिक बैरिकेड प्रदान किए।

गोरखपुर(वि.)। सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया क्षेत्रीय कार्यालय की ओर से शहर की यातायात व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए शनिवार को नगर पुलिस को 10 ट्रैफिक बैरिकेड प्रदान किए गए। सीओ कोतवाली ओंकार दत्त तिवारी ने ट्रैफिक बैरिकेड्स को लिया। सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के क्षेत्रीय प्रमुख राकेश कुमार सिंह ने कहा कि सेंट्रल बैंक सदैव अपने व्यवसायिक गतिविधियों के साथ-साथ सामाजिक दायित्वों के प्रति कटिबद्ध रहा है। इसी कड़ी में सार्वजनिक सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्धता के तहत सामुदायिक सुरक्षा और ट्रैफिक प्रबंधन में सहयोग के उद्देश्य से नगर पुलिस को ट्रैफिक बैरिकेड्स उपलब्ध करवा रहें हैं। उन्होंने कहा कि हमारा मानना है कि यह योगदान सभी के लिए सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित करने में लाभकारी होगा। इस अवसर पर सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के अधिकारी उपस्थित रहे।

# एसपी सिटी करेंगे जांच, प्लॉटिंग करने वालों पर होगी कार्रवाई

## एक मई 2023 को जब्त हुई थी महादेव झारखंडी में स्थित 54 डिसमिल भूमि

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। गैंगस्टर एक्ट में जब्त भूमि पर किसने और कैसे प्लॉटिंग कर दी, इन सवालों के जवाब अब एसपी सिटी अभिनव त्यागी ढूंढेंगे। इस केस की जांच उन्हें दी गई है। तहसील प्रशासन से भी इस मामले में रिपोर्ट मांगी गई है। दोषियों की जवाबदेही तय करने के साथ ही आरोपियों पर केस दर्ज किया जाएगा।

यह मामला संज्ञान में आने के बाद गैंगस्टर एक्ट में जब्त हुई अन्य संपत्ति की भी तहसील प्रशासन के साथ ही स्थानीय थाने की पुलिस ने छानबीन शुरू कर दी है। मोहद्दीपुर में रहने वाले ओमप्रकाश पांडेय पर भूमि बेचने का झांसा देकर ठगी करने के कई केस दर्ज होने के बाद कैंट थाना पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई की थी। थानेदार की रिपोर्ट पर डीएम ने ओमप्रकाश के मकान व भूमि के साथ ही सभी संपत्ति को जब्त करने का आदेश दिया था। मोहद्दीपुर स्थित मकान को सील करने के बाद तहसीलदार सदर ने एक मई, 2023 को महादेव झारखंडी टुकड़ा नंबर दो स्थित ओमप्रकाश के हिस्से की 54 डिसमिल भूमि को भी जब्त कर तहसीलदार सदर को रिसीवर नियुक्त किया था।

**इस प्रकरण के बाद जब्त की गई अन्य संपत्ति की भी छानबीन शुरू हुई**

जेल से छूटे गैंगस्टर के आरोपी ने डीएम के साथ ही तहसील प्रशासन को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि जिस भूमि को जब्त किया गया है, उस पर महादेव झारखंडी में रहने वाले कुछ लोगों ने प्लॉटिंग कर दी है। मामले की जानकारी होने पर तहसील प्रशासन ने छानबीन की तो मामला सही मिला। जिसके बाद भूमि को खाली करा दिया गया। डीएम के निर्देश पर एसपी सिटी अभिनव त्यागी मामले की जांच कर रहे हैं। उनकी रिपोर्ट आने के बाद दोषियों पर कार्रवाई होगी।

# फर्जी डिग्रीः भगोड़े अलाउद्दीन पर 15 हजार का इनामी भी घोषित

## डॉक्टरों की डिग्री के फर्जी इस्तेमाल मामले में गुलरिहा थाने से वांछित है कुशीनगर का जालसाज

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। डॉक्टरों की डिग्री के फर्जी ढंग से इस्तेमाल के मामले में फरार चल रहे कुशीनगर के अलाउद्दीन अली शाह को सिविल कोर्ट ने शुक्रवार को भगोड़ा घोषित कर एनबीडब्ल्यू जारी किया था। शनिवार को उसकी गिरफ्तारी के लिए एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर ने 15 हजार रुपये का इनाम भी घोषित किया है।

बीते 17 मई को अलाउद्दीन के खिलाफ गुलरिहा थाने में धोखाधड़ी का केस दर्ज किया गया था, तभी से वह फरार चल रहा है। क्राइम ब्रांच के साथ ही गुलरिहा थाने की पुलिस टीम उसकी तलाश में जुटी है। पुलिस ने डॉ. राहुल नायक की तहरीर पर केस दर्ज किया था। इसके बाद कुशीनगर जिले के तमकुहीराज के हरिहरपुर वार्ड नंबर तीन स्थित उसके घर पर पुलिस ने कई बार दबिश भी दी, लेकिन वह हाथ नहीं लगा। अलाउद्दीन की पत्नी वार्ड की सभासद है।

पुलिस ने उससे पूछताछ की, तब पता चला कि केस दर्ज होने के बाद से ही अलाउद्दीन के साथ ही उसका भाई भी फरार है। पुलिस की मानें तो अलाउद्दीन फर्जी डिग्री का धंधा करने वाले गिरोह का सरगना है।

वह सीएमओ ऑफिस से डॉक्टरों की डिग्री की फोटो कॉपी निकलवाकर, उससे डॉक्टर की फर्जी डिग्री और अन्य कागजात तैयार करता है। फिर उसे अन्य शहरों में बेच देता है। इससे अवैध डायग्नोस्टिक सेंटर संचालित किए जाते हैं।

**क्राइम ब्रांच के साथ ही गुलरिहा थाने की पुलिस भी तलाश में जुटी**

> एसएसपी ने फरार आरोपी अलाउद्दीन पर 15 हजार रुपये का इनाम घोषित किया है। उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस की कई टीमें लगी हैं।
> -अभिनव त्यागी, एसपी सिटी

इसके बदले अलाउद्दीन को मोटी रकम मिलती है। साथ ही गैंग से जुड़े अन्य लोगों की भी अच्छी कमाई होती है। पुलिस की मानें तो अलाउद्दीन के पकड़े जाने पर कई अन्य चेहरे भी बेनकाब होंगे। गुलरिहा थाने में डॉ. राहुल नायक की तहरीर पर 17 मई को कुशीनगर के अलाउद्दीन और प्रयागराज के राम पांडेय के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज किया गया था।

गुलरिहा पुलिस एक सितंबर को गाजीपुर जिले के भुडकुड़ा थाना क्षेत्र के पदुमपुर मैगर राय निवासी बृजेश लाल, वाराणसी के सारनाथ थाना क्षेत्र के दीनापुर चिरईगांव निवासी ओमप्रकाश गौतम और वाराणसी के चौबेपुर इलाके के बराई निवासी दीपक विश्वकर्मा को गिरफ्तार कर जेल भिजवा चुकी है।

# पुरानी रंजिश में मारपीट, युवक का सिर फोड़ा

गुलरिहा। मेडिकल रोड पर बृहस्पतिवार की रात घर जा रहे एक युवक का तीन युवकों ने मारपीट कर सिर फोड़ दिया। युवक की तहरीर पर गुलरिया पुलिस केस दर्ज कर जांच पड़ताल कर रही है। मोगलहा पेट्रोल पंप के पास रहने वाले कृष्णा चौबे बृहस्पतिवार रात अपने घर जा रहे थे, अभी सिटी हॉस्पिटल के पास पहुंचे थे कि पुरानी रंजिश को लेकर रास्ते में रोककर राप्तीनगर निवासी लकी यादव, चरगांवा के अभिनीत श्रीवास्तव और विवेक पासवान ने मारापीटा। ब्यूरो

# पांच के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न का केस

पिपराइच। महुअवां खुर्द की विवाहिता अंजली के तहरीर पर पुलिस ने पति हरेंद्र चौधरी, जेठ विजेंद्र, जेठानी गुड़िया, सास सुरसती, ननद कौशल्या के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न का केस दर्ज किया है। अंजली की शादी 26 मई 2024 को हुई थी। शादी के कुछ दिनों बाद दहेज को लेकर ससुराल के लोग प्रताड़ित करने लगे। 25 सितंबर की रात जेठानी के ललकारने पर पति हरेंद्र चौधरी ने बुरी तरह मारा पीटा। ब्यूरो

# ब्लॉक मिशन प्रबंधक की बाइक चोरी, केस दर्ज

कैंपियरगंज। ब्लाक परिसर से मिशन प्रबंधक मोहम्मद कादिर की बाइक चोरी हो गई। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज किया। देवरिया जिले के मदनपुर निवासी मोहम्मद कादिर कैंपियरगंज ब्लाक में ब्लाक मिशन प्रबंधक के पद पर कार्यरत हैं। प्रतिदिन की भांति वह बाइक से कार्यालय पहुंचे और ब्लाक परिसर में बाइक खड़ी कर अपने कार्यालय में विभागीय कार्य में लग गए। शाम करीब साढ़े पांच बजे कार्य के बाद बाहर निकले तो बाइक गायब थी। इसके बाद कैंपियरगंज थाने पहुंचकर तहरीर दी। ब्यूरो

# खाते से 20 हजार निकाले, केस दर्ज

गुलरिहा। पादरी बाजार में जालसाज ने ग्राहक को धोखे में डालकर उसके खाते से 20 हजार रुपये निकाल लिए। मैसेज मोबाइल पर आने पर इसकी जानकारी हुई तो पीड़ित ने पुलिस से शिकायत की। गुलरिहा पुलिस अज्ञात के खिलाफ के केस दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

व्यासनगर पादरी बाजार निवासी लिटिल सिंह ने तहरीर देकर बताया कि वह पादरी बाजार पुलिस चौकी के पास लगे एचडीएफसी के एटीएम से बृहस्पतिवार की शाम रुपये निकालने गए थे। मशीन में एटीएम कार्ड फंस गया और रुपये भी नहीं निकले, तब हेल्पलाइन नंबर पर फोन किया। वहीं खड़े एक युवक ने सुझाव दिया कि घर जाइए, सुबह कॉर्ड निकल जाएगा। घर पहुंचते ही 20 हजार खाते से निकलने का मैसेज मिला। पुलिस सीसीटीवी कैमरे की मदद से आरोपी की तलाश कर रही है। ब्यूरो

# दुकान से कैमरा बुक कर ऑपरेटर से लूट करने का आरोपी गिरफ्तार

**अमर उजाला ब्यूरो**

**गुलरिहा।** क्षेत्र में स्थित दुकान से कैमरा बुक करके ऑपरेटर से रास्ते में लूट करने वाले आरोपी को गुलरिहा पुलिस ने शुक्रवार की रात गिरफ्तार कर लिया। इसे शनिवार को कोर्ट में पेश किया, यहां से उसे जेल भेज दिया गया। पुलिस ने आरोपी सेमरा नंबर दो तारानगर कॉलोनी निवासी आलोक राज के पास से लूट का डीएसएलआर कैमरा बरामद कर घटना में शामिल स्कूटी सीज कर दी।

जंगल एकला नंबर दो पिराड़ा टोला निवासी धर्मेंद्र ने तहरीर देकर बताया कि 10 सितंबर की शाम पांच बजे एक एक्टिवा स्कूटी से अज्ञात युवक कैमरा बुक करने आया। बुकिंग के बाद ऑपरेटर दीपक कैमरा लेकर युवक के साथ चला गया। युवक ने रास्ते में ऑपरेटर से कैमरा और उसका मोबाइल छीनकर और फरार हो गया। पुलिस अज्ञात युवक के खिलाफ केस दर्ज कर तलाश कर रही थी। पुलिस के अनुसार, आरोपी छेड़छाड़ व पॉक्सो एक्ट में पहले जेल जा चुका है।



**पुलिस की गिरफ्त में आरोपी।** स्रोत पुलिस

## धोखाधड़ी के आरोपी को पुलिस ने दबोचा

**सरदारनगर (गोरखपुर)।** चौरीचौरा पुलिस ने शनिवार को फाइनेंस कंपनी के ऋण की वसूली कर उसे हड़पने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की पहचान बलिया जिले के बेल्थरा बाजार थाना क्षेत्र के उभांव गांव निवासी धर्मपाल के रूप में हुई। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश कर जेल भिजवा दिया। थाना प्रभारी संजय मिश्रा ने बताया कि एक साल पहले नम्न फाइनेंस लिमिटेड बैंक के मैनेजर मुलायम यादव ने कंपनी के दो फील्ड अफसरों पर केस दर्ज कराया था। आरोप है कि फील्ड अफसर धर्मपाल और राहुल नौ सितंबर को वसूली के लिए निकले और कलेक्शन कर 3,79,700 रुपये हड़प लिए। ब्यूरो

# गंगेश के मोबाइल में मिलीं कई ऑडियो क्लिप

**अमर उजाला ब्यूरो**

**गोरखपुर।** गंगेश हत्याकांड की जांच में एसआईटी (स्पेशल इंवेस्टिगेशन टीम) तेजी से जुटी है। एसआईटी को गंगेश का मोबाइल फोन भी मिल गया है, जिसमें कई ऑडियो क्लिप मिली हैं, जो जांच में मददगार साबित हो सकती हैं। उनकी जांच की जा रही है। उधर, गंगेश की पत्नी अपूर्वा पांडेय दिल्ली से गोरखपुर आकर बयान देंगी।

पहले एसआईटी अपूर्वा का बयान लेने दिल्ली जाने की तैयारी कर रही थी। इसी बीच अपूर्वा ने गोरखपुर आने की सूचना दी। एसआईटी अब रविवार या सोमवार को उनका बयान लेगी। गंगेश हत्याकांड की जांच के लिए चार सितंबर को एसआईटी गठित की गई।



**गंगेश** (फाइल फोटो)

इसके बाद एसआईटी ने इस केस में घटना वाले दिन गंगेश जहां-जहां गया था, उन जगहों पर जाकर पूछताछ की और साक्ष्य एकत्रित किए। आरोपियों के साथ ही गंगेश की भाभी से भी पूछताछ की गई। साथ ही सीसीटीवी कैमरे भी खंगाले गए और फुटेज सुरक्षित किए गए।

> गंगेश की पत्नी बयान देने गोरखपुर आ रही हैं। उनके आते ही बयान लिया जाएगा। इस केस में गंगेश के मोबाइल की भी जांच करवाई जाएगी। घटना वाले दिन उस पर कहां-कहां से मैसेज आए और कहां बात हुई, मोबाइल की जांच से ही इसका पता चलेगा।
>
> **-अभिनव त्यागी,** एसपी सिटी

DEORIA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-26-09-2024

# प्राप्त 84 प्रार्थना पत्रों में 30 का निस्तारण



देवरिया-थाना कोतवाली में फरियाद सुनते एएसपी। रूद्रपुर में फरियाद सुनतीं ज्वाइंट मजिस्ट्रेट श्रुति शर्मा। भटनी में तहसीलदार व लार में अधिकारी।

## थाना समाधान दिवस

**देवरिया(एसएनबी)।** शनिवार को जनपद के समस्त थानों पर थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जनपद के समस्त थानों पर कुल 84 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसमें 30 प्रार्थना पत्रों का निस्तारण किया गया। शेष प्रार्थना पत्रों के निस्तारण हेतु राजस्व व पुलिस विभाग की संयुक्त टीम का गठन कर संबंधित को उचित दिशा निर्देश दिए गए।

इसी क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी दीपेन्द्र नाथ चौधरी ने थाना कोतवाली में जनसमस्याओं को सुना। यहां पर कुल 5 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसमें सभी प्रार्थना पत्रों के निस्तारण हेतु राजस्व व पुलिस विभाग की संयुक्त टीम का गठन कर संबन्धित को उचित दिशा निर्देश दिये गए। इसी क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी सुनील कुमार सिंह ने थाना भटनी पर जन समस्याओं को सुना। यहां पर कुल 5 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसमें 1 प्रार्थना पत्र का निस्तारण किया गया तथा शेष प्रार्थना पत्रों के निस्तारण हेतु राजस्व व पुलिस विभाग की संयुक्त टीम का गठन कर संबन्धित को उचित दिशा निर्देश दिए गए। इस अवसर पर पुलिस विभाग एवं राजस्व विभाग के संबन्धित अधिकारी/ कर्मचारीगण मौजूद रहे।

### चार मामलों में दो का निस्तारण

**बरहज कार्यालय** के अनुसार शनिवार को समाधान दिवस कर उपजिलाधिकारी अंगद यादव व क्षेत्राधिकारी आदित्य कुमार गौतम ने फरियाद सुनी। मौके पर चार मामलों में राजस्व के तीन व पुलिस के एक मामलें सामने आये। जिसमें पुलिस के मामले व राजस्व के एक मामले का मौके पर निस्तारण किया गया। एसडीएम ने कहा कि जो भी मामलें सामने आये है शेष मामलों का निस्तारण भी मौके पर जाकर किया जाएगा। इस अवसर पर थानाध्यक्ष राहुल सहित राजस्वकर्मी व पुलिस मौजूद रही।

### सात मामलों का निस्तारण

**रुद्रपुर कार्यालय** के अनुसार स्थानीय कोतवाली में आयोजित समाधान दिवस ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/ एसडीएम सुश्री श्रुति शर्मा के अध्यक्षता में किया गया। जिसमें थाने व राजस्व से संबंधित पड़े विभिन्न मामलों में मौके से सात मामलों का निस्तारण किया गया। एसडीएम ने कहा कि शासन के मंशा के तहत फरियादियों को न्याय मिले। जिसके लिये सभी लोग पड़े प्रार्थना पत्रों का निस्तारण शीघ्र ही करें। इस दौरान क्षेत्राधिकारी अंशुमान श्रीवास्तव, कोतवाली प्रभारी रतन कुमार पाण्डेय व हलका के लेखपाल, पुलिस कर्मी आदि लोग उपस्थित रहे।

### दो मामलों का निस्तारण

**भटनी प्रतिनिधि** के अनुसार स्थानीय थाना के सभागार मे तहसीलदार अलका सिंह की अध्यक्षता मे समाधान दिवस का हुआ आयोजन जिसमे कुल पाँच प्रार्थना पर आये जिसमे दो का निस्तारण हुआ और तीन मामले के लिए सम्बन्धित विभाग व पुलिस को मौके पर जाकर निस्तारण करने के लिए आदेशित किया गया। इस अवसर पर थाना प्रभारी निरीक्षक रणजीत सिंह भदौरिया हल्के के उपनिरीक्षक आरक्षी लेखपाल कानूनगो उपस्थित रहे।

### नायब तहसीलदार ने सुनी फरियाद

**लार प्रतिनिधि** के अनुसार लार थाने में आयोजित थाना दिवस में नायब तहसीलदार गोपाल जी व थानाध्यक्ष कपिलदेव चौधरी ने पीड़ितों की शिकायत सुन उन्हें न्याय दिलाने का भरोसा दिया। अधिकतर मामले राजस्व से संबंधित ही रहे।

इस दौरान मुख्य रूप से कानूनगो चंद्र प्रकाश लाल श्रीवास्तव, लेखपाल अभिनव मिश्रा, ज्ञान प्रकाश श्रीवास्तव, सत्य प्रकाश, इंदु प्रकाश पाठक आदि मौजूद रहे।

# चंदा मांगने को लेकर बवाल

**खुखुन्दू (एसएनबी)।** थाना क्षेत्र के मझवलिया गांव निवासी श्रवण माली का बेटा आनंद माली शुक्रवार को अपने अन्य दोस्तों के साथ गांव के सड़क पर दुर्गा पूजा का चंदा वसूली कर रहा था। इसी दौरान पड़ोसी गांव सझवलिया का चालक ओमप्रकाश यादव पिकअप लेकर वहां आया। लड़कों ने पिकअप रोककर चंदा मांगा तो वह गाली गलौज करने लगा। इसके बाद उसने आनंद माली को मारपीट कर घायल कर दिया। इससे नाराज लड़को ने चालक की भी पिटाई कर दी। बौखलाया चालक गांव जाकर बड़ी संख्या में गांव वालों को लेकर आनंद के घर आ पहुंचा और घर पर मौजूद मां इंदू देवी और बहन को धक्का देकर लोगों के साथ घर में जा घुसा। इंदू देवी का आरोप है कि एक माह बाद ही बेटी की शादी है, इसके लिए जेवरात और कपड़ो की खरीदारी कर घर में रखी थी। हमलावर घर में आनंद को ढूंढते हुए बाक्स खोलकर सारा समान छिटते हुए जेवरातों की लूटपाट किए। उधर, गांव में बड़ी संख्या में पहुंचे लोगों को देख किसी ने 112 पुलिस को सूचना दे दी। पुलिस के पहुंचते ही हमलावर भाग निकले। गांव में हुए बवाल से अन्य ग्रामीण दहशत में है। इंदू देवी ने थाने पहुंच तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच-पड़ताल कर रही है। थानाध्यक्ष दिग्विजय सिंह ने बताया कि पुलिस मौके पर पहुंची थी। जांच पड़ताल कर मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

# समाधान दिवस में आए 84 मामले, 30 का निस्तारण

देवरिया, निज संवाददाता। शनिवार को जिले के थानों पर समाधान दिवस का आयोजन हुआ। इसमें राजस्व एवं पुलिस के अफसरों द्वारा जनता की समस्याओं को सुना गया। संयुक्त रूप से राजस्व व पुलिस टीम द्वारा मौके पर पहुंच कर कई समस्याओं का निस्तारण कराया गया।

अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी दीपेन्द्र नाथ चौधरी ने सदर कोतवाली में जनता की समस्याओं को सुना। वहां पर 5 प्रार्थना पत्र आयें, जिनका निस्तारण को राजस्व व पुलिस विभाग की संयुक्त टीम को निर्देश दिया गया। अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी सुनील कुमार सिंह ने भटनी थाने पर मस्याओं को सुना गया। वहां पर कुल 05 प्रार्थना पत्रों में एक का निस्तारण किया गया तथा अन्य के निस्तारण का निर्देश दिया गया। समस्त थानों पर कुल 84 प्रार्थना पत्र आये, इसमें से 30 का निस्तारण किया गया तथा शेष का निस्तारण करने को राजस्व व पुलिस विभाग की संयुक्त टीम का गठित कर निर्देश दिया गया।



शनिवार को सदर कोतवाली में लोगों की समस्या सुनते एएसपी दीपेन्द्र नाथ चौधरी।

लार संवाद अनुसार थाने में नायब तहसीलदार गोपाल जी व प्रभारी निरीक्षक कपिलदेव चौधरी ने पीड़ितों की शिकायतें सुनी। नगर पंचायत लार के वैश्करनी वार्ड निवासी राजू गोड़ ने बताया कि तीन सालों से थाना दिवस, तहसील दिवस, डीएम, एसडीएम, लेखपाल का चक्कर लगाकर थक गया हूं, लेकिन अभी तक समस्या का समाधान नहीं हुआ है। इसमें कानूनगो चंद्र प्रकाश लाल श्रीवास्तव, लेखपाल अभिनव मिश्रा, ज्ञान प्रकाश श्रीवास्तव, सत्य प्रकाश, इंदु प्रकाश पाठक सहित अन्य उपनिरीक्षक व राजस्वकर्मी मौजूद रहे।

बरियारपुर संवाद अनुसार बरियारपुर थाने पर एसओ डॉ महेन्द्र कुमार के नेतृत्व में समाधान दिवस का आयोजन हुआ। इसमें 2 जमीनी मामले आए। जिसमें एक का निस्तारण किया गया। इसमें कानूनगो संजय राव, शैलेश, लेखपाल राम मनोहर, रवि प्रकाश, उमेश यादव, उप निरीक्षक सत्यप्रकाश यादव, उप निरीक्षक भूपेंद्र सिंह, सुरेन्द्र कुमार, अभिषेक कुमार, अमर सिंह, अमित आदि मौजूद रहे।

बरहज संवाद अनुसार थाना परिसर में शनिवार को उपजिलाधिकारी अंगद यादव की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ। इसमें चार मामले आए, जिसमें राजस्व के तीन और पुलिस के एक रहे। राजस्व के एक और पुलिस के एक मामले का मौके पर तथा शेष मामले संबंधित विभाग को निस्तारण को सौंप दिया गया। इसमेंर सीओ आदित्य कुमार गौतम, एसएचओ राहुल सिंह, लेखपाल अमरजीत सिंह आदि रहे।

## पुलिस ने देवरिया एसओजी के सहयोग से छात्र अनीश को किया बरामद

# दस लाख की फिरौती के लिए अपहृत छात्र जिले से बरामद

गोपालगंज/देवरिया, हिन्दुस्तान टीम। बिहार प्रांत के गोपालगंज जिले के फुलवरिया थाने के मजिरवां कला टोला भरपुरवा गांव से गुरुवार की दोपहर दस लाख की फिरौती के लिए अपहृत छात्र आठ वर्षीय अनीश कुमार को पुलिस ने उत्तर प्रदेश के देवरिया जिले के लार थाना क्षेत्र के नेमा गांव से शनिवार को बरामद कर लिया। मामले में बरामद छात्र की निशानदेही लार थाना क्षेत्र के नेमा गांव निवासी अमित सिंह को गिरफ्तार किया गया।

पुलिस ने एक बाइक,कार और घटना के समय आरोपित के पहने पीले टी शर्ट को बरामद कर लिया। इस कांड में शामिल अन्य आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है। गोपालगंज के एसपी अवधेश दीक्षित ने शनिवार को प्रेस नोट जारी कर बताया कि छात्र को अगवा करने के बाद परिजनों से दस लाख रुपए की फिरौती मांगी थी। मामले में अगवा छात्र की मां जीवन ज्योति देवी ने प्राथमिकी दर्ज करायी थी। मामले में पुलिस और डीयूआई की टीम गठित की गई थी। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 48 घंटे के भीतर उत्तर प्रदेश के देवरिया एसओजी के सहयोग से अपहृत छात्र को सकुशल बरामद कर लिया। इसके पूर्व शनिवार को एसपी ने छात्र को जल्द बरामद करने की बात फुलवरिया थाने में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कही थी।



मजिरवां कला टोला भरपुरवा से अपहृत छात्र की बरामदगी की जानकारी देते एसपी अवधेश दीक्षित व बगल में बरामद छात्र के साथ उसकी मां

- एसपी ने कहा-अपहरण में शामिल बदमाशों की गिरफ्तारी के लिए हो रही छापेमारी
- बिहार प्रांत के गोपालगंज जिले के फुलवरिया क्षेत्र का था अपहृत छात्र

### जिसकी थी पुलिस को तलाश, उसने बनारस में ट्रेन के सामने कूद कर दे दी जान

लार (मेहरौनाघाट)। किशोर के अपहरणकर्ताओं में लार थाना क्षेत्र नेमा गांव निवासी अमित सिंह का भाई विशाल उर्फ अतुल कुमार सिंह पुत्र स्व नथुनी सिंह भी शामिल था। पुलिस अभी उसकी तलाश कर ही रही थी कि शनिवार की देर शाम सूचना मिली कि अतुल सिंह ने बनारस में ट्रेन के आगे कूद कर आत्महत्या कर लिया है। जिसके बाद लार पुलिस नेमा गांव पहुंच कर मामले की जांच में जुट गई। बिहार पुलिस, लार पुलिस व देवरिया की एसओजी की संयुक्त टीम ने छापेमारी कर नेमा गांव के समीप से 8 वर्षीय किशोर अनीश को सकुशल बरामद करते हुए मृतक विशाल उर्फ अतुल कुमार सिंह के भाई अमित कुमार सिंह को गिरफ्तार कर लिया था, जबकि घटना में शामिल उसका भाई फरार था। पुलिस उसकी तलाश में जुटी थी। इसी बीच देर शाम अतुल सिंह की आत्महत्या की खबर मिली। उधर अतुल की मौत की खबर सुन घर पर माता उषा देवी का रो रो कर बुरा हाल है।उक्त संबंध में प्रभारी निरीक्षक कपिलदेव चौधरी ने बताया कि आरोपी युवक के आत्महत्या करने की सूचना मिली है। उसके घर नेमा स्थित घर पर पहुंच मामले की जांच की जा रही है।

# मनबढ़ के खिलाफ मुकदमा दर्ज

तरकुलवा। स्कूल जाते समय छात्रा के साथ अश्लील हरकत करने के मामले में तरकुलवा पुलिस ने मनबढ़ के खिलाफ उसकी मां की तहरीर पर छेड़खानी, पास्को एक्ट समेत गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

थाना क्षेत्र के एक गांव की छात्रा बगल के ही गांव के एक स्कूल में कक्षा 8 में पढ़ती है। उसे आते जाते बगल गांव का युवक अश्लील हरकत करते हुए भद्दी भद्दी गालियां देता है। इससे आजिज होकर छात्रा ने स्कूल जाना छोड़ दिया। थाना प्रभारी मृत्युंजय राय ने बताया कि किशोरी की मां की तहरीर पर युवक के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है, बहुत जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# पुरानी रंजिश में चाकूबाजी, पांच पर मुकदमा

रुद्रपुर। भृगुसरी गांव निवासी गिरीश चन्द्र निषाद पुत्र राम कैलाश निषाद ने कहा है कि शुक्रवार को पुरानी रंजिश को लेकर गांव के ही कुछ लोग उनसे गाली गलौज के साथ मारपीट करने लगे। इस दौरान उन्हें चाकू से मार कर घायल कर दिया। बीच बचाव करने पर उनके पुत्र राजन व दामाद कन्हैया को भी मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने राम दयाल निषाद, सागर निषाद, श्रवण निषाद, रंजना व मालती देवी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

# युवक पर किशोरी के अपहरण का केस दर्ज

**रामपुर कारखाना।** रामपुर कारखाना थाना क्षेत्र के एक गांव की के व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि उसकी 15 वर्षीय पुत्री को बगल के गांव का रहने वाला एक युवक गलत नजर रखता था। 26 सितंबर की शाम 4:00 बजे उसे डरा धमका करके अपने साथ भाग ले गया है। किशोरी, मां के गहने तथा बीस हजार रूपया लेकर चली गई है। पुलिस ने मामले में बिंदवलिया निवासी धनंजय के विरुद्ध मुकदमा केस दर्ज किया है।

# चोरों ने नकदी समेत दो लाख के गहने चुराए

**सलेमपुर।** कोतवाली थाना क्षेत्र के हरनहीं गांव में शुक्रवार की रात चोरों ने मकान के मेन गेट के रास्ते से घर में घुसकर करीब दो लाख रुपये का आभूषण एवं अन्य कीमती सामान चुरा लिया। कोतवाली क्षेत्र के हरनही गांव निवासी त्रिलोकी प्रसाद पुत्र स्व.रोशन प्रसाद ने कोतवाली पुलिस को दिए तहरीर में कहा है कि परिवार के सभी लोग शुक्रवार की रात सो गए थे। इसी बीच करीब डेढ़ बजे रात में मेरी पत्नी गेट खोलकर घर से बाहर निकली। इसी बीच पहले से घात लगाकर बाहर छिपे चोर मकान के अंदर घुस गए। अंदर छिपे चोर घर में रखे बाक्स का ताला तोड़कर उसमें रखा आभूषण व अन्य कीमती सामान चुरा लिए।

# धमकी देने में पति-पत्नी के खिलाफ केस दर्ज

**देवरिया।** शहर के पेड़ा गली निवासी संतोष कुमार रूंगटा ने पुलिस को तहरीर दिया है कि उनके भाई से मकान को लेकर विवाद चलता है। इस मामले को लेकर वह लोग 26 सितंबर की शाम को उनके पास पहुंचे और धमकी दिए कि मकान खाली कर दो नहीं तो जान से मार देंगे। इस मामले में सदर कोतवाली पुलिस ने पेड़ा गली निवासी गोपाल रुंगटा और उनकी पत्नी मनोरमा रूंगटा के खिलाफ केस दर्ज किया है।

# आउटसोर्सिंग कर्मियों का होगा पुलिस वेरिफिकेशन

## मेडिकल कॉलेज में ड्रेस और नेम प्लेट लगाकर रहेंगे कर्मचारी

- गंभीर मरीजों को अल्ट्रासाउंड, सीटी स्कैन दी जाएगी वरीयता
- समाजसेवी संजय पाठक की शिकायत पर डीएम ने दिए निर्देश

देवरिया,निज संवाददाता। महर्षि देवराहा बाबा मेडिकल कॉलेज के आउटसोर्सिंग कर्मियों का पुलिस सत्यापन होगा। सभी आउटसोर्सिंग कर्मचारी निर्धारित पोशाक और नेम प्लेट के साथ ड्यूटी करेंगे।

मेडिकल कॉलेज में सुरक्षा कर्मियों की संख्या बढ़ायी जायेगी तथा अन्य जगहों पर भी सीसीटीवी कैमरा लगेगा। गंभीर मरीजों को डॉक्टर से दिखाने, जांच कराने में वरियता दी जाएगी। स्वास्थ्य कर्मी ओपीडी, वार्ड के मरीजों, तीमारदारों से मधुर व्यवहार करेंगे। समाजसेवी संजय पाठक द्वारा डीएम को लिखे पत्र पर सीएमएस ने सभी नोडल अधिकारियों को यह निर्देश जारी किया है। महर्षि देवराहा बाबा मेडिकल कॉलेज में मरीज और उसके परिजनों से कई बार दुर्व्यवहार व मारपीट की घटनाएं हो चुकी है। ओपीडी में पहले दिखाने को लेकर धक्का मुक्की होती है, इससे गंभीर व बुजुर्ग मरीजों को परेशानी होती है। उन्हें डॉक्टर से दिखाने, अल्ट्रासाउंड, सीटी स्कैन कराने, पैथोलॉजी जांच को घंटों लाइन में खड़ा होना पड़ता है। वहीं आए दिन इमरजेंसी पर बवाल होता है एवं मेडिकल कॉलेज परिसर से बाइक चोरी होती हैं। स्वास्थ्य कर्मी बिना नेम प्लेट के ओपीडी और वार्ड में घूमते हैं, इसका लाभ कुछ बाहरी व्यक्ति उठाकर मरों को झांसे में लेकर प्राइवेट अस्पतालों में पहुंचा देते हैं। समाज सेवी संजय पाठक ने डीएम दिव्या मित्तल से मिलकर इस समस्या से लिखित रूप से अवगत कराया। डीएम ने मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य को जरूरी कदम उठाने का निर्देश दिया।

मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा. एचके मिश्रा ने सभी नोडल अधिकारियों को जारी पत्र में कहा कि वह अपने विभाग के अधीन कार्यरत डॉक्टर और स्वास्थ्य कर्मियों को यह निर्देशित करें कि मेडिकल कॉलेज में मरीज और उनके तीमारदारों से मधुर व्यवहार करें। ओपीडी कक्ष के बाहर तैनात एमपीडब्ल्यू व सुरक्षा कर्मियों को यह निर्देशित करें कि लाइन में खड़े गंभीर मरीजों को वरियता के आधार पर दिखाने में सहयोग करें।

# जानकी देवी हत्या कांड के दो आरोपित गिरफ्तार

भाटपाररानी: थाना क्षेत्र के दनउर की रहने वाली जानकी देवी पत्नी कालिका सिंह की हत्या के मामले में पुलिस ने दो आरोपितों को शनिवार को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के बाद उनका चालान कर दिया। दनऊर की जानकी देवी को गांव के प्रधान सहित स्लेग चार लोग मारपीट करने के बाद छत से फेंक कर हत्या कर दिए। उनकी बहू निर्मला सिंह पत्नी रामव्यास सिंह की तहरीर पर पुलिस ने गांव के ही रामप्रवेश यादव पुत्र वासुदेव यादव, ग्राम प्रधान रामकृपाल यादव पुत्र गजाधर यादव, संतोष गुप्ता पुत्र चंडी गुप्ता, बेचन यादव पुत्र बाबूलाल यादव के विरुद्ध हत्या का मुकदमा दर्ज किया था। थानाध्यक्ष दिलीप पांडेय ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर क्षेत्र के विशुनपुरा से आरोपित रामप्रवेश यादव पुत्र बासदेव, संतोष गुप्ता पुत्र चंडी को गिरफ्तार कर लिया।

# आयोजन पर पड़ा मौसम का प्रभाव



सदर कोतवाली परिसर मे समस्या सुनते एडिशनल एसपी दीपेंद्र नाथ चौधरी • जागरण

## समाधान दिवस

जागरण संवाददाता, देवरिया: जिले के सभी थाना में समाधान दिवस का आयोजन शनिवार को किया गया। मौसम की खराबी के कारण कम संख्या में लोग शिकायत लेकर पहुंचे। थानों में कुल 84 मामले आए जिसमें 30 का निस्तारण किया गया। सदर कोतवाली में एडिशनल एसपी दीपेंद्र नाथ चौधरी व तहसीलदार कृष्ण कुमार मिश्र ने फरियाद सुनी।

सदर कोतवाली में मात्र पांच प्रार्थनापत्र आए जिसमें एक भी प्रार्थना पत्र का निस्तारण नहीं किया जा सका। प्रार्थना पत्रों के निस्तारण के लिए राजस्व व पुलिस विभाग को संयुक्त टीम का गठन कर संबंधित को निर्देश दिये गए। इसी क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी सुनील कुमार सिंह ने थाना भटनी पर जन समस्या सुनी। इस दौरान कुल पांच प्रार्थना पत्र प्राप्त हुआ। जिसमें एक प्रार्थना पत्र का निस्तारण किया गया। बरहज संवाददाता के अनुसार परिसर में शनिवार को उपजिलाधिकारी अंगद यादव व सीओ आदित्य कुमार गौतम की अध्यक्षता में समाधान दिवस का आयोजन थाना परिसर में किया गया। कुल चार मामले आए जिसमें दो का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। इस अवसर पर प्रभारी निरीक्षक राहुल सिंह, प्रभारी राजस्व निरीक्षक अमरजीत सिंह, राजस्व निरीक्षक विजय नाथ मिश्र, हीरालाल मधुकर आदि मौजूद रहे। खुखुंदू संवाददाता के अनुसार थाना परिसर में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। कुल चार मामले आए। जिसमें दो मामले का समाधान हुआ।

# बिहार से अपहृत छात्र मुसैला से बरामद

## एक युवक व किशोरी को पुलिस ने लिया हिरासत में, घटना को लेकर क्षेत्र में रही चर्चा

जागरण संवाददाता लार, देवरिया: जिले की एसओजी, लार पुलिस, बिहार पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में बिहार के गोपालगंज से अपहृत छात्र को खुखुंदू थाना क्षेत्र के मुसैला के समीप से लावारिस हालत में शनिवार को बरामद कर लिया गया। पुलिस की पूछताछ में उसने बताया कि लार थाना क्षेत्र के नेमा गांव निवासी एक युवक अपहरण करने में शामिल था। पुलिस टीम तत्काल नेमा पहुंची और वहां से एक युवक तथा एक किशोरी जो आपस में भाई-बहन हैं को हिरासत में लेकर पूछताछ की और दोनों को लेकर बिहार चली गई।

गुरुवार को बिहार के गोपालगंज जिले के फुलवरिया थाना के मजिरवां कला बाजार के पास मुख्य मार्ग पर ननिहाल में बने अपने घर के सामने खेल रहे पांचवीं कक्षा के छात्र अनीश कुमार उम्र 10 वर्ष पुत्र कुंदन सिंह कुशवाहा को एक बाइक सवार अपराधी अपनी बाइक पर बैठा कर भोरे की तरफ तेज गति से लेकर भाग निकला। काफी देर बाद पुलिस को इसकी सूचना स्थानीय लोगों ने दी। सूचना मिलने के बाद पुलिस तुरंत एक्शन में आयी। साथ ही



लार थाना में बिहार व लार पुलिस टीम के साथ बरामद छात्र • जागरण

पुलिस को जहां-जहां लोकेशन मिला, वहां छापेमारी करने लगी। अगवा छात्र गोपालगंज जिले के हथुआ थाना क्षेत्र के समइल गांव का निवासी है। बदमाश राहगीरों से मोबाइल लेकर लड़के के घर वाले से 10 लाख रुपये फिरौती मांग रहे थे। बिहार प्रदेश के गोपालगंज जिले के फुलवरिया थाने में दर्ज मामले में सर्विलांस के माध्यम से बिहार पुलिस, लार थाना की पुलिस और एसओजी से संपर्क की।

पुलिस टीम के एसओजी प्रभारी शादिक परवेज और लार इंस्पेक्टर कपिल देव चौधरी बिहार पुलिस के साथ पूरी रात पिंडी, पिपरा, राम नगर, गांधी मोड़ पर लोकेशन के हिसाब से बदमाशों की गिरफ्तारी के लिए दबिश देते रहे।

शनिवार को सर्विलांस के सहारे पुलिस नेमा पहुंच गई। बिहार पुलिस के साथ एसओजी प्रभारी और लार थानाध्यक्ष के अतिरिक्त बिहार के फुलवरिया थानाध्यक्ष शाहनवाज, एसओजी के हेड कांस्टेबल राशिद खान, धनंजय श्रीवास्तव, सुभाष सिंह, मयंक, विशाल जायसवाल, रमाकांत ने छात्र को सकुशल बरामद किया। थानाध्यक्ष फुलवरिया शाहनवाज ने बताया कि छात्र सहित अपहरणकर्ता व उसकी बहन को हिरासत में ले लिया गया है।

### अपहरण के आरोप में भाई बहन को उठाया तो आरोपित बड़े भाई ने दी जान

लार: क्षेत्र के नेमा गांव से एक अपहरण के मामले में शनिवार की शाम भाई-बहन को बिहार पुलिस ने हिरासत में ले लिया और दोनों को अपने साथ बिहार ले गई। इससे आहत होकर आरोपित बड़े भाई विशाल सिंह उर्फ अतुल उम्र 28 वर्ष पुत्र स्व. नथुनी सिंह ने वाराणसी में ट्रेन के सामने कूद कर जान दे दिया। घटना के बाद परिवार में मातम छा गया। हालांकि पुलिस विशाल को अपहरण की घटना का मुख्य आरोपित मान रही है। सूत्रों से जानकारी मिली है कि सुसाइड नोट भी बरामद हुआ है, जिसमें मृतक ने पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए हैं।

> मेरी बिहार पुलिस से बात हुई है। विशाल घटना का मुख्य आरोपित है। पूरे प्रकरण की जांच की जा रही है। जो भी दोषी होगा। उसके विरुद्ध विधिक कार्रवाई की जाएगी।
>
> संकल्प शर्मा, पुलिस अधीक्षक

# महिला के हमलावरों को पुलिस ने भेजा जेल

जागरण संवाददाता सलेमपुर: कोतवाली थाना के ठोका चुरामन में महिला पर जानलेवा हमला किए जाने के मामले में आरोपित पांचों अभियुक्तों को पुलिस ने न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दी। कोतवाली क्षेत्र के ठोका चुरामन गांव की रहने वाली विमला देवी का बेटा नगर के हरैया वार्ड में ठेला पर सामान बेचता है।

शुक्रवार की शाम उसके गांव के रहने वाले मनबढ़ किस्म के कुछ युवक मौके पर पहुंचे और ठेला से सामान फेंकने लगे। रोकने पर ठेला पलट दिया। इसकी जानकारी जब बुजुर्ग महिला विमला देवी को हुई तो वह आरोपितों के घर पूछने गईं। इससे नाराज मनबढ़ आग बबूला हो गए। और महिला के घर पहुंचकर लाठी डंडा से जानलेवा हमला कर दिया। जिससे महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। आसपास के लोगों ने घायल महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया।

स्वजन के तहरीर पर पुलिस ने ठोकर चुरामन गांव के गौरव तिवारी उर्फ गुड्डू पुत्र रामजी, अजय तिवारी पुत्र रामध्यान, कृष पासवान पुत्र प्रेमचंद्र, कृष्ण पांडेय पुत्र जयप्रकाश, अनुज तिवारी पुत्र मनोज के खिलाफ हत्या के प्रयास समेत अन्य गंभीर धाराओं में केस दर्ज करने के बाद शनिवार को मेडिकल कराने के बाद सभी आरोपितों को जेल भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया पांचों आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

## शांति भंग में किया चालान

खुखुंदू: थाना क्षेत्र के परसिया भगवती गांव में खेत में जानवर जाने के विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई। पुलिस ने एक पक्ष से एक आरोपित वेदप्रकाश शाह का चालान कर दिया। थानाध्यक्ष दिग्विजय सिंह ने बताया कि खेत में जानवर जाने के विवाद को लेकर दो पक्ष आपस में भिड़ गए थे।

# थाना समाधान दिवस पर आए 84 प्रार्थनापत्र, 30 का मौके पर निस्तारण

संवाद न्यूज एजेंसी

**देवरिया।** जिले के समस्त थानों पर थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। समस्त थानों पर राजस्व के अधिकारी एवं पुलिस के अधिकारी मौजूद रहे, उनके द्वारा जनता की समस्याओं को सुना गया। संयुक्त रूप से राजस्व व पुलिस टीम द्वारा मौके पर पहुंच कर कई समस्याओं का निस्तारण भी कराया गया।

इसी क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी दीपेंद्र नाथ चौधरी थाना कोतवाली में जनसमस्याओं को सुना। इसके क्रम में थाना कोतवाली में पांच प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। इसमें प्रार्थना पत्रों के निस्तारण के लिए राजस्व व पुलिस विभाग की संयुक्त टीम का गठन कर संबंधित को उचित दिशा निर्देश दिये गए। इसी क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी सुनील कुमार सिंह ने भटनी थाने पर जन समस्याओं को सुना। यहां कुल 5 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, इसमें से एक प्रार्थना पत्र का निस्तारण किया गया। शेष प्रार्थना पत्रों के निस्तारण के लिए राजस्व व पुलिस विभाग की संयुक्त टीम का गठन कर संबंधित को उचित दिशा-निर्देश दिए गए। समाधान दिवस के अवसर पर जनपद के समस्त थानों पर कुल 84 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, इसमें 30 प्रार्थना पत्रों का निस्तारण किया गया। शेष प्रार्थना पत्रों के निस्तारण के लिए राजस्व व पुलिस विभाग की संयुक्त टीम का गठन कर संबंधित को उचित दिशा निर्देश दिए गए।

बरियारपुर प्रतिनिधि के अनुसार बरियापुर थाने पर एसओ डॉ. महेंद्र कुमार के नेतृत्व में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। एसओ ने बताया कि कुल दो जमीनी विवाद के मामले आए थे। जिसमें एक मामले का निस्तारण किया गया और एक मामले को राजस्व कर्मियों के साथ टीम बना कर मौके पर निस्तारण के लिए भेजा गया है।

बरहज प्रतिनिधि के अनुसार थाना परिसर में एसडीएम अंगद यादव और सीओ आदित्य कुमार गौतम ने फरियाद सुना। खराब मौसम के कारण दिवस में फरियादियों का टोटा रहा। इंस्पेक्टर राहुल सिंह की अध्यक्षता में दिवस की कार्रवाई शुरु की गई। जिसमें एसडीएम और सीओ ने फरियाद सुना।

## जमीन पर पट्टीदार नहीं बनाने दे रहे मकान

**सलेमपुर।** मैडम! मेरे पट्टीदार मेरी पैतृक जमीन पर मकान नहीं बनवाने दे रहें हैं। मैं बहुत गरीब हूं मुझे न्याय दिलवा दीजिए न... महिला की बात सुनकर एसडीएम दिशा श्रीवास्तव भाऊक हो उठीं और बोली अम्मा आपको जरूर न्याय मिलेगा आप परेशान मत होई...। उसके बाद एसडीएम ने दूसरे पक्ष को भी बुलाकर सुनी और राजस्व निरीक्षक व हल्का लेखपाल को मौके पर पहुंचकर समस्या का निदान करने को कहा। एसडीएम दिशा श्रीवास्तव की अध्यक्षता में शनिवार को कोतवाली थाना में समाधान दिवस चल रहा था। इसी बीच तिवारी ठेंगवल गांव निवासी दुर्गावती देवी पत्नी हरेराम कुशवाहा पहुंची और बोली मैडम मैं बहुत गरीब और असहाय हूं मेरे पट्टीदार मेरी पैतृक जमीन पर निर्माण करने में व्यवधान उत्पन्न कर रहा है। प्लीज मुझे मेरी जमीन चिन्हित करा दीजिए ना ताकी मैं अपना मकान बनवा सकू। संवाद

# वारंटी को गिरफ्तार कर पुलिस ने भेजा जेल

**खुखुंदू।** थाना क्षेत्र के शेरवां बभनौली गांव के एक वारंटी को पुलिस ने शनिवार को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। जहां से न्यायिक अभिरक्षा में उसे जेल भेज दिया गया। खुखुंदू थाना क्षेत्र के शेरवां बभनौली गांव निवासी गोलू यादव पुत्र मुन्ना यादव न्यायालय से बार-बार सम्मन जारी करने के बाद भी हाजिर नहीं हो रहे थे। जिसपर न्यायालय ने गिरफ्तारी का वारंट जारी कर दिया। पुलिस शनिवार की सुबह गोलू यादव को उसके गांव के पास से गिरफ्तार कर लिया। एसओ दिग्विजय सिंह ने बताया कि वारंटी को न्यायालय में पेश किया गया। संवाद

# मारपीट के मामले में एक का चालान

**खुखुंदू।** थाना क्षेत्र के परसिया भगवती गांव के एक व्यक्ति को शनिवार को पुलिस ने गिरफ्तार कर उसका शांतिभंग में चालान किया है। एक दिन पहले खेत में बकरी चले जाने को लेकर मारपीट होने पर पुलिस ने यह कार्रवाई की है। खुखुंदू थाना क्षेत्र के परसिया भगवती गांव में शुक्रवार को गांव के कुछ बच्चे बकरी चराने गए थे। वेदप्रकाश शाह पुत्र राजनाथ गोड़ के खेत में चली गई। आरोप है कि वेदप्रकाश ने दो बच्चों की पिटाई कर दी। पुलिस इस मामले में वेदप्रकाश को घर से गिरफ्तार कर शनिवार को भारतीय न्याय संहिता के तहत शांतिभंग में चालान की। एसओ दिग्विजय सिंह ने बताया कि खेत में बकरी चले जाने से मारपीट हुई थी। संवाद

# महिला पर जानलेवा हमला करने के पांच आरोपियों को पुलिस ने भेजा जेल

## महिला के घर पर चढ़ कर मनबढ़ों ने किया था हमला

संवाद न्यूज एजेंसी

सलेमपुर। बुजुर्ग महिला की पिटाई करने वाले मनबढ़ किस्म के पांच युवकों का मेडिकल परीक्षण कराने के बाद कोतवाली पुलिस ने शनिवार को जेल भेज दिया। एक दिन पूर्व मनबढ़ ने हरैया वार्ड में घायल महिला के बेटे की दुकान से सामान फेंक कर विवाद किया उसके बाद महिला के घर जाकर लाठी डंडा के हमला कर दिया।

जिससे महिला से सिर में गंभीर चोट आई। महिला के परिजनों की तहरीर पर कोतवाली पुलिस शुक्रवार की देर शाम पांच युवकों पर केस दर्ज कर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से गिरफ्तार कर लिया। कोतवाली क्षेत्र के ठोका चुरामन गांव की रहने वाली विमला देवी का

**मेडिकल परीक्षण कराने के बाद कोतवाली पुलिस ने शनिवार को जेल भेजा**

बेटा नगर के हरैया वार्ड में ठेला पर सामान बेचता है। शुक्रवार की शाम उसके गांव के रहने वाले मनबढ़ किस्म के कुछ युवक मौके पर पहुंचे और ठेला से सामान फेंकने लगे। रोकने पर ठेला पलट दिया।

इसकी जानकारी जब बुजुर्ग महिला विमला देवी को हुई तो वह आरोपितों के घर पूछने गईं। इससे नाराज मनबढ़ ने आग बबूला हो गए और महिला के घर पहुंचकर लाठी डंडा से जानलेवा हमला कर दिया। जिससे महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। आसपास के लोगों ने घायल महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया।

घायल के परिजनों के तहरीर पर पुलिस ने ठोकर चुरामन गांव के गौरव तिवारी उर्फ गुड्डू पुत्र रामजी, अजय तिवारी पुत्र रामध्यान, कृष पासवान पुत्र प्रेमचंद्र, कृष्ण पांडेय पुत्र जयप्रकाश, अनुज तिवारी पुत्र मनोज के खिलाफ हत्या के प्रयास समेत अन्य गंभीर धाराओं में केस दर्ज करने के बाद शनिवार को मेडिकल कराने के बाद सभी आरोपितों को जेल भेज दिया।

कोतवाल टी जे सिंह ने बताया कि पांच लोग एक महिला का बेरहमी से पिटाई कर एक ठेले वाले का ठेला पलट दिया था। अभियुक्तों के विरुद्ध केस दर्ज करने के बाद जेल भेज दिया।

# गोपालगंज से अगवा बच्चा मुसैला से बरामद एक आरोपी गिरफ्तार, दूसरे ने की खुदकुशी

## आरोपी के गांव नेमा से बरामद हुई अपहरण में प्रयुक्त कार व बाइक, पुलिस ने किया जब्त

संवाद न्यूज एजेंसी

**देवरिया/लार।** बिहार प्रांत के गोपालगंज के फुलवरिया थाने के मजीरवा कला से बृहस्पतिवार को अगवा बालक को लार पुलिस व एसओजी की मदद से गोपालगंज की पुलिस ने मुसैला चौराहे से सकुशल बरामद कर लिया। एसओजी ने बालक को अगवा करनेवाले अपहरणकर्ता को भी गिरफ्तार कर लिया।

इस घटना मुख्य आरोपी उसका भाई विशाल सिंह उर्फ अतुल सिंह घर पर नहीं मिला। एसओजी व लार पुलिस ने अपहरण में प्रयुक्त बाइक, कार, अपहरण के दिन अपराधी का पहना हुआ कपड़ा भी बरामद कर जब्त कर लिया। इसके बाद बरामदगी में जुटी गोपालगंज पुलिस को बालक को सौंप दिया। इधर गोपालगंज में एसपी अवधेश कुमार ने शनिवार की देर शाम इस अपहरणकांड का



पुलिस गिरफ्तार में आरोपी अमित सिंह व बरामद मासूम। संवाद

सनसनीखेज खुलासा करते हुए कई अहम जानकारियां दी।फुलवरिया थाना क्षेत्र के मजिरवा कला, में तीन दिन पहले यानि 26 सितंबर को दरवाजे पर खेल रहे कुंदन सिंह के पुत्र अनीश को अगवा कर लिया गया था।

बाइक से पहुंचे अपराधियों ने बारिश के दौरान भिंगने और शरण लेने के लिए अनीश कुमार के परिजनों से मदद मांगी। बारिश खुलने के बाद अनीश कुमार को एक अपहर्ता ने अपनी बाइक पर बैठा लिया और देवरिया की तरफ निकल लिया। बाद में पुलिस ने शनिवार की देर शाम अनीश कुमार को सकुशल बरामद कर लिया। गिरफ्तार लार थाना क्षेत्र के नेमा गांव निवासी अमित कुमार ने कई अहम जानकारियां दी।

### आइपीएस बनने की ख्वाहिश में आरोपी ने किया था अगवा

पुलिस की पूछताछ में गिरफ्तार अपहर्ता ने बताया कि वह यूपीएससी की तैयारी करता था, जिसके लिए उसे पैसों की जरूरत थी, इसलिए छात्र का अपहरण करने और फिरौती मांगने की साजिश रची। उसने अपने भाई विशाल सिंह के संग मिलकर उक्त घटना को अंजाम दिया था। इसके बाद उसे लाकर मुसैला में रखे हुए थे। एसओजी व लार पुलिस की मदद से बिहार पुलिस ने अमित सिंह व उसकी बहन को गिरफ्तार कर लेकर गोपालगंज चली गई। गोपालगंज पुलिस के साथ जिले की पुलिस ने छात्र को सकुशल बरामद करने के बाद राहत की सांस ली है।

### ग्रामीण बोले, दो दिन पहले आया था अमित

ग्रामीणों का कहना है कि विशाल काफी व्यवहार कुशल था। वह घर पर ही रहकर कंबाइन मशीन चलवाता था। धान और गेहूं के सीजन में कंबाइन लेकर गोपालगंज जाता था। वहीं अमित लखनऊ में रहकर सिविल सर्विसेज की तैयारी करता था। वह दो दिन पहले गांव आया था। फिलहाल, गोपालगंज में पुलिसिया पूछताछ में अमित ने भाई विशाल के साथ मिलकर अपहरण की बात कबूल की है। गोपालगंज एसपी ने इसकी पुष्टि प्रेस कांफ्रेंस में की है।

# शॉर्ट सर्किट से कपड़े की दुकान में लगी आग

**पैकौली।** सुरौली थाना क्षेत्र के झिरूआ चौराहे पर कपड़े की दुकान में बिजली के शार्ट सर्किट से आग लग गई। घटना शुक्रवार की रात की बतायी जा रही है। इसमें लाखों रुपए का कपड़ा जलकर नुकसान हो गया।

आग लगने की सूचना के बाद फोन कर बिजली कटवाई गई। जिससे आग फैलने से बच गई नहीं तो बगल के दुकानों में भी आग फैल जाती। आनंन-फानन में चौकी के पुलिस कर्मियों और अगल-बगल के लोग ने घंटों मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। रात एक बजे तक आग पूरी तरह से बुझा दिया गया। सुरौली थान क्षेत्र के जंगल ठकुरही निवासी रमाशंकर मिश्र की झिरुआ

## दुकानदार और पुलिस की मदद से आग पर पाया गया काबू

चौराहे पर कपड़े की दुकान है। शुक्रवार की रात आठ बजे दुकान बंद कर घर चले गए। इसी बीच दुकान में बिज़ली के शॉट सर्किट से आग पकड़ लिया। झिरूआ चौकी के सिपाही और गार्ड बारह बजे रात में घर पहुंच कर आग लगने की सूचना दी। इसके बाद सभी लोग दुकान पर पहुंचे और तत्काल फोन् कर बिजली कटवाई। इसके बाद दुकान का ताला खोलकर पुलिस कर्मियों के सहयोग से आग पर काबू पाया। आग पर काबू पाने में आसपास के लोगों ने सहयोग किया। संवाद

# आपत्तिजनक पोस्ट वायरल, दो को जेल

**देसही देवरिया।** फेसबुक पर एक धर्म के प्रति गलत पोस्ट करना दो मनचले युवकों को भारी पड़ गया। पुलिस ने शनिवार को दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर केस दर्ज कर लिया। उन्हें न्यायालय में पेश किया गया। जहां से जेल भेज दिया गया। रामपुर कारखाना थानाक्षेत्र के शाहजहांपुर गांव का जिगर अली क्षेत्र के देसही देवरिया गांव के मोनू शाह का दोस्त है। मोनू के साथ उसकी बाइक पर सवार होकर जिगर अली ने कुछ दिन पहले एक आपत्तिजनक वीडियो बनाकर फेसबुक सहित सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल कर दिया। दूसरे धर्म से जुड़ी गलत पोस्ट वाले वायरल इस वीडियो का पुलिस ने स्वतः संज्ञान लिया। संवाद

# युवक पर पाक्सो एक्ट समेत गंभीर धाराओं में केस

**तरकुलवा।** स्कूल आते-जाते समय रास्ते में नाबालिग छात्रा के साथ अश्लील हरकत और छेड़छाड़ करने के मामले में पुलिस ने आरोपी मनचले युवक के खिलाफ पाक्सो एक्ट समेत गंभीर धाराओं में केस दर्ज कर कार्रवाई में जुट गई है। थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली छात्रा बगल के गांव में स्थित एक स्कूल में कक्षा 8वीं में पढ़ती है। आरोप है कि पिछले बीस दिनों से स्कूल आते-जाते समय बगल के गांव का रहने वाला मनचला युवक उससे अश्लील हरकत करता था। विरोध करने पर भद्दी-भद्दी गालियां देता था। इससे तंग आकर छात्रा ने स्कूल जाना छोड़ दिया था। संवाद

# जानकी देवी हत्याकांड के दो आरोपी गिरफ्तार

संवाद न्यूज एजेंसी

## भाटपार रानी थाना क्षेत्र के दनउर में हुई थी हत्या

**भाटपाररानी।** थाना क्षेत्र के दनउर में हुई जानकी देवी पत्नी कालिका सिंह की हत्या के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के बाद जेल भेज दिया।

आरोप है कि दनऊर निवासी जानकी देवी को गांव के प्रधान सहित लोग चार लोग मारपीट करने के बाद छत से फेंक कर हत्या कर दिए थे। बहू निर्मला सिंह पत्नी रामक्यास सिंह की तहरीर पर पुलिस ने गांव के ही रामप्रवेश यादव पुत्र वासुदेव यादव, ग्राम प्रधान रामकृपाल यादव पुत्र गजाधर यादव, संतोष गुप्ता पुत्र चंड़ी गुप्ता, बेचन यादव पुत्र बाबूलाल यादव के विरुद्ध हत्या का मुकदमा दर्ज किया था। हत्या के बाद पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी में लगी थी। इंस्पेकटर दिलीप पांडेय ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर क्षेत्र के विशुनपुरा से आरोपी रामप्रवेश यादव पुत्र बासदेव, संतोष गुप्ता पुत्र चंड़ी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

# दुर्गा पूजा का चंदा मांगने पर बवाल मारपीट और लूटपाट का आरोप

## खुखुंदू क्षेत्र के मझवलिया गांव के किशोर वसूल रहे थे चंदा, पड़ोस के गांव से हुआ विवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

खुखुंदू। थाना क्षेत्र के मझवलिया गांव में शनिवार को दुर्गा पूजा का चंदा मांगने को लेकर जमकर बवाल हो गया। गांव के कुछ किशोर चंदा वसूली कर रहे थे, इसी बीच पड़ोस के गांव से एक युवक पिकप लेकर पहुंचा। किशोरों ने चालक से चंदा मांगा तो वह गाली-गलौज करने लगा।



मझवलिया गांव में बवाल करते पड़ोसी गांव के लोग। स्रोत ग्रामीण

आरोप है कि चालक गाड़ी से नीचे उतरकर एक किशोर की पिटाई कर दी। इसके बाद सभी लड़कों ने मिलकर चालक की भी पिटाई कर दी। उधर, घटना के बाद चालक अपने गांव सझवलिया चला गया और कुछ ही देर में गांव से बड़ी संख्या में लोग लाठी-डंडे के साथ मझवलिया पहुंच गए। साथ में चालक भी था। इसके बाद लोगों ने एक परिवार के घर पर धावा बोल दिया। महिलाओं को धक्का देकर हमलावर घर में घुसकर खूब उत्पात मचाए। घर की एक महिला ने लूटपाट करने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी है।

मझवलिया गांव निवासी श्रवण माली का बेटा आनंद माली शुक्रवार को अपने अन्य दोस्तों के साथ गांव के सड़क पर खड़ा होकर दुर्गा पूजा का चंदा वसूल कर रहा था। इसी दौरान पड़ोसी गांव सझवलिया का चालक ओमप्रकाश यादव पिकप लेकर वहां गया। लड़कों ने पिकप रोककर चंदा मांगा तो वह गाली गलौज करने लगा। इसके बाद उसने आनंद माली को मारपीट कर घायल कर दिया। इससे नाराज लड़कों ने चालक की भी पिटाई कर दी। बौखलाया चालक गांव जाकर बड़ी संख्या में गांव वालों को लेकर आनंद के घर आ पहुंचा और घर पर मौजूद मां इंदू देवी और बहन को धक्का देकर लोगों के साथ घर में जा घुसा। इंदू देवी का आरोप है कि एक माह बाद ही बेटी की शादी है, इसके लिए जेवरात और कपड़ों की खरीदारी कर घर में रखी थी। हमलावर घर में आनंद को ढूंढते हुए बाक्स खोलकर सारा समान बिखेरते हुए जेवरातों की लूटपाट लिए।

उधर, गांव में बड़ी संख्या में पहुंचे लोगों को देख किसी ने 112 पर पुलिस को सूचना दे दी। इंदू देवी ने थाने पहुंच कर तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच-पड़ताल कर रही है। एसओ दिग्विजय सिंह ने बताया कि पुलिस मौके पर पहुंची थी। जांच पड़ताल कर केस दर्ज किया जाएगा।

# छात्रा के साथ मनचले युवक ने की छेड़खानी, मुकदमा

जागरण संवाददाता, तरकुलवा: क्षेत्र के एक स्कूल आते-जाते समय रास्ते में छात्रा के साथ अश्लील हरकत और छेड़खानी करने के मामले में पुलिस ने आरोपित मनचले युवक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई में जुट गई है।

थाना क्षेत्र के एक गांव की छात्रा कुछ ही दूरी पर स्थित एक स्कूल में पढ़ती है।

छात्रा की मां ने आरोप लगाया है कि पिछले बीस दिनों से बेटी को स्कूल आते-जाते समय बगल के गांव का रहने वाला मनचला युवक उससे अश्लील हरकत करता था। विरोध करने पर भद्दी-भद्दी गालियां देता था। इससे तंग आकर छात्रा ने स्कूल जाना छोड़ दिया हैं। वह छात्रा गुरुवार को स्कूल गई थी। छुट्टी के बाद वह घर लौट रहीं थीं।

मनचले युवक ने रास्ते में उसका हाथ पकड़कर अश्लील हरकत किया। रोते हुए वह घर पहुंची और घर वालों से आपबीती बताई। छात्रा की मां ने थाने में आरोपी के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। मां की तहरीर पर पुलिस ने आरोपित असलम के खिलाफ छेड़खानी, पाक्सो एक्ट समेत गम्भीर धाराओं में केस दर्ज किया है।

थानाध्यक्ष मृत्युंजय राय ने बताया कि युवक के खिलाफ गंभीर धाराओं केस दर्ज किया गया है।

# KUSHINAGAR POLICE

5

# सराहनीय कार्य दिनांक:-29-09-2024

# थाना समाधान दिवस 7 मामले में से 4 निस्तारित

**हाटा/ढाढा।** हाटा कोतवाली परिसर में आयोजित थाना समाधान दिवस तहसीलदार नरेन्द्र राम की अध्यक्षता में आयोजित हुआ, जिसमें कुल सात मामले आए। इसमें चार का निस्तारण मौके पर कर दिया गया वहीं शेष तीन मामलों के निस्तारण हेतु संबंधित राजस्व कर्मियों व बीट पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया गया। तहसीलदार नरेन्द्र राम ने कहा कि संबधित को शासन के गाइडलाइंस के अनुसार निष्पक्ष जांच कर मामलों का निस्तारण करें।

# अपराध पर जीरो टॉलरेंस की नीति

**पडरौना, निसं।** दो दिवसीय जनपद प्रवास पर आए प्रदेश सरकार के उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार व जिले के प्रभारी मंत्री दिनेश प्रताप सिंह शनिवार को प्रेस से बातचीत की। उन्होंने कहा कि भाजपा की योगी सरकार उत्तर प्रदेश में भ्रष्टाचार की जीरो टॉलरेंस की नीति पर कार्य कर रही है। जाली नोट मामले को लेकर सपा नेताओं के सभी आरोप निराधार हैं।

जिला पंचायत कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता के जरिए मीडिया कर्मियों से बातचीत में कुशीनगर जनपद के लिए अपनी प्राथमिकताएं गिनाते हुए प्रभारी मंत्री ने कहा कि सुनियोजित विकास, अच्छा प्रशासन और सुशासन हमारी पहली प्राथमिकता है। प्रभारी मंत्री ने कहा कि कुशीनगर की जनता ने भाजपा को इतना सम्मान दिया है कि यहां से दो सांसद, एक राज्य सभा सांसद, जिला पंचायत अध्यक्ष, अधिकांश ब्लाक प्रमुख, और नगर पालिका व नगर पंचायतों के अध्यक्ष, जिला पंचायत सदस्य, ग्राम प्रधान और क्षेत्र पंचायत पार्टी से चुने गए हैं। प्रभारी मंत्री ने कहा कि जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में जिले के सभी अधिकारियों के साथ बैठक की है। इसमें विकास कार्यों की प्राथमिकताएं तय की गई हैं। मेडिकल कालेज के अधूरे कार्य शीघ्र पूरा कर लिया जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशानुसार त्योहारों से पहले सभी सड़कें गड्ढा मुक्त कर दी जाएंगी। उन्होंने कहा कि केन्द्र और राज्य सरकार की सभी परियोजनाएं समयबद्ध और गुणवत्ता पूर्ण होंगी।

# दहेज उत्पीड़न और मारपीट का केस दर्ज

विशुनपुरा। जटहां बाजार थाना के कटाई भरपुरवा की एक विवाहिता को दहेज के 50 हजार न देने पर मारपीट कर ससुराल से निकाल देने और दूसरी शादी करने की तैयारी का मामला प्रकाश में आया है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस आरोपी पति सहित पांच लोगों के पर विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच में जुट गई है। कटाई भरपुरवा के सरेया नवासी आशा देवी ने जटहां बाजार थाने में तहरीर देकर बताया है कि उनकी शादी संदीप गौतम से हुई है।

# रिश्तेदारों का भी विवरण जुटा रही पुलिस

- विगत 10 वर्षों में 1388 अपराधी चिह्नित किए
- अभियान चला अपराधियों किया जा रहा सत्यापन

**पडरौना, निसं।** जिले में पिछले 10 वर्ष के अपराधियों का सत्यापन कराया जा रहा है। इसमें पुलिस अपराधियों के रिश्तेदारों का भी विवरण जुटा रही है। सत्यापन में अपराधियों की फोटो के साथ उसके अपराध में सक्रिय होने की जानकारी के साथ ही रिश्तेदारों का डिटेल इकट्ठा किया जा रहा है।

जिले में इस तरह के 1388 अपराधी चिह्नित किये गये हैं, जिनका अभियान चला कर सत्यापन किया जा रहा है। इसमें से जो अपराधी अब भी अपराध में सक्रिय पाया जाएगा, उसके खिलाफ निरोधात्मक कार्रवाई की जाएगी। जिले में सक्रिय अपराधियों पर नकेल कसने को लेकर एसपी संतोष कुमार मिश्र ने सख्त तेवर अपनाया है। इसके लिए सभी थानों में अभियान चलाकर अपराधियों का सत्यापन किया जा रहा है। पिछले 10 वर्ष में डकैती, लूट, चोरी, वाहन चोरी एवं नकबजनी की घटनाओं में शामिल रहे 1388 अपराधियों का नकेल कसा जाएगा। पिछले 10 वर्षों में संपत्ति संबंधी अपराध डकैती में 51 अपराधी, लूट में 105, चोरी में 331, वाहन चोरी में 388 एवं नकबजनी की घटनाओं में शामिल 513 अपराधियों को चिह्नित किया गया है। इस तरह पूरे जिले में कुल 1388 अपराधी चिह्नित किये गये हैं। थाने के चौकी इंचार्ज, बीट दरोगा एवं बीट सिपाही अपराधियों के सत्यापन कार्य में जुटे हुए हैं। सत्यापन कार्य का यह अभियान पिछले सप्ताह मंगलवार से शुरू किया गया है। सत्यापन कार्य में मौजूदा समय में अपराधी की अपराध में सक्रियता, उसकी फोटो के साथ रिश्तेदारों का भी डिटेल इकट्ठा किया जा रहा है। सक्रिय अपराधियों के खिलाफ गुंडा एक्ट, गैंगस्टर एवं हिस्ट्रीशीट खुलवाने जैसी निरोधात्मक कार्रवाई की जाएगी।

# पाकिस्तान, बांग्लादेश से संबंध...पता कर रही एनआइए

## गिरोह के सरगना रफीक को ले सकती है रिमांड पर, जांच एजेंसियों को तस्करों के अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क की आशंका

**नकली नोट प्रकरण**

जागरण संवाददाता, कुशीनगरः जेल भेजे गए नकली नोटों के तस्करों के अंतरराष्ट्रीय कनेक्शन सामने आने के बाद राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआइए) यह पता करने में जुटी है कि तस्करों के तार पाकिस्तान, बांग्लादेश या फिर चीन, कहां से जुड़े हैं। शुक्रवार को जिले में पहुंची सात सदस्यीय एनआइए टीम ने मामले से जुड़े रिकार्ड खंगालने के साथ ही जांच शुरू कर दी। चर्चा है कि एनआइए गिरोह के सरगना रफीक उर्फ बबलू खान व उसके करीबियों को रिमांड पर ले सकती है।

बता दें कि पुलिस के हत्थे चढने के बाद रफीक से हुई पूछताछ में नकली नोटों के अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क होने का पता चला था। इनके पास से तीन हजार नेपाली करेंसी भी बरामद हुई थी। पकड़े गए तस्करों में औरंगजेब की कई फोटो वीडियो भी इंटरनेट मीडिया पर तेजी से प्रसारित हुई थी। जिसमें वह नेपाल के अलग-अलग जगहों पर दिख रहा है। ऐसे में मामले की जांच करने आई एनआइए ने स्थानीय पुलिस व जांच एजेंसियों से रफीक व उसके सहयोगियों के बारे में जानकारी इकट्ठा की। तस्करों के नंबरों का सीडीआर निकलवाया। पारिवारिक पृष्टभूमि आदि के बारे में पूछताछ की।

चर्चा है कि टीम रिमांड पर लेकर यह पता करेगी कि उनके संबंध पाकिस्तान, बांग्लादेश या फिर चीन के किस तस्कर से है। सूत्रों के अनुसार तस्करों के नेपाल सीमा से सटे इलाकों में भी कई एजेंट के नाम का पता चला है। टीम ने इस नेटवर्क को ध्वस्त करने की कवायद तेज कर दी है। बता दें कि सात दिन पूर्व पुलिस को नकली नोटों की खेप आने के बारे में गुप्त सूचना मिली थी। इसके बाद रफीक के साथ दस तस्करों को पांच लाख 62 हजार नकली नोट, तीन हजार नेपाली नोट व अवैध असलहों की खेप के साथ गिरफ्तार किया गया था। इस मामले का स्वतः संज्ञान लेकर एनआइए की टीम जांच कर रही है। एसपी संतोष कुमार मिश्रा ने बताया कि एनआइए की टीम कल से जिले में है, जो अपने स्तर से जांच कर रही है। तस्करों के रिमांड पर लेने के सवाल पर उन्होंने बताया कि जब उसे लगेगा तो वह तस्करों को रिमांड पर ले लेगी।

### रफीक के संपर्क में रहे लोगों पर भी नजर

तमकुहीराजः नकली नोट के साथ पकड़े गए तस्करों व उनके नेटवर्क से जुड़े अंतरराष्ट्रीय तस्करों के नेटवर्क को ध्वस्त करने के लिए जांच एजेंसियां मिलकर काम कर रही हैं। पता चला है कि रफीक उर्फ बबलू खान कई वर्षों से इस धंधे में लिप्त था। उससे पूछताछ में पता चला कि उसका नेटवर्क बिहार व नेपाल से जुड़ा है। उसके संपर्क में रहे लोगों के बारे में भी टीम जानकारी एकत्र कर रही है। संपर्क में रहे कई लोगों की लोकेशन नहीं मिल रही है। जिनकी तलाश में पुलिस की टीम छापेमारी कर रही है।



भाजपा का सदस्यता प्रमाण पत्र।

### नियाजुद्दीन ने ली है भाजपा की सदस्यता

नकली नोटों की खेप के साथ पकड़े गए तस्करों में नियाजुद्दीन उर्फ मुन्ना भाजपा का सदस्य बताया जा रहा। 18 सितंबर 2024 को वह भाजपा का सदस्य बना था।

# जाली नोट प्रकरण में जल्द आएंगे चौकाने वाले नतीजे

■ दीपक पांडेय

तमकुहीराज, हिन्दुस्तान संवाद। जाली करेंसी के कारोबार से जुड़े लोगों को चिह्नित करने के लिए तमकुहीराज एवं साइबर थाने की पुलिस गिरफ्तार आरोपियों के सीडीआर के आधार पर कार्रवाई में जुटी हुई है। एसपी संतोष कुमार मिश्र की देखरेख व निर्देशन में हो रही इस कार्रवाई में बहुत जल्द कुछ और आरोपी भी पुलिस की जांच के दायरे में आ सकते हैं। पुलिस टीम जाली करेंसी कांड के दो अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दे रही है। उम्मीद जतायी जा रही है कि बहुत जल्द इस घटना में शामिल सभी आरोपी सलाखों के पीछे होंगे।

तमकुहीराज कस्बे में जाली करेंसी गिरोह का पर्दाफाश करने वाली मुकामी पुलिस के साथ साइबर थाने की पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों के सीडीआर के आधार पर व्यापक स्तर पर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। सीडीआर के आधार पर पुलिस टीम गिरफ्तार आरोपियों के सहयोगियों से जल्द ही पूछताछ कर सकती है। मामले में पुलिसिया कार्रवाई का भय इस कदर व्याप्त है कि गिरफ्तार आरोपियों के साथ हमेशा नजर आने वाले चेहरे कस्बा छोड़ राजनैतिक संरक्षण की तलाश शुरू कर दिए हैं। मामले की जांच कुशीनगर पुलिस के साथ एटीएस द्वारा किए जाने के बाद तमकुहीराज क्षेत्र के अवैध गतिविधि में शामिल लोगों में हड़कंप की स्थिति है। पुलिस सूत्रों की मानें तो सीडीआर व अन्य स्रोतों के आधार पर पुलिस की जांच आगे बढ़ी है। मामले में बहुत जल्द चौकाने वाले नतीजे सामने आएंगे।

## आरोपियों के सहयोगी एवं रिश्तेदार भी रडार पर

जाली करेंसी कांड में पुलिस की जांच आरोपियों के सहयोगियों एवं रिश्तेदारों पर भी है। एक आरोपी के रिश्तेदार ईंट भट्टा कारोबारी एवं बड़े स्तर पर ब्याज का धंधा करने वाले एक प्रधान पर स्थानीय लोगों द्वारा जाली धंधे से जुड़े होने की चर्चा जोरों पर है। जानकारों की मानें तो परवेज इलाही उर्फ कौशर अफरीदी व औरंगजेब खान उर्फ लादेन के कुछ रिश्तेदार नव धनाढ्य हैं। बहुत कम समय में उनके इनके रिश्तेदारों के पास धन संपदा बढ़ने के साथ ही रसूख एवं रूतबा बढ़ा है।

## रफी अहमद के एकाउंट का लेखा जोखा रखने वाले तीन युवा चर्चा में

पुलिस के जांच का दायरा बढ़ने के बाद रफी अहमद उर्फ बबलू के एकाउंट का लेखा जोखा रखने वाले कस्बा निवासी तीन युवा क्षेत्र में चर्चा में बने हुए हैं। रफी अहमद उर्फ बबलू के काले कारनामों व गैर कानूनी कार्यों का सारा हिसाब किताब रखने वाले तीनों युवाओं की तलाश पुलिस ने शुरू कर दिया है लेकिन जाली करेंसी का पर्दाफाश होने के बाद तीनों युवा पुलिस को चकमा देकर अपना गर्दन बचाने के लिए तमाम हथकंडों का इस्तेमाल कर रहे हैं।

प्रयागराज जिले के मदरसे में मिले जाली नोट के मामले से जुड़े होने की आशंका

# जाली नोट गिरोह का अन्य जिलों में भी नेटवर्क खंगाल रही पुलिस

हि फॉलोअप

■ शैलेन्द्र मिश्र

पडरौना, निज संवाददाता। जाली करेंसी गिरोह का अन्य जिलों में भी फैले नेटवर्क को पुलिस खंगालने में जुटी हुई है। 23 सितंबर को जाली नोट कांड का खुलासा होने के बाद से ही पुलिस यह मान रही है कि इस गिरोह का अन्य जिलों में भी नेटवर्क फैला हुआ है। हालांकि एटीएस ने भी इस गिरोह तक जाने के लिए जांच शुरू कर दी है पर जिले की पुलिस भी इसके मूल स्रोत का पता लगाने में जुटी हुई है। पुलिस कॉल डिटेल के आधार पर नेटवर्क से जुड़े लोगों तक पहुंचने की कवायद में जुटी है।

पिछले दिनों प्रयागराज जिले के एक मदरसे में मिले जाली करेंसी से भी पुलिस इसको जोड़ कर अपनी जांच आगे बढा रही है। इसके अलावा नेपाल एवं उससे सटे बिहार प्रांत के कई जिलों में भी इस नेटवर्क की पुलिस जांच पड़ताल में जुटी हुई है। जाली नोट कांड में गिरफ्तार आरोपियों की मोबाइलों की कॉल डिटेल व बरामद सिम कार्ड की मदद से एटीएस (आतंक निरोधी दस्ता) की टीम नेपाल कनेक्शल खंगालने में जुटी हुई है। एटीएस की टीम लगातार तमकुहीराज समेत उससे जुड़े जिले के अन्य थानों एवं बिहार के निकटवर्ती इलाकों में जाकर संभावितों से पूछताछ कर रही है। एटीएस पूछताछ में यह जानने की कोशिश कर रही है कि आरोपियों के पास जाली करेंसी कहां से प्राप्त हुए। इसके लिए जिले की पुलिस भी परेशान है कि इस गिरोह के पास जाली नोट कहां से प्राप्त हुए हैं।

बीते 23 सितंबर को पुलिस ने तमकुहीराज में छापेमारी सपा लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव मो. रफी अहमद उर्फ बबलू खान पुत्र मो हनीफ निवासी तरया रोड थाना तमकुहीराज, सपा सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नौशाद खान पुत्र रियाजुल निवासी वार्ड नं. 4 गांधी नगर तमकुहीराज, मो. रफी अंसारी पुत्र अब्दुल करीम निवासी रकबा दुलमा पट्टी थाना सेवरही, औरंगजेब उर्फ लादेन पुत्र नूरमोहम्मद निवासी झड़वा थाना तरयासुजान, शेख जमालुद्दीन पुत्र स्व. सरफुद्दीन निवासी वार्ड गांधीनगर थाना तमकुहीराज, नियाजुद्दीन उर्फ मुन्ना पुत्र सरफुद्दीन निवासी वार्ड नं. 4 थाना तमकुहीराज, रेहान खान उर्फ सद्दाम पुत्र जामिल खान वार्ड नं. 4 गुदरी मुहल्ला थाना तमकुहीराज, हासिम खान पुत्र हसन अली निवासी हरिहरपुर थाना तमकुहीराज, सेराज हशमति पुत्र सदीक अंसारी निवासी झड़वा थाना तरया सुजान व परवेज इलाही उर्फ कौसर अफरीदी निवासी वार्ड नं. 4 थाना तमकुहीराज को गिरफ्तार किया था। उनके कब्जे से पुलिस ने 5 लाख 62 हजार के जाली नोट, जाली करेंसी से परिवर्तित की गयी भारतीय मुद्रा 1 लाख 10 हजार रुपये नगद, नेपाल राष्ट्र की 3 हजार रुपये मुद्रा नगद, 10 तमंचे, 30 जिंदा कारतूस, 12 फायरशुदा खोखा कारतूस, 4 सुतली देशी बम, अपराध में प्रयुक्त 13 मोबाइल फोन, 26 फर्जी सिम, 10 फर्जी आधार कार्ड, 10 एटीएम कार्ड व 8 लैपटॉप व अपराध में प्रयुक्त 2 लक्जरी चार पहिया वाहन बरामद किये थे।

इसके दो दिन बाद गिरोह के 11 सदस्य मुस्तकीम को पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार किया था। उसके कब्जे से भी पुलिस को तीस हजार रुपये के जाली नोट मिले थे। जांच के दौरान पुलिस को यह गोपनीय जानकारी मिली है कि इनका नेटवर्क नेपाल से सटे बिहार के कई जिलों में भी फैला हुआ है।

■ पुलिस को अन्य जिलों में भी गिरोह का नेटवर्क के फैले होने का संदेह

■ नेपाल एवं उससे सटे बिहार के भी कई जिलों पर भी है पुलिस की नजर

## मामले में जांच का दायरा और बढ़ाया गया

पिछले दिनों प्रयागराज जिले के एक मदरसे में मिले जाली नोट एवं नोट छापने वाली मशीन को लेकर जांच का दायरा और भी बढता जा रहा है। पुलिस पकड़े गये आरोपियों के मोबाइल से कॉल डिटेल खंगाल रही है कि कहीं इनका प्रयागराज में मिले जाली करेंसी तो नहीं है। इसके लिए तमकुहीराज, सेवरही एवं साइबर थाने की पुलिस को पता लगाने के लिए विशेष जिम्मेदारी दी गयी है। यही नहीं पुलिस को यह भी पता चला है कि इस नेटवर्क का कनेक्शन नेपाल राष्ट्र के साथ उसके आसपास के जनपदों में भी है। इसके लिए पुलिस की अलग-अलग टीमें लगायी गयी हैं।

"पुलिस इस मामले में बारीकी से जांच कर रही है, जिसमें हर पहलुओं को केन्द्रित किया जा रहा है। प्रयागराज में मिले जाली करेंसी के साथ ही अन्य जिलों में इस गिरोह के फैले नेटवर्क से जुड़े लोगों की कुंडली खंगाली जा रही है। शीघ्र ही इसमें लिप्त लोग कानूनी कार्रवाई के घेरे में होंगे। इसके लिए कई साइबर थानों की पुलिस को लगाया गया है।

**-संतोष कुमार मिश्र,** एसपी-कुशीनगर

# दहेज के लिए घर निकालने का आरोप पांच पर मुकदमा

जागरण संवाददाता,भैरोगंज: जटहा बाजार थाना क्षेत्र के कटाई भरपुरवा गांव की रहने वाली विवाहिता ने दहेज के लिए ससुरालियों पर मारपीट कर घर से निकालने के मामले में पुलिस ने पांच लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। आरोप है कि पति अब दूसरी शादी की तैयारी में जुटा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

कटाई भरपुरवा के सरेया टोला की आशा देवी ने शुक्रवार को जटहा पुलिस को एक शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया कि शादी के कुछ दिन तक सब कुछ ठीक- ठाक चला। छह महीने पूर्व पति संदीप गौतम, सास सुगंती देवी, ससुर निरंतर गौतम, ननद सोनाली व देवर राना ने दहेज में 50 हजार और रुपये की मांग की, मना करने पर मारपीट कर जान से मारने की धमकी देते हुए घर से निकाल दिया।

बिना बताए पति द्वारा दूसरी शादी करने की तैयारी की जा रही है। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने शनिवार को पति समेत पांच लोगों के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न व मारपीट धमकी सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

# नकली नोट बरामदगी के मामले में विपक्ष का आरोप बेबुनियाद

जागरण संवाददाता, पडरौना (कुशीनगर) : जनपद के तमकुहीराज कस्बा से नकली नोट की बरामदगी और आरोपितों के विरुद्ध हुई कार्रवाई को लेकर विपक्ष के नेताओं का आरोप बेबुनियाद है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार अपराध और भ्रष्टाचार पर जीरो टालरेंस की नीति अपना रही है। उसका अनुपालन करते हुए कुशीनगर प्रशासन बेहतर कार्य कर रहा है।

यह बातें प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) व कुशीनगर जनपद के प्रभारी मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने कही। वह शनिवार को जिला पंचायत के सभागार में पत्रकार वार्ता कर रहे थे। उन्होंने विपक्षी दलों के आरोपों को निराधार बताते हुए कहा कि इनकी सरकार में सामान्य कार्यकर्ता अपनी गाड़ियों में असलहा लहराते हुए घूमते थे। खाली भूखंडों पर कब्जा करते थे, बहन बेटियों की इज्जत सुरक्षित नहीं रहती थी। गुंडों व अपराधियों की तूती बोलती थी। कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भ्रष्टाचार और अपराधों पर अंकुश लगाने का काम किया है। विपक्ष के कहने और बोलने से हम रुकने वाले नहीं हैं। जनता ने हम पर भरोसा कर दोबारा हमारी सरकार बनाई है। हम जनता को विकास और सुशासन देंगे, इसके लिए हम वचनबद्ध हैं।

# पात्रों को शत प्रतिशत मिले योजनाओं का लाभ

## मंत्री ने अनुपस्थित अधिकारियों की सूची मांगी, समन्वय बना कर कार्य करने का निर्देश

जागरण संवाददाता, पडरौना: जनपद के दो अपने दिवसीय दौरे के अंतिम दिन प्रभारी मंत्री व राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार, कृषि निर्यात दिनेश प्रताप सिंह ने कलेक्ट्रेट सभागार में विकास कार्यों की समीक्षा की। दो घंटे तक चली बैठक में विकासपरक योजनाओं, यातायात व्यवस्था, निर्माण कार्यों, कानुन व्यवस्था की समीक्षा हुई तो अधिकारियों को जनप्रतिनिधियों संग समन्वय बनाने पर विशेष बल दिया गया। इस दौरान स्पष्ट निर्देश दिया गया कि राजकीय मेडिकल कालेज का निर्मांण समय से पूरा कर हैंड ओवर कर दिया जाए।



कलेक्ट्रेट सभागार मे समीक्षा बैठक को संबोधित करते प्रभारी मंत्री दिनेश प्रताप सिंह दाएं से पांचवें • जागरण

उन्होंने सरकार के प्रतिनिधि के रूप में समझाया कि जनप्रतिनिधि व अधिकारी आपसी समन्वय के साथ कार्य करें। एकीकृत बागवानी विकास मिशन पर ड्राप मोर क्राप माइक्रोइरिगेशन कार्यक्रम की समीक्षा करते हुए कहा कि उद्यान विभाग की समस्त योजनाओं की पूरी जानकारी सांसद, विधायक से साझा करें। इसी बीच बात अधिकारियों के उपस्थिति की आई तो उन्होंने उपस्थित तथा अनुपस्थित अधिकारियों की सूची मांगी। पीएम किसान सम्मन निधि योजना से लाभान्वित किसानों, ईकेवाईसी प्रगति के बारे में भी जानकारी ली। कहा, ग्रामीण तथा शहरी क्षेत्र में सड़क, मंडी, हाटपैड, पर्यटन विकास के कार्य में जनप्रतिनिधियों की सहमति एवं प्रस्ताव अवश्य लें। समाज के अंतिम पात्र व्यक्ति को प्रत्येक योजनाओं से लाभान्वित करें। जिला कृषि अधिकारी को निर्देश दिया कि सभी केंद्रों पर उर्वरक, बीज पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध रहे। दुदही, तमकुही रोड और खड्डा में मंडी स्थल पर शीघ्र कार्यवाही को डीडी मंडी परिषद गोरखपुर एवं सचिव मंडी परिषद को निर्देशित किया। यह भी कहा कि जहां कहीं सड़कों पर बाजार लगती है, आवागमन प्रभावित होता है, वहां 100 से 200 मीटर या 400 मीटर के आसपास में ग्राम सभा की जमीन हो तो एक एकड़ में हाटपैड बनाया जाएगा। पांच वर्ष से अधिक पुरानी मंडी की सड़कों के लिए प्रस्ताव भेजें। आइजीआरएस के मामले में कहा कि एडीएम को निर्देशित किया कि जो भी मामले धारा 80 के तहत निरस्त हो रहे हैं, उसकी भी गहन समीक्षा करें। विधायकों ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय सोलर स्ट्रीट लाइट योजना के तहत सोलर लाइट की गुणवत्ता पर सवाल उठाया। प्रभारी मंत्री ने फौरी रूप से जांच का निर्देश दिया। बिजली विभाग की समीक्षा शुरू होते ही विधायक खड्डा विवेकानंद पाण्डेय ने कहा कि निधि से धन देने के एक वर्ष बाद भी तार नहीं बदले गए। इस पर मंत्री ने निर्देशित किया की विधायक एवं सांसद निधि के प्रस्तावित कार्यों क समय से पूरा करें। कहा कि सभी सीएचसी एवं पीएचसी में जो भी उपकरण उपलब्ध हैं, सभी चालू हाल में हों, इसका विशेष ध्यान रखें। बीएसए को निर्देश दिया कि जर्जर भवनों के ध्वस्तीकरण की कार्यवाही में तेजी जाएं। अगर निविदा में लोग नहीं आ रहे है तो दरें घटाई जा सकती हैं। जल जीवन मिशन की समीक्षा के दौरान कहा कि रेट्रोफिटिंग, रेस्टोरेशन व नवनिर्मित परियोजनाओं के कार्य के साथ साथ रिपेयरिंग का कार्य भी शीघ्र कराया जाए। एआर कोपरेटिव से कहा कि सोसाइटी को और बेहतर बनाएं। उन्होंने प्रस्ताव रखा कि किसी पर्यटन स्थल के आसपास या पडरौना चौराहे पर 100 फीट से ऊपर राष्ट्रीय झंडे लगवाएं, इससे लोगों में देशप्रेम की भावना बढ़ेगी। अपराध एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा दौरान नकली नोट गिरोह के पर्दाफाश में पुलिस की सराहना की। अंत में कहा कि अधिकारी गण फरियादियों से उचित व्यवहार करें। डीएम विशाल भारद्वाज ने कहा कि पात्र लाभार्थियों शत प्रतिशत लाभान्वित कराया जाएगा। बेहतर करने वाले किसानों को सम्मानित भी किया गया। विधायक पीएन पाठक, विधायक सुरेंद्र कुशवाहा, विधायक मनीष जायसवाल, विधायक विनय प्रकाश गौंड, विधायक मोहन वर्मा, विधायक डा. असीम राय, जिला पंचायत अध्यक्ष सावित्री जायसवाल, एसपी संतोष कुमार मिश्रा, सीडीओ गुंजन द्विवेदी, एडीएम वैभव मिश्रा, एएसपी रीतेश कुमार सिंह आदि उपस्थित रहे।

# चोरी के आभूषण के साथ आरोपी गिरफ्तार

पडरौना। विशुनपुरा थाने की पुलिस ने चोरी के आभूषण के साथ एक शातिर चोर को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए शातिर की पहचान प्रमोद प्रसाद निवासी मठिया माफी थाना विशुनपुरा के रूप में हुई है। उसके पास से चोरी की दो जोड़ी चांदी की पायल, सोने की एक जोड़ी कान की बाली व अंगूठी तथा 730 रुपये नकद बरामद हुआ है। पूर्व में शातिर कई चोरी के मामलों में संलिप्त रहा है। उसके खिलाफ विशुनपुरा, पडरौना कोतवाली समेत कई थानों में केस दर्ज है। मामले में पुलिस आवश्यक कार्रवाई में जुटी है। संवाद

## अपहरण आदि केस का वांछित गिरफ्तार

**पडरौना।** खड्डा थाने की पुलिस ने अपहरण आदि के मुकदमें में वांछित अभियुक्त संजय निवासी चमरडीहा (सहजौली) थाना खड्डा को गिरफ्तार किया है। इस मामले में पुलिस आवश्यक कार्रवाई में जुटी है। गिरफ्तार करने वाली टीम में एसआई अजय कुमार यादव, कांस्टेबल रविन्द्र गौड़ शामिल रहे। संवाद

## दुष्कर्म के मामले का आरोपी दबोचा

**पडरौना।** कुबेरस्थान थाने की पुलिस ने दुष्कर्म आदि के मुकदमे में वांछित अभियुक्त सागर कुमार निवासी सेखवनिया खुर्द टोला झंगुवा थाना कुबेरस्थान को गिरफ्तार किया है। वांछित के खिलाफ पुलिस आवश्यक कार्रवाई में जुटी है। गिरफ्तार करने वाली टीम में एसआई विकास मौर्य, कांस्टेबल संदीप यादव, संजीव कुमार, रमाकांत व वीरेंद्र सिंह शामिल रहे। संवाद

# नेपाल के नंबरों से बिहार के लोगों से भी हुई लंबी बात

संवाद न्यूज एजेंसी

**पडरौना।** जाली नोट के साथ पकड़े गए 11 शातिरों को जेल भेजने के बाद जांच एजेंसियों के अलावा पुलिस भी जांच में जुटी है। हर रोज नई जानकारी मिल रही है। नेपाल कनेक्शन को खंगालने में लगी जांच एजेंसियों को यह पता चला है कि वहां जाने के बाद शातिर नेपाल के सिम कार्ड का प्रयोग करते थे।

वहीं के नंबर से भारत में फोन कर अपने करीबियों से बातचीत कर आगे की रणनीति तैयार करते थे। अभी तक के जांच में पता चला कि कुशीनगर, गोरखपुर और बिहार प्रांत के लोगों से बात करने में नेपाल का नंबर का इस्तेमाल किया गया है। सूत्रों की माने तो जांच एजेंसियां सीडीआर निकालकर उन लोगों तक पहुंचने की कोशिश कर रहीं हैं, जिनसे नेपाल के नंबरों से शातिरों ने फोन पर घंटों बातचीत की थी।

जाली नोट, देसी बम और अवैध असलहा के साथ 11 शातिरों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। शातिरों के जेल भेजे जाने के बाद कुशीनगर पुलिस के अलावा एनआईए व एटीएस भी इस मामले की जांच में जुटी है। शुरुआती जांच में जाली नोट का नेपाल से कनेक्शन मिला है। कुशीनगर पुलिस को शातिरों के पास से नेपाल के दो सिम कार्ड भी मिले थे। सिम कार्ड की जांच में ही नेपाल का कनेक्शन सामने आया है।

## जाली नोट के मामले में पकड़े गए शातिरों के पास मिले थे नेपाल के दो सिम कार्ड

मामले की जांच कर रही एटीएस कुशीनगर से लगायत नेपाल व बिहार तक एक-एक जानकारी जुटा रही है। सूत्रों का कहना है कि दो दिनों से कुशीनगर में डेरा डाले एटीएस को यह पता चला है कि शातिर रफी खान उर्फ बबलू और मीर औरंगजेब खान का अक्सर नेपाल आना-जाना हुआ करता था। जब कभी वे दोनों नेपाल जाते थे तो वहां के ही सिम कार्ड का प्रयोग करते थे। नेपाल के नंबरों से ही वह अपने करीबियों के संपर्क में रहते थे।

सूत्रों का कहना है कि दोनों नेपाल के नंबर से कुशीनगर के अलावा बिहार के बेतिया, गोपालगंज व सीवान के कई लोगों से बातचीत करते थे। नेपाल के नंबर से घंटों इनकी बातचीत भी हुई है। भारतीय नंबरों पर नेपाल के नंबरों से की गई फोन कॉल की डिटेल्स निकालकर जांच एजेंसियां आगे की कार्रवाई में जुटी है।

# धारमठिया में दो दिन से चोर की अफवाह, रतजगा कर रहे ग्रामीण

संवाद न्यूज एजेंसी

उजारनाथ। क्षेत्र के गांव धारमठिया में दो दिन से चोरों के आने की अफवाह से ग्रामीण रतजगा कर रहे है। हालांकि, चोरों के संबंध में कोई सुराग नहीं लग पा रहा है। ग्रामीणों ने रात में ही हर संभावित स्थानों को चोरों को ढूंढ़ने का प्रयास किया लेकिन, चोरों का पता नहीं चला।

बृहस्पतिवार की रात में गांव चौकीदार केदार सिंह ने शोर किया कि उनके घर के चोरों का एक दल आया था। इसके बाद धीरे धीरे गांव के अधिकांश ग्रामीण टार्च व लाठी लेकर गांव की निगरानी की। गांव के उत्तर दिशा में डीह पर निर्जन जगहों का देखा लेकिन चोरों का कोई सुराग नहीं लगा। शुक्रवार की रात करीब ग्यारह बजे चौकीदार ने ही शोर मचाया कि गांव में चोर घुस गए हैं। गांव वाले फिर टार्च व लाठी लेकर दौड़ लगाते रहे लेकिन चोर नहीं मिले।

एक ग्रामीण ने बताया कि गांव में कुछ पियक्कड़ शराब पीकर रात में अनावश्यक चोर चोर का शोर मचा कर लोगों को परेशान कर रहे हैं। लगातार एक ही गांव में चोरों का सक्रिय होना संभव नहीं है। जबकि थानाध्यक्ष दीपक सिंह ने बताया कि चोरों के गांव में आने की कोई सूचना पुलिस को किसी ग्रामीण या चौकीदार ने नहीं दी है।

# किशोरी को बहला-फुसलाकर भगाने पर केस

गोड़रिया। विशुनपुरा थाना क्षेत्र के एक गांव की किशोरी को बहला-फुसलाकर भगाने के मामले में पुलिस ने युवक पर केस दर्ज किया है। किशोरी के पिता ने तहरीर में बताया है कि उनकी नाबालिग पुत्री को 17 सितंबर को गांव का ही एक युवक अपने बहनोई के साथ बाइक से कहीं भगा ले गया। काफी खोजबीन करने के बाद भी किशोरी का कहीं पता नहीं चल सका है। इस संबंध में इंस्पेक्टर रामसहाय चौहान ने बताया कि पिता की तहरीर पर युवक के खिलाफ केस दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। संवाद

# खुलेंगे कई राज, लोगों को झूठे केस में फंसाने के भी मामले

## महिलाओं के समूह का नेतृत्व करता था मोहम्मद रफी, एसपी तक पहुंचीं शिकायतें

जगदंबा कुमार राय

**तमकुहीराज।** गैंग के गुर्गे झूठे केस में फंसा कर लोगों से सुलह-समझौते के नाम पर वसूली करते रहे हैं। लोगों का कहना है कि इन मामलों की गहनता से जांच हो तो चौंकाने वाले तथ्य पुलिस के हाथ लग सकते हैं।

पकड़े गए आरोपी रसूख के दम पर लोगों को झूठे केस मे फंसाने वाले का गैंग भी संचालित करते रहे हैं। लोगों के फर्जी आधार कार्ड आदि प्रमाणपत्र आसानी से इकट्ठा कर उसका जरूरत के मुताबिक जीएसटी, मुकदमा, बैंक खाते आदि में दुरुपयोग भी करते रहे हैं।

सूत्र बताते हैं कि रकबा दुलमापट्टी निवासी मोहम्मद रफी फर्जी केस में लोगों को फंसाने का मास्टरमाइंड है। उसके गिरोह में महिलाओं का समूह भी शामिल है जो किसी निर्दोष को फंसाने से गुरेज नहीं करता है। थाने में केस दर्ज नहीं हो पाता तो न्यायालय का सहारा लेकर केस दर्ज करा देता। बाद में खुद बिचौलिए की भूमिका निभाता है।

मोहम्मद रफी गांव के एक मदरसे का प्रबंधक होने का दावा करता है। यह तथ्य उसके फेसबुक अकाउंट से भी स्पष्ट हो रहा है। संस्थान का निर्माण बेशकीमती सरकारी जमीन पर अवैध रूप से रसूख व हनक के दम पर कराया गया है।

यदि किसी ने विरोध की हिमाकत की तो उसे फर्जी मुकदमों में फंसाकर या डरा-धमका कर चुप करा दिया गया। गिरोह में शामिल महिलाओं का एक समूह पटहेरवा थाना क्षेत्र के फाजिलनगर कस्बे में किराये के मकान में रहता है। महिलाओं की सभी जरूरतें रफी पूरी करता है।

कुछ वर्ष पूर्व तमकुहीराज तहसील मुख्यालय के समीप एक मकान में रफी ने एक मुफ्त न्यायिक सलाह शिविर का आयोजन कर चुका है। वहां पीड़ितों को न्याय दिलाने के बहाने अपने जाल में फंसाकर वैध-अवैध कार्य करता रहा है। संवाद

**केस 1** इमिलिया निवासी विनोद गुप्ता पर अगस्त में सेवरही थाने में फर्जी मुकदमा दर्ज कराया गया। उन्होंने तत्कालीन एसपी से शिकायत दर्ज कराई थी।

**केस 2** अहिरौली हनुमान सिंह गांव निवासी अनूप तिवारी के खिलाफ मोहम्मद रफी ने एक महिला से सेवरही थाने में फर्जी आरोप लगाकर मुकदमा दर्ज कराया है। इसकी भी शिकायत इस घटना के बाद सीओ तक पहुंची है।

**केस 3** रकबा दुलमा पट्टी गांव निवासी एक व्यक्ति पर मोहम्मद रफी ने एक महिला की मदद से सेवरही थाने में झूठी शिकायत दर्ज कराई थी। बाद में मोटी रकम वसूल कर सुलह-समझौता करा दिया

# भगोड़ा अलाउद्दीन 15 हजार का इनामी भी

अमर उजाला ब्यूरो

## डॉक्टरों की डिग्री के फर्जीवाड़े में गुलरिहा थाने से वांछित है अलाउद्दीन

गोरखपुर। डॉक्टरों की डिग्री के फर्जी ढंग से इस्तेमाल के मामले में फरार चल रहे कुशीनगर के अलाउद्दीन अली शाह को सिविल कोर्ट ने शुक्रवार को भगोड़ा घोषित कर एनबीडब्ल्यू जारी किया था। शनिवार को उसकी गिरफ्तारी के लिए एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर ने 15 हजार रुपये का इनाम बी घोषित किया है।

बीते 17 मई को अलाउद्दीन के खिलाफ गुलरिहा थाने में धोखाधड़ी का केस दर्ज किया गया था, तभी से वह फरार चल रहा है। क्राइम ब्रांच के साथ ही गुलरिहा थाने की पुलिस टीम उसकी तलाश में जुटी है।

पुलिस ने डॉ. राहुल नायक की तहरीर पर केस दर्ज किया था। इसके बाद कुशीनगर जिले के तमकुहीराज के हरिहरपुर वार्ड नंबर तीन स्थित उसके घर पर पुलिस ने कई बार दबिश भी दी, लेकिन वह हाथ नहीं लगा। अलाउद्दीन की पत्नी वार्ड की सभासद है। पुलिस ने उससे पूछताछ की, तब पता चला कि केस दर्ज होने के बाद से ही अलाउद्दीन के साथ ही उसका भाई भी फरार है।

*एसएसपी ने फरार आरोपी अलाउद्दीन पर 15 हजार रुपये का इनाम घोषित किया है। उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस की कई टीमें लगी हैं। -**अभिनव त्यागी**, एसपी सिटी*

# गैंग में मसाला और पशु के तस्कर तक, अंतरराष्ट्रीय स्तर के कनेक्शन

## जाली नोट और अवैध असलहे के धंधे में संलिप्त गैंग की मसाला व पशु तस्करी में भी संलिप्तता

संवाद न्यूज एजेंसी

पडरौना। जाली नोट और अवैध असलहे के धंधे में लिप्त सदस्यों के मसाला और पशु तस्करी में भी शामिल होने की भी पुष्ट जानकारी मिली है।

महराजगंज, कैथवलिया, झुलनीपुर, घुघली होते कप्तानगंज और नेबुआ नौरंगिया क्षेत्र से दाखिल होकर बंधे और चकरोड के रास्ते लौंग-इलायची की तस्करी की जाती थी। गोपालगंज तक इसी गैंग के सदस्य पशु तस्करी को भी अंजाम देते थे।

गैंग के सदस्यों पर अलग-अलग जिम्मेदारी थी। इसमें कोई नेपाल से माल लाता था तो कोई कैरियर की भूमिका निभाता था। बिहार, प. बंगाल और असम में मसाले पहुंचाए जाते थे। गैंग के गुर्गे तस्करी कर पशुओं को बंगाल पहुंचाते थे। मुठभेड़ में 25 हजार के इनामी बदमाश मुस्तकीम के

### मुठभेड़ में जाली नोट के साथ पकड़ा गया था पशु तस्कर

30 हजार जाली नोट के साथ पकड़े जाने के बाद पशुओं की तस्करी का भी खुलासा हुआ है।

सूत्रों का कहना है कि नेपाल के पहाड़ी इलाकों से मसाला लाकर यूपी के महानगरों में खपत की जाती है। इसके अलावा नेपाल से नजदीक होने के कारण कुशीनगर के रास्ते भी गोपालगंज होते हुए कई राज्यों में मसाले की तस्करी होती है।

इसमें शामिल कैरियरों को रूट का सटीक अंदाजा होता है, जिससे वे नेपाल सीमा से भारत में दाखिल होते हैं। महराजगंज के घुघली के रास्ते कुशीनगर के कप्तानगंज से होकर तस्कर सीमाई इलाकों में माल को डंप करते थे।

नेपाल में मसालों पर सीमा शुल्क (वह कर जो माल के आयात और निर्यात पर लगाया जाता है। इसे कस्टम ड्यूटी कहते हैं) भारत के मुकाबले बहुत कम है। इसका फायदा उठाते हुए तस्कर रोजाना लाखों का माल बार्डर से आसानी से पार कराकर बड़े धंधेबाजों को भेज देते हैं। जाली नोट व अवैध असलहे के धंधे में संलिप्त गैंग के सदस्यों के कई राज्यों में कुछ ऐसे ही कनेक्शन मिले हैं।

इसके अलावा पशुओं की तस्करी में भी इस गैंग के सदस्यों की सक्रियता मिली है, जो पश्चिमी उत्तर प्रदेश के इलाकों से तो तस्करी कर पशुओं को बंगाल भेजते ही थे, वह स्थानीय स्तर पर भी तस्करी को अंजाम देते थे। इसमें वह पड़ोसी प्रांत गोपालगंज के रास्ते पशुओं की तस्करी करते थे।

### अलग-अलग थी जिम्मेदारी, नहीं होता था शक

सूत्रों का कहना है कि मसाला और पशु तस्करी को अंजाम देने वाले तस्करों की जिम्मेदारी बांट दी गई थी। सूत्रों का मानना है कि इसमें से कुछ घूमने के बहाने नेपाल जाते थे और वहां से मसाला व जाली नोटों का सौदा करते थे। सुविधा के लिए नेपाल के सिम कार्ड भी यह हासिल कर लेते थे, जिससे बातचीत का माध्यम सुचारू रूप से बना रहता था। बंगाल तक पशुओं की तस्करी के बीच वहां मसाला की भी तस्करी का डील कर दिया जाता था। इसके इतर यह सारे लोग सामाजिक कार्य और सोशल मीडिया पर अपनी सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में पहचान बनाते रहते थे, जिससे किसी को भनक नहीं लगती थी और न ही किसी को इन पर शक होता था।

# जाली नोट प्रकरण : कुशीनगर पहुंची एनआईए, गिरोह की जानकारी जुटाई

## तमकुहीराज में स्थानीय लोगों से की पूछताछ, पुलिस से भी लिया इनपुट

पडरौना (कुशीनगर)। जाली नोट के साथ 11 लोगों की गिरफ्तारी और इस मामले के विदेश कनेक्शन मिलने के बाद शनिवार को एनआईए की टीम कुशीनगर पहुंची। तमकुहीराज कस्बे में लोगों से पूछताछ के बाद पुलिस अधिकारियों से भी गिरोह के संबंध में टीम ने इनपुट लिया। पिछले दिनों एटीएस की टीम स्थानीय पुलिस और तमकुहीराज कस्बे में लोगों से पूछताछ कर चुकी है।

तमकुहीराज कस्बे के सपा नेता रफी खान उर्फ बबलू समेत दस लोगों को पुलिस ने जाली नोट, नेपाली करेंसी, अवैध असलहा और बम बनाने में इस्तेमाल होने वाले सामान के साथ गिरफ्तार कर जेल भेजा था। रफी खान के गैंग के एक गुर्गे को बाद में मुठभेड़ में गिरफ्तार किया गया। उसके पास से भी जाली नोट बरामद हुए थे। मामला नेपाल से जुड़ा होने और कई गैर कानूनी गतिविधियों में आरोपियों के शामिल होने के संकेत मिलने के बाद एटीएस और एनआईए की टीम सक्रिय हो गई।

पुलिस से कार्रवाई की पूरी जानकारी लेने और दो दिन तक छानबीन के बाद शुक्रवार को एटीएस की तीन सदस्यीय टीम वापस गई। शनिवार को एनआईए की टीम पहुंची। एसपी संतोष कुमार मिश्रा ने बताया कि पूरी कार्रवाई की जानकारी जांच एजेंसियों को सौंप दी गई है। एजेंसियां अपने स्तर से जांच कर रही हैं। संवाद

# सांसद–विधायक को जी सर, भाजपा पदाधिकारियों को बोलें जी भाई साहब

अजय कुमार शुक्ल • जागरण

पडरौना : जिस वीआइपी कल्चर को छोड़ने की बात भाजपा करती है, उसी की सरकार के मंत्री अधिकारियों को इसके पालन का पाठ पढ़ा रहे हैं। जनपद दौरे पर आए कुशीनगर के प्रभारी मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने शुक्रवार को भाजपा की बैठक में खुले रूप से कहा कि सभी पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी जनप्रतिनिधियों से लेकर पदाधिकारियों तक का नंबर सेव कर लें। जब सांसद-विधायक फोन करें तो जी सर कहें और और बूथ स्तर से लेकर ऊपर के पदाधिकारी फोन करें तो जी भाई साहब कहें। अब मंत्री के इस बयान को लेकर सियासी गलियारे में चर्चा तेज हुई तो विपक्षी दल के नेताओं ने इस बयान के आधार पर भाजपा को निशाना पर लेना शुरू कर दिया है।

दरअसल, राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार, कृषि निर्यात और जनपद के प्रभारी मंत्री दिनेश प्रताप सिंह दो दिवसीय दौरे पर आए हैं। इस दौरान वे सांसद विधायक संग पार्टी के पदाधिकारियों की बैठक ले रहे थे। अधिकारियों द्वारा मिलने वाले सहयोग के बारे में फीड बैक ले रहे थे। जब बारी उनके संबोधन की आई तो उन्होंने मंच से कहा कि अधिकारी, कार्यकर्ताओं व जनप्रतिनिधियों का सम्मान करें। पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों को लेकर कहा कि सभी अधिकारी जैसे ही सांसद या विधायक का फोन आए तो जी सर कहें और उनकी बात सुनें। ऐसे ही बूथ मंडल से लेकर जिले स्तर के पदाधिकारियों का फोन आए तो जी भाई साहब कहें और उनकी बात पूरी गंभीरता से सुनें। जैसे ही यह बात सियासी चर्चा का विषय बनी विपक्ष ने निशाना साधना शुरू कर दिया।

### मैंने प्रोटोकाल व भारतीय संस्कार की बात की है : प्रभारी मंत्री

प्रभारी मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने कहा कि मैंने जो भी कहा वह प्रोटोकाल व भारतीय संस्कृति के तहत कहा। सांसद व विधायक प्रोटोकाल के तहत आते हैं, उनको जी सर कहना ही चाहिए। भाजपा कार्यकर्ता व आमजन को भारतीय संस्कृति के अनुसार जी भाइ साहब कहना चाहिए। यह कहीं से गलत नही है। यह हमारे कार्य व्यवहार का हिस्सा होना चाहिए कि हम बातचीत के दौरान सभी को सम्मान दें। भाजपा कार्यकर्ता हर हाल मे ऐसा करता है।



प्रभारी मंत्री, दिनेश प्रताप सिंह।

### यही असली चेहरा है भाजपा का : राधेश्याम

सपा नेता पूर्व राज्यमंत्री राधेश्याम सिंह ने कहा कि भाजपा का यही असली चेहरा है। अधिकारी जनप्रतिनिधियों का सम्मान करें यह ठीक है, लेकिन जी सर कहें, यह ठीक नही है। यह वीआइपी कल्चर को दर्शाता है, जिसे दिखावे के लिए भाजपा नकारती है और उसकी सरकार के मंत्री इस पर अमल करने को बोल रहे हैं। यही पार्टी का असली चेहरा है। अधिकारियों को आमजन का सम्मान करना चाहिए और उनकी बात सुननी चाहिए।



राधेश्याम सिंह, पूर्व राज्यमंत्री।

# MAHARAJ GANJ POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

# सराहनीय कार्य दिनांक:-29-09-2024

# किशोरी से छेड़छाड़, पुलिस से शिकायत

**भिटौली**। भिटौली क्षेत्र के एक गांव निवासी एक शख्स ने गांव के ही युवक पर अपने बेटी को छेड़ने का आरोप लगाया है। कहा कि उसकी बेटी गांव के ही एक मदरसे में कक्षा 11 में पढती है। पढ़ने आते-जाते समय युवक उससे उसका मोबाइल नंबर मांगता है। सुनसान जगह पर बेटी से छेड़छाड़ करने लगा। किसी तरह वह भाग कर आयी और परिजनों को जानकारी दी। एसओ दुर्गेश कुमार वैश्य ने बताया कि तहरीर मिली है। जांच कर कार्रवाई होगी।

# थाना समाधान दिवस में पहुंचे 11 फरियादी, एक को न्याय

**महराजगंज**। जनपद के समस्त थानों में डीएम अनुनय झा व एसपी सोमेन्द्र मीना के निर्देश पर समाधान दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें कुल 11 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। इनमें से एक का ही मौके पर निस्तारण किया जा सका।

एसपी ने समाधान दिवस में आए भूमि विवादों में पुलिस और राजस्व विभाग की टीमों द्वारा संयुक्त रूप से कार्रवाई करने का निर्देश दिया। एएसपी आतिश कुमार सिंह ने निर्देश दिया कि थाना स्तर पर, आइजीआरएस या अन्य किसी माध्यम से प्राप्त सभी प्रार्थना पत्रों को समाधान दिवस रजिस्टर में दर्ज किया जाए। समस्त क्षेत्राधिकारियों ने अपने-अपने सर्किल के थानों में समाधान दिवस का आयोजन किया और थाना प्रभारियों ने भाग लिया।

**सम्पूर्ण समाधान दिवस में आए चार मामले: निचलौल**। स्थानीय थाना परिसर में शनिवार को एसओ गौरव राव कन्नौजिया की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। इस दौरान कुल चार मामले आए। इनमें दो मामले राजस्व और दो मामले पुलिस से संबंधित रहे। इनमें से मौके पर पुलिस से संबंधित एक मामले का निस्तारण किया गया। शेष मामलों के लिए पुलिस और राजस्व की टीम भेजी गई। इस दौरान लेखपाल फेकू प्रसाद, एसआई प्रधान यादव आदि मौजूद रहे।

# दोनों पक्षों को बुलवाकर मामले को निस्तारित करें

**महराजगंज**। जिले के सभी थानों पर शनिवार को थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस मौके पर कुल 11 मामले आएं। इसमें एक का निस्तारण किया गया। पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीणा ने कहा कि जमीन संबंधित सभी प्रकरणों में पुलिस व राजस्व की टीमों द्वारा संयुक्त रूप से प्रकरण का निस्तारण किया जाए, जिससे फरियादियों को अलग-अलग भटकना न पड़े। प्रकरणों का त्वरित व न्याय पूर्ण निस्तारण हो सके। जमीन संबंधित थाना स्तर, आइजीआरएस या अन्य सभी माध्यमों से प्राप्त प्रार्थना पत्रों का थाना समाधान दिवस रजिस्टर में अंकित करने एवं समाधान दिवस पर दोनों पक्षों को बुलवाकर पुलिस व राजस्व की संयुक्त टीम द्वारा निस्तारित कराया जाए। संवाद



डीएम व एसपी ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का जायजा लिया। • हिन्दुस्तान

पहुंच
रही है
रहा है
न
बैराज
नदी
इसके
डर
तहसी
मुनादी

# बाढ़ ग्रस्त क्षेत्रों में पहुंचे डीएम व एसपी

**भगवानपुर/बरगदवा, हिटी।** दो दिनों से मैदानी व नेपाल की पहाड़ियों में जोरदार बारिश से नदियों के उफनाने और बाढ़ का पानी तेजी से बढ़ने पर डीएम अनुनय झा एवं एसपी सोमेन्द्र मीना प्रभावित क्षेत्रों में पहुंचे। जिम्मेदारों को अलर्ट रहने का निर्देश दिया।

शनिवार को झिंगटी पहुंचकर डीएम व एसपी ने बाढ़ क्षेत्र का निरीक्षण किया। डीएम ने झिंगटी बीओपी के जवानों से बातचीत करते हुए बाढ़ की स्थिति जानी तथा सतर्कता का निर्देश दिया। स्थानीय लोगों से बातचीत कर हर संभव मदद का अश्वासन दिया।

**सिंचाई विभाग व जिम्मेदारों को सख्त निर्देशः** डीएम ने नौतनवा एसडीएम, स्थानीय पुलिस व सिंचाई विभाग की संयुक्त टीम गठित कर संवेदनशील तटबंधों की लगातार निगरानी का निर्देश दिया। उन्होंने बाढ़ से बचाव व राहत उपायों को मजबूत करने के लिए कहा। बाढ़ की आशंका को देखते हुए मेडिकल टीमों को भी गठित करने के लिए कहा। निरीक्षण के दौरान एडीएम डॉ. पंकज कुमार वर्मा, एसडीएम नौतनवा नन्द प्रकाश मौर्य, रतनपुर सीएचसी प्रभारी डॉ. राकेश कुमार सिंह, एसएसबी निरीक्षक जयंत घोस, थानाध्यक्ष उमेश कुमार, चौकी प्रभारी विनीत कुमार यादव आदि मौजूद रहे।

# मारपीट में अध्यक्ष प्रतिनिधि बड़े बाबू समेत पांच पर केस

**फॉलोअप**

**चौक बाजार, हिसं।** नगर पंचायत चौक में सभासदों के मारपीट के मामले में चौक पुलिस तहरीर के आधार पर अध्यक्ष प्रतिनिधि, नपं के बड़े बाबू समेत पांच पर केस दर्ज की है। यह कार्रवाई नगर पंचायत चौक के वार्ड नंबर चार सेनानी नगर के सभासद त्रिभुवन गुप्ता की तहरीर पर हुई है।

सभासद त्रिभुवन गुप्ता ने तहरीर में बताया कि शुक्रवार दोपहर मे वह घर पर मौजूद था। आरोप के मुताबिक नगर पंचायत चौक के अध्यक्ष प्रतिनिधि और सभासद अजय मद्धेशिया, मनोज यादव, विजय यादव, पवन वर्मा और राजू वर्मा उसके घर आए। गाली-गलौज करते हुए घर में घुस लोहे के राड से मारपीट किए। नपं चौक के बड़े बाबू मनोज कुमार यादव का कहना है कि घटना के समय वह महराजगंज जिला मुख्यालय गए थे। अजय मद्धेशिया, मनोज यादव, विजय यादव, पवन वर्मा, राजू वर्मा के खिलाफ केस दर्ज कर हुआ है।

> घर में घुस कर मारपीट के आरोप में सभासद त्रिभुवन गुप्ता की तहरीर पर पांच आरोपितों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। जांच के आधार पर अग्रिम कार्रवाई होगी।
>
> **-शैलेन्द्र कुमार शुक्ला,** थानाध्यक्ष चौक

# कमरे के अंदर फंदे से लटकी मिली किशोरी

**भगवानपुर।** नौतनवा के लोहसी गांव में एक किशोरी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है। उसका शव उसके ही कमरे में फंदे से लटकता मिला। परिजन आनन-फानन में उसे लेकर रतनपुर सीएचसी पहुंचे, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

लोहसी गांव में शनिवार की शाम को परिजनों ने किशोरी का शव फंदे से लटकता देखा। रतनपुर सीएचसी पर किशोरी को मृत घोषित कर दिए जाने के बाद पुलिस को सूचना दी गई। नौतनवा के एसएसआई प्रताप सिंह राणा ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। एसओ धर्मेन्द्र कुमार सिंह का कहना रहा कि मामले की जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत की सही वजह की जानकारी हो सकेगी।

# अपहरण और दुष्कर्म का आरोपी हुआ गिरफ्तार

**कोल्हुई।** थाना क्षेत्र के एक गांव की नाबालिग बालिका के अपहरण [illegible] के आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। दो सप्ताह पू[illegible]शोरी गायब हो गयी थी। परिजन अपहरण करने का आरोप लगाए थे। किशोरी के पिता की तहरीर पर पुलिस ने दिल्ली के रहने वाले आरोपित युवक सुरजीत के खिलाफ केस दर्ज किया था। शनिवार को पुलिस ने आरोपित युवक व किशोरी को लोटन तिराहे से गिरफ्तार कर लिया। पॉक्सो एक्ट के साथ दुष्कर्म की धारा बढ़ाई गई है।

# नाबालिग को भगाने का आरोप, मुकदमा दर्ज

**परतावल।** परतावल के एक वार्ड की रहने वाली नाबालिग लड़की को एक बाइक पर सवार दो युवक लेकर फरार हो गए। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। यह 15 वर्षीय किशोरी किसी काम से परतावल चौराहे की तरफ जा रही थी। उसे एक बाइक पर सवार दो युवक बैठाकर लेकर फरार हो गए। पता चला कि अपहरण करने वाले दोनों युवक घुघली थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं। किशोरी अपने साथ घर में रखा लगभग 30 हजार के सोने चांदी का जेवर व पचास हजार रुपये भी ले गयी है।

# ठगी पीड़ितों ने विधायक से मिलकर सौंपा ज्ञापन

**महराजगंज।** ठगी पीड़ित जमाकर्ता परिवार के बैनर तले पीड़ित निवेशकों का अनिश्चितकालीन धरना लगातार जारी है। भुगतान को लेकर कोई कार्रवाई नहीं होने से ठगी पीड़ित जमाकर्ता काफी आक्रोशित हैं। शनिवार को जिलाध्यक्ष कृष्ण मोहन गुप्ता की अगुवाई में ठगी पीड़ित जमाकर्ताओं ने सदर विधायक जयमंगल कन्नौजिया के आवास पर पहुंच कर ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की।

# किशोरी के अपहरण का मुकदमा

जासं, परतावल : श्यामदेउरवा थाना क्षेत्र के नगर पंचायत परतावल के एक वार्ड की किशोरी को बाइक सवार दो युवकों द्वारा बहला फुसलाकर अपहृत किए जाने के मामले में पिता की तहरीर पर पुलिस ने अपहरण का मुकदमा दर्ज किया है।

चौकी प्रभारी परतावल मनीष पटेल ने बताया कि तहरीर के आधार पर घुघली थाना क्षेत्र के लक्ष्मीपुर महंथ निवासी अंशु सिंह व नेबुईया निवासी भुल्लू के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

# नगर पंचायत के दो कर्मियों व सभासदों सहित पांच पर छेड़खानी का मुकदमा

- चौक क्षेत्र में सभासद के घर में मारपीट करने का मामला
- घटना के बाद तनावपूर्ण हो गया था कस्बे का माहौल

जागरण संवाददाता, चौकबाजार: नगर पंचायत चौक के ठेकी चौराहे पर शुक्रवार की दोपहर एक सभासद के घर में हुई मारपीट का वीडियो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित होने के बाद चौक पुलिस ने शनिवार को एक ही पक्ष के पांच लोगों पर गोलबंद होकर घर में घुसकर मारपीट करने , धमकी देने, तोड़फोड़ व छेड़खानी का मुकदमा पंजीकृत किया है। नपं के एक सभासद ने थानाध्यक्ष को दिए तहरीर में आरोप लगाया कि गुरु गोरक्षनाथ नगर वार्ड संख्या 15 के सभासद पवन वर्मा उनके भाई राजू वर्मा , लोहिया नगर के सभासद अजय मद्धेशिया तथा नगर पंचायत में तैनात दो कर्मी मनोज यादव व विजय यादव दिन में तीन बजे लाठी डंडे के साथ घर में घुसकर मारपीट करने लगे। बीच बचाव करने आई उसकी पत्नी के साथ छेड़खानी भी की। जब भीड़ इकत्र हुई तो जान से मारने की धमकी देकर सभी लोग फरार हो गए । पीड़ित का आरोप है कि वह नगर पंचायत में हो रहे भ्रष्टाचार की जांच कराने की मांग इंटरनेट मीडिया पर कर रहे थे, इससे आरोपित नाराज चल रहे थे । थानाध्यक्ष शैलेंद्र शुक्ला ने बताया कि पीड़ित की शिकायत के बाद पांचों आरोपितों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

**यह और अन्य खबरें देंखे-**
https://www.jagran.com/local/uttar-pradesh_gorakhpur-city-news-hindi.html

# यातायात नियमों के उल्लंघन में 78 वाहनों का चालान

महराजगंज: जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में यातायात नियमों का उल्लंघन करने के मामले में 78 वाहनों का चालान किया गया। पुलिस ने विभिन्न स्थानों पर दो पहिया वाहनों व संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की। इस दौरान दो पहिया वाहनों पर तीन सवारी, बिना हेलमेट लगाए, सवारी गाड़ियों में क्षमता से अधिक सवारी बैठाने तथा तेज गति से वाहन चलाने के आरोप में 78 वाहनों का चालान किया गया।

# विभिन्न थानों में 10 विवेचनाओं का हुआ निस्तारण

महराजगंज: विभिन्न थानों द्वारा गुण-दोष के आधार पर कुल 10 विवेचनाओं का निस्तारण किया गया। पुलिस अधीक्षक सोमेन्द्र मीना ने बताया कि विवेचकों को निर्देशित किया गया है, वे विवेचनाओं को गुणवत्तापूर्ण ढंग से तेजी से निस्तारित करें। दूसरी ओर विभिन्न थानों में पुलिस ने शान्ति भंग की आशंका में 10 व्यक्तियों के विरूद्ध कार्रवाई की है।

# अपहरण व दुष्कर्म के आरोपी को भेजा जेल

**कोल्हुई।** क्षेत्र के एक गांव की नाबालिग बालिका के अपहरण व दुष्कर्म के आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। दो सप्ताह पूर्व क्षेत्र के एक गांव की किशोरी लापता हो गई थी। परिजन दिल्ली निवासी एक युवक पर अपहरण का आरोप लगाया था। किशोरी के पिता की तहरीर पर पुलिस ने दिल्ली निवासी सुरजीत के खिलाफ 137 (2) बीएनएस के तहत केस दर्ज कर तलाश में जुटी थी। शनिवार को पुलिस आरोपित युवक व किशोरी को कोल्हुई के लोटन तिराहे से गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष कोल्हुई सत्येंद्र राय के अनुसार, किशोरी के बयान के आधार पर पॉक्सो एक्ट के साथ साथ दुष्कर्म की धारा बढ़ी है। संवाद

# नाबालिग को भगाने का आरोप, केस दर्ज

**महराजगंज।** श्यामदेउरवां क्षेत्र के नगर पंचायत परतावल क्षेत्र की रहने वाली नाबालिग को बाइक सवार दो युवक लेकर फरार हो गए। पिता की तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, नगर पंचायत परतावल क्षेत्र की 15 वर्षीय किशोरी किसी काम से परतावल चौराहे की तरफ जा रही थी। अभी वह गांव के बाहर पहुंची तभी एक बाइक पर सवार दो युवक आए और उसे बैठाकर लेकर फरार हो गए। पूरी घटना को किशोरी के छोटे भाई ने देख लिया। उसने घर जाकर अपने माता-पिता को जानकारी दी। इसी बीच पता चला कि दोनों युवक घुघली थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं। संवाद

# कोर्ट के आदेश पर आठ के विरुद्ध केस दर्ज

**घुघली।** जान से मारने की धमकी, जाति सूचक शब्द का प्रयोग और महिला को गाली देने के आरोप में कोर्ट के आदेश पर आठ लोगों के खिलाफ केस दर्ज हुआ है। घुघली बुजुर्ग गांव की महिला ग्राम प्रधान कुशुमावती देवी ने कोर्ट में प्रार्थना पत्र के माध्यम से अवगत कराया था कि 16 जून को घुघली कस्बे से बाजार करके आ रही थी। तभी गांव के ही कुछ व्यक्तियों ने चुनावी रंजिश को लेकर गोलबंद तरीके से घेरकर गाली देने लगे। जाति सूचक शब्द का प्रयोग कर जान से मारने की धमकी देने लगे। कोर्ट ने आठ आरोपियों पर एससीएसटी एक्ट सहित कई गंभीर धाराओं में केस पंजीकृत करने का आदेश दिया। संवाद

# रूट बेमानी, ऑटो चालक शहर में कर रहे मनमानी

## शहर को जाम से मुक्ति दिलाने के लिए ई-रिक्शा और ऑटो का तय है रूट

संवाद न्यूज एजेंसी



बस स्टेशन के सामने खड़ा ई-रिक्शा। संवाद

महराजगंज। शहर में लोगों को जाम की समस्या से न जूझना पड़े व वाहन निकलते रहें इसके लिए परिवहन विभाग ने ई-रिक्शा और ऑटो का रूट प्लान निर्धारित कर इसके अनुपालन के लिए निर्देशित किया था, लेकिन स्थिति यह है कि मनचाहे रूट पर चालक बिना नियम फर्राटा भर रहे हैं।

परिवहन विभाग की उदासीनता के कारण कोई कार्रवाई न होने के चलते समस्या पूर्ववत बनी है।

जनपद में ई-रिक्शा और ऑटो वालों की मनमानी पर कोई अंकुश नहीं है। इन्हें न नियम की फिक्र है और न कार्रवाई का भय। ई-रिक्शा हो अथवा ऑटो सवारी मिले तो यह किसी भी रूट पर चलने के लिए तैयार रहते हैं। नियम भले ही यह है कि जिस जगह से पंजीयन हो वहां से सिर्फ 10 किमी यात्रा ही कर सकते हैं, लेकिन ई-रिक्शा चालक फरेंदा, घुघली, परतावल और पनियरा तक बेखौफ चल रहे हैं।

परिवहन विभाग ने रूट नंबर लेकर चलने के लिए निर्देश दिया था, जिससे ई-रिक्शा का जमावड़ा एक ही रूट पर न होने पाए। फरेंदा रूट पर जिला अस्पताल के निकट, निचलौल रोड पर रोडवेज बस स्टाप के निकट व गोरखपुर मार्ग पर बलिया नाला पुल के पास ऑटो व ई-रिक्शा चालक अघोषित स्टैंड बनाए हुए हैं।

प्रभारी यातायात अरूणेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि ऑटो और ई-रिक्शा के लिए रूट तय किया गया है। अगर इसका अनुपालन नहीं किया जा रहा है तो कार्रवाई की जाएगी।

# नपं के दो बाबू व सभासद पर छेड़छाड़ का केस दर्ज

## घर में घुसकर मारपीट का आरोप, जांच में जुटी पुलिस

**चौक बाजार।** शुक्रवार को एक चौराहे पर सभासद के घर में घुसकर हुई मारपीट के मामले में पांच लोगों पर गोलबंद होकर मारपीट करने, छेड़खानी करने का केस दर्ज हुआ है।

थानाध्यक्ष चौक शैलेंद्र शुक्ल के अनुसार, पीड़ित ने आरोप लगाया है कि एक सभासद, उनके भाई, नगर पंचायत में तैनात दो बाबू सहित पांच नामजद लोग आकर मारपीट करने लगे। बीच-बचाव करने आई उसकी पत्नी से छेड़खानी भी करने लगे। जब भीड़ इकट्ठा हुई तो जान से मारने की धमकी देकर सभी लोग उसके घर से फरार हो गए। मामले में केस दर्ज कर लिया गया। संवाद

BASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-29-09-2024

# ढाई लाख रुपये के ज्वेलरी के साथ आठ अन्तरजनपदीय चोरों का गैंग धराया

**बस्ती (एसएनबी)।** चोरी केढाईलाख रुपये के कीमन के गहनोंके साथ आठ अन्तरजनपदीय चोरोके गैंग को कलवारी व स्वाट टीम के संयुक्त कार्यवाही में 6 चोरों कोसुबह ग्राम पंचायत भोयर से पहले मुर्गी फार्म के पास से व दो को चमनगंज चौराहे से गिरफ्तारकिया गया। इन सभी के कब्जे से बड़ी संख्या में पीली धातु के गहने व 20980 रुपये के साथ चोरी का उपकरण भी बरामद किया गया है। पकड़े गये चोरों का लम्बा आपराधिक इतिहास भी है और कलवारी के अतिरिक्त अन्य थानों व जनपदों में भी चोरी व अन्य आपराधिक घटनाओं में लिप्त होने के कारण वांछित है।

पुलिस लाइन्स में प्रेसवार्ता कर पुलिस अधीक्षक गोपाल कृष्ण चौधरी ने बताया कि थाना कलवारी पुलिस व स्वाट टीम बस्ती की संयुक्त कार्यवाही में थाना कलवारी क्षेत्रान्तर्गत हुए चोरी के संबंध में पंजीकृत धारा 319(2), 318(4), 338, 336(3), 340(2), 111(2)(ठ) , 112(2) भादवि से सम्बन्धित 8 अभियुक्तों यथा क्रमशः रामगुलाब उर्फ खुशबू , सोनू निषाद , अजय निषाद , कन्हैया , रमेश निषाद, शिवकुमार, मोहम्मद सारिम उर्फ टिड्डी को शनिवार की भोर में ग्राम पंचायत भोयर के 200 मीटर पहले मुर्गी फार्म एवंविनोद कुमार सोनी को चमनगंज चौराहा थाना कलवारी जनपद बस्ती से गिरफ्तार किया गया। उनके कब्जे से तीन अदद मोटरसाईकिल के अलावा 3 जोड़ी पायजेब सफेद धातु, 8 जोड़ी पायल सफेद धातु, 3 अदद नथनी पीली धातु, 1 अदद नथिया लड़ी के साथ पीली धातु,1 अदद नथनी पीली धातु,4 अदद प्लेट सफेद धातु, 7 जोड़ी पायल इस्तेमाली सफेद धातु, 1 जोड़ी झाला पीली धातु, 1 अदद इस्तेमाली कमर छल्ला सफेद धातु, 1 जोड़ी झाला इस्तेमाली पीली धातु, 2 अदद मोबाईल व रुपये 20,980 रुपये नगद के अलावा एक अदद हथौड़ी,एक अदद सब्बल, एक अदद छैनी, एक अदद पेंचकस, एक अदद लोहे की पाइप बरामद किया गया है। बरामद सामानों की कुल कीमत दोलाख पचास हजार रुपये बतायी गयी है। पुलिस अधीक्षक ने गिरफ्तार करने वाली टीम को 15 हजार रुपये ईनाम की घोषणा किया है। पकड़े गये अभियुक्त रमेश निषाद का लम्बा आपराधिक इतिहास है।

उसके विरु द्ध लालगंज, कलवारी, अम्बेडकर में 11 मुकदमें दर्ज हैं तो वहीं अभियुक्त राम गुलाब उर्फ खुशबू, अजय निषाद, सोनू निषाद,कन्हैया व शिवकुमार के विरुद्ध कलवारी व लालगंज थाने में आधा दर्जन से अधिक मुकदमा पंजीकृत है। इसके अलावा आरोपी मोहम्मद सारिम उर्फ टिड्डी के विरुद्ध अम्बेडकर नगरजनपद के अलीगंज थाने के अतिरिक्त बस्ती केकलवारी व लालगंज में सात आपराधिक मुकदमें पंजीकृत हैं जिसमेंएक मामला आयुध अधिनियम का भी है। बरामद व गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम मेंथानाध्यक्ष कलवारी भानुप्रताप सिंह ,प्रभारी स्वाट टीम उमाशंकर त्रिपाठी स्वाट टीम, प्रभारी सर्विलांस सेल शशिकांत, उपनिरीक्षक गोपाल यादव, उनि विन्ध्याचल प्रसाद, उनि जितेन्द्र मिश्रा थाना कलवारी सहित तमाम पुसिल कर्मी मौजूद रहे।

# ऐतिहासिक होगा शिक्षकों का धरना-प्रदर्शन : अभय

**बस्ती (एसएनबी)।** आगामी 15 अक्टूबर को शिक्षकों के विभिन्न समस्याओं को लेकर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में प्रस्तावित धरने को सफल बनाने के लिए उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ विकास खंड बनकटी अध्यक्ष अभय सिंह यादव के नेतृत्व में बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें शिक्षको की मांगो को लेकर प्रस्तावित धरने की सफलता को लेकर रणनीति तैयार किया। साथ ही अपनी सहभागिता दर्ज कराने के लिए लोगो से अनुरोध किया।

बैठक को सम्बोधित करते हुए अध्यक्ष अभय सिंह यादव ने कहा कि 15 अक्टूबर को जिला अध्यक्ष उदय शंकर शुक्ला के नेतृत्व में होने वाला धरना एवं प्रदर्शन आज तक के हुए धरने से सब से ऐतिहासिक धरना होगा। संगठन के सभी ब्लाक अध्यक्ष, ब्लाक मंत्री, ब्लाक कोषाध्यक्ष सहित ब्लाक संगठन के सभी पदाधिकारी गण शिक्षकों से डोर टू डोर संपर्क करके धरने में पहुंचने के लिए अपील करेंगे। कहा कि शिक्षकों की समस्याओं का निस्तारण विभाग द्वारा नहीं किया जा रहा है। छोटे-छोटे कामों के लिए आफिसों का चक्कर लगाने के लिए शिक्षक मजबूर है। शिक्षकों का पदोन्नति किए जाने, कोविड काल में फ्रिज किए गए। डीए का भुगतान किए जाने, निरन्तर विद्यालयों में हो रहे चोरियों पर रोक लगाये जाने, प्रत्येक महीने शिक्षक संगठन के पदाधिकारी के साथ बैठक करके शिक्षकों, शिक्षामित्र, अनुदेशकों, रसोइयों सहित जनपद के विद्यालयों की समस्याओं का निस्तारण कराए जाने, पुरानी पेंशन व्यवस्था बहाल किए जाने, बेसिक शिक्षा से अनलाइन व्यवस्था समाप्त किए जाने सहित विभिन्न मांगों को लेकर धरना दिया जाएगा। बैठक में संगठन के संरक्षक रामचंद्र शुक्ल, मंत्री चंद्रशेखर शर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष मारूफ खान, मंजेश राजभर, रवि प्रताप सिंह, जयप्रकाश शुक्ला, पवन यादव, अब्बू माज, अनूप, प्रपंन मिश्रा, सौरभ तिवारी, प्रेम मिश्रा, राघवेन्द्र उपाध्याय, शिव कुमार, दीपक, रविदास, राजेन्द्र प्रसाद चौधरी, धर्मेंद्र निषाद, विपिन कुमार तिवारी, धर्मेन्द्र उपाध्याय, राज कुमार दुबे , आशुतोष पाण-डेय, जितेन्द्र कुमार, मोहम्मद इकबाल, नीलम, राम रेखा चौधरी, गुफरान अभय प्रताप सिंह सहित भारी संख्या शिक्षक मौजूद रहे।

# दुर्गा पूजा में मानक के अनुरूप बजाए डीजे नहीं तो होगी कार्रवाई

**रुधौली (एसएनबी)।** रुधौली थाने पर ज्वाइंट मजिस्ट्रेट शाहिद अहमद की अध्यक्षता में आगामी नवरात्रि दुर्गा पूजा त्योहारों को लेकर आयोजन समितियों और डीजे संचालकों के साथ बैठक किया।

ज्वाइन्ट मजिस्ट्रेट ने कहा कि सभी आयोजन समितियां के अध्यक्ष एवं सदस्य पूजा पंडालों में सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए स्वयं जिम्मेदार होगें। पूजा पंडालों में एवं विसर्जन के दौरान डीजे की ध्वनि शासन द्वारा निर्धारित किए गए मानक डेसीबल से अधिक होने पर आयोजन समिति एवं डीजे मालिकों पर संयुक्त रूप से कार्रवाई की जाएगी। पूजा पांडालों में अग्निकांड से बचाव के लिए पानी तथा बालू रखा जाना भी आवश्यक होगा। मूर्ति ले जाने और विसर्जन के दौरान 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चे ट्रैक्टर ट्रालियों पर न बैठाएं। पूजा पांडालो में अवैध विद्युत कनेक्शन के माध्यम से कोई भी उपकरण नहीं चलया जाएगा । बैठक में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट ने नगरीय क्षेत्र में नगर पंचायत नगर पंचायत और ग्रामीण क्षेत्र में बीडीओ रुधौली को विसर्जन के दौरान घाट इत्यादि पर बैरिकेटिंग और विद्युत की समुचित व्यवस्था करने के लिए भी निर्देशित किया। मांस की दुकान चलाने वाले व्यापारियों से अपील करते हुए प्रभारी निरीक्षक चंदन कुमार ने कहा कि दो अक्टूबर से 18 अक्टूबर तक मांस की दुकानें पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगी। उल्लंघन पर दोषी के विरू कड़ी कारवाई की जाएगी । इस दौरान नायब तहसीलदार नीरज सिंह, बीडीओ रुधौली विनय द्विवेदी, बीडीओ साउघाट मनोज श्रीवास्तव,प्रभारी निरीक्षक चन्दन कुमार,माधव श्याम यादव,राज कुमार,मोहन श्रीवास्तव सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# टीन शेड पर गिरा पेड़, मलवे में दबे परिवार को ग्रामीणो ने सुरक्षित निकाला

**कुदरहा (एसएनबी)।** लगातार हो रही बारिश के कारण कलवारी थानाक्षेत्र के टेगरिहा राजा में एक टीन के घर पर पेड़ गिर जाने से परिवार के लोग घर के मलबे में दब गए। चीख पुकार सुन आसपास के लोग पहुंचे और मलबे में दबे लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला। टेंगरिहा राजा निवासी रमेश राजभर रोज की तरह अपने पत्नी व बच्चों के संग टीन के मकान में सो गए। पिछले 48 घंटे से लगातार हो रही भीषण बारिश के करण शुक्रवार/शनिवार की रात लगभग 11 बजे रमेश राजभर के टीन के मकान पर शीशम का पेड़ गिर गया। घर में सो रहे रमेश राजभर 32 वर्ष, पत्नी सुनीता राजभर 30 वर्ष, बच्चे इशू राजभर 7 वर्ष, अंकुश राजभर 3 वर्ष घर के मलबे के नीचे दब गए और चीखने चिल्लाने लगे। चीखने चिल्लाने की आवाज सुनकर आसपास के लोग पहुंचे और घर के नीचे दबे लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला। इशू राजभर के सिर में गंभीर चोट लग गई जबकि परिवार के अन्य सदस्यों की हल्की चोटें आई। गृहस्थी का सारा सामान घर के मलबे के नीचे दबा हुआ है। परिवार इस बारिश में खुले में रहने को मजबूर है।

# उप्र पुलिस अन्तर जोनल शूटिंग स्पोर्टर्स का एसपी ने किया शुभारम्भ

**बस्ती (एसएनबी)।** पुलिस अधीक्षक बस्ती द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन बस्ती में आयोजित होने जा रहे उप्र पुलिस वार्षिक अन्तर जोनल शूटिंग स्पोर्टर्स रायफल, रिवाल्वर, पिस्टल शूटिंग (महिला/पुरुष) प्रतियोगिता-2024 का उदघाटन किया गया। पुलिस अधीक्षक बस्ती गोपाल कृष्ण चौधरी द्वारा उप्र पुलिस वार्षिक खेल-कूद कैलेण्डर वर्ष-2024 के अनुसार रिजर्व पुलिस लाइन बस्ती में आयोजित होने जा रहे उप्र पुलिस वार्षिक अन्तर जोनल शूटिंग स्पोर्टस रायफल, रिवाल्वर, पिस्टल शूटिंग (महिला/पुरुष) प्रतियोगिता-2024 का उद्घाटन कर शुभारम्भ की घोषणा किया गया। इस दौरान मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक , क्षेत्राधिकारी सदर, क्षेत्राधिकारी रुधौली, क्षेत्राधिकारी कलवारी, क्षेत्राधिकारी एलआईयू व अन्य पुलिस अधिकारी/ कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# लव जिहाद के लिए युवती पर बनाया दबाव, मुकदमा दर्ज

**बस्ती (एसएनबी)।** लव जिहाद से जुड़ा एक मामला जनपद के कोतवाली पुलिस को प्राप्त हुई। जिसमें आरोप था कि लड़की के मोबाइल पर फोन कर आरोपी मुस्लिम युवक द्वारा लव जिहाद करने का दबाव बना रहा था। जिसपर लड़की ने मुस्लिम धर्म मेंशादी करने के लिए तैयार नही हुई तो उसका अभियुक्त ने अपहरण कर दुराचार तथा तेजाब फेककर चेहरा बर्बाद करने की धमकी दी। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत कैली अस्पताल परिसर से जुड़े एक मामले में पीड़िता युवती ने तहरीर देकर यह आरोप लगाया कि पुरानी बस्ती क्षेत्र के चिकवा टोला निवासी अफजल हक उर्फ प्रिन्स नाम के युवक ने उसके मोबाइल पर फोन किया और लव जिहाद का दबाव बनाने लगा। जिसपर व लव जिहाद के लिए तैयार नही हुई तो अफलज हक ने युवती को अपहरण कर उसके साथ बलात्कार करने तथा तेजाब फेंककर चेहरा बर्बाद करने की धमकी दिया।

# जान से मारने की धमकी दी, केस

**बस्ती (एसएनबी)।** बेदखली का नोटिस जारी करने की रंजिश को लेकर विपक्षी द्वारा वक्फ के मुतलव्वी के घर पर आकर गालियां व धमकी दी गयी। मामले में पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने अभियुक्त पर मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत तुर्कहिया मुहल्ला निवासी सैयद असद अहमद व सैयद जफर याब उर्फ जफर सुपारी से पुराना विवाद चल रहा था। सैयद असद अहमद वक्फ मुतलव्वी के हैसियत से बीते 12 जनवरी को रजिस्ट्री द्वारा सैयद जफर याब के पिता साबिर हुसैन को बेदखली का नोटिस जारी कर दिया था। इसी बात से नाराज होकर बीते 24 सितम्बर को विपक्षी सैयद जफर याब उसके घर पर चढ़कर गालियां व जान से मारने की धमकी दी। मामले में पीड़ित सैयद असद अहमद पुत्र मारूफ हुसैन निवासी तुर्कहिया थाना कोतवाली की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी सैयद जफर याब उर्फ जफर सुपारी पुत्र सैयद साबिर हुसैन निवासी तुर्कहिया थाना कोतवाली के विरूद्ध धारा 351(2), 352 बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# कमिश्नर व आईजी ने कलवारी में समाधान दिवस पर सुनी समस्या



बस्ती : कलवारी थाने में समाधान दिवस पर समस्या सुनते कमिश्नर व आईजी।

**बस्ती (एसएनबी)।** थाना समाधान दिवस के अवसर पर मण्डलायुक्त अखिलेश सिंह, पुलिस महानिरीक्षक बस्ती परिक्षेत्र बस्ती आरकेभारद्वाज द्वारा जनपद बस्ती के थाना कलवारी पर जनसुनवाई की गयी । जहां चार में से एक मामलों का समाधान होपाया

इस अवसर पर शिकायतों के प्रति संवेदनशीलता बरतने और गुणवत्ता का पूर्ण ख्याल रखते हुए समयान्तर्गत निस्तारण सुनिश्चित करने तथा प्रत्येक मामले में मौके पर जाकर कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया, ताकि पीडित को न्याय मिले। तत्पश्चात टांडा पुल पर जाकर नदी के जलस्तर का जायजा लिया गया।

जिलाधिकारी बस्ती रवीश गुप्ता व पुलिस अधीक्षक बस्ती गोपाल कृष्ण चौधरी द्वारा थाना लालगंज व थाना मुंडेरवा पर आयोजित थाना समाधान दिवस पर फरियादियों के समस्याओं को सुनकर उनके त्वरित व गुणवत्तापरक निस्तारण हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया । राजस्व विभाग व पुलिस विभाग के अधिकारी/कर्मचारियों की टीम बनाकर मौके पर जाकर शिकायतों के १ I ट I - ५ I f ट I १ I ट I त्वरित/निष्पक्ष/समयबद्धता/गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया, जिस दौरान संबधित नायब तहसीलदार, प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष, प्रभारी चौकी, सम्बन्धित हल्का लेखपाल व थाने के अन्य पुलिस अधिकारीध्कर्मचारीगण मौजूद रहे । इसी प्रकार उप जिलाधिकारी शत्रुघ्न पाठक , क्षेत्राधिकारी सदर सत्येंद्र भूषण तिवारी की संयुक्त अध्यक्षता व नायब तहसीलदार शालिनी पटेल एव महेश सिह थानाध्यक्ष पुरानी बस्ती की उपस्थिति में थाना पुरानी बस्ती पर समाधान दिवस का आयोजन किया गया। समाधान दिवस पर 1 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुआ जो पुलिस से संबंधित रहा जिसका निस्तारण किया गया। पूर्व के राजस्व विभाग से संबंधित लंबित 3 प्रार्थना पत्रों में से 2 मामले का निस्तारित किया गया। दोनों प्रकरण राजस्व विभाग से संबंधित थे।

# शक्ति सिंह हत्याकांड का खुलासा पुलिस के लिए टेढ़ी खीर

**बस्ती (एसएनबी)।** नगर थाना क्षेत्र के रानीपुर बेलाड़ी गांव का माहौल पिछले चौबीस घंटे में तेज बरसात के बाद भी काफी गर्म है। बजरंग दल के संस्थापक सदस्यों में शामिल राम मंदिर आन्दोलन के मुख्य आरोपियों में शामिल रहे रानीपुर निवासी स्व. रमेश प्रताप सिंह के बेटे शक्ति सिंह की हत्या का खुलासा भी पुलिस के लिए टेढ़ी खीर बना हुआ है। आरोपियों की गिरफ्तारी केलिए जगह-जगह छापेमारी करने के साथ वर्कआउट केलिए जिले के अतिरिक्त बाहर की भी फोर्स लगायी गयी है। अदावतों से भरे रानीपुर बेलाड़ी गांव का कोई भी नागरिक वर्षो बाद हुए इस नये घटनाक्रम पर कुछ भी बोलने पर तैयार नहीं है।

**आरोपियों की गिरफ्तारी केलिए लगायी गयी जनपद के साथ गैर जनपद पुलिस**

उल्लेखनीय है कि गत दिवस दुबौलिया थाना क्षेत्र के सरयू नदी के तट पर दो बोरों में भरी हुई खून से लथपथ लाश को बरामद किया गया था। जिसकी पहचान नगर थाना क्षेत्र केरानीपुर निवासी शक्ति सिंह पुत्र स्व. रमेश प्रताप सिंह के रूप में की गयी थी। शव की पहचान के बाद मृतक के भाई विक्रम प्रताप सिंह पुत्र स्व.रमेश प्रताप सिंह निवासी रानीपुर थाना नगर ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया था कि बीते 24 सितम्बर कोउसके छोटे भाई शक्ति प्रताप सिंह (32) को पुरानी रंजिश कोलेकर आरोपियों ने अपहरण कर लिया था और उसकी पिटाई कर हत्या करने के बाद शव को बोरे में भरकर दुबौलिया थाना क्षेत्र के सरयू नदी में फेंक दिया गया था। शव की शिनाख्त करने वाले मृतक शक्ति सिंह के भाई विक्रम प्रताप सिंह की तहरीर पर नगर पुलिस ने कप्तानगंज के पूर्व विधायक रहे स्व. राना कृष्ण किंकर सिंह के पुत्र भाजपा नेता राना नागेश प्रताप सिंह,रवि सिंह पुत्र ओमप्रकाश सिंह निवासी बेलाड़ी थाना नगर व शैलेश सिंह तथा मनोज शुक्ल तथा कुछ अज्ञात के विरुद्ध धारा 103 (1), 140 (1),238 बीएनएस के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया । घटना के खुलासेकोलेकर अपर पुलिस अधीक्षक ओपी सिंह का कहना है कि मामल बडा है खुलासे सेलेकर आरोपियों की गिरफ्तारी केलिए पूरे जिले की पुलिस टीमों को सक्रिय किया गया है। मुखबिरों को भी पूरे क्षेत्र में सक्रिय कर संभावित जगहों पर दबिश दी जा रही है जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# जमीन के विवाद को लेकर मारपीट, केस

**बस्ती (एसएनबी)।** जमीनी विवाद की बात को लेकर विपक्षियों ने एक युवती से उसके घर में घुसकर मारपीट करने के साथ जमकर तोड़फोड किया व जानमाल की धमकी दी। इस सम्बन्ध में पीड़िता की शिकायत मिलने पर पुलिस ने छह अभियुक्तो पर मुकदमा दर्ज किया है। रूधौली थाना क्षेत्र के वार्ड नं. 7 शांति नगर रुधौली में जमीनी विवाद को लेकर विपक्षीगण कुसुम, सरोज, शोभा, रेनू, बबिता व विश्वनाथ द्वारा एक राय होकर राधा यादव को गालियां दे रहे थे। जिसका राधा यादव द्वारा विरोध किया गया तो लोगो ने मिलकर उसे घर में घुसकर मारापीटा तथा घरेलू सामानों को तोड़ते हुए जान से मारने की धमकी दी। लड़की का यह भी आरोप है कि विपक्षियों ने उसके काल की बाली, मोबाइल फोन व 700 रूपये नकदी भी छीनकर उठा ले गये। मामले को लेकर राधा यादव पुत्री राम विलास निवासिनी वार्ड नम्बर 7 , शान्तिनगर थाना रूधौली पहले थाना रूधौली गयी। जहां से न्याय न मिलने पर वह न्यायालय का दरवाजा खटखटाया। जिसमें न्यायालय के आदेश पर रूधौली थाने की पुलिस ने आरोपी कुसुम पत्नी शिवकुमार, सरोज पुत्री राज किशोर, शोभा पत्नी पत्नी संजय, रेनू पत्नी विश्वनाथ, बबिता पुत्री संजय, विश्वनाथ पुत्र राजकिशोर निवासीगण वार्ड नम्बर-7 शान्तिनगर थाना रूधौली के विरूद्ध धारा 147, 323, 325, 504, 506, 395, 392, 427, 452 बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# शांतिभंग में दो का चालान

**बभनान (एसएनबी)।** पैकोलिया के थानाध्यक्ष धर्मेन्द्र कुमार यादव के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा इमिलिया निवासी शमीम पुत्र अब्दुल कलाम तथा औरातोंदा निवासी देवानन्द सिंह पुत्र इंद्रराज सिंह को विभिन्न विवादों में गिरफ्तार किया गया। दोनों का शांति भंग की धारा में चालान कर उपजिलाधिकारी न्यायालय हर्रैया के समक्ष पेस किया गया।

### गिरोह ने कलवारी और लालगंज थाना क्षेत्रों में की थी चोरी की सात घटनाएं

# अंतरजनपदीय गैंग के सरगना समेत 8 दबोचे

**गुडवर्क**

बस्ती, निज संवाददाता। कलवारी पुलिस ने स्वॉट व सर्विलांस सेल की मदद से अंतरजनपदीय गैंग के सरगना समेत आठ शातिरों को गिरफ्तार किया गया है। एसपी गोपालकृष्ण चौधरी ने शनिवार को पुलिस लाइन सभागार में खुलासा करते हुए बताया कि इस गैंग का सरगना रमेश निषाद निवासी औशानपुर माझा थाना इब्राहिमपुर जनपद अम्बेडकरनगर है। उसके खिलाफ बस्ती और अम्बेडकरनगर में 11 मुकदमें दर्ज हैं। इस गैंग ने कलवारी व लालगंज थानाक्षेत्र में चोरी की सात घटनाओं को अंजाम दिया है।

एसपी ने बताया कि इस गैंग की धरपकड़ के लिए कलवारी थानाध्यक्ष भानुप्रताप सिंह के साथ प्रभारी स्वॉट टीम उमाशंकर त्रिपाठी को लगाया गया था। मुखबिर की सूचना पर शातिर आरोपितों को भोयर से और एक अन्य आरोपी को चमनगंज चौराहे के पास से शनिवार को दबोच लिया। इनके कब्जे से चोरी की घटनाओं से संबंधित करीब ढाई लाख रुपये के जेवरात, 20980 रुपये नकद, घटना में प्रयुक्त तीन बाइक और चोरी में प्रयुक्त उपकरण व हथियार बरामद किए गए हैं। पुलिस के अनुसार इस गैंग ने कलवारी के छरदही में चोरी की घटना को अंजाम देने के साथ ही स्कूलों को भी निशाना बनाया। बाइक की वारदातों में भी यह गिरोह शामिल रहा। पकड़े गए आरोपितों से पूछताछ कर अन्य घटनाओं के बारे में भी जानकारी जुटाई जा रही है।



पुलिस लाइन में शनिवार को धरपकड़ कर खुलासा करते एसपी गोपालकृष्ण चौधरी।

## आम्बेडकरनगर व संतकबीरनगर के शातिरों पर दर्ज हैं दो दर्जन केस

बस्ती। पुलिस के अनुसार चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाले गिरोह में शामिल सदस्यों के खिलाफ अलग-अलग जिलों में कुल 24 आपराधिक मुकदमें दर्ज हैं। गैंग लीडर रमेश निषाद अंबेडकरनगर के इब्राहिमपुर थाने का गैंगस्टर है। उसके खिलाफ इस थाने में चार मुकदमें दर्ज हैं। वहीं बस्ती के कलवारी व लालगंज थाने में चोरी समेत अन्य धाराओं में आधा दर्जन मुकदमे दर्ज हैं। वहीं आरोपी रामगुलाब उर्फ खुशबू, अजय निषाद निवासी पड़रिया (रौसया बाजार) थाना धनघटा संतकबीरनगर, सोनू निषाद निवासी पड़रिया (बलुहवा) थाना धनघटा जनपद संतकबीरनगर, कन्हैया निवासी नकहा थाना धनघटा संतकबीरनगर, शिवकुमार निवासी गोपालपुर थाना दुबौलिया बस्ती के खिलाफ कलवारी व लालगंज थाने में चोरी व अन्य धाराओं में छह मुकदमें दर्ज हैं। आरोपी मोहम्मद सारिम उर्फ टिड्डी निवासी छज्जापुर थाना कोतवाली टाण्डा जनपद अम्बेडकरनगर के खिलाफ बस्ती व अंबेडकनगर के अलीगंज थाने में सात मुकदमें पंजीकृत हैं। आठवें आरोपी विनोद कुमार सोनी निवासी ईश्वरनगर इल्फातगंज थाना इब्राहिमपुर जनपद अंबेडकरनगर के खिलाफ कलवारी में एक मुकदमा दर्ज है।

**हाईवे पर बिजरा और बिहरा के पास गिरा पेड़ : बस्ती।** हाईवे पर हरैया क्षेत्र के रजौली ओझा, बिजरा के पास रात में ही पेड़ गिरने की सूचना पर पेट्रोलिंग टीम मौके पर पहुंची। शनिवार की सुबह बिहरा झलियहवा के पास पेड़ की टहनियों को तोड़कर किनारे से गाड़ियां निकलती रहीं।

# एसओ लालगंज व विवेचक से स्पष्टीकरण तलब किया

- सीडब्ल्यूसी ने लिया संज्ञान, थाने में रातभर रोकी गई थी बालिका
- आरोपी नवरत्न उर्फ भोलू पुलिस को चकमा देकर भाग निकला था

बस्ती, निज संवाददाता। लालगंज थाने से किशोरी को बहलाकर अगवा करने का आरोपी पुलिस को चकमा देकर भाग निकला था। इस प्रकरण में न्याय पीठ बाल कल्याण समिति ने नाबालिग को रातभर लालगंज थाने में रोकने के मामले में एसओ और मुकदमें के विवेचक को तलब कर स्पष्टीकरण मांगा है। इससे संबंधित पत्र एसपी बस्ती और थाने पर भेज दिया गया है।

समिति स्तर से जारी पत्र में कहा गया कि थानाक्षेत्र के एक अभिभावक ने अपनी बेटी के घर से कहीं चले जाने का मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने प्रयास करते हुए बालिका को खोज निकाला और उसका अपहरण करने वाले अपहरणकर्ता को पकड़ लिया था। पुलिस को बरामदशुदा बालिका को सीडब्ल्यूसी के समक्ष 24 घंटे के भीतर प्रस्तुत करना चाहिए था। लेकिन पुलिस ने बालिका को प्रस्तुत करने के बजाय थाना परिसर में ही रातभर रोके रखा था। दूसरे दिन न्याय पीठ के सदस्य के समक्ष प्रस्तुत किया गया जहां से उसके मेडिकल का आदेश किया गया। बालिका ने न्याय पीठ के समक्ष प्रस्तुत होने के बाद उक्त बात की जानकारी दी कि मुझे रात में थाना परिसर में रखा गया था। जानकारी होने पर न्याय पीठ के अध्यक्ष प्रेरक मिश्रा, सदस्य अजय श्रीवास्तव, डॉ. संतोष श्रीवास्तव और मंजू त्रिपाठी ने इस बात को बाल अधिनियम 2015 का उल्लंघन माना। थानाध्यक्ष व मामले के विवेचक से स्पष्टीकरण मांगा है। सीडब्लूसी के चेयरपर्सन प्रेरक मिश्रा ने बताया कि किसी भी नाबालिग को थाने में नहीं रोकना चाहिए, यह नाबालिग के सर्वोच्च हित में बाधक है। बता दें कि इसी प्रकरण में फरार आरोपी नवरत्न उर्फ भोलू गुप्ता की अभी तक गिरफ्तारी नहीं हो सकी है।

# अपहरण कर रेप की धमकी, मुकदमा दर्ज

बस्ती। कोतवाली पुलिस ने अपहरण कर दुष्कर्म व तेजाब फेंकने की धमकी देने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया है। पीड़िता ने तहरीर में आरोप है कि पुरानी बस्ती क्षेत्र के रहने वाले प्रिंस ने फोन कॉल पर अपहरण कर रेप करने की धमकी दी। कहा कि तेजाब फेंककर चेहरा बर्बाद कर दूंगा और जान से मारने की धमकी भी दी। आरोप है कि लगातार वह युवती का पीछा भी कर रहा है। इससे पूरा परिवार सहमा हुआ है। थानेदार राणा देवेंद्र सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी गई है।

# कोर्ट के आदेश पर सात पर केस

बस्ती। रुधौली पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर छह लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। शांतिनगर निवासी राधा यादव का आरोप है कि विपक्षियों ने एकराय होकर जान से मारने की धमकी दी। घर में घुसकर मारपीट कर तोड़फोड़ की। कान की बाली, मोबाइल और पैसा जबरन ले लिया। पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर मोहल्ला निवासी कुसुम, सरोज, शोभा, रेनू, बबिता, विश्वनाथ के खिलाफ लूट समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

# शूटिंग प्रतियोगिता का पुलिस लाइन में शुभारंभ

बस्ती। पुलिस लाइन बस्ती में शनिवार से उत्तर प्रदेश पुलिस वार्षिक अंतर जोनल शूटिंग स्पोर्ट्स रायफल, रिवाल्वर, पिस्टल शूटिंग प्रतियोगिता 2024 का शुभारंभ हुआ। इस प्रतियोगिता में पुरुष व महिला वर्ग की टीमें प्रतिभाग करने पहुंची। एसपी गोपालकृष्ण चौधरी ने प्रतियोगिता का उद्घाटन करते हुए सभी प्रतिभागियों का हौसला बढ़ाया। तीन दिवसीय प्रतियोगिता में बस्ती, गोरखपुर, देवरिया, कुशीनगर, महराजगंज, संतकबीरनगर, सिद्धार्थनगर, गोंडा, बलरामपुर और बहराइच की टीमें प्रतिभाग करने पहुंची।

# बारिश का असर, कम पहुंचे फरियादी

## समाधान दिवस

बस्ती, हिटी। जिले के सभी थानों पर शनिवार को समाधान दिवस का आयोजन किया गया। शुक्रवार से जारी बारिश का असर समाधान दिवस पर दिखा। कोतवाली के परिसर में जलभराव के चलते कोतवाल ने चौकी रौता चौराहा पर जन शिकायतों की सुनवाई की। जिले के अन्य थानों पर भी फरियादियों की संख्या कम रही। कमिश्नर अखिलेश सिंह व आईजी आरके भारद्वाज कलवारी थाने में फरियादियों की समस्याओं को सुना।

आईजी ने कहा कि थाना समाधान दिवस पर आने वाले फरियादियों के प्रति संवेदनशीलता बरतें और शिकायत के निस्तारण की गुणवत्ता का पूरा ख्याल रखते समयबद्ध तरीके से निस्तारण सुनिश्चित कराएं। डीएम और एसपी ने मुंडेरवा व लालगंज पर आयोजित समाधान दिवस में आम जनमानस की शिकायतों को सुना। सीओ कलवारी, थाना प्रभारी व अन्य मौजूद रहे। एएसपी ओपी सिंह के साथ तहसीलदार हर्रैया ने प्रभारी निरीक्षक छावनी की मौजूदगी में जन सुनवाई की। इसके अलावा जिले के कप्तानगंज, हर्रैया, वाल्टरगंज, पुरानी बस्ती, सोनहा समेत सभी थानों पर समाधान दिवस का आयोजन कर फरियादियों की समस्याओं को सुना गया।



कलवारी थाने पर समाधान दिवस में जनसुनवाई करते कमिश्नर व आईजी।

### हर्रैया में एक मामले का निस्तारण

हर्रैया। थाना परिसर में नायब तहसीलदार शौकत अली व प्रभारी निरीक्षक तहसीलदार सिंह की उपस्थिति में आयोजित थाना समाधान दिवस के मौके पर कुल आठ मामले आए है। जिसमें सात प्रार्थना-पत्र राजस्व विभाग से संबंधित रहा। छावनी थाने पर आयोजित समाधान दिवस में कुल चार मामले आए। सभी मामले राजस्व से संबंधित थे, किसी का निस्तारण मौके पर नहीं हो पाया। पैकोलिया में प्रभारी थानाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार की अध्यक्षता में समाधान दिवस आयोजित हुआ।

# प्रसूता को बंधक बनाने के मामले में एमओआईसी को नोटिस

## कार्रवाई

बस्ती, निज संवाददाता। पीएचसी कुदरहा में जच्चा-बच्चा के साथ हेल्थ कर्मी और तीमारदारों को वार्ड में ताला लगाकर बंधक बनाने के प्रकरण में सीएमओ ने सख्ती दिखाई है। प्रकरण में एमओआईसी की भी ढिलाई उजागर हुई है। सीएमओ डॉ. आरएस दूबे ने मामले में एमओआईसी डॉ. फैज वारिस को नोटिस देकर स्पष्टीकरण तलब किया है।

कुदरहा क्षेत्र के पियारेपुर गांव की गुंजा पत्नी रविंद्र कुमार को प्रसव पीड़ा होने पर पीएचसी कुदरहा में भर्ती कराया गया। यहां जेएसवाई वार्ड में ड्यूटी पर तैनात स्टाफ नर्स मंजू ने सुरक्षित प्रसव कराया। इससे यहां की एएनएम विनोदा सिंह भड़कते हुए वार्ड में बाहर से ताला जड़ दिया। दो घंटे तक वार्ड में जच्चा-बच्चा के साथ परिजन और स्टाफ नर्स बंद रहे। पंखा नहीं होने के कारण गर्मी से लोग व्याकुल हो गए थे। किसी ने डायल-112 को सूचना दे दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने ताला खुलवाते हुए सभी को बाहर निकाला। बावजूद इस प्रकरण में स्थानीय पीएचसी स्तर से एएनएम पर कोई कार्रवाई नहीं की गई, न ही कोई एक्शन लिया गया। इससे विभाग की छवि धूमिल हुई और किरकिरी भी हुई। एडी हेल्थ ने प्रकरण को संज्ञान लिया और सीएमओ को जांच के लिए आदेशित किया। वहीं सीएमओ ने इस मामले में एमओआईसी की भी लापरवाही पकड़ी है। इस पर एमओआईसी को नोटिस जारी किया है। दो दिन के भीतर स्पष्टीकरण मांगा गया है।

- एमओआईसी के ढुलमल रवैया के कारण लंबे समय से विवादित है पीएचसी कुदरहा
- आए दिन प्रकरण को लेकर सुर्खियों में रहता है पीएचसी कुदरहा, जिम्मेदार मौन

**जिले व स्थानीय स्तर पर चल रही जांच :** एएनएम के खिलाफ कार्रवाई के लिए जिले और स्थानीय स्तर से जांच टीम गठित कर जांच कराई जा रही है। सीएमओ डॉ. आरएस दूबे ने बताया कि रिपोर्ट आने पर संबंधित पर कार्रवाई की जाएगी। जल्द रिपोर्ट देने के लिए कहा गया है। जिले स्तर से डिप्टी सीएमओ डॉ. एसबी सिंह व स्थानीय स्तर पर तीन सदस्यीय टीम जांच कर रही है।

# लापता दोनों किशोरियां मिलीं

बस्ती। रहस्यमय हाल में लापता दो किशोरियां मिल गई है। दोनों सहेलियां के लापता होने के बाद परिजनों ने कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई थी। कोतवाल राणा देवेंद्र सिंह ने बताया कि दोनों को सकुशल टीम ने खोज लिया। पूछने पर बताया कि साथ में घूमने के इरादे से दोनों निकल गई थीं।

# हाईवे पर खड़े कंटेनर से 12 लाख का सामान चोरी

- छावनी थाना क्षेत्र के खेसुवा की घटना
- मुकदमा दर्ज कर जांच में जुटी पुलिस

छावनी (बस्ती), हिन्दुस्तान संवाद। जिले के छावनी थानाक्षेत्र में खेसुआ गांव के पास फोरलेन पर खड़े कंटेनर से 12 लाख रुपये से अधिक कीमत का एक ब्रांडेड कंपनी के सौंदर्य प्रसाधन का सामान चोरी हो गया। ट्रक पंक्चर होने के कारण चालक यहां कंटनेर को खड़ाकर केबिन में सो गया था। उसे घटना की जानकारी सुबह नींद खुलने पर हुई। थाना प्रभारी विजय कुमार दूबे ने बताया की चालक की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी गई है।

चालक विवेक पुत्र राजकुमार निवासी सिसाना थाना खरखौंदा, जिला सोनीपत हरियाणा ने थाने में तहरीर देकर बताया है कि वह हरियाणा के सोनीपत से एक ब्रांडेड कंपनी का 96 पेलेट्स सामान लादकर रक्सौल जा रहा था। रात करीब एक बजे छावनी थानाक्षेत्र के खेसुवा पहुंचने पर ट्रक पंक्चर हो गया। ट्रक चालक के अनुसार ट्रक का पहिया खोलने का प्रयास किया, लेकिन खुल नहीं पाया तो केबिन में जाकर सो गया। सुबह करीब चार बजे गाड़ी के पीछे आहट मिलने पर डीजल चोरी की आशंका में चालक की नींद खुल गई। तभी देखा कि कंटेनर के पीछे से एक वाहन निकल रहा है, जिस पर पीछे से तिरपाल लगा हुआ था। नीचे उतरकर आया तो देखा कि कंटेनर से सामान चोरी हुआ था। चालक को आशंका है कि उसी वाहन पर लादकर सामान चोरी कर लिया गया।

कंटेनर से करीब 20 से 25 पैलेट्स चोरी हुए हैं। इसकी अनुमानित कीमत करीब 12 से 15 लाख रुपये के बीच है। छावनी पुलिस मामले की जांच-पड़ताल में जुट गई है।

बोरे में भरकर दुबौलिया में फेंका मिला था शक्ति का शव, भाजपा नेता नागेश समेत अन्य पर दर्ज है हत्या का केस

# भाजपा नेता के घर से डीबीआर ले गई पुलिस

**फॉलोअप**

**26** सितम्बर को दुबौलिया थाना क्षेत्र में बोरे में शव बरामद हुआ था

**04** नामजद व अन्य अज्ञात के खिलाफ पुलिस ने दर्ज किया है केस



- सीसीटीवी फुटेज को खंगालने में जुटी पुलिस
- घटनाक्रम से जुड़े अहम सुराग हाथ लगने की उम्मीद
- एक आरोपी पकड़ में, नहीं हो सकी है अधिकृत पुष्टि

**बस्ती, निज संवाददाता।** शक्ति सिंह मर्डर केस में मुख्यारोपी भाजपा नेता राना नागेश प्रताप सिंह के घर पर लगे सीसीटीवी कैमरे के डीवीआर को नगर पुलिस ने कब्जे में ले लिया है। पुलिस को उम्मीद है कि इसमें रिकॉर्ड फुटेज की मदद से घटनाक्रम से जुड़े अहम सुराग हाथ लग सकेंगे। सूत्रों की मानें तो पुलिस ने हत्याकांड में नामजद एक आरोपी को हिरासत में ले लिया है। हालांकि इसकी अधिकृत पुष्टि अभी नहीं हो सकी है। एसपी गोपालकृष्ण चौधरी का कहना है कि हत्याकांड से संबंधित आरोपितों की धरपकड़ के लिए पुलिस टीमें लगातार दबिश दे रही हैं। अभी किसी की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है।

नगर थाने के रानीपुर निवासी शक्ति सिंह का अपहरण कर हत्या करने और शव छिपाने के आरोप में पूर्व विधायक राना कृष्ण किंकर सिंह के बेटे और भाजपा नेता राना नागेश प्रताप सिंह सहित चार के खिलाफ केस दर्ज हुआ है। हत्या के पीछे पांच दशक पुरानी रंजिश बताई जा रही है। इसके साथ ही पुलिस अन्य एंगल पर भी अपनी जांच को आगे बढ़ा रही है। पुलिस की मानें तो वारदात के बाद से ही सभी आरोपितों का मोबाइल फोन बंद चल रहा है। इसकी वजह से उनकी लोकेशन ट्रेस कर पाना मुश्किल हो रहा है। कॉल डिटेल का भी पुलिस बारीकी से अध्ययन कर रही है, जिससे कोई क्लू हाथ लग सके। एसपी के आदेश पर नगर थाने के साथ ही एसओजी व स्वॉट टीमें भी हत्याकांड के आरोपितों की तलाश में जुटी हैं।

**तो कहां हुई शक्ति सिंह की हत्या :** शक्ति सिंह की पोस्टमार्टम रिपोर्ट में उनके सिर पर किसी भारी चीज से हमला करने की बात कही गई है। वह भी एक दो नहीं कुल 17 वार किए गए हैं। यह हथियार धारदार नहीं है। ऐसे में यह लाठी, भारी पत्थर या फिर कुछ और भारी सामान हो सकता है। घटनास्थल की छानबीन के बाद यह साफ हो चुका है, कि हत्या कर शव को वहां ठिकाने लगाया गया है। इन सबसे अहम सवाल पुलिस के लिए यह पता लगाना है कि आखिर शक्ति सिंह की हत्या कहां की गई। अपहरण करने के बाद किसी गाड़ी से उसे कहां ले जाया गया। हत्या के बाद शव को ठिकाने लगाने के लिए कब और किस गाड़ी से आरोपी पहुंचे थे। इन सब सवालों की तलाश में पुलिस जुटी है। थानाध्यक्ष देवेन्द्र सिंह का कहना है कि आरोपी नागेश सिंह के घर पर लगे सीसीटीवी कैमरे का डीवीआर कब्जे में ले लिया गया है। जल्द ही आरोपितों की गिरफ्तारी के साथ सभी सवालों का जवाब भी सामने आ जाएगा।

### यह है पूरा घटनाक्रम

दुबौलिया के गौरा-सैफाबाद तटबंध पर सरयू नदी किनारे गुरुवार को एक युवक का शव बोरे में मिला था। उसके सिर पर गम्भीर चोट के निशान थे। देर शाम शव की पहचान नगर थाने के रानीपुर निवासी शक्ति सिंह (32) पुत्र रमेश सिंह के रूप में हुई। नगर पुलिस ने गुरुवार को ही शक्ति के गुमशुदगी का केस दर्ज किया था। शव मिलने पर शक्ति सिंह के भाई विक्रम प्रताप सिंह ने नगर पुलिस को तहरीर दी। इसमें विक्रम प्रताप सिंह ने बताया है कि गांव के राना नागेश सिंह के परिवार से दुश्मनी है। आरोप है कि राना नागेश सिंह, रवि सिंह, शैलेश सिंह और मनोज शुक्ला उनके भाई को साथ ले गए। 25 सितंबर को कुछ लोगों ने बताया कि चारों उसके भाई की पिटाई कर रहे थे। 26 सितम्बर को दुबौलिया क्षेत्र में शव बरामद हुआ था। पुलिस ने चार नामजद व अन्य अज्ञात के खिलाफ अपहरण, हत्या व शव छिपाने के आरोप में केस दर्ज किया है।

# फोरलेन पर ट्रक में पीछे से टकराई कंटेनर

**कप्तानगंज, हिन्दुस्तान संवाद।** बस्ती-अयोध्या हाईवे पर शनिवार की भोर में हरियाणा से पश्चिम बंगाल जा रही कंटेनर आगे चल रहे ट्रक से टकरा गई। हादसे में कंटेनर का अगला हिस्सा क्षत्रिग्रस्त हो गया और चालक जख्मी हो गया। बताया जाता है कि ट्रक पहले से खराब होकर रोड पर चाड़ा था। सूचना पर पहुंची एनएचआई की पेट्रोलिंग टीम ने यातायात बहाल करवाया। घटना रात 4:00 बजे हरैया थानाक्षेत्र के खड़ी ओझा गांव के पास की है।

हादसे में कंटेनर चालक इंतकाम पुत्र मुख्तियार निवासी अब्दुल्लापुर थाना उधरकी जिला मुरादाबाद घायल हो गया। वहीं दूसरी ओर, शनिवार की सुबह कप्तानगंज विद्युत उपकेंद्र के सामने ट्रक का साइड लगने के एक कार क्षतिग्रस्त हो गई। घटना सुबह 8:00 बजे की है।

शहर से लेकर गांव तक मूसलाधार बारिश से बढ़ गई दुश्वारी, खेती-किसानी के लिए संकट बन रही अत्यधिक बारिश

# दूसरे दिन भी बारिश बनी आफत, स्कूल रहे बंद

**मौसम का मिजाज**

**बस्ती, हिन्दुस्तान टीम।** जिले में शुक्रवार से जारी मूसलाधार बारिश का सिलसिला शनिवार को भी जारी रहा। शहर में शनिवार को दिन के वक्त कुछ देर के लिए बारिश थमी, लेकिन जलभराव ने उपजी दुश्वारी ने लोगों को हलकान किया। भारी बारिश की चेतावनी के बीच इंटर तक के स्कूल शनिवार को भी बंद रहे। बारिश के चलते छावनी क्षेत्र में एक गड्ढे में भरे पानी में डूबकर बालक की मौत हो गई। कुदरहा क्षेत्र में एक घर पर पेड़ गिरने से चार लोग मलबे में दब गए। एक बच्चे की हालत गंभीर बनी हुई है। फोरलेन पर भी जलभराव होने से जगह-जगह गड्ढे बन गए हैं।

लगातार बारिश के चलते शहर से लगायत ग्रामीण इलाकों में अधिकतर दफ्तरों के कैम्पस में जलभराव हो गया है। खेतों में भी पानी लगने व हवाओं के चलते से कुछ स्थानों पर धान व गन्ने की फसलें गिर जाने से किसानों को नुकसान हुआ है। खासतौर से लो-लैंड में बसी शहर की कॉलोनियों में तो सड़क तालाब बन चुकी है। कामकाजी लोगों को छोड़ अधिकतर लोगों ने घरों में ही दुबके रहने में भलाई समझी। शनिवार की सुबह से ही झमाझम बारिश शुरू रही। बीच-बीच में बूंदाबांदी हुई, लेकिन बारिश का क्रम जारी है। कोतवाली, बीएसए दफ्तर, कलक्ट्रेट समेत अधिकतर दफ्तरों में जलभराव की स्थिति रही। स्कूलों में छुट्टी घोषित होने के कारण बच्चों को जरूर राहत मिली। इसी तरह ग्रामीण इलाकों में भी बारिश थमने का नाम नहीं ले रही है। धान की फसल को अब बारिश से नुकसान पहुंचने की आशंका बढ़ती जा रही है। कारण खेतों में पानी भरने व हवाओं के चलने से फसलें खेत में ही गिरने लगी हैं। जिससे धान व गन्ने का उत्पादन प्रभावित हो सकता।



कुदरहा क्षेत्र के टेंगरिहा राजा गांव में टीनशेड पर गिरा पेड़, बच्चे के सिर में आई गंभीर चोटें।

### टीनशेड पर गिरा पेड़, सो रहा परिवार दबा, सभी सुरक्षित

गायघाट। कलवारी क्षेत्र के गायघाट के टेंगरिहा राजा गांव में शुक्रवार की रात 11 बजे एक रिहायशी टीनशेड पर अचानक शीशम का पेड़ गिरने से चीख-पुकार मच गई। गांव के रमेश राजभर पत्नी व बच्चों संग सोए थे। शुक्रवार/ शनिवार की रात 11 बजे रमेश के घर पर शीशम का पेड़ गिर गया। घर में सो रहे रमेश, पत्नी सुनीता, बच्चे झगु, अंकुश घर के मलबे के नीचे दब गए। आसपास के लोग पहुंचे और घर के नीचे दबे लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला।

### बारिश से सब्जियों को नुकसान

बस्ती। जिले में लगातार हो रही बरसात से सब्जी की खेती करने वाले किसानों की कमर टूट गई है। कद्दू आदि सब्जी फसल को नुकसान पहुंचा है। खेतों में लगाए गए सब्जी वाले झम्मड़ भी पानी के कारण गिर गए हैं। इससे करैला से लेकर अन्य सब्जी खराब हो गई है।

### जिला अस्पताल, महिला अस्पताल व कैली में भरा पानी

**बस्ती, निज संवाददाता।** तीन दिन से हो रही झमाझम बारिश से शहर की सूरत बिगड़ गई है। बारिश से नगर पालिका के जल निकासी व्यवस्था की पोल खुलकर सामने आ गई है। बारिश से शहरी गलियां लबालब हो गई हैं तो नाले-नालियां ओवरफ्लो हो गए। सड़क पर बारिश का पानी जमा होने से राहगीरों को आवागमन में परेशानी हुई। सर्वाधिक समस्या महिला, जिला और कैली अस्पताल में हुई। परिसर में जलभराव से मरीजों के साथ चिकित्सक और कर्मियों को काफी समस्या हुई।

जिला महिला अस्पताल परिसर तालाब नजर आया। इंट्री गेट से लेकर ओपीडी, इमरजेंसी समेत सीएमएस आवास परिसर आदि जगहों पर पानी जमा होने से मरीजों को परेशानी हुई। पर्चा बनवाने और चिकित्सकों से परामर्श लेने में दिक्कतें हुई। ओपीडी भवन की छत टपकती दिखी। यहीं शनिवार को भारी बरसात के चलते सिर्फ 298 पर्चे बने। ओपेक चिकित्सालय कैली और आवासीय परिसर में भी जलभराव से सांसत हुई। बताते हैं कि जलनिकासी की कोई ठोस व्यवस्था नहीं होने से हल्की सी भी बारिश होने पर जलभराव हो जाता है। निर्माणाधीन क्रिटिकल केयर यूनिट के बगल में आवासीय परिसर में सांप निकला तो निवास करने वाले इंटर्न देखकर डर गए। वहीं कैली अस्पताल के सामने सड़क पर पेड़ गिरने से आवागमन प्रभावित होने के साथ मरीजों व तीमारदारों को सांसत हुई। वहीं आवास विकास, कृषि कार्यालय, एडीएम आवास परिसर, कंपनीबाग कर्मचारी आवासीय परिसर, जजेज कॉलोनी में जलभराव से परेशानी हुई। नपा कर्मी जलभराव की सूचना पर पहुंचे और चोक नालियों को खुलवाया। बेलवाडाड़ी, तुर्कहिया, दक्षिण दरवाजा में भी जलभराव से लोग परेशान दिखे। पुरानी बस्ती क्षेत्र के पांडेय बाजार, सुर्तिहट्टा आदि जगहों पर जलभराव दिखा।

# अंडरपास में पानी भरने से रास्ता बंद

टिनिच/वाल्टरगंज। गोरखपुर-लखनऊ रेलखंड के गोविंदर और टिनिच रेलवे स्टेशन के मध्य बहेरिया समपार फाटक नंबर-204 के पास बने अंडरपास में पानी भरने से लगभग 10 हजार की आबादी का रास्ता बंद हो गया। काफी संख्या में छात्र परीक्षा देने स्कूलों तक नहीं पहुंच सके। इसे लेकर लोगों में काफी आक्रोश है।

समपार फाटक के पास लोग जमा हो गए और इसे खोले जाने की मांग करने लगे। आरपीएफ व स्थानीय पुलिस ने लोगों को समझाने का प्रयास किया। आईडब्लू एसपी सिंह ने बताया कि समपार फाटक से सिग्नल उखाड़कर बंद करा दिया गया है, इसे बहाल नहीं कराया जा सकता। लोगों का कहना है कि अधूरे अंडर पास को चालू कराकर समपार फाटक को सील करा दिया गया। रेलवे अब कोई वैकल्पिक रास्ता नहीं दे रहा है। लोग जान हथेली पर रखकर रेलवे लाइन को पार कर रहे हैं।



लगातार बारिश से नरखोरिया गांव की मुख्य सड़क कीचड़ से सनी। • हिन्दुस्तान

# बारिश से जानलेवा बनी सड़कें, राहगीर हो रहे चोटिल

बस्ती। लगतार हो रही बरसात सड़कों के लिए आफत है। गुणवत्ताविहीन, जर्जर और गड्ढे में तब्दील बदहाल सड़क पर बारिश में चलना दूभर हो गया है। जिले की आधा दर्जन से अधिक सड़कें जानलेवा हो गई हैं। राहगीर गिरकर चोटिल हो रहे हैं। शहर का मालवीय रोड बारिश के बाद खतरनाक हो गई है। बिजली ऑफिस के सामने बदहाल सड़क की चपेट में आकर लोग घायल हो रहे हैं। सुबाष चौक फौव्वारा तिराहा से लेकर रोडवेज तिराहा तक सड़क पूरी तरह जर्जर हो चुकी है। पक्कवा बाजार के बीच से कटाई संतकबीर नगर को जोड़ने वाली बनकटी-कटाई मार्ग बारिश के बाद बदहाल हो गया है। भानपुर संवाद के अनुसार नरखोरिया गांव को मुख्य मार्ग से जोड़ने वाली सड़क कीचड़ से सन गई है। वहीं नौतनवा के मिश्रौलिया से निकली सड़क गंगापुर गांव के पास धंस गई है। इससे काफी परेशानी हो रही है।

---

# अंतरजनपदीय चोरों का गिरोह पुलिस के हत्थे चढ़ा

## गिरोह के आठ सदस्य गिरफ्तार, चोरी की तीन वाइक, एक किलो चांदी, 30 ग्राम सोना व नकद वरामद

जागरण संवाददाता, बस्तीः जनपद में पिछले एक माह से कलवारी थाना क्षेत्र में चोरी की घटनाओं को अंजाम देकर पुलिस के लिए सिरदर्द बने अंतरजनपदीय चोरों के गिरोह का पुलिस ने पर्दाफाश किया है। पकड़े गए आरोपितों के कब्जे से पुलिस ने चोरी की तीन बाइक, दो मोबाइल फोन, 20,980 रुपये नकद व जेवर बरामद किया है। बरामद जेवर की अनुमानित कीमत ढाई लाख रुपये बताई गई है।

यह जानकारी पुलिस अधीक्षक गोपाल कृष्ण चौधरी ने पुलिस लाइन सभागार में पत्रकारों को दी। बताया कि पकड़े गए आरोपियों का एक संगठित गिरोह है, जो बस्ती जनपद समेत आसपास के जिलों में चोरी व लूट जैसी घटनाओं को अंजाम दिया करता है। पुलिस पूछताछ में आरोपितों ने अनगिनत चोरी की घटनाओं को अंजाम देने की बात स्वीकार की है। बताया कि पकड़े गए आरोपितों के खिलाफ लालगंज व कलवारी थाने में 21 मुकदमे तथा आंबेडकरनगर में चोरी के साथ गैंगस्टर का भी मुकदमा दर्ज हैं।

पर्दाफाश करने वाली पुलिस टीम में स्वाट प्रभारी उप निरीक्षक उमाशंकर तिवारी, थानाध्यक्ष कलवारी भानुप्रताप सिंह, सर्विलांस प्रभारी शशिकांत, एसआइ गोपाल यादव, विंध्याचल प्रसाद, मुख्य आरक्षी सत्येन्द्र, राजन कुमार, गोपाल मिश्र, उमाशंकर यादव, विनीत, रमेश, आरक्षी सुभेन्द्र, किशन व अभिलाष शामिल रहे। टीम की सफलता पर पुलिस अधीक्षक ने टीम को 15 हजार रुपये इनाम देने का ऐलान किया है।

- एसपी ने की संयुक्त टीम को 15 हजार रुपये इनाम देने की घोषणा
- स्वाट, सर्विलांस व कलवारी पुलिस की संयुक्त टीम को मिली सफलता



पुलिस लाइन में पत्रकार वार्ता करते एसपी, साथ में पुलिस टीम व गिरफ्तार चोर • जागरण

### आरोपितों में यह हैं शामिल

संतकबीर नगर के धनघटा थाना क्षेत्र पहरिया रौसया बाजार निवासी रामगुलाब उर्फ खुशबू, सोनू व अजय निषाद, नवका गांव निवासी कन्हैया, दुधौलिया थाना क्षेत्र के गोपालपुर निवासी शिवकुमार, आंबेडकरनगर के टांडा कोतवाली क्षेत्र के छज्जापुर निवासी मो. सारिम, इब्राहिमपुर थाना क्षेत्र के औशानपुर मांझा निवासी रमेश निषाद शामिल हैं। ईश्वरनगर इल्फातगंज, थाना इब्राहिमपुर निवासी सोनार विनोद सोनी भी गिरोह में शामिल है, जो चोरी के जेवर खरीदकर उसे गलाकर बेचता था।

# थाना समाधान दिवस में कम पहुंचे फरियादी



थाना समाधान दिवस पर मुंडेरवा में फरियाद सुनते डीएम व एसपी • जागरण

जागरण टीम, बस्तीः लगातार तीन दिनों से हो रही वर्षा का असर माह के चौथे शनिवार को आयोजित थाना समाधान दिवस पर दिखा। बहुत कम फरियादी समाधान दिवस में पहुंचे। कलवारी थाने में कमिश्नर अखिलेश सिंह व आइजी रामकृष्ण भारद्वाज ने सुनवाई की। यहां पर बहुत ही कम फरियादी दिखे। भूमि विवाद व नाली से पानी निकासी की समस्या आई। उच्चाधिकारियों ने तत्काल मामले का समाधान करने के लिए मौके पर पुलिस व राजस्व टीम को भेजा।

लालगंज थाने पर जिलाधिकारी रवीश गुप्ता व पुलिस अधीक्षक गोपालकृष्ण चौधरी ने सुनवाई की। यहां भी भूमि विवाद छाए रहे। इसी प्रकार जनपद के छावनी थाने पर एएसपी ओपी सिंह ने सुनवाई की यहां चार मामले दर्ज किए गए।

वाल्टरगंज में सीओ सिटी सत्येन्द्र भूषण तिवारी ने सुनवाई की। हर्रैया में नायब तहसीलदार शौकत अली व प्रभारी निरीक्षक तहसीलदार सिंह की अध्यक्षता में कुल आठ मामले सुने गए। सात राजस्व विभाग संबंधित थे। मौके पर एक प्रकरण का निस्तारण किया गया, शेष को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित कर दिया। दुबौलिया थाने पर प्रभारी निरीक्षक संध्या रानी तिवारी ने सुनवाई की। दो प्रार्थना पत्र राजस्व विभाग से संबंधित आएं। किसी का निस्तारण नहीं हो सका। कप्तानगंज थाने पर प्रभारी थानाध्यक्ष राजेश विश्वकर्मा की अध्यक्षता में फरियाद सुनी गई।

# दुर्गापूजा में मानक के अनुरूप बजाएं डीजे, नहीं तो होगी कार्रवाई

## आयोजन समितियों व डीजे संचालकों की आयोजित हुई बैठक

जागरण संवाददाता, रुधौली: रुधौली थाने पर ज्वाइंट मजिस्ट्रेट शाहिद अहमद ने नवरात्र, दुर्गा पूजा को लेकर आयोजन समितियों और डीजे संचालकों के साथ बैठक की। कहा कि सभी आयोजन समितियों के अध्यक्ष एवं सदस्य पूजा पंडालों में सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने पर विशेष ध्यान दें।

पूजा पंडालों एवं विसर्जन के दौरान डीजे की ध्वनि शासन द्वारा निर्धारित किए गए मानक से अधिक होने पर आयोजन समिति एवं डीजे संचालकों पर संयुक्त रूप से कार्रवाई की जाएगी। पूजा पंडालों में आग से बचाव के लिए पानी तथा बालू रखा जाना भी आवश्यक होगा।

प्रतिमा ले जाने और विसर्जन के दौरान 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चे ट्रैक्टर-ट्रालियों पर न बैठाएं। पूजा पंडालों में अवैध विद्युत कनेक्शन के माध्यम से कोई भी उपकरण नहीं जलाएं जाएंगे।



रुधौली थाने पर पीस कमेटी की बैठक करते ज्वाइंट मजिस्ट्रेट शाहिद अहमद • जागरण

बैठक में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट ने नगरीय क्षेत्र में नगर पंचायत और ग्रामीण क्षेत्र में बीडीओ रुधौली को विसर्जन के दौरान घाट इत्यादि पर बैरिकेडिंग और विद्युत की समुचित व्यवस्था करने के लिए कहा गया है। प्रभारी निरीक्षक रुधौली चंदन कुमार ने कहा कि दो से 18 अक्टूबर तक मांस की दुकानें पूरी तरह प्रतिबंधित रहेंगी। उल्लंघन पर कड़ी कार्रवाई होगी। इस दौरान नायब तहसीलदार नीरज सिंह, बीडीओ रुधौली विनय द्विवेदी, बीडीओ साऊंघाट मनोज श्रीवास्तव, माधव श्याम यादव, राज कुमार, मोहन श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

## मारने पीटने के आरोप में दो भाई समेत पांच पर मुकदमा

जासं, संतकबीर नगर: कोतवाली क्षेत्र के मोहम्मदपुर कठार में रंजिश में हुए मारपीट के मामले में पुलिस ने शनिवार को मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने दो भाई समेत पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाली प्रभारी सतीश सिंह ने बताया कि मोहम्मदपुर कठार निवासी इंद्रजीत ने दिए तहरीर में कहा है कि 25 सितंबर को रात 10 बजे गांव निवासी भाई विशाल-दीपक व प्रमोद तथा उनके दो भाई धीरज व नीरज ने एकजुट होकर पीटने लगे।

# जच्चा-बच्चा को बंधक बनाने के मामले में एमओआइसी को नोटिस

जागरण संवाददाता, बस्तीः पीएचसी कुदरहा में प्रसूता, नवजात व स्वास्थ्यकर्मी के साथ तीमारदारों को वार्ड में ताला लगाकर बंधक बनाने का प्रकरण तूल पकड़ लिया है। सीएमओ डा. आरएस दुबे ने एमओआइसी की ढिलाई पर नोटिस देकर स्पष्टीकतरण तलब किया है। कुदरहा क्षेत्र के पियारेपुर गांव की गुंजा पत्नी रविंद्र कुमार को प्रसव पीड़ा होने पर पीएचसी कुदरहा में भर्ती कराया गया। जननी सुरक्षा वार्ड में ड्यूटी पर तैनात स्टाफ नर्स मंजू ने प्रसव कराया, जिससे नाराज एएनएम विनोदा सिंह ने वार्ड में बाहर से ताला जड़ दिया।

दो घंटे तक वार्ड में जच्चा-बच्चा के साथ परिजन और स्वास्थ्यकर्मी बंद रहे। डायल-112 को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने ताला खुलवाकर सभी को बाहर निकाला। स्थानीय पीएचसी स्तर से एएनएम पर कोई कार्रवाई नहीं की गई।

इससे विभाग की छवि धूमिल होने पर एडी हेल्थ ने प्रकरण को संज्ञान लिया। सीएमओ को जांच के लिए आदेशित किया।

सीएमओ ने इस मामले में एमओआइसी डा. फैज वारिस की लापरवाही मानते हुए नोटिस जारी किया है। दो दिन के भीतर स्पष्टीकरण गया है।

# बच्चों के विवाद में मारपीट चार पर मुकदमा दर्ज

जागरण संवाददाता, पैकोलिया, बस्ती: थाना क्षेत्र के कुनगाई खुर्द गांव में बच्चों के बीच मारपीट को लेकर बड़ों के बीच विवाद हो गया।

पुलिस ने शीला देवी की तहरीर पर गांव के ही राममूरत वर्मा समेत चार लोगों के विरुद्ध मारपीट का मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

# आनलाइन ठगी की शिकार हुई महिला

जासं, छावनीः थाना क्षेत्र में महिला आनलाइन ठगी की शिकार हो गई। मोबाइल से फोन कर चाची का हाल चाल पूछा। इसी दौरान बातों में उलझाकर महिला से पांच हजार रुपये ठग लिए। अतरौरा ग्राम निवासी धनपता देवी के मोबाइल पर अज्ञात नंबर से फोन आया। फोन करने वाले ने बताया कि मैं जेल में बंद हूं। एक रिश्तेदार का हवाला देकर पांच हजार रुपये मांगा। महिला ने बेटे छत्रपाल से उसके नंबर पर रुपये भेजवा दिए। महिला ने बेटे से रिश्तेदार ओमी को फोन करवाया। उनसे बात हुई तो बताया कि वो घर पर है। पीड़िता ने पुलिस से मामले से शिकायत की है।

# दुष्कर्म के मामले में युवक पर मुकदमा

बस्ती : कोतवाली थाना क्षेत्र के कैली में महिला के साथ धमकी देकर दुष्कर्म किए जाने की घटना सामने आई है। पुलिस पीड़िता की तहरीर पर एक युवक के विरुद्ध धमकी देकर दुष्कर्म किए जाने का मुकदमा दर्ज कर लिया है।एफआइआर के आधार पर मामले की छानबीन पुलिस ने शुरू कर दी है।

# शक्ति सिंह हत्याकांड के एक आरोपित को पुलिस ने किया गिरफ्तार, पूछताछ जारी

जागरण संवाददाता, बस्तीः बजरंग दल के पूर्व प्रदेश संयोजक रहे रमेश प्रताप सिंह के बेटे शक्ति की अपहरण के बाद हत्या में नामजद आरोपित युवक पुलिस के हत्थे चढ़ गया है। शनिवार को हिरासत में लेकर पुलिस अधिकारियों की ओर से उससे कई घंटे पूछताछ की गई। देर रात तक पूछताछ जारी रही। हालांकि शुरुआती पूछताछ व घटनास्थल पर उसकी मौजूदगी के सबूत पुलिस अभी नहीं जुटा सकी है।

पूर्व विधायक राना कृष्ण किंकर सिंह के बेटे राना नागेश प्रताप सिंह व उसके साथियों ने पहले शक्ति सिंह का अपहरण कर लिया था। आरोप है कि अपहरण के बाद उसकी हत्या कर शव को बोरे में भरकर उसमें पत्थर डाल कर दुबौलिया थाना क्षेत्र के तटबंध के किनारे नदी में फेंक दिया गया था। पुलिस ने अपहरण के तीसरे दिन शव को बरामद कर मोर्चरी में रखवा दिया था। जब शक्ति के भाई विक्रम सिंह को पता चला तो उसने मोर्चरी में शव की पहचान अपने भाई शक्ति के रूप में की। नगर पुलिस ने भाई की तहरीर पूर्व विधायक राना कृष्ण किंकर सिंह के बेटे राना नागेश प्रताप सिंह, रवि सिंह, शैलेश सिंह, मनोज शुक्ला व एक अन्य समेत पांच लोगों पर अपहरण व हत्या कर शव को ठिकाने लगाने का मुकदमा दर्ज किया था। बजरंग दल के चर्चित नेता रहे रमेश प्रताप सिंह अयोध्या में विवादित ढांचा गिराने के मामले में पूर्व उपप्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवानी, उमा भारती, अशोक सिंघल के साथ मुकदमे में सह आरोपित थे। वह जनपद ही नहीं प्रदेश के बड़े हिंदूवादी नेताओं में शामिल रहे। 2018 में उनकी बीमारी से मृत्यु हो चुकी है।

- बजरंग दल के पूर्व प्रदेश संयोजक रमेश प्रताप सिंह के बेटा था शक्ति सिंह
- पूर्व विधायक के बेटे समेत पांच पर पंजीकृत है अपहरण, हत्या व शव को ठिकाने लगाने का मुकदमा
- आरोपितों की गिरफ्तारी को लेकर पुलिस की ताबड़तोड़ छापेमारी जारी

उनके बेटे की हत्या में भाजपा नेता राना नागेश प्रताप सिंह शामिल बताए जा रहे हैं। पूर्व विधायक राना कृष्ण किंकर सिंह व रमेश प्रताप सिंह के बीच रंजिश चली आ रही थी। रमेश प्रताप सिंह के पिता पहलवान सिंह की हत्या में पूर्व विधायक राना किंकर आरोपित थे। इसी रंजिश को लेकर दोनों परिवार हमेशा आमने-सामने हो जाते थे। बाद में दोनों के बीच सुलह होने की भी बात बताई जाती है। फिलहाल वर्तमान में रमेश सिंह व पूर्व विधायक राना कृष्ण किंकर सिंह दोनों इस दुनिया में नहीं हैं। लेकिन अब इनके बेटों के बीच फिर एक बार अपहरण व हत्या खूनी दौर शुरू हो गया है।

### यह था शक्ति सिंह के अपहरण व हत्याकांड का घटना क्रम

24 सितंबर को कोतवाली क्षेत्र के मूड़घाट में दाह संस्कार में गए शक्ति का अपहरण

25 सितंबर को भाई विक्रम सिंह ने नगर थाने में दी गुमशुदगी की तहरीर

26 सितंबर को दुबौलिया थाना क्षेत्र में सरयू के तटबंध पर शव मिला, मुकदमा दर्ज

27 सितंबर को शव का पोस्टमार्टम हुआ, पीट-पीट कर की गई थी हत्या

28 सितंबर को अपहरण व हत्या में शामिल एक आरोपित मनोज पुलिस की हिरासत में।

> आरोपितों की धरपकड़ की जा रही है। इसके लिए पुलिस की स्वाट, सर्विलांस, एसओजी व नगर पुलिस की छापेमारी लगातार जारी है। सभी आरोपित पकड़े जाएंगे। पुलिस टीम पूरी सख्ती के साथ जुटी हुई है। कोर्ट से एनबीडब्लू (गैर-जमानती वारंट) लेकर इनका वारंट लिया जाएगा। इसके बाद भी फरार मिले तो आरोपितों पर इनाम घोषित किया जाएगा।
>
> गोपालकृष्ण चौधरी, पुलिस अधीक्षक

# मारपीट व लूट का मामला कोर्ट के आदेश पर दर्ज

बस्ती : रुधौली नगर पंचायत के शांति नगर वार्ड में भूमि विवाद को लेकर मारपीट व लूटपाट किए जाने की नौ माह पुरानी घटना सामने आई है। पुलिस के मुकदमा दर्ज नहीं करने पर पीड़िता राधा यादव ने कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। कोर्ट ने इस मामले में पुलिस को मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया है। पुलिस ने कुसुम, सरोज, शोभा, रेनू, बबिता व विश्वनाथ के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर घटना की जांच-पड़ताल शुरू कर दी है।

# सीडब्ल्यूसी ने विवेचक से मांगा स्पष्टीकरण

बस्ती: न्याय पीठ बाल कल्याण समिति ने एक नाबालिग बालिका को रात भर लालगंज थाने में रोकने पर विवेचक से स्पष्टीकरण मांगा है। थाना क्षेत्र के एक अभिभावक ने अपनी बेटी के घर से कहीं चले जाने का मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने प्रयास करते हुए बालिका को बरामद कर लिया। अपहरणकर्ता को गिरफ्तार कर लिया था। बालिका को सीडब्ल्यूसी के समक्ष 24 घंटे के भीतर प्रस्तुत करना चाहिए था, लेकिन पुलिस ने बालिका को प्रस्तुत करने के बजाय थाना परिसर में ही रात भर रोके रखा था, दूसरे दिन न्याय पीठ समक्ष प्रस्तुत किया गया। उसके मेडिकल का आदेश किया गया। बालिका ने न्याय पीठ को बताया कि मुझे रात में थाना परिसर में रखा गया था। जानकारी होने पर सीडब्ल्यूसी के अध्यक्ष प्रेरक मिश्र ने विवेचक से स्पष्टीकरण मांगा है।

# दोनों परिवारों की बोलती थी तूती
# वर्चस्व के लिए शुरू हुई थी रंजिश

## नागेश के पिता को जनसमर्थन मिला और दो बार बने निर्दल विधायक

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** शक्ति सिंह की हत्या हाईप्रोफाइल परिवार के जुड़ा मामला होने से रानीपुर गांव में कोई कुछ बोलने को तैयार नहीं है। दोनों परिवारों की रंजिश के इतिहास की बात बताने से लोग गुरेज कर रहे हैं।

इस घटना के बाद लोगों में सबसे ज्यादा बहस इस बात पर चल रही है कि जब पुरानी रंजिश समाप्त हो चुकी थी और दोनों के पिता अब इस दुनिया में नहीं रहे तो आखिर ऐसी स्थिति कैसे पैदा हो गई।

क्षेत्र के कुछ पुराने लोग बताते हैं कि शक्ति सिंह के बाबा कृष्ण प्रताप उर्फ पहलवान सिंह और नागेश प्रताप सिंह के पिता राना कृष्ण किंकर सिंह के बीच वर्चस्व को लेकर कई बार आमना-सामना हो चुका था। कुछ बाहरी बाहुबलियों से नजदीकी की वजह से उस समय दोनों की तूती बोलती थी।

### हिंदूवादी नेताओं के करीबी बन गए थे शक्ति के पिता

इनके शह-मात का दोनों के कई करीबियों को खामियाजा भी भुगतना पड़ा था। 13 वर्ष की उम्र में पिता पहलवान सिंह की हत्या के बाद परिवार के लोगों ने रमेश सिंह को गोरखपुर के नर्रे गांव में ननिहाल भेज दिया था। करीब पांच वर्ष वहां रहने के बाद रमेश सिंह लौटकर गांव आए तो तनाव चरम पर पहुंच गया था।

मगर, दौर बदला और दबंग माने जाने वाले दोनों पटीदारों ने सियासत में दखल बढ़ानी शुरू कर दी। भाजपा नेता नागेश के पिता राना कृष्ण किंकर सिंह सियासत की सीढ़ियां चढ़ने लगें। अपनी शैली से वह लोगों के दिल-ओ-दिमाग में जगह बनाते चले गए।

बहादुरपुर ब्लॉक का प्रमुख बनने के बाद कप्तानगंज विधानसभा क्षेत्र से दो बार निर्दल विधायक चुने गए। बाद में जिला पंचायत अध्यक्ष भी बने। उधर, रमेश सिंह को बजरंग दल का साथ मिला। मगर, आर्थिक स्थिति मजबूत करने में वह असफल रहे।

अयोध्या में 1992 में विवादित ढांचा ढहाने की अगुवाई करने वाली लक्ष्मण सेना के अध्यक्ष बनने के बाद हिंदूवादी नेताओं के करीबी भी बन गए। बस्ती में बजरंग दल के अध्यक्ष बनाए गए थे। वक्त ने फिर करवट ली। हालात ऐसे बने कि उनके केस में सुलह हो गया और दोनों में निकटता बढ़ती चली गई।

# मारपीट के मामले में छह पर केस दर्ज

**बस्ती।** रुधौली पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर छह लोगों पर केस दर्ज किया है। शांतिनगर की राधा यादव का आरोप है कि विपक्षियों ने जान से मारने की धमकी दी। घर में घुसकर मारपीट कर तोड़फोड़ की। पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर मोहल्ला निवासी कुसुम, सरोज, शोभा, रेनू, बबिता, विश्वनाथ के खिलाफ लूट समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। संवाद

# घटनाक्रम की कड़ियां जोड़ रही पुलिस

## शक्ति सिंह हत्याकांड : रानीपुर पहुंचे एएसपी, आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए चार टीमें लगातार दे रहीं दबिश

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** नगर थाना क्षेत्र के रानीपुर निवासी शक्ति सिंह की हत्या में पुलिस हत्या का मोटिव खंगालने में लगी है। शक्ति के भाई ने पुरानी रंजिश का हवाला देते हुए भाजपा नेता समेत चार आरोपियों को नामजद किया है।

जबकि पुलिस ताजा सूरत-ए-हाल के मद्देनजर घटनाक्रम की कड़ियां जोड़ने में लगी है। इसके लिए मोबाइल लोकेशन और दूसरे तौर-तरीकों का इस्तेमाल किया जा रहा है। अभी कोई जानकारी साझा करने से पुलिस बच रही है। एसपी गोपाल कृष्ण चौधरी ने बताया कि आरोपियों की गिरफ्तारी का प्रयास किया जा रहा है।

उधर, एएसपी ओपी सिंह ने शनिवार की दोपहर रानीपुर स्थित शक्ति सिंह के घर पहुंचे। शक्ति के भाई विक्रम प्रताप सिंह और भाभी से पूछताछ की। उन लोगों से पुरानी रंजिश के आधार और बीच में बदले घटनाक्रम के बारे में जानकारी लेने की कोशिश की। उस समय उसके घर पर किसी अनुष्ठान की तैयारी चल रही थी। उनसे शक्ति की दिनचर्या से लेकर रिश्तेदारियों के बारे में पूछताछ की गई।



रानीपुर स्थित शक्ति सिंह के घर पर भाई से जानकारी लेते एएसपी। संवाद



शक्ति के कत्ल से हरे हो गए बाबा की हत्या के जख्म

28 सितंबर को प्रकाशित खबर।

बता दें कि रानीपुर बेलाड़ी निवासी शक्ति सिंह की हत्या कर सैफाबाद बंधे के किनारे सरयू नदी में फेंक दिया गया था। 26 सितंबर की सुबह मवेशी चरा रहे ग्रामीण और मछली का शिकार करने वाले वहां पहुंचे तो तटबंध के पत्थरों पर खून के धब्बे देखे। आसपास नजर दौड़ाने लगे तो पानी में बोरे में भरा हुआ कुछ दिखाई दिया।

सूचना पर पुलिस पहुंची तो बोरे में युवक का शव मिला। बाद में उसकी पहचान शक्ति सिंह के रूप में हुई। शाम को उसके भाई विक्रम सिंह ने यह कहकर सबको चौंका दिया कि भाई शक्ति सिंह की हत्या उनके गांव के नागेश सिंह ने रवि सिंह, शैलेश सिंह और मनोज शुक्ला आदि के साथ मिलकर की है। तहरीर दी कि इन लोगों ने 24 सितंबर को कोतवाली क्षेत्र के मूड़घाट से शक्ति का अपहरण किया था।

तहरीर के आधार पर पुलिस ने कप्तानगंज विधानसभा क्षेत्र के भाजपा नेता राना नागेश प्रताप सिंह सहित चारों नामजद व कुछ अज्ञात पर अपहरण कर हत्या और शव छिपाने की कोशिश करने की धारा में केस दर्ज कर खोजबीन शुरू कर दी है।

**एसपी बोले- कुछ सुराग हाथ लगे**

आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर पुलिस के हाथ फिलहाल खाली हैं। चार टीमें अलग-अलग खोजबीन में जुटी हैं। सर्विलांस और साइबर तकनीकी के सहारे आरोपियों का सुराग लगाने की कोशिश की जा रही है। हर संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है। एसपी गोपाल कृष्ण चौधरी ने बताया कि हत्या के संबंध में कुछ क्लू पुलिस को मिले हैं। जल्द आरोपी गिरफ्त में आ जाएंगे।

# महिला को वार्ड में बंद करने के मामले में अधीक्षक को नोटिस

## सीएमओ ने कहा- लापरवाही के चलते पीएचसी पर बढ़ रही अनुशासनहीनता

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** कुदरहा पीएचसी प्रकरण में सीएमओ डॉ. आरएस दुबे ने कार्रवाई शुरू कर दी है। उन्होंने अस्पताल के एमओआईसी डॉ. फैज वारिस को नोटिस स्पष्टीकरण मांगा है। कहा कि लापरवाही के चलते पीएचसी में अनुशासनहीनता बढ़ रही है।

24 सितंबर को कुदरहा पीएचसी में एक स्टॉफ नर्स द्वारा महिला का प्रसव कराने पर वहां तैनात एएनएम नाराज हो गई थीं। उन्होंने स्टॉफ नर्स मंजू सिंह, प्रसूता गुंजा देवी, नवजात समेत परिजनों को वार्ड में बंदकर बाहर से ताला लगा दिया था। यह मामला तूल पकड़ लिया।

इस मामले में प्रसूता ने पुलिस को तहरीर भी दी थी। उधर, स्टॉफ नर्स ने भी संबंधित एएनएम के खिलाफ विभागीय उच्चाधिकारियों से शिकायत की थी। इस मामले में सीएमओ ने एमओआईसी की लापरवाही उजागर करते हुए उन्हें नोटिस दिया है। दो दिन के भीतर जवाब न देने पर कार्रवाई करने की बात कही है।

सीएमओ ने कहा कि इस घटना के बाद विभाग की छवि धूमिल हुई है। एडी हेल्थ ने इस प्रकरण की सीएमओ को जांच के लिए आदेशित किया था।

**मामले की दो स्तर पर चल रही जांच**

एएनएम के खिलाफ कार्रवाई के लिए जिले और स्थानीय स्तर से टीम गठित कर जांच शुरू कर दी गई है। सीएमओ डॉ. आरएस दूबे ने बताया कि रिपोर्ट आने पर संबंधित पर कार्रवाई की जाएगी। डिप्टी सीएमओ डॉ. एसबी सिंह व स्थानीय स्तर पर तीन सदस्यीय टीम मामले की जांच कर रही है।

# किशोरी को थाने में रोकने पर एसओ से जवाब तलब

बस्ती। लालगंज पुलिस की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। किशोरी को रातभर थाने में रोकने पर बाल कल्याण समिति ने एसओ तथा विवेचक को तलब कर स्पष्टीकरण मांगा है।

थाना क्षेत्र के एक व्यक्ति ने बेटी के अपहरण का केस दर्ज कराया था। पुलिस ने किशोरी को ढूंढ निकाला और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया था।

## बाल कल्याण समिति ने विवेचक से भी स्पष्टीकरण मांगा

किशोरी ने न्याय पीठ के समक्ष जानकारी दी कि उसे रात में थाने में रखा गया। न्याय पीठ के अध्यक्ष प्रेरक मिश्रा, सदस्य अजय श्रीवास्तव, मंजू त्रिपाठी ने बाल अधिनियम 2015 का उल्लंघन मानते हुए थानाध्यक्ष और मामले के विवेचक से स्पष्टीकरण मांगा है।

# खराब मौसम की भेंट चढ़ा समाधान दिवस

### कम रही शिकायतकर्ताओं की तादात, कलवारी में चक का पैमाइश करने के कमिश्नर ने दिए निर्देश

संवाद न्यूज एजेंसी

बस्ती/कलवारी। समाधान दिवस भी इस बार खराब मौसम की भेंट चढ़ गया। थानों में काफी कम लोग समस्या लेकर आए। कलवारी में राजस्व संबंधी कुल चार मामले आए। इनमें एक का निस्तारण राजस्व टीम ने किया।

दोपहर करीब 12 बजे पहुंचे मंडलायुक्त अखिलेश सिंह व पुलिस महानिरीक्षक आरके भारद्वाज ने एक घंटे तक लोगों की समस्याओं को सुना। इसी बीच बभनियांव बुजुर्ग निवासी पारस नाथ सिंहफरियाद लेकर पहुंचे। उनका कहना है कि वह परिवार के साथ दिल्ली रहते हैं। गांव वालों से सूचना मिली कि उनके चक के बीच में चक मार्ग निकल रहा है। चकबंदी में कब्जा परिवर्तन के समय कर्मियों द्वारा जिस स्थान पर उन्हें जमीन दी गई थी, उसी पर वह काबिज हैं। मंडलायुक्त ने राजस्व निरीक्षक को पुलिस की मौजूदगी में चक मार्ग के साथ-साथ उनके चक का भी पैमाइश करने के निर्देश दिए। इस मौके पर नायब तहसीलदार स्वाति सिंह, अशर्फी लाल, अवधेश श्रीवास्तव, अभय शंकर त्रिपाठी, दिनेश सिंह, बीर सिंह, संजीव यादव आदि लोग मौजूद रहे।



समाधान दिवस में शिकायत लेकर पहुंचे फरियादी। स्रोत-पुलिस

सोनहा संवाद के अनुसार, तहसीलदार पंकज कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। पुलिस व राजस्व से संबंधित कुल दो मामले आए। किसी का भी निस्तारण नहीं हो सका। बनकटी संवाद के अनुसार, लालगंज में दो राजस्व व एक पुलिस के मामले आए। डीएम रवीश गुप्ता व एसपी गोपाल कृष्ण चौधरी ने समस्या का समाधान किया। नेवारी निवासी अनुरूद्ध कुमार मिश्रा का जमीन विवाद न्यायालय में चलने की वजह से दोनों पक्ष को यथास्थिति बरकरार रखने के निर्देश दिए।

#### डीएम और एसपी ने लालगंज व मुंडेरवा थाने में की सुनवाई

वाल्टरगंज संवाद के अनुसार, कुल आठ मामलों की थाने में सुनवाई हुई। नायब तहसीलदार पूजा वर्मा तथा नायब तहसीलदार विजय गुप्ता ने समस्याओं के निस्तारण के लिए राजस्व तथा पुलिस टीम को मौके पर जाने के निर्देश दिए।

# अंतरजनपदीय चोर गिरोह आठ गुर्गों ने पुलिस ने पकड़ा



कलवारी पुलिस की गिरफ्त में चोरी के आरोपी। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

बस्ती। स्वॉट व सर्विलांस सेल की मदद से कलवारी पुलिस ने छरदही गांव में चोरी करने के आरोपी गिरोह का भांडाफोड़ किया है। इस अंतरजनपदीय गिरोह के सरगना समेत आठ आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। उनके कब्जे से करीब ढाई लाख रुपये के जेवरात, 20 हजार 980 रुपये नगद, तीन बाइक और चोरी में इस्तेमाल उपकरण व हथियार बरामद किए गए हैं।

एसपी गोपाल कृष्ण चौधरी ने पुलिस लाइंस सभागार में शनिवार को प्रेसवार्ता के दौरान बताया कि चोरी की घटना के पर्दाफाश के लिए कलवारी थानाध्यक्ष भानुप्रताप सिंह के साथ प्रभारी स्वॉट टीम उमाशंकर त्रिपाठी को लगाया गया था। मुखबिर की सूचना पर टीम ने घेराबंदी कर सात

## सात चोरी की घटनाओं को अंजाम देने का आरोप

आरोपितों को भोयर और एक अन्य आरोपी को चमनगंज चौराहे के पास से शनिवार को दबोच लिया। पुलिस के अनुसार, इस गिरोह ने कलवारी के छरदही में चोरी की घटना को अंजाम देने के साथ ही स्कूलों को भी निशाना बना चुके हैं। बाइक की वारदातों में भी यह गिरोह शामिल रहा। पकड़े गए आरोपितों से पूछताछ कर अन्य घटनाओं के बारे में भी जानकारी जुटाई जा रही है।

एसपी ने बताया कि इस गैंग का सरगना रमेश निषाद निवासी औशानपुर माझा थाना इब्राहिमपुर जनपद आंबेडरक है। उसके खिलाफ बस्ती व आंबेडकर जनपद में 11 आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं।

# अपहरण कर दुष्कर्म की धमकी, एफआईआर

**बस्ती।** कोतवाली पुलिस ने अपहरण कर दुष्कर्म व तेजाब फेंकने की धमकी देने के आरोप में केस दर्ज किया है। पीड़िता ने तहरीर में आरोप है कि पुरानी बस्ती क्षेत्र के एक युवक ने फोन लव जिहाद के लिए तैयार न होने पर अपहरण कर दुष्कर्म की धमकी दी। कहा कि तेजाब फेंक कर चेहरा बर्बाद कर दूंगा। उसने जान से मारने की धमकी भी दी। आरोप है कि लगातार वह उसका पीछा कर रहा है। इससे पूरा परिवार सहमा हुआ है। थानेदार महेश सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी गई है। संवाद

# बच्चों के विवाद में मारपीट,चार पर केस

**पैकोलिया।** कुनगाई खुर्द गांव में बच्चों के बीच हुए विवाद को लेकर हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने चार लोगों पर शनिवार को केस दर्ज किया है। कुनगाई खुर्द निवासी विक्रम वर्मा की पत्नी शीला देवी ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि शुक्रवार की शाम करीब सात बजे बच्चों के बीच हुए विवाद में नाराज होकर उसके पटीदार राम मूरत वर्मा, उनके बेटे लोकनाथ, फूलचंद्र और पत्नी आरती देवी दरवाजे पर आकर अपशब्द कहने लगीं । मना करने पर उसकी जेठानी रीता देवी व देवरानी रेखा देवी और बहू नीतू वर्मा को घेरकर लाठी-डंडे से मारापीटा। शोर मचाने के बाद में लोग जानमाल की धमकी देकर भाग निकले। प्रभारी निरीक्षक धर्मेन्द्र यादव ने बताया कि आरोपियों पर केस दर्ज कर चोटिलों को सीएचसी गौर जांच के लिए भेजा गया है। संवाद

# लापता हुईं दोनों सहेलियां मिलीं

**बस्ती।** रहस्यमय हाल में लापता दो किशोरियां मिल गईं है। दोनों सहेलियां के लापता होने के बाद परिजनों ने कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई थी। कोतवाल राणा देवेद्र सिंह ने बताया कि दोनों को सकुशल टीम ने खोज लिया। पूछने पर बताया कि साथ में घूमने के इरादे से दोनों निकल गई थीं। संवाद

# जानमाल की दी धमकी, केस दर्ज

**बस्ती।** शहर कोतवाली क्षेत्र के तुर्कहिया निवासी सैयद असद अहमद ने तहरीर में बताया है कि विपक्षी से फौजदारी का विवाद चल रहा है। आरोप है कि रंजिशन विपक्षी उन्हें परेशान किया। 24 सितंबर को दरवाजे पर चढ़कर अपशब्द कहते हुए जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपी सैयद जफर उर्फ जफर सुपारी पर केस दर्ज कर लिया है। संवाद

# किशोरी घर से गायब, केस दर्ज

**वाल्टरगंज।** 15 वर्षीय किशोरी अचानक घर से गायब हो गई। पीड़िता के पिता की तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की छानबीन में जुट गई है। थानाध्यक्ष मोती चंद ने बताया कि पिता ने तहरीर देकर बताया है कि 25 सितंबर को उनकी 15 वर्षीय पुत्री अचानक घर से गायब हो गई। उसने सफेद रंग का टी-शर्ट, नीले रंग का लोअर पहन रखा है। संवाद

# SIDDHARTH NAGAR POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

# सराहनीय कार्य दिनांक:-29-09-2024

# समाधान दिवस : बारिश के चलते कम पहुंचे फरियादी

**डुमरियागंज (एसएनबी)।** डुमरियागंज थाना परिसर में थाना समाधान दिवस का आयोजन हुआ। शनिवार को एसडीएम डॉ. संजीव दीक्षित की अध्यक्षता व प्रभारी निरीक्षक रमेश यादव की मौजूदगी में आयोजित थाना समाधान दिवस में मात्र एक ही मामला आया, जिसका मौके पर ही निस्तारण करा दिया गया। 36 घंटो से हो रही बारिश के चलते सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक चले समाधान दिवस में फरियादी नही पहुंचे। एसडीएम ने कहा कि कुछ विवाद तो आपसी बातचीत से ही हल हो सकते हैं। इसलिए दोनों पक्ष से बात करने के प्रयास पर जोर दिया जाए। दोनों के बीच सुलह-समझौता का भी प्रयास रहना चाहिए। इससे शिकायतों के निस्तारण में तेजी आएगी।

**भवानीगंग प्रतिनिधि** के अनुसार भवानीगंज थाना परिसर में थानाध्यक्ष रामदेव की अध्यक्षता में समाधान दिवस का आयोजन हुआ। थानाध्यक्ष रामदेव ने बताया कि भारी बारिश के चलते कोई भी फरियादी शिकायती प्रार्थना पत्र लेकर नही आया। इस दौरान उपनिरीक्षक शिवकुमार यादव, राम सिंह, लेखपाल संघ अध्यक्ष रमेश चंद्र श्रीवास्तव, गंगोत्री प्रसाद पांडेय, जियालाल यादव, पवन यादव, अनिल मिश्रा, अंबिका प्रसाद, वीरेंद्र यादव, प्रवेश कुमार शुक्ला, अंबिकेश सिंह, रोशनी राठौर, लाल ष्ण, संजय वरुण, दीप्ति मिश्रा, दानपाल, सतीश शुक्ला, सत्या देवी श्रीवास्तव, कांस्टेबल राहुल यादव, वीर विक्रम सिंह आदि मौजूद रहे।

**भनवापुर प्रतिनिधि** के अनुसार त्रिलोकपुर स्थित थाना परिसर में चतुर्थ शनिवार को समाधान दिवस आयोजित हुआ। जिसकी अध्यक्षता उपजिलाधिकारी इटवा कल्याण सिंह मौर्य ने किया। समाधान दिवस में थाना अध्यक्ष विजय शंकर सिंह भी मौजूद रहे। यहां कुल तीन मामले आए थे। जिसका निस्तारण नहीं हो सका। राजस्व विभाग व पुलिस विभाग से निस्तारण करने के लिए टीम लगाकर भेजा गया। समाधान दिवस में उप जिलाधिकारी इटवा ने कहा कि जो भी मामले आ रहे हैं उसका त्वरित निस्तारण करने का प्रयास किया जाए इस मौके पर उप निरीक्षक कुंज बिहारी तिवारी, शिवाकांत राय,नंदलाल यादव, हेड कांस्टेबल ष्ण पाल सिंह, अनुराग तिवारी, अंकित ,पप्पू गोंड व राजस्व लेखपाल इंद्रपाल, जयप्रकाश, पवन कुमार वर्मा, रामगोपाल श्रीवास्तव आदि लोग मौजूद रहे।

**डिंडई प्रतिनिधि के अनुसार** शासन के मंशानुसार शिवनगर डिंडई थाने पर भी शनिवार को समाधान दिवस का आयोजन किया गया।

थानाध्यक्ष शशांक सिंह की अध्यक्षता व राजस्व निरीक्षक रमाशंकर द्विवेदी तथा अशोक कुमार श्रीवास्तव की उपस्थिति में आयोजित थाना समाधान दिवस में राजस्व से संबंधित कुल दो मामले पेश हुए। पहला मामला क्षेत्र के नचनी गाँव के परमात्मा प्रसाद पुत्र अर्जुन द्वारा प्रतिवादी बालमुकुंद पुत्र राम लखन आदि के विरुद्ध प्रस्तुत किया गया। तथा दूसरा मामला थुम्हवा भइया निवासी वादिनी संगीता पत्नी रिंकू द्वारा मकान के सामने सहन की जमीन में प्रतिवादी रामनरेश तथा अनिल सुनील आदि द्वारा गोबर आदि रखने का आरोप लगाया गया था। उपरोक्त बावत जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष शशांक सिंह ने बताया कि उपरोक्तदोनों मामलों का त्वरित निस्तारण करा दिया गया। अन्य पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों के अलावा राजस्व विभाग के लेखपाल विजय शंकर विजय कुमार,, अमित कुमार श्रीवास्तव तथा लेखपाल बसंत कुमार भी उपस्थित रहे।



थाना परिसर में समाधान दिवस पर उपस्थित लोग।

## इटवा क्षेत्र स्थित सिकरी गांव के 5 लोगों का चल रहा उड़ीसा के अस्पताल में इलाज, तीर्थयात्रा से लौट रहे थे सभी

# एक ही गांव के सात लोग गए थे यात्रा पर

**हादसा**

इटवा, हिन्दुस्तान संवाद। डुमरियागंज से धार्मिक यात्रा पर गई बस में इटवा थाना क्षेत्र के एक ही गांव से सात श्रद्धालु सवार थे। धार्मिक यात्रा कराकर लौट रही बस के दुर्घटना ग्रस्त हो जाने से सिकरी गांव के दो लोगों की मौत होने के साथ ही पांच अन्य लोग घायल हो गए। इन घायलों को उड़ीसा के ही एक अस्पताल में इलाज चल रहा है। घटना की जानकारी पाकर मृतक और घायलों के परिवारीजन शनिवार को उड़ीसा के लिए रवाना हो गए।

बस श्रद्धालुओं को धार्मिक स्थलों बाबा भुनेश्वर नाथ, कोर्णाक, जगन्नाथपुरी की यात्रा कराकर शनिवार को लौट रही थी। श्रद्धालुओं से भरी बस उड़ीसा के ही जलेश्वर थाना क्षेत्र में ही अनियंत्रित होकर पलट गई। उसके चारों पहिए ऊपर हो गए। बस में सवार श्रद्धालुओं के बीच कोहराम मच गया।

आसपास के लोगों ने दुर्घटना देखी तो वे दौड़ पड़े। उड़ीस पुलिस भी सूचना पाकर मौके पर पहुंच गई। बस में फंसे श्रद्धालुओं को बाहर निकाला गया। सिद्धार्थनगर जिले के इटवा थाना क्षेत्र स्थित सिकरी गांव निवासी राम प्रसाद (55) और संतराम (53) की मौत हो चुकी थी। सिकरी गांव के ही रामलौटन (56) और उनकी पत्नी सुभावती (54), राम कृपाल (65) और उनकी पत्नी फूलमती (65) तथा रामप्रसाद यादव की पत्नी सुमिरता (58) घायल हो गई। घायलों का इलाज के लिए बालासोर जिला अस्पताल ले जाया गया। इस दुर्घटना में बलरामपुर जिले के भी लोगों की मौत होने तथा दस लोगों के घायल होने की सूचना है। दुर्घटना की खबर के बाद मृतकों व घायलों के परिजन उड़ीसा के लिए रवाना हो गए हैं।





उड़ीसा के जलेश्वर थाना क्षेत्र में तीर्थ यात्रियों की पलटी बस। घटना के बाद मौके पर जुटी भीड़। इटवा के सिकरी के सात लोग सवार थे, दो की मौत हो गई।

### पति की मौत, पत्नी घायल

इटवा क्षेत्र के सिकरी गांव से उड़ीसा के मंदिरों पर दर्शन करने बस से गए राम प्रसाद की बस पलटने से शनिवार को मौत हो गई है। उनकी पत्नी सुमिरता घायल हैं। उनका इलाज उड़ीसा क्षेत्र के जिला अस्पताल बालासोर में चल रहा है।

"कुछ पंडितों के जरिए बस की सीटें बुक की जाती हैं। वह बस किराए पर देते हैं। यात्रियों का डिटेल पंडित के पा होती है। बस बुक कराने आए तीनों लोगों का मोबाइल बंद है। वह खुद उड़ीसा जा रहे हैं।

राजन, बस मालिक, डुमरियागंज

"शनिवार की सुबह उड़ीसा से बस दुर्घटना की खबर आई थी। इटवा क्षेत्र के दो लोगों की मौत व पांच के घायल होने की सूचना है। उनके परिजनों को तत्काल सूचना दे दी गई।

श्री प्रकाश यादव, थानाध्यक्ष इटवा

"श्रद्धालुओं को लेकर गई बस का नंबर पता कर उसके कागजातों की जांच की गई। बस की फिटनेस, इंश्योरेंस व अन्य कागजात वर्तमान समय में वैध पाए गए हैं।

पंकज कुमार सिंह, एआरटीओ, बस्ती



बड़ौदा यूपी बैंक की ठोठरी बाजार की बैंक शाखा से 10.71 लाख रुपये लेकर फरार हुए कैशियर को पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया।

# बैंक से 10.71 लाख लेकर फरार कैशियर गिरफ्तार

**लोटन, हिन्दुस्तान संवाद।** बड़ौदा यूपी बैंक की ठोठरी बाजार की बैंक शाखा से 10.71 लाख रुपये लेकर 23 अगस्त को फरार हुए कैशियर को पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने उसके पास से 10.15 लाख रुपया बरामद कर लिया है। उसके एक मददगार को पुलिस ने पहले ही गिरफ्तार कर लिया था।

बड़ौदा यूपी बैंक की ठोठरी बाजार शाखा का कैशियर सावन कुमार सिंह कैश से पौने ग्यारह लाख रुपये लेकर फरार हो गया था। शाखा प्रबंधक विकास सिंह ने उसके खिलाफ लोटन कोतवाली में गबन का केस दर्ज कराया था। पुलिस ने कैशियर की कॉल डिटेल जुटाई। बैंक की सीसीटीवी फुटेज की जांच की तो कैशियर के साथ एक युवक बैग लेकर जाता दिखाई दिया। पुलिस ने युवक को दो सप्ताह पूर्व गिरफ्तार कर लिया था। उसकी पहचान सिद्धार्थनगर थाना क्षेत्र के कृष्णानगर मोहल्ला निवासी मनीष के रूप में हुई। एसपी ने कैशियर की गिरफ्तारी के लिए विशेष पुलिस टीम गठित कर दी थी। पुलिस टीम ने शुक्रवार को बिहार के समस्तीपुर जिले के कल्याणपुर थाना क्षेत्र स्थित खरसंड गांव निवासी कैशियर सावन कुमार सिंह को ककरहवा बॉर्डर से गिरफ्तार कर लिया।

थाना प्रभारी राजेश गुप्त ने बताया कि पूछताछ में आरोपित कैशियर ने स्वीकार किया कि 23 अगस्त को वह अपने दोस्त मनीष की मदद से बैंक से 10.71 लाख रुपये लेकर फरार हो गया था। केस दर्ज होने के बाद वह डर गया। वह पैसा लौटाकर माफी मांगना चाहता था कि पकड़ा गया।

# समाधान दिवस में पहुंचा सिर्फ एक फरियादी, निपटा मामला

डुमरियागंज। डुमरियागंज थाना परिसर में शनिवार को एसडीएम डॉ. संजीव दीक्षित की अध्यक्षता में आयोजित थाना समाधान दिवस में मात्र एक ही मामला आया। इसका मौके पर निस्तारण करा दिया गया।

लगातार हो रही बारिश से शनिवार को समाधान दिवस में सिर्फ एक फरियादी पहुंचा। एसडीएम डॉ. संजीव दीक्षित ने कहा कि कुछ विवाद तो आपसी बातचीत से ही हल हो सकते हैं। इस दौरान एसआई शिवकुमार यादव, राम सिंह, गंगोत्री प्रसाद पांडेय, जियालाल यादव आदि मौजूद रहे। वहीं भवानीगंज थाने में थानाध्यक्ष रामदेव की अध्यक्षता में समाधान दिवस का आयोजन हुआ। यहां भारी बारिश से कोई भी फरियादी नहीं पहुंचा।

# शांति कमेटी की हुई बैठक

सिद्धार्थनगर : सदर थाने में शनिवार को शांति कमेटी की बैठक हुई। इसमें त्योहारों को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने की अपील की गयी। प्रभारी निरीक्षक सदर संतोष तिवारी ने उपस्थित लोगों से कहा कि नवरात्र शुरू होने वाला है।

# आरोपित गिरफ्तार

सिद्धार्थनगर। ढेबरुआ पुलिस ने शनिवार को फरार चल रहे आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। एसओ संतोष कुमार सिंह ने बताया कि बलरामपुर जिले के पचपेड़वा क्षेत्र के बरगदवा सैफ गांव निवासी आशीष कुमार गुप्त पुत्र स्व. चन्द्रभान गुप्त पर केस दर्ज था। पुलिस उसकी तलाश कर रही थी। शनिवार को उसे संसरी पुल ( बूढ़ी राप्ती नदी ) से गिरफ्तार कर लिया गया।

# वर्षा से फीका रहा थाना समाधान दिवस

जासं, सिद्धार्थनगर : वर्षा के चलते शनिवार को थाना समाधान दिवस फीका रहा। अधिकांश थानों पर फरियादी आये ही नहीं। कुछ थानों पर एक दो फरियादी पहुंचे तो वह भी राजस्व से संबंधित रहे। सदर थाने पर सुबह 10 बजे से पुलिस कर्मी व थाना प्रभारी फरियादियों की प्रतीक्षा करते रहे, लेकिन दोपहर दो बजे तक कोई फरियादी पहुंचा ही नहीं। यही स्थिति शोहरतगढ़ थाने की भी रही। वहां भी वर्षा के चलते कोई फरियादी थाने पर पहुंचा ही नहीं। प्रभारी निरीक्षक बिंदेश्वरी मणि त्रिपाठी ने बताया कि वर्षा के चलते कोई थाने पर नहीं पहुंचा।

# 20 हजार का इनामी बैंककर्मी गिरफ्तार

## बड़ौदा यूपी बैंक से 23 अगस्त को सावन सिंह 1071019 रुपये लेकर हो गया था फरार

जागरण संवाददाता, सिद्धार्थनगर : बड़ौदा यूपी बैंक के ठोठरी शाखा के कार्यालय सहायक व 20 हजार रुपये के इनामी सावन सिंह को एसओजी, सर्विलांस और लोटन थाने की पुलिस ने शनिवार को ककरहवा-ठोठरी मार्ग पर नेपाल सीमा के पास से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपित के पास से बैंक से चुराए गए 1045370 रुपये भी बरामद किया है। बैंक के शाखा प्रबंधक ने 23 अगस्त को बैंक शाखा से 1071019 रुपये लेकर फरार होने का मुकदमा दर्ज कराया था। उसके पकड़ में न आने पर पुलिस ने बदमाश के खिलाफ 20 हजार रुपये का इनाम रखा था। घटना में शामिल एक बाल अपचारी पहले ही पकड़कर बाल सुधार गृह बस्ती भेजा जा चुका है।



लोटन थाने में पकड़े गए आरोपित के साथ पुलिस टीम • जागरण

एएसपी सिद्धार्थ ने बताया कि बड़ौदा यूपी बैंक के शाखा प्रबंधक विकास कुमार सिंह पुत्र मुनेश्वर प्रसाद सिंह निवासी ने लोटन थाने में मुकदमा दर्ज कराया था।

उन्होंने शाखा में प्रति नियुक्ति पर तैनात कार्यालय सहायक के पद पर तैनात सावन कुमार सिंह पुत्र शशि रंजन सिंह निवासी ग्राम मोहल्ला खरसंड थाना कल्याणपुर जिला समस्तीपुर राज्य बिहार हाल पता बड़ौदा यूपी बैंक ठोठरी बाजार थाना लोटन जनपद सिद्धार्थनगर पर बैंक का रुपया लेकर फरार होने की बात कही थी। शाखा प्रबंधक ने पुलिस को बताया था कि कैश का मिलान किया तो 10.71 लाख रुपये कम मिला। पैसे का लेनदेन आरोपित कर रहा था। सीसी कैमरे में उसे बाल अपचारी के साथ पैसा लेकर जाते हुए देखा गया है।

एएसपी ने बताया कि पकड़े गए आरोपित ने बताया कि शेष पैसा वह रहने खाने में खर्च कर चुका है। इसकी भरपाई भी वह कर देगा। बदमाश को पकड़ने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक लोटन राजेश कुमार गुप्ता, एसओजी प्रभारी शेषनाथ यादव, सर्विलांस सेल प्रभारी सुरेन्द्र सिंह, उपनिरीक्षक महेश कुमार शर्मा, मुख्य आरक्षी राजीव शुक्ला, आरक्षी सत्येन्द्र यादव, छविराज यादव, रोहित कुमार आदि पुलिसकर्मी शामिल रहे।

# दुष्कर्म का आरोपित गिरफ्तार

जासं, बढ़नी : ढेबरुआ थाना क्षेत्र के एक गांव में 10 दिन पहले एक नाबालिग के साथ हुए दुष्कर्म में मामले में आरोपित को पुलिस ने शनिवार को ढेबरुआ संसरी मार्ग से गिरफ्तार किया है। पकड़े गए बदमाश का नाम 20 वर्षीय आशीष कुमार गुप्ता पुत्र चन्द्रभान गुप्ता निवासी बरगदवा सैफ थाना पचपेड़वा जिला बलरामपुर है। ढेबरुआ थानाध्यक्ष संतोष सिंह ने बताया कि दस दिन पहले थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने तहरीर देकर नाबालिग बेटी के साथ दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज कराया था। आरोपित पर पाक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया था।

# ओडिशा में बस पलटने से चार दर्शनार्थी मरे

## मृतकों में दो इटवा व दो बलरामपुर जिले के, डुमरियागंज से 18 सितंबर को रवाना हुई थी बस

जासं, इटवा (सिद्धार्थनगर) : ओडिसा से लौट रही दर्शनार्थियों से भरी बस रास्ते में पलट गई। बस में बस्ती, सिद्धार्थनगर व बलरामपुर जनपद के 57 यात्री सवार थे। इसमें चार की मृत्यु हो गई जबकि 23 का उपचार अस्पताल में चल रहा है। मृतकों में दो सिद्धार्थनगर के इटवा व दो बलरामपुर जिले के श्रद्धालु हैं।

18 सितंबर को डुमरियागंज से निजी बस संख्या यूपी 51 एटी 6297 तीर्थस्थलों के भ्रमण के लिए रवाना हुई थी। बस ओडिसा राज्य के बाबा भुनेश्वरनाथ, जगन्नाथपुरी की यात्रा करके लौट रही थी जो शुक्रवार देर रात उड़ीसा के बालेश्वर जिले के जलेश्वर के पास पलट गई। बस में कुल 57 श्रद्धालु सवार थे। इनमें चार की मृत्यु हो गई। घायलों में 10 को जिला अस्पताल बालासोर व 13 को जलेश्वर में भर्ती कराया गया है।



राम प्रसाद व संतराम यादव •

मृतकों में राजेश कुमार मिश्र ग्राम पिपरा थाना गौरा, बलरामपुर व कमला देवी निवासी ग्राम बेलहसा थाना गौरा चौराहा, बलरामपुर के हैं। दो अन्य मृतक राम प्रसाद 55 वर्ष पुत्र मोती यादव व संतराम 53 वर्ष पुत्र सुनरपत यादव ग्राम सिकरी थाना इटवा, जनपद सिद्धार्थनगर के रहने वाले हैं। मृत्यु की खबर पर गांव में मातम छा गया। गांव से कुल सात लोग तीर्थयात्रा के लिए गए थे। दो की मृत्यु के अलावा 56 वर्षीय राम लौटन यादव, 54 वर्षीय सुभावती, 65 वर्षीय राम कृपाल मौर्या, 60 वर्षीय फूलमती व 58 वर्षीय सुमिरता शामिल हैं, इनका उपचार चल रहा है।

### एक साथ दो मौतों से दहल उठा सिकरी गांव

जागरण संवाददाता, इटवा : ओडिसा से लौट रही तीर्थ यात्रियों की बस पलट गई। इसमें 57 यात्री घायल हुए तो चार की मृत्यु हुई। इनमें सात दर्शनार्थी इटवा थाना क्षेत्र के ग्राम सिकरी के थे। किसी को क्या पता था कि ये लोग दुर्घटना का शिकार हो जाएंगे। शनिवार को बस के दुर्घटनाग्रस्त होने और दो की मृत्यु की खबर से पूरे गांव वाले दहल उठे थे।

आडिसा राज्य के बाबा भुनेश्वरनाथ, कोणार्क, जगन्नाथपुरी की यात्रा को लेकर सिकरी गांव में 10 दिन पहले खूब तैयारी दिखे। यहां के सात लोग यात्रा में जाने वाले थे। इन्हें 18 सितंबर को फूलमाला पहनाकर लोगों ने विदा किया, पर किसी को क्या खबर थी कि यात्रा की समाप्त के समय ऐसी घटना हो जाएगी। सुबह में जैसे गांव वालों को पता चला कि तीर्थ यात्रा पर गई बस हादसे का शिकार हो गई तो हर कोई परेशान हो उठा। जिनके घर के लोग गए थे, उनके स्वजन कुशलक्षेम जानने के लिए अपने-अपने स्तर पर प्रयास करने लगे। बाद में जब पता चला कि सात में से राम प्रसाद यादव व संत राम की मौत हो गई है तो लोग सकते में आ गए। परिजन रोने-बिलखने लगे। पूरे गांव में शोक की लहर छा गई। मृतक के के स्वजन दुर्घटना स्थल के लिए तुरंत रवाना हो गए। जबकि अन्य जो लोग गए थे, वे अपनों के बारे में जानने के लिए बेताब रहे। पता चला कि अन्य पांच लोग दुर्घटना में घायल हुए हैं, इनमें राम लौटन यादव, सुभावती, राम कृपाल मौर्या, फूलमती व सुमिरता शामिल हैं, जिनका उपचार बालासोर व जलेश्वर में चल रहा है। स्वजन के अलावा गांव के लोग भी अब इन सभी के शीघ्र स्वस्थ होकर घर लौट आने की प्रार्थना कर रहे हैं।

# मुस्तहकम गांव में सांप के डसने से बुजुर्ग की मृत्यु

जागरण संवाददाता, सकारपार : बांसी कोतवाली क्षेत्र के बिशुनपुर मुस्तहकम गांव में शुक्रवार की रात जहरीले सांप के डसने से एक वृद्ध व्यक्ति की मृत्यु हो गई है। मृतक का नाम गांव निवासी पलटन मौर्य (70) पुत्र धनराज है। वह शुक्रवार की रात घर के बरामदे में चारपाई पर सोए हुए थे, इसी दौरान रात 11 बजे के करीब सांप चारपाई पर चढ़कर उनके हाथ की अंगुली में डस लिया। सांप के डसने पर हुए दर्द के बाद उनकी नींद खुली तो उन्होंने स्वजन को घटना की जानकारी दी। इसके बाद घर के लोग सांप को खोजने लगे। इसी दौरान कुछ दूर पर मौजूद सांप को बैठे देखा। स्वजन इलाज के लिए उन्हें निजी साधन से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बांसी ले गए। जहां हालत में सुधार न होने पर माधव प्रसाद त्रिपाठी मेडिकल कालेज सिद्धार्थनगर लाया गया। वहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सकों ने उनकी हालत देखकर गोरखपुर मेडिकल कालेज रेफर कर दिया। स्वजन उन्हें लेकर गोरखपुर जा रहे थे कि उन्होंने रास्ते में दम तोड़ दिया। इस संबंध में बांसी कोतवाल रामकृपाल शुक्ला ने कहा कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# दो मामलों का हुआ निस्तारण

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**तिलौली।** शिवनगर डिंडई थाना में शनिवार को समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इसमें दो मामले आए थे, जिनका मौके पर निस्तारण किया गया।

थानाध्यक्ष शशांक सिंह की अध्यक्षता व राजस्व निरीक्षक रमाशंकर द्विवेदी तथा अशोक कुमार श्रीवास्तव की उपस्थिति में आयोजित थाना समाधान दिवस में राजस्व से संबंधित कुल दो मामले पेश हुए।

पहला मामला क्षेत्र के नचनी गांव के परमात्मा प्रसाद की ओर से शिकायत की गई। तथा दूसरा मामला थुम्हवा भइया निवासी वादिनी संगीता पत्नी रिंकू द्वारा मकान के सामने सहन की जमीन में गोबर आदि रखने का आरोप लगाया गया था।

जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष शशांक सिंह ने बताया कि उपरोक्त दोनों मामलों का त्वरित निस्तारण करा दिया गया।

# पॉक्सो एक्ट में वांछित आरोपी गिरफ्तार

तुलसियापुर। ढ़ेवरुआ पुलिस ने पॉक्सो एक्ट के आरोपी को शुक्रवार को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। जहां से उसे जेल भेज दिया गया। एसओ संतोष कुमार सिंह ने बताया कि पॉक्सो एक्ट के आरोपी आशीष कुमार गुप्ता निवासी बरगदवा सैफ थाना पचपेड़वा जनपद बलरामपुर को शनिवार को थानाक्षेत्र के संसरी पुल से साढ़े 10 बजे गिरफ्तार किया गया है।

# बैंक के रुपये लेकर भागा कैशियर गिरफ्तार

## 10.45 लाख नकदी बरामद, बिहार के रहने वाले कैशियर को ठोठरी बाजार से एसओजी और लोटन पुलिस ने दबोचा

संवाद न्यूज एजेंसी

**सिद्धार्थनगर।** बैंक से पौने ग्यारह लाख रुपये लेकर भागने वाले 20 हजार के इनामी कैशियर को एसओजी और लोटन कोतवाली की पुलिस ने क्षेत्र के ठोठरी बाजार से शनिवार सुबह दबोच लिया। उसके कब्जे से 10.45 लाख रुपये भी बरामद कर लिए। आरोपी के खिलाफ शाखा प्रबंधक ने गबन सहित अन्य धारा में केस दर्ज किया था।

आरोपी कैशियर की तलाश में एसओजी सहित तीन टीम लगातार बिहार का दौरा कर रहीं थी, लेकिन वह स्थान बदलता रहा, जिससे वह पुलिस के हाथ नहीं लग रहा था। पूछताछ करने के बाद आरोपी को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

### बड़ौदा यूपी बैंक की ठोठरी बाजार शाखा से रुपये लेकर हुआ था फरार

अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ ने बताया कि 23 अगस्त को ठोठरी के बड़ौदा यूपी बैंक थाना लोटन से कैशियर 10,71,019 रुपये लेकर फरार हो गया। इसके संबंध में थाना लोटन सावन कुमार सिंह के खिलाफ शाखा प्रबंधक की तहरीर पर सरकारी धन के गबन सहित अन्य धारा में केस दर्ज किया गया।

मामले की जांच के साथ ही आरोपी की गिरफ्तारी के लिए विशेष पुलिस टीम का गठन किया गया। आरोपी पर 20 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था। एसओजी और सर्विलांस टीम को शनिवार को जानकारी मिली की आरोपी क्षेत्र के ठोठरी के पास किसी से मिलने के लिए आने वाला है।

लोटन कोतवाल राजेश कुमार गुप्ता, एसओजी प्रभारी शेषनाथ यादव, सर्विलांस सेल प्रभारी सुरेंद्र कुमार सिंह टीम के साथ बताए हुए स्थान पर पहुंच गए। यहां एक संदिग्ध दिखा जो पुलिस को देखकर भागने लगा। संदेह होने पर घेराबंदी करके उसे पकड़ लिया गया।

पूछताछ में उसने अपनी पहचान सावन कुमार सिंह निवासी मोहल्ला खरसंड थाना कल्याणपुर जिला समस्तीपुर राज्य बिहार हाल पता बड़ौदा यूपी बैंक ठोठरी बाजार थाना लोटन के रूप में हुई। उसके कब्जे से 10.45 लाख बरामद किया गया। जो बैंक शाखा से लेकर भागा था। पूछताछ करने के बाद न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां से जेल भेज दिया गया।

### पूछताछ में बोला आरोपी, रुपये देकर माफी मांगने आ रहा था

**पूछताछ** में आरोपी सावन कुमार सिंह बड़ौदा यूपी बैंक ठोठरी बाजार में कैशियर था। दिनांक 23 अगस्त को ठोठरी के बड़ौदा यूपी बैंक से दोस्त मनीष निवासी कृष्णा नगर (रामनगर) तेतरी बाजार थाना कोतवाली सिद्धार्थनगर की मदद से 10,71,019 रुपये लेकर फरार हो गया था। इसके संबंध में शाखा प्रबंधक बड़ौदा यूपी बैंक ठोठरी बाजार द्वारा थाना लोटन पर अभियोग पंजीकृत कराया गया था। तब मैं डर गया, पुलिस द्वारा मेरे घर व जिले में दबिश दी जाने लगी। मैं हैरान परेशान हो गया। तब मैंने सोचा कि अब मैं बैंक का पैसा लौटा कर माफी मांग लूंगा। इसलिए सारा रुपया लेकर मैं नेपाल चला गया था। ताकि पुलिस से बच सके और आज नेपाल से पगडंडी के सहारे ककरहवा की तरफ से आकर बैंक का पैसा लेकर मैं ठोठरी बडौदा यूपी बैंक लौटाने के लिए जा रहा था, कि पकड़ लिया गया। अभियुक्त से बैंक गबन के बाकी के पैसो के बारे पूछने पर बता रहा है कि साहब बाकी के रुपये मैने आने जाने खाने पीने मे खर्च कर लिया है। वह भी पूरा कर दूंगा अभी मेरे पास नहीं हैं।

# बारिश के कारण नहीं पहुंचे फरियादी

जोगिया । जोगिया कोतवाली में शनिवार को थाना दिवस का आयोजन किया गया ।अफसर इंतजार करते रहे, लेकिन बारिश के कारण शिकायतकर्ता नहीं पहुंचे। थाना समाधान दिवस में रोस्टर के अनुसार अधिकारी थानों पर मौजूद रहे। कोतवाल मनोज कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि ने बताया कि बारिश के कारण फरियादी नहीं आए। संवाद

# SANT KABEER NAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-29-09-2024

## एक परिवार के पांच सदस्यों पर केस दर्ज करने का आदेश

**संतकबीरनगर (एसएनबी)।** न्यायालय सिविल जज सिनियर डिवीजन एसीजेएम संजय राज पांडेय की कोर्ट ने बच्चों के बीच विवाद को लेकर एक राय व गोल बनाकर लाठी-डंडा से पीड़िता व उसके बच्चों को मारने पीटने मकान में तोड़ फोड़ करने के मामले में एक ही परिवार के पांच सदस्यों के विरुद्ध मेंहदावल पुलिस को केस दर्ज कर ने का आदेश दिया है। उन्होंने उक्त मामले की विवेचना करने का निर्देश दिया है। अधिवक्ता अकबाल अहमद ने बताया कि थाना मेंहदावल अंतर्गत मोहल्ला केवटलिया सानी की रहने वाली पीड़िता मुनिया ने कोर्ट में प्रार्थना पत्र देकर कहा है कि 15 मई 2024 को धर्मेन्द्र, मीना, लक्ष्मण, शम्भू व कौलपाती ने उसको तथा उसके बच्चों को उपरोक्त आरोपियों ने मारा-पीटा व जान से मारने की धमकी दी तथा सामान तोड़-फोड़ दिया। उपरोक्त के विरुद्ध मेंहदावल पुलिस को केस दर्ज करने की याचना की। सुनवाई के बाद कोर्ट ने एक ही परिवार के पांच सदस्यों के विरुद्ध मेंहदावल पुलिस को सुसंगत धाराओं में केस दर्ज कर विवेचना करने का आदेश दिया है।

## धोखाधड़ी में अभियुक्त गिरफ्तार

**संतकबीरनगर (एसएनबी)।** कोतवाली पुलिस की टीम ने धोखाधड़ी के मामले में एक अभियुक्त को मगहर सूती मिल रोड़ मोड़ के पास से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय रवाना किया। क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद अजीत चौहान ने बताया कि प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली खलीलाबाद सतीश कुमार सिंह द्वारा गठित टीम के उ.नि. मनीष कुमार जायसवाल, उ.नि. अशोक कुमार सिंह ने आरोपी विनोद कुमार दूबे उर्फ आनन्द दूबे पुत्र ओमकार दूबे निवासी बुदहट घोटवा थाना हरपुर बुदहट जनपद गोरखपुर को मगहर सूती मिल रोड़ मोड़ के पास से गिरफ्तार कर न्यायालय रवाना किया गया।

## दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**बखिरा (एसएनबी)।** थाना बखिरा पुलिस ने नाबालिगा को बहला फुसलाकर भगा ले जानें व दुष्कर्म करने के मामले में अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी को नन्दौर चौराहें के पास से गिरफ्तार कर न्यायालय रवाना किया है। सीओ मेंहदावल केशव नाथ ने बताया कि अभियुक्त परमानंद पुत्र प्रमोद निवासी ग्राम बैरीखाला थाना कप्तानगंज जनपद बस्ती वादी की पुत्री को बहला-फुसलाकर भगा ले गया था। जिसके संबंध में वादी द्वारा थाना स्थानीय परअभियोग पंजीकृत कराया गया था। थाना बखिरा पुलिस ने महिला अपराध की संवेदनशीलता को देखते हुए त्वरित कार्रवाई कर शनिवार को उक्त अभियुक्त को नन्दौर चौराहे के पास से उ.नि. शंभूराम, कां. अनुराग गुप्ता ने गिरफ्तार कर न्यायालय रवाना किया गया।

# समाधान दिवस : एसपी ने सुनी फरियाद, किया निरीक्षण

**संतकबीरनगर (एसएनबी)।** पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता ने थाना कोतवाली खलीलाबाद पर आयोजित थाना समाधान दिवस पर फरियादियों की समस्याओं को सुना और उक्त शिकायतों को सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि थाना समाधान दिवस में आये लोगों की शिकायतों को गंभीरता से सुना जाय। स्थलीय निरीक्षण करके समस्या का निस्तारण सुनिश्चित किया जाय। एसपी ने पुलिस कर्मियों को निर्देशित किया कि थाना समाधान दिवस में प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण जल्द से जल्द किया जाना चाहिए तथा जिन प्रार्थना पत्रों का निस्तारण उच्चाधिकारी स्तर से किया जाना है उन पर रिपोर्ट लगाकर संबंधित अधिकारी को प्रेषित करें जिससे समय से उचित निस्तारण कराया जा सके। इसके एसपी ने थाना कोतवाली खलीलाबाद पर निर्माणाधीन बहुमंजिला पुलिस आरक्षी बैरक का निरीक्षण किया तथा पायी गयी कमियों को तत्काल सही करने हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया। इस दौरान उप जिलाधिकारी शैलेश कुमार दूबे, सीओ सिटी अजीत चौहान, इंस्पेक्टर सतीश कुमार सिंह व अन्य राजस्वकर्मी मौजूद रहे।

**थाना समाधान में दिवस में कुल 27 मामले निस्तारित** थाना समाधान दिवस में आये 16 मामलों जिनमें 15 मामले राजस्व व एक मामला पुलिस विभाग से संबंधित हैं। इसमें थाना दुधारा व थाना धर्मसिंहवा में एक-एक मामला निस्तारित हुआ। यह मामले राजस्व विभाग से संबंधित हैं। कुल 14 मामलों का निस्तारण शेष हैं। इन मामलों के निस्तारित के लिए अधिकारियों द्वारा संबंधित को निर्देशित किया गया है। वहीं थाना समाधान दिवस में सभी थानों से पूर्व के कुल 25 प्रकरण निस्तारित किए गए हैं। इस प्रकार कुल 27 मामले निस्तारित हुए हैं।

**एएसपी ने थाना मेंहदावल व बेलहर कला में सुनी फरियाद** मेंहदावल (एसएनबी)। अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह एवं क्षेत्राधिकारी मेंहदावल केशवनाथ द्वारा सम्पूर्ण समाधान दिवस पर उप जिलाधिकारी मेंहदावल व प्रभारी निरीक्षक मेंहदावल रामकृपाल सिंह की उपस्थिति में थाना मेंहदावल पर जनसुनवाई की गई। इसके साथ एएसपी नें बेलहर कला में थानाध्यक्ष जितेन्द्र यादव की उपस्थिति में प्रार्थना पत्रों की सुनवाई की। खराब मौसम और अति बारिश के कारण आज आने वाले जनसुनवाई प्रार्थना पत्र की संख्या बहुत कम रही। सभी संबंधित को निर्देशित किया गया कि जो भी जन शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हो उनमें आवश्यक वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित करें ताकि जनता द्वारा दिए प्रार्थना पत्रों का निस्तारण हो सके।



निर्माणाधीन पुलिस आरक्षी बैरक का निरीक्षण करते एसपी, साथ एसडीएम, सीओ व अन्य। फोटो : एसएनबी

# लेखपाल पर धनउगाही का आरोप चपरापूर्वी के ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

**धनघटा (एसएनबी)।** हलका लेखपाल पर छोटे-छोटे कार्यों के नाम पर धनउगाही करने का आरोप लगाते हुए धनघटा तहसील क्षेत्र के चपरापूर्वी ग्राम पंचायत के सैकड़ों ग्रामीण शनिवार को धनघटा तहसील पहुंच गए और जोरदार प्रदर्शन करते हुए हलका लेखपाल के विरूद्ध कार्रवाई की मांग की। प्रदर्शन के बाद प्रदर्शनकारी ग्रामीणों के प्रतिनिधि मंडल ने एसडीएम धनघटा रमेशचन्द्र से मुलाकात की और उन्हें एक ज्ञापन भी सौंपा। एसडीएम ने ज्ञापन की जांच कराकर दोषी लेखपाल के विरूद्ध कार्रवाई करने का भरोसा प्रदर्शनकारी ग्रामीणों को दिया है। एसडीएम को सौंपे गए ज्ञापन में तहसील क्षेत्र के चपरापूर्वी गांव के प्रदर्शनकारी ग्रामीण नीरज कुमार, उमेशचन्द्र, संवरू सिंह, प्रभुनाथ, मुसाफिर, उदयराज, चेतन, कपिलदेव, जयंती, त्रिलोकी चौहान, जगदीशलाल चौहान, महेन्द्र चौहान, गुड्डू चौहान,राजकिशोर निषाद, रामसुभग चौहान,पुष्पा, बबिता, गुड़िया,सन्ध्या,उर्मिला, यशोदा देवी, श्यामबिहारी,मिठना देवी, शीला, ठकुरी देवी, चम्पा, रेंशमा, राधिका व चन्दा देवी आदि ग्रामीणों ने बताया कि विगत 4 वर्षों से विवेकरंजन उनके गांव में लेखपाल के पद पर तैनात हैं। उन्होंने धनउगाही करने के लिए एक प्राइवेट मुंशी भी रखा हुआ है। उक्त लेखपाल आय,जाति व निवास पर अपनी रिपोर्ट लगाने के नाम पर खुद के साथ-साथ रखे गए प्राइवेट मुंशी की मदद से ग्रामवासियों से धनउगाही करते हैं। इतना ही नहीं किसान सम्मान निधि आदि दिलाने के नाम पर भी लेखपाल और उनके मुंशी द्वारा वसूली की जाती है। जरूरतमंद ग्रामीणों द्वारा अपनी जरूरत पर बार-बार फोन किया जाता है लेकिन लेखपाल फोन ही नहीं उठाते हैं। कोई काम बगैर मोटी रकम वसूल किए लेखपाल द्वारा नहीं किया जाता है। गांव के कई टोलों के बाढ प्रभावित होने की जानकारी ज्ञापन में देते हुए प्रदर्शनकारी ग्रामीणों ने बताया कि बाढ राहत सामग्री भी अपने चहेतों और अपने दलालों को ही लेखपाल द्वारा दी गई है। प्रदर्शनकारियों ने ज्ञापन में लेखपाल को तत्काल गांव से हटाते हुए उनके विरूद्ध जांच कर कार्रवाई करने की मांग एसडीएम से की है।



# अभियोजन अधिकारियों ने न्यायालय में विचारण के दौरान आने वाली कठिनाइयों का किया उल्लेख

संतकबीरनगर (एसएनबी)। अभियोजन अधिकारियों व शासकीय अधिवक्ताओं की कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी महेन्द्र सिंह तंवर व पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता की अध्यक्षता में गोष्ठी हुई। जिसमें न्यायालय में लंबित अभियोगों गुंडा एक्ट, गैंगेस्टर एक्ट, पाक्सो एक्ट, एससी/एसटी एक्ट, महिला संबंधी अपराधों आदि के दृष्टिगत अभियोजन पक्ष द्वारा की गई कार्रवाइयों पर विस्तार से चर्चा की गई। इसके साथ ही अभियोजन पक्ष एवं पुलिस को आपस में समन्वय कर मामलों के यथाशीघ्र निस्तारण करने का निर्देश दिया गया।

वहीं न्यायालय में विचारण के दौरान आने वाली कठिनाइयों का उल्लेख अभियोजन अधिकारियों किया गया। जिनको संज्ञान में लेते हुए उसे अविलंब दूर करने हेतु संबंधित को हिदायत दी गयी। गोष्ठी में वरिष्ठ अधिकारियों ने अपराधियों को चिन्हित कर अपराधों में लिप्त अपराधियों को कठोर सजा दिलाने, अभियोगों का त्वरित निस्तारण व अभियोजन की कार्रवाई को और बेहतर करने के उपायों पर चर्चा की। इस दौरान यह भी निर्धारित किया गया कि महिलाओं व बच्चों के साथ हो रहे अपराधों में पंजीकृत अभियोगों में न्यायालय के विचारण के दौरान अभियोजन पक्ष और बेहतर ढंग से साक्ष्यों को प्रस्तुत करें जिससे कि अपराधियों को शत-प्रतिशत सजा सुनिश्चित की जा सके। अभियोजन पक्ष तथा पुलिस आपस में समन्वय कर मामलों का यथाशीघ्र निस्तारण करायें। गोष्ठी में अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद अजीत चौहान समस्त थानों के थाना प्रभारी व अभियोजन अधिकारी सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।



अभियोजन अधिकारियों व शासकीय अधिवक्ताओं की गोष्ठी को संबोधित करते डीएम, साथ में एसपी।

# पति समेत चार ससुरालियों पर दहेज उत्पीड़न का केस

संतकबीरनगर। महिला थाना पुलिस ने दहेज के लिए विवाहिता को प्रताड़ित करने के मामले में पति समेत चार ससुरालियों पर दहेज उत्पीड़न का केस दर्ज किया। महुली क्षेत्र के बाघापार निवासी अर्चना पुत्री प्रहलाद पाल का आरोप है कि उसके पति रवि प्रकाश, सास सोनमती, ससुर राम प्रताप पाल, ननद श्वेता निवासी विवेकपुरम सिद्धार्थ इंक्लेव निकट डालफिन आईस्क्रीम फैक्ट्री थाना रामगढ़ताल जनपद गोरखपुर दहेज के लिए प्रताड़ित करते रहते हैं। आरोप है कि ससुराली दहेज में 12 लाख रुपये व चार पहिया वाहन की मांग को लेकर उसे मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित कर रहे है। एसओ सरोज शर्मा ने बताया कि पति समेत चार ससुरालियों पर दहेज उत्पीड़न का केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

# बाढ पीडितों ने धनघटा-बिड़हरघाट मार्ग किया जाम

धनघटा,(एसएनबी)। धनघटा क्षेत्र में सरयू नदी गौरा और मदरबांध के बीच बीते दिनों आई बाढ के बाढ प्रभावित गांवों के बाढ पीड़ित परिवारों को राहत पहुंचाने के लिए सरकार द्वारा वितरित करने के लिए मुहैया कराई गई राहत सामग्री किट के वितरण में हलका लेखपाल पर बाढ पीड़ितो ने गोलमाल करने का

> लेखपाल पर बाढ़ राहत सामग्री किट वितरण में गोलमाल करने के आरोप
>
> लेखपाल के विरूद्ध कार्रवाई न होने पर बाढ पीडितों ने दी तहसील का घेराव करने की चेतावनी

आरोप लगाया है। शुक्रवार की देर शाम राहत सामग्री किट वितरण में लेखपाल द्वारा गोलमाल किए जाने की जानकारी जैसे ही बाढ पीड़ितों को हुई तो उनका आक्रोश बढ गया। बाढ प्रभावित गांव खालेपुरवा व आगापुर-गुलरिहा आदि गांवों के सैकड़ो महिला-पुरूष बाढ पीड़ित धनघटा-बिड़हरघाट मार्ग पर नेतवापुर चौराहे के निकट एकत्र हो गए और मार्ग को जाम कर आरोपी लेखपाल विवेकरंजन के विरूद्ध कार्रवाई करने की मांग करते हुए नारेबाजी करना शुरू कर दिया। धनघटा-बिड़हरघाट मार्ग के जाम किए जाने की सूचना पर भारी पुलिस बल के साथ नायब तहसीलदार मौके पर पहुंच गए और आक्रोशित बाढ पीड़ितों को समझाने-बुझाने के बाद आरोपी लेखपाल के विरूद्ध जांच कर कार्रवाई करने का भरोसा दिया तब जाकर बाढ पीड़ितों का आक्रोश शान्त हुआ और वह मार्ग से जाम हटाने पर राजी हुए। लगभग एक घंटे तक धनघटा-बिड़हरघाट



मार्ग पर जाम होने से दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतारे लग गई। बाढ पीड़ितों द्वारा जाम हटाने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने काफी देर तक कड़ी मशक्कत कर किसी तरह यातायात व्यवस्था सामान्य कराया। विदित हो कि हलका लेखपाल विवेकरंजन द्वारा शुक्रवार को बाढ प्रभावित गांवों में पहुंचकर बाढ पीड़ितो के बीच राहत सामग्री किट वितरित की जा रही थी तो मौके पर राहत सामग्री किट कम पड़ जाने के कारण कई बाढ पीड़ित राहत सामग्री किट पाने से वंचित रह गए। शुक्रवार की देर शाम कुछ बाढ पीड़ितो ने नजदीकी नेतवापुर चौराहे पर दुकान पर राहत सामग्री किट रखा देखा तो जानकारी करने पर पता चला कि चहेतों को राहत सामग्री किट देने के लिए लेखपाल विवेकरंजन ने रखवाई है। दुकान पर राहत सामग्री किट रखे जाने की जानकारी जैसे ही बाढ पीड़ितो को मिली तो उनका गुस्सा फूट पड़ा और सैकड़ो की संख्या में महिला-पुरूष बाढ पीड़ित धनघटा-बिड़हरघाट मार्ग पर पहुंच गए और नारेबाजी करते हुए मार्ग को जाम कर दिया। धनघटा-बिड़हरघाट मार्ग के जाम किए जाने की सूचना जैसे ही प्रशासन को मिली तो प्रशासन के हाथ-पांव फूल गए। आनन-फानन में नायब तहसीलदार भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए और बाढ पीड़ितों के दर्द को सुना। आक्रोशित बाढ पीड़ितों ने लेखपाल विवेकरंजन के ऊपर राहत सामग्री किट वितरण में गोलमाल करने का आरोप खुलेआम लगाते हुए उनके विरूद्ध कार्रवाई करने की मांग करने लगे तो नायब तहसीलदार ने समझा-बुझाकर जांच के बाद आरोपी लेखपाल के विरूद्ध कार्रवाई करने का भरोसा बाढ पीड़ितो को दिया तब जाकर उनका आक्रोश शान्त हो सका और वह मार्ग से जाम हटाने पर राजी हुए। बाढ पीड़ितों ने चेतावनी दी अगर आरोपी लेखपाल के विरूद्ध कार्रवाई नहीं हुई तो तहसील पहुंचकर वह सभी अधिकारियों का घेराव करने को बाध्य होंगे।

# रेप के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

संतकबीरनगर। बखिरा पुलिस ने शनिवार को नंदौर से बस्ती जिले के रहने वाले दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार किया। एसओ श्याम मोहन ने बताया कि क्षेत्र की रहने वाली किशोरी को आरोपी युवक बहला फुसला कर भगा ले गया था। 31 अगस्त को पीड़ित पिता ने आरोपी परमानंद निवासी बैरीखाला थाना कप्तानगंज जनपद बस्ती के खिलाफ बेटी को बहला फुसला कर भगाने और पॉक्सों एक्ट के तहत केस दर्ज कराया था। पीड़िता के बयान और साक्ष्य के आधार पर आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म की धारा बढाई गई। सूचना के आधार पर एसआई शंभूराम, कांस्टेबल अनुराग गुप्ता ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में लेते हुए जेल भेज दिया।

# जमीन संबंधी विवाद में मां-बेटे को पीटा, केस

संतकबीरनगर। कोतवाली क्षेत्र के कोनीं में शनिवार को जमीन संबंधी विवाद को लेकर कुछ लोगों ने मां-बेटे की पिटाई कर दी। पीड़ित नीता देवी पत्नी विभीषण का आरोप है कि उसका पट्टीदार से जमीन के बंटवारे का विवाद एसडीएम सदर की कोर्ट में दाखिल है। जिसमें वह हिस्सेदार है। अभी कोर्ट का फैसला नहीं आया है। उसके पहले ही उसके जमीन में विपक्षी शनिवार को जबरदस्ती छप्पर रख रहे थे। मना करने पर रमेश, शनि, अखिलेश उसे अपशब्द कहते हुए लाठी, डंडे से मारे पीटे और जानमाल की धमकी दिए। उसके पुत्र सत्यम का गला दबा दिया और मारा पीटा। कोतवाल सतीश सिंह ने बताया कि दो सगे भाई समेत तीन लोगों पर केस दर्ज कर लिया गया है।

# जनसहयोग से तीन कैमरे लगवाए गए

संतकबीरनगर। बखिरा पुलिस ने ऑपरेशन त्रिनेत्र अभियान के तहत शनिवार को जनसहयोग से 03 सीसीटीवी कैमरा लगवाया। पुलिस ने कैमरे लगवाकर सराहनीय कार्य करने वाले व्यक्ति को माल्यार्पण कर सम्मानित किया। एसओ श्याम मोहन ने कैमरे का महत्व बताते हुए कहा कि जब लोग घरों से बाहर होते है तो कैमरे रखवाली करते है। एसओ ने अपील किया कि लोग अपने- अपने घरों, कॉलोनियों व व्यवसायिक प्रतिष्ठानों पर सीसीटीवी कैमरें जरुर लगवाएं । कम से कम एक कैमरे से सड़क पर भी निगरानी रखें। जिससे कि अपराधिक व असामाजिक तत्वों पर निगरानी रखी जा सकें।

# थाना समाधान दिवस में कम संख्या में पहुंचे फरियादी

संतकबीरनगर, निज संवाददाता। जिले में शनिवार को सुबह से दोपहर तक बारिश होने का असर थाना समाधान दिवस पर भी पड़ा। इसकी वजह से थानों पर आयोजित समाधान दिवस में सिर्फ 16 शिकायतें पहुंची। इनमें 15 शिकायतें राजस्व से संबंधित रहीं। जबकि एक मामला पुलिस से संबंधित रहा। मौके पर राजस्व के दो मामलों का निस्तारण हो पाया।

एसपी सत्यजीत गुप्ता ने कोतवाली खलीलाबाद में आयोजित थाना समाधान दिवस में पहुंच कर लोगों की समस्याएं सुनी। संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि थाना समाधान दिवस में आए लोगों की शिकायतों को गम्भीरता से सुना जाए तथा स्थलीय निरीक्षण करके समस्या का निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। बाद में एसपी ने कोतवाली खलीलाबाद परिसर में निर्माणाधीन बहुमंजिला आरक्षी बैरक का निरीक्षण किया। निरीक्षण में पाई गई कमियों को तत्काल सही करने के लिए संबंधित को निर्देशित किया। कोतवाली खलीलाबा में राजस्व के पांच मामले आए किसी का निस्तारण नहीं हुआ।



कोतवाली खलीलाबाद मे शनिवार को आयोजित थाना समाधान दिवस के अवसर पर शिकायतों की सुनवाई करते एसपी सत्यजीत गुप्ता। • हिन्दुस्तान

दुधारा में दो मामलों में एक का निस्तारण हुआ। इसके अलावा धनघटा में तीन, महुली व बखिरा में दो-दो, बेलहर व धर्मसिंहवा में एक-एक, सभी मामलों को संबंधित अधिकारी को निस्तारण के लिए सौंप दिया। एएसपी सुशील कुमार सिंह ने पहले मेंहदावल थाने पर पहुंचकर जनता की समस्याओं को सुना और निस्तारण का निर्देश दिया। बाद में एएसपी बेलहर कला थाने पर पहुंच कर फरियादियों की समस्याएं सुनी। सभी संबंधित को निर्देशित किया गया, कि जो भी जनशिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हो, उनमें आवश्यक वैधानिक कार्यवाही सुनिश्चित करें ताकि जनता द्वारा दिए प्रार्थना पत्रों का निस्तारण हो सके। बाद में एएसपी ने बेलहर थाने का निरीक्षण किया।

# अभियान में पुलिस ने एमवी एक्ट में 135 वाहनों का किया चालान

संतकबीरनगर। एसपी सत्यजीत गुप्ता के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के तहत शनिवार को सभी थाना क्षेत्रों की पुलिस ने संदिग्धों की तलाश में वाहनों की चेकिंग की। पुलिस ने मोटर वाहन अधिनियम के तहत 135 वाहनों का चालान किया। इसके अलावा 1 लाख 47 हजार 500 रुपये शमन शुल्क की वसूली की। अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# कोर्ट के आदेश पर 19 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

संतकबीरनगर, निज संवाददाता। मेंहदावल पुलिस ने शुक्रवार की देर शाम कोर्ट के आदेश पर बीमापार सीयर निवासी 19 लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया। पीड़ित कुच्ची देवी पत्नी स्वर्गीय हरिवंश का निषाद का आरोप है कि चार जुलाई 2024 को जमीन विवाद को लेकर विपक्षी उसके दरवाजे पर लाठी, डंडा लेकर चढ़ आए और उसे अपशब्द कहने लगे।

पीड़िता का आरोप है कि उसके घर में घुस कर लोगों ने उसे मारने-पीटने लगे। बेटी अनीता बचाव में पहुंची तो लोग उसे भी मारा-पीटा और बहू तारा की भी पिटाई की। बाद में रीना और राम करन को भी मारा पीटा। पिटाई से लोगों को चोटे आई। आरोप है कि घर में रखा सामान, जेवर गहना, बर्तन आदि उठा ले गए। शौचालय का दरवाजा, गैस चूल्हा आदि सामान तोड़ कर नष्ट कर दिए। थाने की पुलिस में शिकायत की गई, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। बाद में एसपी को रजिस्टर्ड डाक से शिकायती प्रार्थना पत्र भेजा, फिर भी कार्रवाई नहीं हुई। मजबूरन कोर्ट की शरण लेनी पड़ी।

एसओ राम कृपाल सिंह ने बताया कि लक्ष्मन, बलदेव, गिरधारी, सुरेंद्र, राकेश, शिवकुमार, झीनक, ऊषा, किसमती, कमली, लाली, सुधा, संतरा, फूलमती, संतरा, सेमराजी, राम अचल, आरती, दिलीप कुमार के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है। विवेचना से जो तथ्य सामने आएगा, आगे वैसी कार्रवाई की जाएगी।

# पांच आरोपियों के विरुद्ध मारपीट का दर्ज होगा केस दर्ज

संतकबीरनगर। मारपीट व तोड़फोड़ करने के आरोपी एक ही परिवार के पांच सदस्यों पर सिविल जज सीनियर डिवीजन एवं एसीजेएम संजय राज पांडेय की कोर्ट ने केस दर्ज करने का आदेश दिया है। आरोपी धर्मेन्द्र, मीना, लक्ष्मण, शम्भू व कौलपाती पर वादिनी के बच्चों को मारने-पीटने, सामान तोड़ देने तथा जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया गया है।

वादिनी के अधिवक्ता अकबाल अहमद ने बताया कि मामला मेंहदावल थाना क्षेत्र के मोहल्ला केवटलिया सानी का है। प्रकरण में मुनिया ने कोर्ट में आवेदन दिया था। उसका आरोप है कि दिनांक 15 मई 2024 को धर्मेन्द्र, मीना, लक्ष्मण, शम्भू तथा कौलपाती ने उसे व उसके बच्चों को मारा पीटा। कोर्ट ने सुनवाई के पश्चात थानाध्यक्ष मेंहदावल को अभियोग पंजीकृत कर विवेचना करने का आदेश दिया।







# भारी वर्षा से जगह-जगह जलभराव, मुसीबत में लोग

तालाब बना शहर, कस्बा व बाजारों में भरा पानी, राहगीरों को आवागमन में हुई परेशानी, लोगों का जनजीवन हुआ प्रभावित

[illegible]





[illegible]

## विद्युत उपकेंद्र कलवारी के परिसर में भरा पानी



[illegible]

# राहत सामग्री न मिलने पर तहसील में किया प्रदर्शन

## धनघटा क्षेत्र के खालेपुरवा गांव के बाढ़ पीड़ितों ने लेखपाल को हटाए की मांग की, राहत सूची बनाने में मनमानी का आरोप

संवाद न्यूज एजेंसी

धनघटा। क्षेत्र के खालेपुरवा गांव के लोगों को बाढ़ राहत सामग्री न मिलने का मामला तूल पकड़ने लगा है। बृहस्पतिवार को उमरिया बाजार- बिड़हरघाट मार्ग जाम करने के बाद शुक्रवार को धनघटा तहसील पर पहुंच कर लोगों ने प्रदर्शन किया।

बाढ़ पीड़ितों का आरोप है कि लेखपाल ने बाढ़ राहत सूची बनाने में मनमानी की है, जिससे कई लोग वंचित रह गए हैं। लेखपाल को तत्काल हटाने की है।

हाल ही में सरयू की बाढ़ से क्षेत्र के 2100 परिवार प्रभावित हुए थे। जिन्हें चिह्नित करने के बाद तहसील प्रशासन ने सभी को राहत सामग्री किट बांटा था। ग्राम पंचायत चपरा पूर्वी के खाले पुरवा निवासी प्रभुनाथ, मुसाफिर, उदयराज चौहान, पुष्पा देवी, बबीता देवी, संध्या, उर्मिला, यशोदा देवी, श्याम बिहारी, मिथिला देवी, लाली देवी, ठकुरी, चंपा देवी आदि का आरोप है कि बाढ़ राहत सूची बनाने के दौरान हल्का लेखपाल ने कई लोगों का नाम शामिल नहीं किया, जिसकी वजह से पात्र होते हुए भी लोग राहत सामग्री पाने से वंचित रह गए। गांव वालों ने हल्का लेखपाल को तत्काल हटाने और राहत सामग्री दिलाए जाने की मांग की।

**बोले जिम्मेदार**

*बाढ़ राहत सामग्री बांटने में पूरी पारदर्शिता बरती गई है। अगर कोई पात्र राहत पाने से वंचित रह गया है तो जांच कराकर उसे भी राहत सामग्री उपलब्ध कराई जाएगी।* - रमेश चंद्र, उपजिलाधिकारी

*मेरे ऊपर लगाए गए आरोप निराधार हैं। जो बाढ़ से प्रभावित थे उन्हें चिह्नित करने के बाद राहत सामग्री सूची बनाई गई। कुछ लोग निजी स्वार्थ को लेकर लोगों को गुमराह कर बेवजह आरोप लगा रहे हैं।* - विवेक रंजन, लेखपाल



धनघटा तहसील में प्रदर्शन करतीं खालेपुरवा गांव की महिलाएं व अन्य लोग। स्रोत- ग्रामीण

# धोखाधड़ी मामले का एक आरोपी गिरफ्तार

संतकबीरनगर। कोतवाली पुलिस ने शनिवार को मगहर के सूती मिल रोड मोड़ से धोखाधड़ी के एक आरोपी को गिरफ्तार किया। कोतवाल सतीश सिंह ने बताया कि धोखाधड़ी के मुख्य आरोपी रामकेश शर्मा निवासी घघसरा, सहजनवा गोरखपुर और दूसरे आरोपी विनोद दूबे उर्फ आनंद दूबे निवासी बुदहट घोटवा थाना हरपुर बुदहट जनपद गोरखपुर पर वर्ष 2023 में धोखाधड़ी का केस दर्ज हुआ था। जिसमें रामकेश शर्मा कंपनी के मैनेजिंग डायरेक्टर और दूसरे आरोपी विनोद दूबे उनके सहयोगी कर्मी हैं। इसी मामले में सूचना के आधार पर चौकी इंचार्ज मगहर मनीष जायसवाल ने आरोपी विनोद दूबे उर्फ आनंद दूबे को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में लेते हुए जेल भेज दिया। जबकि मुख्य आरोपी रामकेश शर्मा की तलाश की जा रही है।

# पीड़ितों की समस्याओं के समाधान का दिया निर्देश

## दबाव में कार्य करने पर होगी कार्रवाई



खलीलाबाद कोतवाली में थाना समाधान दिवस पर सुनवाई करते एसपी सत्यजीत गुप्ता (दाएं) • जागरण

जासं, संतकबीर नगर : शनिवार को जनपद के सभी थानों पर थाना समाधान दिवस आयोजित किया गया। पीड़ितों की फरियाद सुनकर अधिकारियों ने मातहतों को तत्काल मौके पर जाकर मामलों को निस्तारित करने का निर्देश दिया।

कोतवाली खलीलाबाद में आयोजित कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता ने सुनवाई की। एसपी ने संबंधित अधिकारियों को मौके पर जाकर शिकायतों का सुलह समझौते के आधार पर निस्तारित करवाए। एसपी ने कहा कि दोनों पक्षों की सुनने के बाद ही जिम्मेदारों को आगे का निर्णय लेना चाहिए। किसी के दबाव में कार्य करने का मामला सामने आने पर संबंधित

- टीम गठित कर एक सप्ताह के अंदर विवादों को करें निस्तारित
- दोनों पक्षों की सुनने के बाद ही जिम्मेदारों को लेना चाहिए आगे का निर्णय

के विरुद्ध कार्रवाई भी की जाएगी। यहां राजस्व से संबंधित पांच मामले आए, सभी मामलों में टीम गठित कर एक सप्ताह के अंदर विवादों को निस्तारित करें।

मौके पर एसडीएम शैलेश दुबे, सीओ अजीत चौहान, कोतवाली प्रभारी सतीश कुमार सिंह, राजेश दुबे समेत अनेक फरियादी और राजस्वकर्मी मौजूद रहे।

# राहत सामग्री न मिलने से बाढ़ पीड़ितों ने किया प्रदर्शन



धनघटा तहसील में प्रदर्शन करतीं महिलाएं ● जागरण

- लेखपाल को हटाए जाने की मांग पर अड़े बाढ़ पीड़ित
- तहसील परिसर में प्रदर्शन कर लगाया मनमानी का आरोप

धनघटा, संतकबीर नगर : धनघटा क्षेत्र के बाढ़ प्रभावित खालेपुरवा के लोगों ने शनिवार को तहसील परिसर में प्रदर्शन करके विरोध जताया। सभी ने लेखपाल पर मनमानी का आरोप लगाते हुए उसे हटाने की मांग की।

बाढ़ राहत सामग्री नहीं मिलने को लेकर शुक्रवार को भी गांव के लोगों ने उमरिया बाजार-बिड़हर घाट मार्ग को जाम कर दिया था। तहसील परिसर में भी प्रदर्शन किया। पीड़ितों का आरोप था कि क्षेत्रीय लेखपाल द्वारा बाढ़ पीड़ितों की सूची बनाने में मनमानी किया है। इससे अनेक बाढ़ पीड़ित परिवार बाढ़ राहत सामाग्री पाने से वंचित रह गए हैं। सभी ने एसडीएम से गांव के लेखपाल को तत्काल हटाने की मांग की। इस मौके पर प्रभुनाथ, मुसाफिर, उदयराज चौहान, पुष्पा देवी, बबीता देवी, संध्या, उर्मिला, यशोदा देवी, श्याम बिहारी, मिथिला देवी, लाली देवी, ठकुरी, चंपा देवी, सरिता समेत अनेक लोग मौजूद रहे। एसडीएम रमेश चंद्र ने कहा कि बाढ़ राहत सामग्री वितरण में पूरी पारदर्शिता बरती गई है। अगर कोई पात्र राहत पाने से वंचित रह गया है तो जांच कराकर उसे भी राहत सामग्री उपलब्ध कराई जाएगी। लेखपाल विवेक रंजन ने अपने ऊपर लगाए गए आरोपों को बेबुनियाद बताया।

# अपहरण व दुष्कर्म का आरोपित गिरफ्तार

जासं, बखिरा : थानाक्षेत्र के एक गांव की किशोरी का अपहरण करके युवक ने दुष्कर्म किया था। पुलिस मुकदमा दर्ज करके आरोपित की तलाश कर रही थी। युवक को गिरफ्तार किया। थानाध्यक्ष श्याम मोहन ने बताया कि पूर्व में दर्ज मुकदमें में धारा परिवर्तन करते हुए बस्ती कप्तानगंज के ग्राम बैरीखाला निवासी परमानंद को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

# दहेज के लिए विवाहिता से मारपीट

**संतकबीरनगर।** महुली क्षेत्र निवासी विवाहिता को दहेज के लिए ससुरालियों ने मारपीट कर उसकी बच्ची के साथ घर से निकालने का मामला सामने आया। महिला थाना पुलिस ने विवाहिता की शिकायत पर मामले में पति समेत चार पर दहेज उत्पीड़न का केस दर्ज किया है।

महुली क्षेत्र निवासी पीड़िता ने बताया कि उसकी शादी 30 जनवरी 2023 को रवि प्रकाश पाल पुत्र रामप्रताप पाल निवासी विवेकपुरम सिद्धार्थ इंक्लेव तारामंडल रामगढ़ ताल जनपद गोरखपुर में हुई थी। तीन फरवरी को विदा होकर अपने ससुराल गई।

ससुराल में पति रवि प्रकाश, सास, ससुर व ननद 12 लाख रुपये व एक चार पहिया गाड़ी के लिए शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित करते रहते थे। विवाहिता का आरोप है किसात नवंबर को बेटी पैदा होने पर उसका गला दबाकर मारने का प्रयास किया गया। एसओ महिला थाना सरोज शर्मा ने बताया कि शिकायत पर ससुरालियों पर केस दर्ज किया गया है। संवाद

# रोक दिया नाली का पानी रोजाना हो रही परेशानी

## थाना समाधान दिवस में पहुंचे लोगों ने बताई पीड़ा

संवाद न्यूज एजेंसी

**संतकबीरनगर।** जनपद के समस्त थानों पर शनिवार को थाना समाधान दिवस का आयोजन हुआ। इस दौरान बारिश के चलते फरियादी कम आए। कुल 15 मामले आए और मात्र एक का निस्तारण हुआ। एसपी सत्यजीत गुप्त ने कोतवाली में फरियाद सुनी।

कोतवाली खलीलाबाद में आयोजित थाना समाधान दिवस पर फरियाद लेकर पहुंचे बालूशासन निवासी डॉ बीएम राय ने बताया कि उनकी घर का पानी नाली से बहता है। कुछ लोगों ने नाली पाट दिया और पानी बहने नहीं दे रहे है। जिससे घर में रहे बुजुर्ग माता पिता को परेशानी हो रही है। इसकी शिकायत तहसील पर की थी लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। आज थाना समाधान दिवस पर आए और यहां पर फरियाद की है।



डॉ. बीएम रायं। पीड़ित

एसडीएम शैलेश दुबे ने समस्या के निस्तारण का आश्वासन दिया। इसके साथ ही कोतवाली में एसपी सत्यजीत गुप्त ने फरियाद सुनी। इस दौरान पांच मामले आए एक का भी समाधान नहीं हुआ। इसी तरह से दुधारा थाने पर दो, धनघटा थाने पर तीन, महुली में एक और उसका निस्तारण हुआ।

मेंहदावल में एक भी मामला नहीं आया। इसी तरह से बखिरा में दो, बेलहर में एक, धर्मसिंहवा में एक मामला आया और एक का भी निस्तारण नहीं हुआ।





कोतवाली में आयोजित थाना समाधान दिवस के अवसर पर फरियादियों की समस्या सुनते एसडीएम सदर और सीओ। संवाद

# गश्त कर कराया सुरक्षा का अहसास

संवाद न्यूज एजेंसी

## सीओ सिटी की अगुवाई में कोतवाली खलीलाबाद में गोष्ठी भी हुई

संतकबीरनगर। जनपद में त्योहार को देखते हुए सीओ सिटी अजीत चौहान की अगुवाई में कोतवाली खलीलाबाद में गोष्ठी और शहर में शुक्रवार की रात को पुलिस टीम ने पैदल गश्त किया। लोगों को सुरक्षा का अहसास कराया।

दुर्गा पूजा के संबंध में प्रतिमा रखने वाले आयोजकों के साथ बैठक की। सभी को बताया गया कि परंपरागत रूप से जो कार्यक्रम आयोजित होते हैं, वही आयोजित किए जाएंगे और परंपरागत जुलूस ही निकल सकेंगे।

सभी को उनकी जिम्मेदारियां के संबंध में बताया गया। आयोजकों के द्वारा वॉलंटियर्स नियुक्त किए जाएंगे, जो व्यवस्था बनाने में मदद करेंगे। साथ ही सीओ ने सभी आयोजकों को सख्त हिदायत दी कि डीजे की ध्वनि मानक के अनुरूप ही रखा जाए।

पुलिस टीम ने शहर के समय माता मंदिर स्थान से लेकर गोला बाजार, बैंक चौराहा आदि स्थानों पर पैदल गश्त करके शहरवासियों को सुरक्षा का अहसास कराया।

इस अवसर पर कोतवाल सतीश कुमार सिंह, एसएसआई राजेश कुमार दूबे, चौकी प्रभारी मनीष कुमार जायसवाल के साथ ही अन्य लोग व पुलिस कर्मी उपस्थित रहे।

# गिरफ्तारी के डर से भूमिगत हो गए अधिकतर बीडीसी

## सेमरियावां में अविश्वास प्रस्ताव का मामला, दोनों पक्षों को खुश करने में फंस गए 53 क्षेत्र पंचायत सदस्य

संवाद न्यूज एजेंसी

संतकबीरनगर। सेमरियावां ब्लॉक प्रमुख के अविश्वास प्रस्ताव में दोनों पक्षों के समर्थन में शपथ पत्र देने के मामले में 53 क्षेत्र पंचायत सदस्य फंस गए हैं।

पुलिस ने इनके खिलाफ गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया है। कुल सात तरह की धाराएं लगी हैं। अब पुलिस की गिरफ्तारी की डर से अधिकतर क्षेत्र पंचायत सदस्य भूमिगत बताए जा रहे हैं। इन धाराओं में 10 साल की सजा का प्रावधान है। लोगों में चर्चा है कि दोनों पक्षों को खुश करने में क्षेत्र पंचायत सदस्य अपनी ही चाल में फंस गए हैं।

सेमरियावां ब्लॉक तीन साल से चर्चा में है। चुनाव के बाद ही प्रमुख और उनके विपक्षी में अविश्वास प्रस्ताव को लेकर तनातनी चल रही है। हालांकि तीन साल में विकास को लेकर कोई बैठक नहीं हो पाई। 11 सितंबर को बैठक की तिथि निर्धारित हुई तो विवाद कोरमपूर्ति की वजह से नहीं हो सकी।

**पुलिस ने लगाई सात तरह की धाराएं:** पुलिस ने कुल सात धाराएं लगाई हैं। जिनमें से एक धारा पर 10 साल की सजा है। हर धारा पर सजा का प्रावधान किया गया है। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र पंचायत सदस्यों को गिरफ्तारी का डर सता रहा है। ब्लॉक में चर्चा है कि कुछ क्षेत्र पंचायत सदस्य गिरफ्तारी के डर से भूमिगत हो गए और अपने बचने का जुगाड़ तलाश रहे हैं।

**बैठक को लेकर असमंजस की स्थिति:** 11 सितंबर को आयोजित हुई बैठक हंगामा और कोरम के अभाव में स्थगित कर दी गई थी।

बीडीओ ने दोबारा बैठक के लिए 30 सितंबर की तिथि तय की है। साथ ही एजेंडा जारी कर दिया है। अब बीडीसी सदस्यों पर केस दर्ज होने के बाद बैठक को लेकर असमंजस की स्थिति बनी है।

लोग यही कह रहे है कि बैठक होगी की नहीं यह तो 30 सितंबर को ही पता चल सकेगा। इस संबंध में जिले के आला अधिकारी भी कुछ स्पष्ट जवाब देने से कतरा रहे हैं।


सेमरियावां ब्लॉक प्रमुख व पूर्व प्रमुख की पत्नी पर धोखाधड़ी का केस दर्ज

28 सितंबर को प्रकाशित खबर।


तीन साल से विकास कार्य ठप... केस के बाद प्रस्तावित बैठक पर भी संकट

28 सितंबर को प्रकाशित खबर।

### इन धाराओं में दर्ज हुआ है केस

| धाराएं | मामला | सजा |
|---|---|---|
| 319 (2) | छल कपट | पांच साल |
| 318 (2) | छल करना | तीन साल |
| 318 (4) | जान बूझकर किया गया छल | सात साल |
| 338 | गलत शपथ पत्र | दस साल |
| 336 (2) | कूटरचना. | दो साल |
| 336 (3) | जानकर कूटरचना करना | सात साल |
| 340 (2) | गलत दस्तावेज पेश करना | दो साल |

### क्या है मामला

27 जुलाई को ब्लॉक प्रमुख सेमरियावां के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव के संबंध में बीडीसी हाजरा खातून, संगीता देवी, मनीष कुमार और बदरुन्निशा ने 91 शपथ पत्र डीएम को सौंपा था। दूसरी तरफ ब्लॉक प्रमुख मजहरुन्निशा द्वारा 30 जुलाई और पांच अगस्त को प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर अविश्वास प्रस्ताव पर फर्जी हस्ताक्षर, निशानी अंगूठा बनाए जाने व लगाए जाने से संबंधित कुल 75 शपथ पत्र प्रस्तुत किए गए, जबकि सेमरियावां ब्लॉक में कुल 121 क्षेत्र पंचायत सदस्य है। ऐसे में दोनों पक्षों से 166 शपथ पत्र दिया गया। जिस पर डीएम ने सीडीओ के नेतृत्व में जांच कराई। इनमें से 53 बीडीसी के शपथ पत्र दोनों पक्षों के समर्थन में पाए गए। जिस पर डीएम के निर्देश पर प्रभारी डीपीआरओ ने दुधारा थाने में प्रमुख समेत 55 बीडीसी पर धोखाधड़ी का केस दर्ज कराया।

# शांतिभंग की आशंका में नौ का चालान

संवाद न्यूज एजेंसी

संतकबीरनगर। पुलिस टीम ने अलग-अलग मामलों में नौ लोगों को पकड़ कर शांतिभंग की आशंका में चालान कर दिया। जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के खिलाफ धर पकड़ के लिए चलाए गए अभियान के तहत पुलिस टीम ने विभिन्न स्थानों पर दबिश दी।

थाना दुधारा व महुली पुलिस ने दो-दो और थाना बखिरा पुलिस ने पांच लोगों को पकड़ कर विधिक कार्रवाई पूरी करके संबंधित मजिस्ट्रेट के सामने पेश कर दिया।

# मारपीट में पांच पर केस दर्ज करने का आदेश

संवाद न्यूज एजेंसी

संतकबीरनगर। न्यायालय सिविल जज सिनियर डिवीजन एसीजेएम संजय राज पांडेय की कोर्ट ने बच्चों के बीच विवाद को लेकर लाठी-डंडे से पीड़िता व उसके बच्चों को मारने पीटने, मकान में तोड़फोड़ करने के मामले में एक ही परिवार के पांच सदस्यों के विरुद्ध मेंहदावल पुलिस को केस दर्ज करने का आदेश दिया है।

मेंहदावल क्षेत्र के मोहल्ला केवटलिया सनी की रहने वाली मुनिया ने कोर्ट में प्रार्थना पत्र देकर कहा कि 15 मई 2024 को धर्मेंद्र, मीना, लक्ष्मण, शम्भू, कौलपाती ने उसको तथा उसके बच्चों को मारे-पीटे। जान से मारने की धमकी दी। सामान तोड़-फोड़ दिए। इनके विरुद्ध मेंहदावल पुलिस को केस दर्ज करने की गुहार लगाई, लेकिन केस दर्ज नहीं हुआ। इसलिए कोर्ट की शरण ली। सुनवाई के बाद कोर्ट ने एक ही परिवार के पांच सदस्यों के विरुद्ध मेंहदावल पुलिस को सुसंगत धाराओं में केस दर्ज कर विवेचना करने का आदेश दिया है।

## दुष्कर्म के चार आरोपियों की जमानत अर्जी निरस्त

**अदालत से**

संतकबीरनगर। अपर सत्र व विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट कृष्ण कुमार पंचम की कोर्ट ने किशोरी से छेड़छाड़ कर दुष्कर्म का प्रयास करने के मामले में चार आरोपियों की ज़मानत अर्जी सुनवाई के बाद निरस्त कर दी। धनघटा क्षेत्र के एक गांव निवासी किशोरी की पिता ने प्रार्थना पत्र में बताया कि गांव के चार लोग 16 अगस्त 2024 को उसके घर में घुसकर उसकी बेटी के साथ छेड़छाड़ तथा दुष्कर्म करने की कोशिश करने के बाद उसे व उसकी दो पुत्रियों को मारे-पीटे। स्थानीय थाने पर प्रार्थना पत्र देकर जब वह अपनी दोनों पुत्रियों की बाली व सोने का दो चैन गिरवी रखने के लिए जा रही थी तो पहले से घात लगाकर सुनसान जगह पर आरोपियों ने उसके ऊपर लाठी डंडा व चाकू से प्रहार कर दिए। एक आरोपी के साथ दस अन्य के विरुद्ध थाना धनघटा में केस दर्ज हुआ। संवाद

# धोखाधड़ी करने का आरोपी गिरफ्तार, भेजा गया जेल

संवाद न्यूज एजेंसी

संतकबीरनगर। कोतवाली पुलिस ने धोखाधड़ी करने के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली खलीलाबाद सतीश कुमार सिंह के अगुवाई में गठित पुलिस टीम ने आरोपी विनोद कुमार दूबे उर्फ आनन्द दूबे पुत्र ओमकार दूबे निवासी बुदहट घोटवा थाना हरपुर बुदहट जनपद गोरखपुर को सूती मिल रोड मोड़ के पास से गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार आरोपी एवं एक अन्य ने कंपनी खोलकर मेंहदावल रोड़ पर ब्रांच बना रखा था। कई लोगों के रुपये जमा कर धोखाधड़ी करके फरार हो गए थे।

पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई पूरी करके संबंधित मजिस्ट्रेट के सामने पेश करके जेल भेज दिया।

# मारपीट के आरोप में पांच पर मुकदमा दर्ज

**जासं, संतकबीर नगर :** कोतवाली क्षेत्र के मोहम्मदपुर कठार में पुरानी रंजिश में हुए मारपीट के मामले में पुलिस ने शनिवार को मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने दो भाई समेत पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

कोतवाली प्रभारी सतीश कुमार सिंह ने बताया कि मोहम्मदपुर कठार निवासी इंद्रजीत ने दिए तहरीर में कहा है कि 25 सितंबर को रात 10 बजे गांव के रहने वाले विशाल उनके भाई दीपक व प्रमोद तथा उनके दो भाई धीरज और नीरज ने पुरानी रंजिश को लेकर एकजुट होकर गाली देते हुए उन्हें लाठी से पीटने लगे। शोर सुनकर लोगों ने बीच बचाव किया।

# जन सहयोग से लगवाए तीन सीसीटीवी कैमरे

**संतकबीरनगर।** पुलिस टीम ने स्थानीय जन सहयोग से एक स्थान पर तीन सीसीटीवी कैमरा लगवाया। थाना बखिरा पुलिस ने एक स्थान पर तीन कैमरा लगवाकर सराहनीय कार्य करने वाले व्यक्ति को सम्मानित किया। साथ ही पुलिस ने ऑपरेशन त्रिनेत्र एवं हर घर कैमरा अभियान के तहत जनसामान्य से अपील किया कि वह अपने घरों, कालोनियों व व्यवसायिक प्रतिष्ठानों पर सीसीटीवी कैमरें जरुर लगवाएं। एक कैमरे से सड़क को कवर करें। जिससे कि अपराधिक व असामाजिक तत्वों पर निगरानी रखा जा सके। संवाद

# किशोरी से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**संतकबीरनगर।** पुलिस टीम ने किशोरी को बहला-फुसलाकर दुष्कर्म करने के आरोपी को गिरफ्तार किया है।

थाना बखिरा पुलिस ने अपहरण, दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट के मामले में वांछित परमानन्द पुत्र प्रमोद निवासी ग्राम बैरीखाला थाना कप्तानगंज जनपद बस्ती को नन्दौर चौराहे के पास से गिरफ्तार किया है।

**नन्दौर चौराहे के पास से दबोचा**

आरोपी के खिलाफ स्थानीय थाने में 31 अगस्त को तहरीर देकर अभियोग पंजीकृत कराया गया था।

पुलिस ने महिला अपराध की संवेदनशीलता को देखते हुए त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर कानूनी कार्रवाई पूरी करके संबंधित न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया। पुलिस ने आरोपी के पास से अपहृता को भी बरामद किया। पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है। संवाद

# एसपी व एएसपी ने निर्माण कार्यों का किया निरीक्षण

**संतकबीरनगर।** एसपी सत्यजीत गुप्ता व एएसपी सुशील कुमार सिंह ने शनिवार को विभिन्न स्थानों पर चल रहे निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। एसपी सत्यजीत गुप्ता ने कोतवाली खलीलाबाद पर निर्माणाधीन बहुमंजिला आरक्षी बैरक का निरीक्षण किया कर वहां पर पाई गई कमियों को तत्काल सही करने के लिए सम्बन्धित को निर्देशित किया। इसके साथ ही एएसपी सुशील कुमार सिंह ने थाना बेलहरकला व मेंहदावल की जांच की। थाना बेलहर कला का निरीक्षण के दौरान कार्यालय, महिला हेल्प डेस्क, बैरक के साफ-सफाई की जांच किया। वहीं मेंहदावल थाना थाना पर भी जांच करके वहां पर मिली कमियों को दूर करने के लिए कहा। इस दौरान सीओ अजीत चौहान, सीओ केशवनाथ, कोतवाल सतीश कुमार सिंह, एसओ रामकृपाल सिंह एवं जितेंद्र कुमार यादव समेत अन्य लोग मौजूद रहे। संवाद

# एक लाख 47 हजार रुपये शमन शुल्क वसूला

संतकबीरनगर। पुलिस टीम ने वाहन जांच के दौरान ट्रैफिक नियम तोड़ने वाले वाहन चालकों से एक लाख 47 हजार 500 रुपये शमन शुल्क वसूल किया।

जिले के सभी थाना क्षेत्रों में स्थानीय पुलिस टीम ने बैंक, वाहन एवं संदिग्ध व्यक्तियों की सघन जांच की। इस समस्त एसओ एवं प्रभारी यातायात संयुक्त पुलिस टीम ने यातायात नियम का उल्लंघन करने के मामले में कड़ी कार्रवाई करते हुए 135 वाहन चालकों से जुर्माना भरवाया। संवाद

# बाइक चालक पर मारपीट का केस

**संतकबीरनगर।** मेंहदावल क्षेत्र में एक युवक से हुए मारपीट क मामले में पुलिस ने केस दर्ज कर लिया।

सरफरा छोटी चनगईया बाबा कुटी निवासी सूरज ने शिकायत में बताया कि 26 सितंबर को वह दोपहर तीन बजे वह मुहिया पुल के पास खड़ा होकर टैक्सी का इंतजार कर रहे थे। उसी दौरान विपक्षी सेवक निवासी पंड़ित पुरवा दो अज्ञात के साथ बाइक से आए और बिना बात के बहस करके हाथापाई करके मोबाइल तोड़ दिया। मारपीट करते हुए जानमाल की धमकी दी। पुलिस ने मामले में आरापियों पर केस दर्ज किया है। संवाद

b

# GONDA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-29-09-2024

# जान से मारने की धमकी, केस दर्ज

रुपईडीह। भूमि कब्जेदारी को लेकर गांव के ही कुछ लोगों द्वारा मारने पीटने व जाति सूचक शब्द का प्रयोग करते हुए जान से मार डालने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए इसकी शिकायत गुड्डी देवी ने पुलिस से की।

पुलिस ने तीन लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर घायलों को चिकित्सीय परीक्षण के लिए भेजा। कौड़िया थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत झौनहा पूर्वी के मजरा गुरई पुरवा के निवासी ननके उर्फ केशव राम की पत्नी गुड्डी देवी ने पुलिस से शिकायत की।

# दो मामलों में एफआईआर के निर्देश

**समाधान दिवस**

- कब्जे हटवाने व मारपीट के मामलों में 9 शिकायतें आईं
- आठ प्रार्थना पत्रों का मौके पर ही निस्तारण कराया

**गोण्डा, संवाददाता।** नगर कोतवाली में आयोजित थाना समाधान दिवस में अचानक एसपी विनीत जायसवाल पहुंच गए। इस दौरान जमीनों पर अवैध कब्जे हटवाने, मारपीट के मामलों में कार्रवाई की मांग सहित 9 शिकायतें आईं। दो मामले में एसपी ने शिकायत सुनकर तत्काल मुकदमा दर्ज करवाने के आदेश दिए।

इसके अलावा अन्य सात शिकायते राजस्व से संबंधित थी, जिसमें संबंधित अधिकारियों को निस्तारण के लिए टीम बनाकर भेजा गया। इस मौके पर नगर कोतवाल मनोज पाठक सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। इसी प्रकार पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में समस्त प्रभारी निरीक्षकों थानाध्यक्षों द्वारा अपने-अपने थानों पर समाधान दिवस पर आने वाले फरियादियों की शिकायतों को सुनकर उनके गुणवत्तापूर्ण व त्वरित निस्तारण कराया गया। समस्त थानों में प्राप्त कुल 74 प्रार्थना पत्रों में से 8 प्रार्थना पत्रों का मौके पर ही निस्तारण कराया गया। शेष राजस्व संबंधित मामलों में राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम गठित कर निस्तारण के लिए मौके पर भेजा गया।

## मोतीगंज में बारिश ने डाली समाधान दिवस में खलल

माह के चतुर्थ शनिवार को थाने पर थाना समाधान दिवस का आयोजन हुआ, जिसकी अध्यक्षता सीओ सदर शिल्पा बर्मा ने की। लेकिन लगातार दो दिन से हो रही बारिश से समाधान दिवस में फरियादियों आना ना के बराबर रहा। बताया जाता है कि थाना समाधान दिवस में छह शिकायतें आई, जहां पर किसी भी शिकायत का समाधान नहीं हो पाया। थानाध्यक्ष अनीता यादव ने बताया कि समाधान दिवस में राजस्व संबंधी मामलों के छह प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए हैं, जहां पर सभी प्रार्थना पत्रों पर हल्का लेखपाल व बीट सिपाहियों को निर्देशित किया गया।

# शादी का झांसा देकर झटके रुपए

- लड़की को गुमराह कर लाखों रुपए की ठगे
- दो लोगों के खिलाफ ठगी की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज

**मनकापुर, संवाददाता।** लड़की की शादी का रिश्ता तय होने की बात पर लड़के ने लड़की को गुमराह करके ऑनलाइन लाखों रुपए ठगी कर डाली। इस मामले में पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर कोतवाली पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ जालसाजी, धोखाधड़ी, ठगी सहित विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है।

ग्राम दतौली निवासी प्रदीप कुमार मिश्रा ने पुलिस अधीक्षक से मिलकर आरोप लगाया कि उनकी बेटी अनामिका की शादी 12 मई 2022 को हुई थी। दुर्भाग्यवश वह रिश्ता बाद में टूट गया था। पीड़ित अपनी बेटी की दूसरी शादी करने की तलाश में था। तभी उसने एक व्हाट्सएप ग्रुप ज्वाइन किया। जिसमें अपनी बेटी का बायोडाटा डाला। इसके उपरांत उक्त ग्रुप के सदस्य इंजीनियर तेजस्वी राज ने व्हाट्सएप के जरिए संपर्क करके उसकी बेटी से शादी करने की इच्छा जाहिर किया तथा खुद को पुणे में बैज्ञानिक होने की बात बताया। ऊक्त व्यक्ति मोबाइल के माध्यम से लगातार बेटी के संपर्क में रहकर बातचीत किया करता था। कुछ दिन बाद विपक्षी ने बेटी से कहा कि उसके बाबा की मृत्यु हो गई है। बाबा के खाते में जमा धनराशि पांच करोड़ रुपए उसके खाते में आ गए हैं। जिसके खिलाफ उसके ऊपर जांच चल रही है। जिससे सारे बैंक खाते फ्रीज कर दिए गए हैं। इसलिए कुछ पैसों की मदद कर दीजिए। विश्वास में आकर बेटी ने अपने भाई के खाते से 38 हजार रुपए विपक्षी द्वारा बताए गए उसके साथी मनमोहन राज नाम के व्यक्ति के खाते में भेजवा दिया।

कुछ समय पश्चात उसने अपनी तबियत खराब होने की बात बताई और दवा कराने के नाम पर तीन माह के भीतर कई बार मे 2,80,000 रुपए मनमोहन के खाते में ट्रांसफर करवा लिया। जनवरी 2024 में जब शादी करने की बात की गई तो उसने कहा कि अभी तक लड़की का कोर्ट से तलाक नहीं हुआ है। पहले कोर्ट से तलाक करवा लीजिए तब शादी करूंगा।

# चीनी मिल कर्मचारी के विरुद्ध धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज

मनकापुर । चीनी मिल कर्मचारी के खिलाफ मिल प्रंबधन ने जालसाजी व कूटरचित दस्तावेज के आधार पर नौकरी हथियाने का आरोप लगाते हुए एफआईआर दर्ज कराया है।

मामला बलरामपुर चीनी मिल इकाई मनकापुर दतौली से जुडा है। मिल प्रशासन के सहायक महाप्रबंधक गजेन्द्र प्रसाद रावत ने चीनी मिल कर्मी सुधांशु प्रताप सिंह पुत्र हरेन्द्र प्रताप सिंह निवासी बलरामपुर चीनी मिल कालोनी बलरामपुर जो कि आवसानी डिवीजन में वेयर हाउस सहायक के पद पर कार्यरत है, जो वर्ष 2007 में कार्यरत हुए थे। प्रतिष्ठान को संदेह होने पर उनके इंटरमीडिएट के प्रमाण पत्र व अंक पत्र का सत्यापन अपर सचिव माध्यमिक शिक्षा वाराणसी से कराया। जिसमें सत्यापन में यह तथ्य प्रकाश में आया कि परिषद कार्यालय से सत्यापन के लिए भेजे गये अंक पत्र व प्रमाण पत्र मेल नहीं खाते हैं।

## निर्माण ढहाने पर पांच नामजद समेत नौ पर मुकदमा

धानेपुर : इटियाथोक थाना के बैजपुर के अतीकुर्रहमान ने कहा कि धानेपुर थाने के देवरिया अलावल बाजार में उनकी जमीन है। उक्त जमीन पर वह निर्माण कार्य करवा रहे थे। आरोप है कि दबंगों ने शनिवार की भोर में जेसीबी लगाकर उनके निर्माण को गिरा दिया गया। थानाध्यक्ष सुनील सिंह ने कहा कि दिलावर खान, अबू खान, इकबाल, सिराज खान व खुज्जन निवासीगण देवरिया अलावल सहित चार अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा किया गया है। (संसू)

## फर्जी अंक पत्र पर की नौकरी, मुकदमा

दतौली : बलरामपुर चीनी मिल्स लिमिटेड इकाई मनकापुर के सहायक महाप्रबंधक (कार्मिक एवं प्रशासन) गजेन्द्र कुमार रावत ने मिल के कर्मचारी सुधांशु प्रताप सिंह निवासी बलरामपुर के खिलाफ इंटर का फर्जी अंकपत्र लगाकर नौकरी करने के आरोप में कोतवाली मनकापुर में धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कराया है। (संसू)

# 74 में आठ शिकायतों का ही निस्तारण



नगर कोतवाली में जनसुनवाई करते पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ● जागरण

## समाधान दिवस

जागरण टीम, गोंडा : एसपी विनीत जायसवाल ने कोतवाली नगर में आयोजित समाधान दिवस में पीड़ितों की समस्याएं सुनीं। यहां कुल सात शिकायतें आईं। इनमें से दो का निस्तारण मौके पर किया। एसपी ने निर्देश दिया कि सभी थाना प्रभारी समाधान दिवस में आने वाले पीड़ितों की शिकायतें सुनकर उनका निस्तारण गुणवत्तापूर्ण तरीके से समय से कराएं। सभी थानों में समाधान दिवस में कुल 74 शिकायतें आईं। इनमें आठ का निस्तारण मौके पर किया गया।

वजीरगंज में समाधान दिवस सिर्फ रस्म अदायगी बनकर रह गया है। राजस्व विभाग का कोई अधिकारी नहीं उपस्थित थे। थाना परिसर में जलभराव होने से थानों तक जाने के लिए पीड़ितों को समस्या हुई। थानाध्यक्ष अभय सिंह की अध्यक्षता में थाना समाधान दिवस का आयोजन हुआ। राजस्व से संबंधित पांच शिकायतें आईं। मौके पर एक का भी निस्तारण नहीं हो पाया। थानाध्यक्ष ने कहा कि मामलो के निस्तारण के लिए राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम मौके पर भेजी जाएगी। कोतवाली देहात में नायब तहसीलदार अनुराग पांडेय ने समस्याएं सुनीं। अतिरिक्त प्रभारी निरीक्षक संतोष सिंह ने बताया कि चार मामले आए थे, जिसमें एक का निस्तारण कर दिया गया है।

# आपसी सौहार्द से मनाएं त्योहार

**कटरा बाजार।** आगामी दुर्गा पूजा व दशहरा को लेकर हो लेकर कटरा बाजार थाना परिसर में पीस कमेटी की बैठक आयोजित हुई। जिसमें सभी धर्मों के वरिष्ठ लोगों से आपसी सौहार्द के साथ त्योहार मनाने की अपील की गई। अपर पुलिस अधीक्षक राधेश्याम राय ने उपस्थित सभी 49 आयोजक से जुलूस व त्योहार को सकुशल संपन्न कराने के लिए दुर्गा पंडालों पर कैमर के साथ 24 घंटे एक लोगों की ड्यूटी लगाने की अपील की। सीओ उमेश्वर प्रभात सिंह ने डीजे की आवाज धीमी रखते हुए सिर्फ भक्ति भजन बजाने की अपील की। प्रभारी निरीक्षक संजय गुप्ता ने दुर्गा पूजा आयोजकों की समस्याएं पूछीं। प्रधान ललित कुमार ने कहा कि मझौवा चौराहा के पास पेड़ की डाल गिर गई है।

# जंगली जानवरों के हमले में पांच बकरियों की मौत

## तरबगंज और करनैलगंज के तीन गांवों में दहशत, एक महिला के साथ दो बकरी व दो मवेशी घायल

संवाद न्यूज एजेंसी

**तरबगंज/बालपुर (गोंडा)।** तरबगंज और करनैलगंज क्षेत्र के तीन गांव में एक बार फिर जंगली जानवर ने हमला करके सात बकरियों को नोच डाला। इनमें से पांच बकरियों की मौत हो गई। तरबगंज के पूरे मोहन में भी जंगली जानवर के हमले में बछिया की मौत हो गई। रुपईडीह के गौंसिहा गांव में एक बछिया को हिंसक जानवर ने मार डाला। हमले में एक महिला, दो बकरियां और दो मवेशी घायल हुए हैं।

करनैलगंज के बटौरा बख्तावर सिंह गांव में तीन दिन से जंगली जानवर दिख रहा है। गांव निवासी इस्तिखार अहमद ने बताया कि बीते शुक्रवार को दिन में ही उनकी सात बकरी तथा भैंस को किसी जंगली जानवर ने हमला करके जख्मी कर दिया था। इनमें से पांच बकरियों की मौत हो गई। इसी गांव के कॉलोनी मोहल्ले में रहने वाले वाजिद अली ने बताया कि शुक्रवार रात जंगली जानवर उनकी बहू तबस्सुम बानो का पैर खींचने लगा। शोर सुनकर आसपास के लोगों ने दौड़ाया तो जानवर अंधेरे में भाग गया।

इसी के बगल के परसा गोड़री दर्शनतिवारी पुरवा निवासी आरिफ ने बताया कि शनिवार सुबह गन्ने के खेत में वनरोज के बच्चे को जंगली जानवर नोच रहा था। ग्रामीणों ने लाठी-डंडे से जानवर को भगाया। वनरोज के बच्चे का इलाज कराया गया है। वन दरोगा इबरार अहमद ने बताया कि टीम भेजकर जंगली जानवर के पगचिह्न की जांच की जा रही है।



भिखारीपुर कला पूरेमोहन में मिले जंगली जानवर के पगचिह्न। संवाद

### बछिया को बनाया निवाला

तरबगंज के भिखारीपुर कला के मजरा पूरे मोहन निवासी वाल्मिकी तिवारी के पालतू जानवर घर के पीछे गोशाला में बंधे थे। सुबह उन्होंने देखा कि उनकी बछिया घायल पड़ी तड़प रही थी। उसके शरीर का कुछ हिस्सा जंगली जानवर खा गया था। बताया कि पास में मक्के के खेत में खड़ा जंगली जानवर दोबारा उसे खाने के लिए ताड़ रहा था, तभी गांव के लोगों ने लाठी लेकर उसे भगाया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक हिंसक जानवर भेड़िया था, जिसकी पूंछ व कद सियार से भिन्न था। वन रेंजर ज्योतिर्मय शुक्ल ने बताया कि घटनास्थल का निरीक्षण कर हमलावर जानवर की पहचान कराई जा रही है।



वनरोज का घायल बच्चा। संवाद

**गौंसिहा में बछिया को मार डाला : रुपईडीह (गोंडा)।** गौंसिहा ग्राम पंचायत में शुक्रवार देर रात जंगली जानवर के हमले में एक बछिया की मौत हो गई। गांव के नकछेद ने बताया कि शुक्रवार शाम वह दरवाजे के सामने बछिया को खूंटे में बांधकर सो गए थे। शनिवार सुबह बछिया मरी मिली। उसके शरीर पर जख्म के निशान मिले। वन दारोगा विष्णु कुशवाहा ने बताया कि इस बारे में सूचना नहीं मिली है। गांव में टीम भेजी जाएगी। (संवाद)

# ओमप्रकाश हत्याकांड के आरोपी की जमानत अर्जी खारिज

गोंडा। चुनावी रंजिश में सभासद प्रत्याशी रहे सपा नेता ओमप्रकाश की दिनदहाड़े हत्या के मामले में आरोपी भाजपा सभासद के बेटे की जमानत अर्जी अदालत ने खारिज कर दी।

अभियोजन पक्ष के अनुसार परसपुर के राजा टोला में 19 जुलाई 2024 को नगर पंचायत चुनाव की रंजिश के चलते सभासद प्रत्याशी रहे सपा नेता ओमप्रकाश सिंह की धारदार हथियार से निर्मम हत्या कर दी गई थी। मृतक ओमप्रकाश की पत्नी नीलम सिंह ने राजा टोला निवासी भाजपा नेता उदयभान उर्फ लल्लन सिंह, उसके तीनों पुत्र धर्मवीर उर्फ चंदन, नंदन व सूरज सिंह के अलावा बलगर पुरवा नंदौर निवासी रोहित सिंह के खिलाफ केस दर्ज कराया था।

**अदालत से**

पुलिस ने मुठभेड़ में आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। सुनवाई के दौरान मुकदमे के तथ्य व अपराध की गंभीरता देखते हुए जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रमोद कुमार श्रीवास्तव ने हत्यारोपी सूरज सिंह का जमानत प्रार्थनापत्र खारिज कर दिया। (संवाद)

# महिलाओं की पिटाई में तीन नामजद

**रुपईडीह (गोंडा)।** पुलिस ने तीन लोगों के विरुद्ध एससीएसटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है। कौड़िया थाना क्षेत्र के गुरई पुरवा झौनहा गांव निवासी गुड्डी देवी पत्नी केशव राम ने पुलिस को तहरीर दी है। कहा कि दरवाजे पर उसकी जमीन है। बृहस्पतिवार की रात लगभग आठ बजे वह दरवाजे पर बैठी थी। तभी जमीन पर कब्जा करने को लेकर गांव के ही नानबच्चा रात में घर पर आए और अभद्रता करने लगे। जब उसने विरोध किया तब उनके साथ लल्लू और मुकेश लाठी-डंडा लेकर पहुंच गए। तीनों ने मारपीट कर घायल कर दिया। उसकी पुत्री रोशनी व भतीजी काजल को भी मारापीटा गया। काजल की हालत गंभीर होने पर उसे जिला चिकित्सालय मे भर्ती कराया गया। थानाध्यक्ष दुर्गविजय सिंह ने बताया कि तीन लोगों के विरुद्ध एसटीएससी सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया है। (संवाद)

# अपहरण व दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**बभनान (गोंडा)।** छपिया पुलिस ने किशोरी के अपहरण व दुष्कर्म के मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय रवाना किया है। थानाध्यक्ष छपिया कृष्ण गोपाल राय ने बताया कि 22 सितंबर को आरोपी आनंद कुमार पासवान ने किशोरी का अपहरण कर लिया था। इस संबंध में पिता ने मुकदमा दर्ज कराया था। आरोपी आनंद कुमार पासवान निवासी वीरापुर पसियनपुरवा थाना वजीरगंज को मनीपुर ग्रंट जाने वाली सड़क से गिरफ्तार कर लिया गया। (संवाद)

# अज्ञात वाहन चालक पर केस दर्ज

**रुपईडीह (गोंडा)।** युवक के घायल होने के मामले में पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज कराया है। कौड़िया थाना क्षेत्र के सलईपुरवा निवासी अंकुल तिवारी ने बताया कि उनका भाई रामबाबू किसी कार्य से आर्यनगर-करनैलगंज मार्ग पर गया था। उमरिया के पास किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे उनका भाई घायल हो गया था। इंस्पेक्टर डीवी सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। (संवाद)

# सेमरा क्षेत्र में चोरी की वारदातों में इजाफा

**गोंडा।** शहर से सटे सेमरा पुलिस चौकी क्षेत्र में चोर सक्रिय हो गए हैं। महीनेभर में आधा दर्जन चोरी की घटनाओं से लोग सकते में हैं। सोनू पाठक के खेत में सिंचाई के लिए लगाया गया मोटर चोर लगातार दूसरी बार खोल ले गए। किसान लिटिल यादव ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि पहली बार मोटर चोरी हुआ था तो मौखिक शिकायत की थी। पुलिस ने केवल आश्वासन ही दिया, न चोर पकड़ा गया न मोटर ही मिला। इससे पहले चाउमीन बर्गर विक्रेता के घर से चोरी हुई थी, जिसका पुलिस कोई सुराग नहीं लगा सकी। पिछले महीने मुख्यमंत्री सुरक्षा में तैनात सिपाही यशवंत सिंह के यहां बड़ी चोरी हुई, इस मामले का आज तक खुलासा नहीं हो पाया है। सेमरा चौकी प्रभारी उदित वर्मा का कहना है कि घरों व प्रतिष्ठानों में लगे सीसीटीवी फुटेज की मदद ली जा रही है। (संवाद)

---

# फर्जी शैक्षणिक प्रमाणपत्र पर नौकरी करने के आरोपी पर केस

मनकापुर (गोंडा)। फर्जी शैक्षणिक प्रमाणपत्र के जरिए नौकरी करने के मामले में चीनी मिल के बर्खास्त कर्मचारी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। मनकापुर दतौली चीनी मिल के सहायक महाप्रबंधक गजेंद्र कुमार रावत ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि बलरामपुर चीनी मिल कॉलोनी निवासी सुधांशु प्रताप सिंह एक जनवरी 2007 से दतौली चीनी मिल की आसवानी डिवीजन के वेयर हाउस में सहायक पद पर कार्यरत था। सुधांशु के इंटरमीडिएट प्रमाणपत्र व अंकपत्र का सत्यापन अपर सचिव माध्यमिक शिक्षा परिषद क्षेत्रीय कार्यालय वाराणसी से कराया गया। वहां से दो अगस्त 2024 को पत्र द्वारा सूचित किया गया कि सुधांशु के रिकॉर्ड से मेल नहीं खाते हैं। (संवाद)

# शादी का झांसा देकर ठगी करने में दो लोगों पर केस

संवाद न्यूज एजेंसी

**मनकापुर (गोंडा)।** सोशल मीडिया (व्हाट्सएप) से लड़की की शादी का रिश्ता तय करके लाखों की ठगी होने के मामले में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। ग्राम दतौली निवासी प्रदीप कुमार मिश्र की शिकायत पुलिस अधीक्षक ने कार्रवाई के निर्देश दिए थे। कोतवाल संतोष कुमार मिश्र ने कहा कि मामले में छानबीन की जा रही है।

पीड़ित ने बताया कि उसकी बेटी अनामिका की शादी 12 मई 2022 को हुई थी। दुर्भाग्यवश वह रिश्ता बाद में टूट गया था। वह अपनी बेटी की दूसरी शादी करने की तलाश में था। तभी उसने मेट्रीमोनी-10 व्हाट्सएप ग्रुप ज्वाइन किया। जिसमें अपनी बेटी का बायोडाटा

## बेटी की शादी के लिए मेट्रीमोनी-10 व्हाट्सएप ग्रुप पर दिया था बायोडाटा

## खुद को इंजीनियर बताकर व्हाट्सएप से संपर्क कर बहाने कर लाखों ठगे

डाला। इसके उपरांत उक्त ग्रुप के सदस्य इंजीनियर तेजस्वी राज ने के व्हाट्सएप पर संपर्क करके उसकी बेटी से शादी करने की इच्छा जताई। खुद को पुणे में साइंटिस्ट होने की बात बताया। उसने बेटी को पैसा दिक्कत बताई तो उसने अपने भाई के खाते से 38 हजार रुपए उसके साथी मनमोहन राज नाम के व्यक्ति के खाते में भेजवा दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# BALRAMPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-29-09-2024

# एएसपी ने दो भाइयों के रास्ते का मामला निपटाया

**समाधान दिवस**



थाना कोतवाली नगर में पीड़ितों की समस्या सुनती अपर पुलिस अधीक्षक नम्रिता श्रीवास्तव

**बलरामपुर संवाददाता।** दो भाइयों के रास्ते के विवाद को अपर पुलिस अधीक्षक नम्रिता श्रीवास्तव ने निपटा दिया। एएसपी ने राजस्व मामले में राजस्व अधिकारी की उपस्थिति में ही मामले का निस्तारण कराने की बात कही। एएसपी शनिवार को थाना कोतवाली देहात में आयोजित समाधान दिवस में लोगों की समस्याएं सुन रही थी।

थाना कोतवाली नगर में मोहल्ला खलवा झझरा निवासी दो भाई रास्ते के विवाद को लेकर थाने पर पहुंचे। एएसपी ने सीओ बृजनंदन राय से कहा कि श्यामलाल व जगजीवन दोनों भाइयों के कागजात को देखें। उसके बाद थाना कोतवाली नगर प्रभारी निरीक्षक शैलेश कुमार सिंह को मौके पर भेज कर स्थलीय निरीक्षण कर जानकारी दें। पुलिस टीम ने तत्काल कागजात एवं स्थलीय निरीक्षण करने के बाद अपर पुलिस अधीक्षक को रिपोर्ट दी। अपर पुलिस अधीक्षक ने दोनों भाइयों के रास्ते का मामला तत्काल निस्तारित करा दिया। दोनों भाई खुशी-खुशी अपने घर वापस लौट गए। सीओ बृजनंदन राय ने बताया कि पुलिस टीम को निर्देशित किया गया कि राजस्व मामले में बिना राजस्व अधिकारी के निस्तारण न करें। उन्होंने बताया कि गुणवत्तापूर्ण मामले का निस्तारण कराया जाता है। सभी मामलों की मॉनिटरिंग प्रदेश स्तर से की जा रही है। थाना कोतवाली नगर प्रभारी निरीक्षक शैलेश कुमार सिंह ने बताया कि यहां पर कुल 14 मामले आए थे, जिसमें से मौके पर पांच मामलों का निस्तारण करा दिया गया है। इसी क्रम में थाना कोतवाली देहात में समाधान दिवस का आयोजन किया गया।

# शिकायतों के निस्तारण में न बरतें लापरवाही

**बलरामपुर।** जिले के सभी थानों में शनिवार को समाधान दिवस का आयोजन किया गया। पीड़ितों को न्याय दिलाने का आश्वासन दिया गया। एएसपी नम्रिता श्रीवास्तव ने कोतवाली नगर में थाना समाधान दिवस में आने वाले पीड़ितों की शिकायतें सुनी। भूमि विवाद के मामलों का निस्तारण कराने के लिए उन्होने पुलिस व राजस्व की संयुक्त टीम को मौके पर जाने का निर्देश दिया गया। थाना हरैया में एएसपी योगेश कुमार ने समाधान दिवस में आने वाले पीड़ितों की शिकायतें सुनी। इसी तरह से सभी थानों में पीड़ितों की शिकायतें सुनी गई। (संवाद)

# BAHRAICH POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-29-09-2024

## नपा कर्मी को युवक ने पीटा, हमलावर गिरफ्तार

:बहराइच। रिसिया कस्बे में टेलीफोन एक्सचेंज के पास स्ट्रीट लाइट ठीक करने गए स्काई लिफ्ट के ड्राइवर पर एक युवक ने हमला कर दिया। कस्बे के लोगां ने उसे पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। रिपोर्ट दर्ज कर हमलावर को शांति भंग में कोर्ट पर भेज दिया है।

हिन्दुस्तान

# सड़क दुर्घटना में 15 दिन बाद मुकदमा

बहराइच। श्रावस्ती जिले के भिनगा कोतवाली के केरवनिया के मजरे जानकी नगर निवासी संगम लाल मिश्रा पुत्र गंगाराम मिश्रा ने देहात कोतवाली मे 14 सितम्बर को हुई सड़क दुर्घटना मामले में केस दर्ज कराया है। वह बाइक से अपनी मां ऊषादेवी के साथ शहर से गांव आ रहे थे।

धरसंवा पुल के पास पीछे से कार ने टक्कर मार दी थी। ऊषा देवी को गंभीर चोटे आई थी। वह लखनऊ केजीएएमयू में भर्ती हैं।

हिन्दुस्तान

# हमलावर सियार को ग्रामीणों ने पीटकर मार डाला

**आतंक**

- भेड़िया का हमला जानकर हुए उग्र, वन विभाग न जताई आपत्ति
- निर्माणाधीन पानी टंकी पर काम करने के दौरान मजदूर पर किया हमला

कैसरगंज, संवददाता। कैसरगंज थाना क्षेत्र के चिलवा गांव में बन रहे पानी टंकी में काम करने वाले श्रमिक पर शनिवार की भोर एक सियार ने हमला कर घायल कर दिया। इससे नाराज लोगों ने घेराबंदी कर सियार को पीट- पीटकर मार डाला। नहर के किनारे उसके शव को फेंक दिया गया। सूचना पर पहुंचे वनकर्मियों ने इस पर कड़ी आपत्ति जताई है।

जिले में जानवरों के हर हमले में भेड़िया की दहशत उनकी जान ले रही है। हालात ये हो गए हैं कि अब सियार नाराज ग्रामीणों का शिकार बन रहे हैं। थाना क्षेत्र के चिलवा गांव में पानी टंकी का निर्माण हो रहा है। अंगदपुर बदायूं गांव निवासी मैनेजर प्रसाद (32) पुत्र राजा चंद्र श्रमिक का काम करते हैं। शनिवार को भोर वह काम करने के लिए जा रहे थे। तभी गन्ने के खेत से निकले सियार ने हमला कर दिया। हमले में वह घायल हो गए। शोर मचाने पर आसपास के अन्य मजदूर और गांव के लोग दौड़े। घेराबंदी कर सियार को पीट पीट कर मार डाला है। डीएफओ अजीत प्रताप सिंह ने बताया कि सियार का मारा जाना दुखद है। ग्रामीणों को सियार को मारने से बचना चाहिए।

## भेड़ियों के आतंक पर अखिलेश का तंज

- बोले, भेड़िये की समस्या को नकारना समस्या है
- पूर्व सीएम की ट्वीट सोशल मीडिया पर हो रही वायरल

बहराइच, संवाददाता। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने जिले में हो रहे भेड़िया के हमले पर सोशल साइड एक्स पर ट्वीट कर प्रदेश सरकार पर हमला किया है। एक्स पर लिखे पोस्ट में कहा कि भेड़िये की समस्या को नकारना भी एक समस्या है।

महसी तहसील क्षेत्र में भेड़िया हमला कर रहा है। दो सप्ताह बाद हमला रुकने के बाद गुरुवार रात भेड़िया ने दोबारा दो बालकों पर हमला कर दिया था। लेकिन वन विभाग ने भेड़िया के हमले को सिरे से खारिज कर दिया है। इस पर पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने अपने ट्विटर हैंड से लिखा है कि प्रशासन द्वारा भेड़िये की समस्या को नकारना भी एक समस्या है।

अब तो कहानी में सुनते आए थे कि भेड़िया आया, भेड़िया आया का झूठ फैलाया जाता है। अब सच में भेड़िया आ रहा है तो प्रशासन उल्टी कहानी सुना रहा है और कह रहा है कि भेड़िया नहीं आया भेड़िया नहीं आया। यह ट्वीट जिले में वायरल हो रहा है।

# एक परविार को टूटने से बचाया

बहराइच। पारिवारिक विवाद के चलते एक महिला ने कार्रवाई के लिए एसपी से शिकायत की थी। एसपी के निर्देश पर परिवार परामर्श केंद्र प्रभारी महिला हेड कांस्टेबल माधुरी मिश्रा, ओमप्रकाश यादव, निशी त्रिवेदी, गिरजावती यादव, अनन्या सिंह, सविता मिश्रा ने महिला व उसके पति का बुलाया। दोनों को सुलह समझौते से उन्हें साथ रहने का राजी किया। (संवाद)

नहीं हो रहा था। जिसे पुलिस टीम ने गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा है।

# दो मोबाइल व पर्स के साथ चोर गिरफ्तार

बहराइच। मटेरा थाना प्रभारी मदनलाल ने बताया कि शंकरपुर चौराहा निवासी दुर्गेश उर्फ कुंओलाल को शनिवार को चोरी के दो मोबाइल व पर्स के साथ गिरफ्तार किया। आरोपी को जेल भेज दिया गया। (संवाद)

हिन्दुस्तान

# अन्तरजनपदीय चोर गिरोह के सात आरोपी गिरफ्तार

**कार्रवाई**

- देहात कोतवाली व दरगाह क्षेत्र में हुए चोरियों की वारदातें कबूलीं
- दिन में रेकी कर रात में चोरी की घटना को दे रहे थे अंजाम

**बहराइच, संवाददाता।** स्वाट व देहात कोतवाली पुलिस की संयुक्त टीम ने अन्तरजनपदीय चोर गिरोह के सरगना सहित सात को धर दबोचा है। यह गैंग दिन में रेकी कर रात में चोरी की वारदातें करते थे। गैंग के तीन सदस्य चोरी का माल खरीद कर धन मुहैया कराते थे। इस गैंग के गुर्गों ने देहात कोतवाली व दरगाह थाने के छह से अधिक जगहों पर चोरियों की वारदातें कबूली है।

एएसपी सिटी रामानंद प्रसाद कुशवाहा ने बताया कि जिले में ताबड़तोड़ चोरियों की वारदातों के मद्देनजर एसपी वृंदा शुक्ला ने देहात व दरगाह के एसएचओ व स्वाट टीम प्रभारी दिवाकर तिवारी को चोरों के गैंग पर शिकंजा कसने की जिम्मेदारी दी थी। शनिवार भोर से पूर्व स्वाट प्रभारी  व उनकी टीम, देहात कोतवाली में तैनात उपनिरीक्षक अमित प्रकाश, विनय कुमार पांडेय, दीनानाथ सागर प्रभात कुमार मिश्रा, महिला दरोगा कोमल व पुलिस बल ने त्रिमुहानी मोड़ पर दबिश दी। एक कार रोक सवार सात लोगों की तलाशी ली। इन लोगों के पास से 502600 रूपये बरामद हुए। कार से 31 नग चांदी के जेवर, छ सिक्के, चार थान सोने के जेवर, दो पेंचकस, दो लोहे के सब्बल, सीसीटीवी कैमरा व डीवीआर बरामद हुआ। पूछताछ में पता चला कि यह चोरों का गैंग है। इनकी पहचान सीतापुर जिले के थानगांव थाने के भदेवा निवासी आलम उर्फ कल्लू, शमसेरीपुरवा निवासी कासिम, खैराबाद थाने के उड़रहन सराय निवासी सिराज, तम्बौर थाने के शीर्ष टोला निवासी सलमान के रूप में हुई है।

# अदालत ने माना, दोषियों का अपराध विरल से विरलतम

पवन सिंह • जागरण

बहराइच : अदालत ने शुक्रवार को मां व उसके तीन बच्चों की हत्या में दोषी फखरपुर के ननकू व सलमान को फांसी की सजा सुनाते हुए अपराध को विरल से विरलतम माना। अदालत ने अपने आदेश में लिखा है कि दोषियों ने बर्बरता करके एक ही परिवार के चार लोगों की हत्या की, जिसमें एक असहाय महिला, एक अबोध बालक व दो अबोध बालिकाएं शामिल हैं। महिला को बहला-फुसलाकर विश्वास में लेकर महाराष्ट्र से 1700 किलोमीटर दूर बहराइच लाकर निर्मम हत्या इसलिए की थी कि उनके नाते-रिश्तेदार भी न खोज पाएं। अबोध बच्चों, जो समाज की अच्छाई-बुराई के बारे में कुछ नहीं जानते थे, दोषियों द्वारा उनकी निर्मम हत्या करना उनकी बर्बरता का प्रमाण था। प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश पवन कुमार शर्मा द्वितीय ने ऐसे शैतानों के लिए न्याय की समुचित मंशा में मौत की सजा दिया जाना ही उचित समझा। अपर शासकीय अधिवक्ता अपराध प्रमोद कुमार सिंह का कहना है कि पूरे मुकदमे में दो वादी मुकदमा समेत 21 लोगों के बयान दर्ज किए गए। मृतका मैरीकाशी कात्यान के पिता



दोषी हत्यारों को जेल ले जाते पुलिस कर्मी • जागरण

• मां व उसके तीन बच्चों की हत्या में दोषियों को फांसी की सजा का प्रकरण

काशी कात्यान व उसकी भाभी सुमिधी का वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए बयान दर्ज किया गया। प्रभावी पैरवी के लिए एसपी वृंदा शुक्ल ने अभियोजन को सतर्क कर रखा था। अदालत ने कहा कि दोषियों के इस कृत्य से मानवता कराह उठी। ऐसे लोगों के समाज में रहने से सामाजिक व्यवस्था चरमरा जाएगी और बिखराव हो जाएगा। फखरपुर थाने की ओर से पैरवी कर रहे पैरोकार अमरेंद्र यादव व धर्मराज ने गवाहों को बुलाकर उनके बयान अदालत में दर्ज कराने में योगदान किया। मृतका मैरीकाशी कात्यान का 1.35 लाख रुपये फखरपुर थाने में आज भी जमा हैं। पुलिस के मुताबिक उसके स्वजन यदि कोर्ट पर बयान देने आते तो उन्हें यह धनराशि सौंप दी जाती, लेकिन वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए ही इनका बयान दर्ज होगा।

# एसएसबी ने नेपाली किशोरी को मानव तस्कर से बचाया

रुपईडीहा(बहराइच)। एसएसबी 42वीं वाहिनी के कमांडेंट गंगा सिंह उदावत ने बताया कि शुक्रवार की रात नेपाली किशोरी के तस्करी की गुप्त सूचना मिली थी। जिस पर रूपईडीहा चेक पोस्ट पर तैनात बार्डर इंटरेक्सन टीम को अलर्ट किया।

चेक पोस्ट पर तैनात उप निरीक्षक सदानंद कलिता, मुख्य आरक्षी हीरा सिंह, महिला आरक्षी रूचि चन्द्र, दीक्षा देवी ने रात लगभग 21.45 बजे एक संदिग्ध को किशोरी के साथ रोका। पूछताछ में युवक ने अपना नाम लखीमपुर के शारदा नगर थाना क्षेत्र के बड़ागांव निवासी मुसलिम बताया। साथ ही किशोरी की पहचान नेपाल के दैलेख जिला के मुरतीगांव निवासी अनुशा सार्की के रुप में हुई।

एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट एसएसबी के सहायक उप निरीक्षक राजकुमार थापा, मुख्य आरक्षी सतीश कुमार शुक्ला, आरक्षी ज्योती देवी ने जब आरोपी मुसलिम से कड़ाई से पूछताछ तो उसने प्रेम जाल में फंसाकर किशोरी को अपने साथ ले जाने की बात बताई। पूछताछ के बाद आरोपी युवक व बरामद किशोरी को पुलिस को सौंप दिया गया। (संवाद)

# एसडीएम समेत पांच घरों में चोरी करने वाला अंतरजनपदीय गिरोह गिरफ्तार

### गिरोह दिन में बंद घरों की करता था रेकी, रात में करते थे चोरी

### चोरो के पास से पांच लाख नकदी व भारी मात्रा में आभूषण बरामद

संवाद न्यूज एजेंसी

**बहराइच।** कोतवाली देहात समेत शहरी क्षेत्र के थानों के लिए सिर दर्द बने अंतरजनपदीय चोर गिरोह को शनिवार को पुलिस ने दबोच लिया। चोरों के पास से पांच लाख रुपये नकद व भारी मात्रा में आभूषण मिले हैं। आरोपियों ने कोतवाली देहात क्षेत्र की चार व दरगाह थाना क्षेत्र में हुई एक चोरी की घटना को स्वीकार किया है। पकड़े गए चोरों का लंबा आपराधिक इतिहास रहा है।

अंतरजनपदीय चोर गिरोह का खुलासा करते हुए एएसपी नगर रामानंद कुशवाहा ने बताया कि गिरोह में सीतापुर जिले के थानगांव थाना क्षेत्र के भदेवा निवासी आलम उर्फ कल्लू, शमसेरीपुरवा निवासी कासिम, खैराबाद थाना क्षेत्र के उड़हन सराय निवासी सिराज तंबौर थाना क्षेत्र के शीशटोला निवासी सलमान शामिल थे। ये सभी चोरी के माल को सीतापुर जिले के बहेटा निवासी संजय रस्तोगी, रेउसा निवासी संजय कुमार व संजय कुमार खरीदते थे। गिरोह ने कोतवाली देहात क्षेत्र में चार तो दरगाह क्षेत्र में एक चोरी की घटना को अंजाम दिया था। इनके पास से 5.02 लाख रुपये नकद, 11 जोड़ी पायल, दो जोड़ी पायजेब, 16 जोड़ी बिछुआ, दो करधन, दो सोने की अंगूठी, दो चेन, छह चांदी के सिक्के, चोरी में प्रयुक्त कार आदि बरामद हुआ है। सीतापुर गैंग को पकड़ने व उनका पर्दाफाश करने में सर्विलांस व तिकोनीबाग पुलिस टीम ने अहम भूमिका निभाई। चौकी प्रभारी विनय तिवारी व सर्विलांस प्रभारी दिवाकर तिवारी के डंप डाटा से मदद मिली।

## लंबा है आपराधिक इतिहास

पकड़े गए चोरों का लंबा आपराधिक इतिहास है। आलम उर्फ कल्लू पर लखनऊ, सीतापुर, लखीमपुर खीरी, सीतापुर समेत सात मुकदमे दर्ज हैं। वहीं कासिम पर लखीमपुर खीरी में पांच, सिराज पर अयोध्या, लखीमपुर खीरी, लखनऊ, सीतापुर व बाराबंकी में 14 मुकदमे व सलमान पर लखीमपुर में छह मुकदमे दर्ज हैं। गिरफ्तारी टीम में उपनिरीक्षक विनय पांडेय, अमित प्रकाश, दीनानाथ, सर्विलांस प्रभारी दिवाकर तिवारी, अनुज त्रिपाठी आदि शामिल रहे।

## अपराध संक्षेप

# दहेज उत्पीड़न का आरोपी गिरफ्तार

**बहराइच।** नगर कोतवाल मनोज पांडेय ने बताया कि गुदड़ी निवासी साफी अहमद पर दहेज उत्पीड़न समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज है। आरोपी न्यायालय पर हाजिर नहीं हो रहा था। जिसे पुलिस टीम ने गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा है।

# SHRAWASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-29-09-2024

# सभी शिकायतों का समय से हो निस्तारण : डीएम



कोतवाली में शिकायत सुनते डीएम व एसपी।

- समाधान दिवस में कुल 33 शिकायतें आयीं
- एसपी ने कहा कि बिना पक्षपात के हो निस्तारण

श्रावस्ती, संवाददाता। सभी थानों में शनिवार को थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें डीएम व एसपी ने लोगों की शिकायतों को सुनकर निस्तारण का निर्देश दिया। इस दौरान कुल 33 शिकायती पत्र मिले।

जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी व पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया की अध्यक्षता में कोतवाली भिनगा में थाना समाधान दिवस का आयोजन हुआ। जिसमें डीएम व एसपी ने लोगों की शिकायत सुनी। डीएम ने कहा कि थाना दिवस में आने वाले फरियादियों से नम्र व्यवहार किया जाए और गम्भीरतापूर्वक उनकी समस्याओं को सुनकर निराकरण किया जाए। समाधान दिवस में आई भूमि विवादों की शिकायतों को सूचीबद्ध कर राजस्व व पुलिस की गठित टीम मौके पर जाकर बिना किसी पक्षपात के शिकायतों का निस्तारण किया जाय। एसपी ने सभी थानाध्यक्ष को निर्देश दिया कि प्राप्त शिकायत का संज्ञान लेकर तुरंत मौके पर जाकर प्रकरण की जांच कर कार्रवाई की जाय। शिकायत के निस्तारण के बाद शिकायतकर्ता को फोन के माध्यम से सूचित भी किया जाए। उन्होंने कहा कि शिकायत निस्तारण में लापरवाही की शिकायत मिली तो संबंधित थाना प्रभारी के विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। डीएम व एसपी ने शिकायत सुनकर निस्तारण का निर्देश दिया।

# तीन दम्पति साथ रहने को राजी हुए

श्रावस्ती। पारिवारिक विवादों से संबंधित शिकायतों का निस्तारण कर टूटते रिश्तों को पुलिस बचाने का कार्य कर रही है। शनिवार को पुलिस परिवार परामर्श केंद्र में परिवारिक विवादों की प्राप्त शिकायतों की सुनवाई की गई। जिसमें आपसी वैचारिक मतभेद को दूर किया गया। पुलिस के इस पहल से तीन दम्पति इस्लामुननिशा व पति रोशन अली पुत्री मुबारक अली निवासी ग्राम नेवरिया, रोशन अली पुत्र हवलदार निवासी ग्राम घोलिया व पत्नी कुलसुम तथा कलीम पुत्र छोटकउ निवासी ग्राम भिनुहनी व उसकी पत्नी सुमन साथ रहने को राजी हो गए। इससे उनका रिश्ता टूटने से बच गया। सभी दम्पतियों को एक साथ उनके घर भेजा गया।

# डीएम व एसपी ने जल जमाव का जायजा लिया

श्रावस्ती। जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी व पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया ने भीषण बारिश को देखते हुए शनिवार को नगर पालिका भिनगा के नई बाजार में पैदल भ्रमण कर जल जमाव की स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने नगर वासियों व व्यापारियों से मिलकर उनका कुशलक्षेम जाना तथा उनकी समस्याएं भी सुनी। डीएम ने नगर में बेहतर साफ–सफाई कराने के लिए अधिशासी अधिकारी को निर्देशित किया।

# दो दोषियों पर तीन-तीन हजार का जुर्माना

श्रावस्ती। वर्ष 1999 में सिरसिया पुलिस ने जंगल में मधुमक्खियों का छत्ता काटकर नुकसान पहुंचाने वाले दो आरोपियों लल्लन व रक्षाराम पुत्रगण पदारथ निवासी गोपालपुर थाना गिलौला को गिरफ्तार किया कर जेल भेज दिया था। शुक्रवार को न्यायालय ने दोनों आरोपियों को दोषी करार देते हुए जेल में विताई अवधि के कारावास की सजा सुनाई। साथ ही दोनों को तीन–तीन हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया।

# फरियादियों के साथ अच्छा व्यवहार करें अधिकारी : डीएम

जागरण टीम • श्रावस्ती: भिनगा कोतवाली समेत सभी थानों में शनिवार को समाधान दिवस आयोजित हुआ। कुल 34 प्रार्थना पत्र आए। इनमें मौके पर एक भी शिकायत का निस्तारण नहीं हो सका। डीएम अजय कुमार द्विवेदी व एसपी घनश्याम चौरसिया ने भिनगा कोतवाली व सिरसिया थाने में समाधान दिवस की अध्यक्षता की। डीएम ने फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुनकर निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।



सिरसिया थाने में आयोजित समाधान दिवस में फरियादियों की शिकायत सुनते डीएम अजय कुमार द्विवेदी ( बाएं से दूसरे ) व एसपी घनश्याम चौरसिया ( बाएं ) • जागरण

डीएम ने कहा कि समाधान दिवस में आने वाले फरियादियों के साथ राजस्व व पुलिस अधिकारी नम्र व्यवहार करें। उनकी समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुनकर निस्तारित कराएं। उन्होंने कहा कि दिवस में प्राप्त हुई भूमि विवाद की शिकायतों को सूचीबद्ध किया जाए तथा राजस्व व पुलिस की ओर से गठित टीम मौके पर जाकर बिना किसी पक्षपात के शिकायतों का समयावधि के अंदर निस्तारण सुनिश्चित करें। फरियादियों को बार-बार शिकायत लेकर इधर-उधर भटकना न पड़े। बालिकाओं व महिलाओं की शिकायतों का मौके पर जाकर प्राथमिकता से निस्तारण किया जाए। एसपी ने थानाध्यक्षों को निर्देशित किया कि फरियादी से प्राप्त शिकायत का संज्ञान लेकर तुरंत मौके पर जाकर प्रकरण की जांच करें और निस्तारण के बाद शिकायतकर्ता को फोन से सूचित भी करें। भिनगा कोतवाली में पांच, सिरसिया थाने में आठ, हरदत्तनगर गिरंट में पांच, गिलौला में छह, इकौना में तीन, श्रावस्ती में एक, सोनवा में दो, मल्हीपुर में तीन शिकायतें आईं। प्राप्त शिकायतों के निस्तारण के लिए टीम भेजी गई है।

# थाना दिवस: किसी को भी नहीं मिला समाधान

**श्रावस्ती।** जिले थानों पर शनिवार को थाना समाधान दिवस का आयोजन हुआ। इस दौरान कुल 33 मामले आए। इनमें से एक भी मामले का मौके पर निस्तारण नहीं हो सका। समाधान दिवस में गिलौला में छह, इकौना में तीन, मल्हीपुर में तीन, सिरसिया में आठ, कोतवाली भिनगा में पांच, सोनवा में दो, कटरा में एक व हरदत्त नगर गिरंट थाने में पांच मामले आए। सिरसिया थाने में आयोजित थाना समाधान दिवस में डीएम अजय कुमार द्विवेदी व एसपी घनश्याम चौरसिया ने पीड़ितों की फरियाद सुनी। साथ ही राजस्व व पुलिस कर्मियों की संयुक्त टीम को मौके पर जाकर मामलों को निस्तारित करने का निर्देश दिया। (संवाद)

## जानमाल की सुरक्षा की मांग

केस एक



भिनगा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम रेहरा निवासी जावेद रजा ने गांव के ही कुछ लोगों पर अपने हिस्से की भूमि को दूसरे व्यक्ति को बेचने का आरोप लगाया है। उसका आरोप था कि विवादित भूमि का मामला पहले से ही न्यायालय पर विचाराधीन है। न्यायालय ने यथास्थिति बनाए रखने का भी आदेश दिया है। ऐसे में पीड़ित ने आरोपियों पर मामला दर्ज करने व जानमाल की सुरक्षा की मांग की है।

## सीमांकन को नहीं मान रहे आरोपी

केस दो



भिनगा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सेखवनिया निवासी तिलकराम ने ग्राम रामपुर देवमन निवासी कुछ लोगों पर भूमि सीमांकन के बाद भी कब्जा नहीं छोड़ने का आरोप लगाया है। उसने बताया कि गाटा संख्या 825 रकबा 0.506 हेक्टेयर भूमि का सीमांकन कराया गया था, लेकिन आरोपी सीमांकन को नहीं मानते। विरोध करने पर मारपीट पर आमादा हो रहे हैं।

## घर बनाने नहीं दे रहे विपक्षी

केस तीन



भिनगा के ग्राम लक्ष्मनपुर इटवरिया निवासी रंगीले ने ग्राम आजम बेग पुरवा निवासी एक व्यक्ति पर मकान निर्माण में बाधा डालने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने बताया कि वह गाटा संख्या 568 रकबा 0.072 हेक्टेयर पर मकान बनवा रहा है, लेकिन विपक्षी फर्जी मामलों की शिकायत करके निर्माण कार्य रोकने का दबाव बना रहे हैं।

## बहराइच पर दिखा बारिश का असर, कम आईं शिकायतें

**बहराइच/शिवपुर/कैसरगंज/रामगांव।** समस्याओं के त्वरित निदान के लिए शनिवार को जिले के सभी थानों पर समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इसमें विभिन्न अधिकारियों ने समस्याओं को सुना व निराकरण के लिए टीमें भेजीं। हालांकि बारिश से समाधान दिवस में फरियादियों की संख्या कम रही। कोतवाली नानपारा में तहसीलदार अजय यादव व सीओ प्रद्युम्न कुमार सिंह की अध्यक्षता में आयोजित समाधान दिवस में नौ शिकायती पत्र आए। इनमें से किसी का भी मौके पर निस्तारण नहीं हो सका। कोतवाल प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि सभी मामले राजस्व विभाग से संबंधित थे। दो का निस्तारण करवाया गया। खैरीघाट थाने पर थाना प्रभारी संजय

### राजस्व व रास्ते के विवाद के मामलों की रही भरमार

कुमार सिंह की अध्यक्षता में आयोजित समाधान दिवस में कुछ छह शिकायतें आईं, लेकिन एक भी शिकायत का मौके पर समाधान नहीं हो सका। इस दौरान लेखपाल पंकज कुमार, प्रदीप कुमार आदि मौजूद रहे। कैसरगंज में एसडीएम आलोक प्रसाद व कोतवाल राजनाथ सिंह ने शिकायतें सुनी। इस दौरान आए सात प्रार्थना पत्रों में से तीन का मौके पर निस्तारण किया गया। रामगांव थाने में तहसीलदार महसी रविकान्त द्विवेदी की अध्यक्षता में आयोजित समाधान दिवस में चार शिकायतें आईं, लेकिन किसी का भी निस्तारण नहीं हो सका। (संवाद)

# 25 साल पहले की शहद की चोरी, देना होगा जुर्माना

**श्रावस्ती।** 25 वर्ष पूर्व जंगल से शहद निकालने के लिए मधुमक्खी का छत्ता काटने वाले दो लोगों को न्यायिक मजिस्ट्रेट ने जेल में बिताई अवधि की कैद व 3000 रुपये जुर्माने से दंडित किया है।

**अदालत से**

सिरसिया पुलिस ने गिलौला के गोपालपुर निवासी लल्लन व उसके भाई रक्षाराम को जंगल में शहद का छत्ता काटते पकड़ा था और वन्य जीव संरक्षण अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जेल भेजा था। बाद में दोनों जमानत पर बाहर आए थे। शनिवार को मामले की सुनवाई सिविल जज जूनियर डिवीजन व जेएम देवर्षि कुमार देव के न्यायालय में हुई। जेएम ने दोनों भाइयों को दोषी मानते हुए जेल में बिताई अवधि की कैद व प्रत्येक को 3000 रुपये के जुर्माने से दंडित किया है। (संवाद)